4• हजार स्तम्भ प्रखण्ड यहाँ केवल संख्या $1\bar{2}\bar{1}5$ का 1 दर्शित है अतः योगफल के हजार स्तम्भ में 1 दर्शित कीजिए।

व्याख्या उदाहरण 2■ 5736, 9452 , 4301, 8673, और 938 का योगफल ज्ञात कीजिए।

हल (1) सामान्य संख्यांकन में–

1• इकाई स्तम्भ प्रखण्ड $6+2+1+3=12>9$ अतः 8673 के दहाई स्तम्भ के अंक 7 में कर्ता चिन्हित करते हुए 12 के इकाई अंक $2+8=10>9$ अतः 0938 के दहाई स्तम्भ के अंक 3 में कर्ता चिन्हित करते हुये 10के इकाई अंक 0 को योगफल के इकाई स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

2• दहाई स्तम्भ प्रखण्ड $3+5+0+\dot{7}=3+5+0+8=16>9$ अतः $86\dot{7}3$ के सैकड़ा स्तम्भ के अंक 6 में कर्ता चिन्हित करते हुए 16 के इकाई अंक $6+\dot{3}=6+4=10>9$ अतः $09\dot{3}8$ के सैकड़ा स्तम्भ अंक 9 में कर्ता चिन्हित करते हुए 10 के इकाई अंक 0 को योगफल के दहाई स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

3• सैकड़ा स्तम्भ प्रखण्ड $7+4=11>9$ अतः 9452 के हजार स्तम्भ के अंक 9 में कर्ता चिन्हित करते हुए 11 के इकाई अंक $1+3+\dot{6}=1+3+7=11>9$ अतः $8\dot{6}\dot{7}3$ के हजार स्तम्भ के अंक 8 में कर्ता चिन्हित करते हुए 11 के इकाई $1+\dot{9}=1+10=11>9$ अतः $0\dot{9}\dot{3}8$ के हजार स्तम्भ के अंक 0 में कर्ता चिन्हित करते हुए 11 के इकाई को योगफल के सैकड़ा स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

4• हजार स्तम्भ प्रखण्ड $5+\dot{9}=5+10=15>9$ अतः $\dot{9}452$ के दस हजार स्तम्भ जो कि रिक्त है में कर्ता चिन्हित करते हुए 15 के इकाई अंक $5+4+\dot{8}=5+4+9=18>9$ अतः $\dot{8}\dot{6}\dot{7}3$ के दसहजार स्तम्भ जो कि रिक्त है में कर्ता चिन्हित करते हुए 18 के इकाई अंक $8+\dot{0}=8+1=9$ को योगफल के स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

5736, 9452 , 4301, 8673, और 938 का योगफल

सामान्य संख्यांकन में	उनागर संख्यांकन में
$5\ 7\ 3\ 6$ $\cdot\ \dot{9}\ 4\ 5\ 2$ $4\ 3\ 0\ 1$ $\cdot\ \dot{8}\ \dot{6}\ \dot{7}\ 3$ $+\quad \dot{0}\ \dot{9}\ \dot{3}\ 8$ योगफल $2\ 9\ 1\ 0\ 0$	$1\ \bar{4}\ \bar{3}\ 4\ \bar{4}$ $1\ \bar{1}\ 4\ 5\ 2$ $4\ 3\ 0\ 1$ $1\ \bar{1}\ \bar{3}\ \bar{3}\ 3$ $+\quad 0\ 1\ \dot{\bar{1}}\ 4\ \bar{2}$ योगफल $3\ \bar{1}\ 1\ 0\ 0$ $=2\ 9\ 1\ 0\ 0$

5• दस हजार स्तम्भ प्रखण्ड कर्ता + कर्ता $=(\cdot+\cdot)=1+1=2$ अतः योगफल के दसहजार स्तम्भ में 2 दर्शित कीजिए।

(2) उनागर संख्यांकन के लिए

1• इकाई स्तम्भ प्रखण्ड $\bar{4}+2+1+3+\bar{2}=0$ से योगफल के इकाई स्तम्भ में 0 दर्शित कीजिए।

2• दहाई स्तम्भ प्रखण्ड. $4+5+0+\bar{3}+4=10>9$ अतः $01\bar{1}4\bar{2}$ के सैकड़ा स्तम्भ के अंक $\bar{1}$ में कर्ता चिन्हित करते हुए 10 के इकाई 0 योगफल के दहाई स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

3• सैकड़ा स्तम्भ प्रखण्ड $\bar{3}+4+3+\bar{3}+\dot{\bar{1}}=\bar{3}+4+3+\bar{3}+0=1$ से योगफल के सैकड़ा स्तम्भ 1 में दर्शित कीजिए।

4• हजार स्तम्भ प्रखण्ड $\bar{4}+\bar{1}+4+\bar{1}+1=\bar{1}$ से योगफल के हजार स्तम्भ में $\bar{1}$दर्शित कीजिए।

5• दसहजार स्तम्भ प्रखण्ड 1+1+1 =3 से कर्ता प्राप्त नहीं होगा अतः उक्त योगफल मान 3 को ही योगफल के दसहजार स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

साधित उदाहरण■

89 और 77 का योगफल | 75 और 67 का योगफल

सामान्य संख्यांकन में	उनागर संख्यांकन में		सामान्य संख्यांकन में	उनागर संख्यांकन में
$8\ 9$ $+\quad \cdot\ \dot{7}\ 7$ योगफल $1\ 6\ 6$	$1\ \bar{1}\ \bar{1}$ $+\quad 1\ \bar{2}\ \bar{3}$ योगफल $2\ \bar{3}\ \bar{4}$ $=1\ 6\ 6$		$7\ 5$ $+\quad \cdot\ \dot{6}\ 7$ योगफल $1\ 4\ 2$	$1\ \bar{3}\ 5$ $+\quad 1\ \bar{3}\ \bar{3}$ योगफल $2\ \bar{6}\ 2$ $=\ 1\ 4\ 2$

989 ,167 और 389 का योगफल   899, 889 और 791 का योगफल

सामान्य संख्यांकन में	उनागर संख्यांकन में		सामान्य संख्यांकन में	उनागर संख्यांकन में
$9\ 8\ 9$ $\cdot\dot{1}\ \dot{6}\ 7$ $+\ \dot{3}\ \dot{8}\ 9$ योगफल $1\ 5\ 4\ 5$	$1\ 0\ \bar{1}\ \bar{1}$ $0\ 2\ \bar{3}\ \bar{3}$ $+\ 0\ 4\ \bar{1}\ \bar{1}$ योगफल **$1\ 6\ \bar{5}\ \bar{5}$** $=1\ 5\ 4\ 5$		$8\ 9\ 9$ $\cdot\ 8\ \dot{8}\ 9$ $+\ \cdot\dot{7}\ 9\ 1$ योगफल $2\ 5\ 7\ 9$	$1\ \bar{1}\ 0\ \bar{1}$ $1\ \bar{1}\ \bar{1}\ \bar{1}$ $+\ 1\ \bar{2}\ \bar{1}\ 1$ योगफल $3\ \bar{4}\ \bar{2}\ \bar{1}$ $=2\ 5\ 7\ 9$

9879 , 9469, 8358,7456 और 6989 का योगफल   98989, 93189 ,40039 और 32261 का योगफल

सामान्य संख्यांकन में	उनागर संख्यांकन में ψ		सामान्य संख्यांकन में	उनागर संख्यांकन में
$9\ 8\ 7\ 9$ $\cdot\ \dot{9}\dot{4}\ \dot{6}\ 9$ $\cdot\ 8\ \dot{3}\ \dot{5}\ 8$ $\cdot\ \dot{7}\ 4\ \dot{5}\ 6$ $+\ \cdot\ 9\ \dot{4}\ \dot{6}\ 9$ योगफल $4\ 4\ 6\ 3\ 1$	$1\ 0\ \bar{1}\ \bar{2}\ \bar{1}$ $1\ \bar{1}\ 5\ \bar{3}\ \bar{1}$ $1\ \bar{2}\ 4\ \bar{4}\ \bar{2}$ $1\ \dot{\bar{3}}\ \dot{5}\ \bar{4}\ \bar{4}$ $+\ 1\ \bar{1}\ 5\ \bar{3}\ \bar{1}$ योगफल $5\ \bar{6}\ 7\ \bar{6}\ \bar{9}$ $=4\ 4\ 6\ 3\ 1$		$9\ 8\ 9\ 8\ 9$ $\cdot\dot{9}\ \dot{3}\ \dot{1}\dot{8}\ 9$ $\cdot\ 4\ 0\ \dot{0}\ \dot{3}\ 9$ $+\ 3\ 2\ 2\ 6\ 1$ योगफल $26\ 4\ 4\ 7\ 8$	$1\ 0\ \bar{1}\ 0\ \bar{1}\ \bar{1}$ $1\ \bar{1}\ 3\ 2\ \bar{1}\ \bar{1}$ $0\ 4\ 0\ 0\ 4\ \bar{1}$ $0\ 3\ 2\ 3\ \bar{4}\ 1$ योगफल $2\ 6\ 4\ 5\ \bar{2}\ \bar{2}$ $=\ 2\ 6\ 4\ 4\ 7\ 8$

ψ संकलन संक्रिया में – सैकडा स्तम्भ में $\dot{5} = (5\text{-}1)=4$ होगा। क्योंकि संगत दहाई अंक $\bar{4}$ ऋणात्मक है।

$\dot{\bar{3}} = (\bar{3}) + 1) = \bar{2}$ होगा। क्योंकि संगत सैकडा अंक में $\dot{5} = (5\text{-}1)=4$ धनात्मक है

----------02----------

अध्याय -3
सामान्य संख्यांकन की संख्या में व्यवकलन (घटाना) की संक्रिया

3-1 संख्या X मे से संख्या Y घटाने की स्थिति संख्या X मे से संख्या Y घटाने की दो स्थिति बनती है।

स्थिति (1) ऐसे स्तम्भ प्रखण्ड (इकाई, दहाई, सैकड़ा ,हजार– – – –)पर (संख्या X का अंक) **बड़ा या बराबर हो** (संख्या Y का अंक b) के। अर्थात संकेत में $a \geq b$ हो तो इन स्तम्भ पर घटाने की संक्रिया को **सरल व्यवकलन या कर्तामुक्त व्यवकलन** कहते हैं।

जैसे 1• (संख्या X का अंक 7) > (संख्या Y का अंक 4) से $7 - 4 = 3$

2• (संख्या X का अंक 8) = (संख्या Y का अंक 8) से $8 - 8 = 0$

स्थिति (2) ऐसे स्तम्भ प्रखण्ड (इकाई, दहाई, सैकड़ा ,हजार– – – –)पर (संख्या X का अंक a) छोटा हो (संख्या Y का अंक b) के। अर्थात् संकेतमें $a < b$ हो तो इन स्तम्भ पर घटाने की संक्रिया को **कर्तायुक्त व्यवकलन** कहते हैं।

जैसे 1• (संख्या X का अंक 4) <(संख्या Y का अंक 5) के लिए कर्ता आवश्यक है।

2• संख्या X का अंक 0) <(संख्या Y का अंक 5) के लिए कर्ता आवश्यक है।

3-2 सरल व्यवकलन या कर्तामुक्त व्यवकलन इसके लिए व्यवकलन की यह छोटी सी तालिका का आत्मसात होना पर्याप्त है।

साधित उदाहरण

1• $79 - 37 = 42$

2• $98 - 67 = 31$

3• $989 - 167 = 822$

4• $5939 - 4925 = 1014$

5• $93189 - 33047 = 60142$

6• $56789 - 53249 = 03540$

7• $8459063 - 5432001 = 3027062$

तालिका 1 $a \geq b$ के लिए (अंक a) – (अंक b)व्यवकलन

a→ −b ↓	9	8	7	6	5	4	3	2	1	0
0	9	8	7	6	5	4	3	2	1	0
1	8	7	6	5	4	3	2	1	0	
2	7	6	5	4	3	2	1	0		
3	6	5	4	3	2	1	0			
4	5	4	3	2	1	0				
5	4	3	2	1	0					
6	3	2	1	0						
7	2	1	0							
8	1	0								
9	0									

तालिका में $6 - 4 = 2$ चिन्हांकित है।

तालिका–2

[a'/a+10] ≥ b] के लिए (अंक a) – (अंक b)व्यवकलन

[a'/a+10]→ −b ↓	10	11	12	13	14	15	16	17	18
9	1	2	3	4	5	6	7	8	9
8	2	3	4	5	6	7	8	9	
7	3	4	5	6	7	8	9		
6	4	5	6	7	8	9			
5	5	6	7	8	9				
4	6	7	8	9					
3	7	8	9						
2	8	9							
1	9								

3-3 कर्तायुक्त व्यवकलन सिद्धांत

कर्तायुक्त व्यवकलन के दो सिद्धांत प्रतिपादित किये जा सकते है। (1) कर्ता का उना सिद्धांत ;(2) कर्ता का आगर सिद्धांत ।

(1) कर्ता का उना सिद्धांत रामू के पास 5 रूपये है। उसे श्यामू को 7 रूपये देना है। रामू के पास श्यामू को 7 रूपये देने के लिए 2 रूपये कम पड़ रहा है। अतः वह अपने पड़ोसी दुकानदार राजू से 2 रूपये **चलाव** (आपसी–वापसी का लेन देन)

चाहता है। लेकिन राजू आवश्यक न्यूनतम 2रूपये नहीं देता बल्कि अपने देने की न्यूनतम गणना राशि 10 रूपये देता है। अब रामू श्यामू को 7 रूपये निम्नानुसार तीन तरीकों से दे सकता है।

(A) प्रथम रामू अपने पास रखे 5 रूपये श्यामू को देगा। इसके बाद शेष 7 – 5 = 2 रूपये श्यामू को और देने के लिए राजू से प्राप्त चलाव 10 रूपये में से देगा। बचत 8 रू (2 का 10पुरनी) होगा।

(B) प्रथम रामू अपने पास रखे 5 रूपये में राजू से लिये चलाव राशि 10 रूपये को मिलाकर अर्थात जोड़ कर 10+5 = 15 रूपये कर लेगा। इसके बाद दूसरे क्रम में इस 15 रूपये में से 7 रूपये श्यामू को देगा। तब रामू के पास व्यवकलन तालिका 2 के अनुसार 7 का 15 पुरनी 8 रूपये बचत होगा।

तालिका 3

(संख्या X – संख्या Y) के लिए c = संख्या Y के किसी स्तम्भ प्रखण्ड के अंक b का 10 पुरनी तथा a˙/a = संख्या X के किसी स्तम्भ प्रखण्ड के अंक ˙ का उना/केवल अंक										
c→ +a˙/a↓	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
0˙	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9
1˙/0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	
2˙/1	2	3	4	5	6	7	8	9		
3˙/2	3	4	5	6	7	8	9			
4˙/3	4	5	6	7	8	9				
5˙/4	5	6	7	8	9					
6˙/5	6	7	8	9						
7˙/6	7	8	9							
8˙/7	8	9								
9˙/8	9									

(C) प्रथम रामू राजू से लिये चलाव राशि 10 रूपये में से ही 7रूपये देगा। इसके बाद दूसरे क्रम में 7 का 10 पुरनी 3 रूपये को अपने पास रखे 5 रूपये में मिला लेगा अर्थात् जोड़ लेगा। तब रामू के पास योग तालिका 3 के अनुसार 5 + 3 = 8 रूपये बचत होगा।

(रामू संख्या X – श्यामू संख्या Y) उपरोक्त तीनों तरीकों में रामू द्वारा राजू से लिया गया **चलाव**⧗ राशि 10 रूपये प्रचलित संख्यांकन के दशाधारी होने के अर्थ पर है। जिसके अनुसार प्रचलित संख्यांकन में 10 इकाई = 1 दहाई , 10 दहाई = 1 सैकड़ा , 10 सैकड़ा = 1 हजार , – – – – होगा। इस प्रकार यदि (रामूसंख्या X – श्यामूसंख्या Y) के लिए किसी स्तम्भ प्रखण्ड पर देनदार रामू के पास a˙/a अंक राशि है जो लेनदार श्यामू को b अंक राशि से कम (a˙/a < b) है ।तब इस प्रखण्ड पर घटाने की संक्रिया सम्पन्न करने रामू द्वारा प्रतीकार्थ राजू से लिया गया **चलाव** राशि 10 रूपये को इस संक्रिया प्रखण्ड से प्रथम उच्च प्रखण्ड पर स्थित रामूसंख्या X के अंक मान ˙ को उना(एक कम) करता है। कर्ता चिहिन्त कर a˙ दर्शित किया जाता है। व्यवकलन के उना सिद्धांत को प्रतिपादित करता है।

सिद्धांत की समीक्षा उपरोक्त सिद्धांत संख्यात्मक उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। जिससे (संख्या X – संख्या Y) के लिए किसी स्तम्भ प्रखण्ड पर संख्या X का अंक a˙/a = 5 तथा संख्या Y का अंक b =7 है। अतः इन्ही संगत शदों में 2068 में से 1973 को घटाने की संक्रिया उपरोक्त तीनों सिद्धांतो पर कर स्वमेव समीक्षा के बिन्दु दे सकेंगे ।

1■ 2068 –1973 **का हल व्याख्या, उना सिद्धांत A के अनुसार**

	2˙0˙ 6 8
–	1 9 7 3
	0 0 9 5
=95	

इकाई प्रखण्ड a=8 , b =3 से a> ***b*** है। इसलिए 8–3 = **5** उत्तर पद का इकाई प्रखण्ड अंक होगा।

दहाई प्रखण्ड a=6 , b =7 से a< b है। इसलिए 2068 के सैकड़ा अंक 0 में कर्ता चिहिन्त कीजिए। b – a = 7 – 6 = 1 का दस पुरनी 9 उत्तर पद का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

सैकड़ा प्रखण्ड कर्ता चिहिन्त a˙=0˙ = $\bar{1}$, b =7 से a˙ < b है। इसलिए 2068 के हजार 2 में कर्ता चिहिन्त कीजिए। b – a˙ = 9 – $\bar{1}$ = 10 का दस पुरनी 0 उत्तर पद का सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

⧗ **चलाव–** आवश्यक होने पर चाही गई वस्तु या धनराशि जिसे एक न्यूनतम समय अवधि में यथावत वापस किया जाता है, के लिए छत्तीसगढ़ी शब्दावली में चलाव शब्द प्रयुक्त है। विडम्बना है कि आधुनिक गणित अध्ययन में उधार लिया अथवा 1 को मानों 11 , 2 को मानों 12 , 3 को मानों 13 , --- -, 8 को मानों 18 , का पाठ पढ़ाकर नवनिहालों (भविष्य के राष्ट्र निर्माताओं) को ऋणं ग्रसता और छूठ का संदेश ही दे रहे है।

हजार प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot}=2^{\cdot}=1$, $b=1$ से $a^{\cdot}=b$ है। $b-a^{\cdot}=1-1=0$ उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

2■ $2068-1973$ का हल व्याख्या, उना सिद्धांत B के अनुसार

$$\begin{array}{r} 2^{\cdot}0^{\cdot}\ 6\ 8 \\ -\ 1\ 9\ 7\ 3 \\ \hline 0\ 0\ 9\ 5=95 \end{array}$$

इकाई प्रखण्ड $a=8$, $b=3$ से $a>b$ है। इसलिए $8-3=5$ उत्तर पद का इकाई प्रखण्ड अंक होगा।

दहाई प्रखण्ड $a=6$, $b=7$ से $a<b$ है। इसलिए 2068 के सैकड़ा अंक 0 में कर्ता चिन्हित कीजिए। तालिका 2 के अनुसार $(a+10)-b=(6+10)-7=16-7=9$ दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

सैकड़ा प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot}=0^{\cdot}=\bar{1}$, $b=9$ से $a^{\cdot}<b$ है। इसलिए 2068 के सैकड़ा अंक 0 में कर्ता चिन्हित कीजिए। तालिका 2 के अनुसार $(a+10)-b=(\bar{1}+10)-9=9-9=0$ सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

हजार प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot}=2^{\cdot}=1$, $b=1$ से $a^{\cdot}=b$ है। $b-a^{\cdot}=1-1=0$ उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

3■ $2068-1973$ का हल व्याख्या, उना सिद्धांत C के अनुसार

$$\begin{array}{r} 2^{\cdot}0^{\cdot}\ 6\ 8 \\ -\ 1\ 9\ 7\ 3 \\ \hline 0\ 0\ 9\ 5=95 \end{array}$$

इकाई प्रखण्ड $a=8$, $b=3$ से $a>b$ है। इसलिए $8-3=5$ उत्तर पद का इकाई प्रखण्ड अंक होगा।

दहाई प्रखण्ड $a=6$, $b=7$ से $a<b$ है। इसलिए 2068 के सैकड़ा अंक 0 में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b=7$ के दसपुरनी 3 को $a=6$ में जोड़ने से $3+6=9$ उत्तर पद का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

सैकड़ा प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot}=0^{\cdot}=\bar{1}$, $b=7$ से $a^{\cdot}<b$ है। इसलिए 2068 के हजार अंक 2 में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b=9$ के दसपुरनी 1को $a^{\cdot}=0^{\cdot}=\bar{1}$ में जोड़ने से $1+\bar{1}=0$ उत्तर पद का सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

हजार प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot}=2^{\cdot}=1$, $b=1$ से $a^{\cdot}=b$ है। $b-a^{\cdot}=1-1=0$ उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

(2) कर्ता का आगर सिद्धांत उपरोक्त कर्ता का उना सिद्धांत के संदर्भ रामू द्वारा राजू से **चलाव** प्राप्त कर श्यामू को रूपये देने के तीनों तरीकों (A,B,C) के विश्लेषण उपरांत (रामू संख्या X – श्यामू संख्या Y) पर कर्ता का उना सिद्धांत प्रतिपादन में कर्ता [·] को उनाकर्ता के रूप में रामू संख्या अंक पर चिन्हित किया गया है। पुनः विचार करे यदि राजू चलाव राशि 10 रूपये को श्यामू को देता है और कहता है कि रामू जब भी देवे लौटा देना। तब श्यामू उक्त चलाव राशि 10 रूपये में 7रूपये रखकर शेष बचे 3 रूपये (7 का 10 पुरनी) को राम को देगा। इस प्रकार रामू के पास रखे 5 रूपये मिलाकर $(5+3)=8$रूपये होगा।

तालिका 4

(संख्या X – संख्या Y) के लिए–a=संख्या X के किसी स्तम्भ प्रखण्ड का अंक c = संख्या Y के किसी स्तम्भ प्रखण्ड के अंक $b/b^{\cdot}$ का 10 पुरनी जहाँ $b^{\cdot}$ = एक आगर $b=(b+1)$ है।

a→ +c↓	0	1	2	3	4	5	6	7	8
0	0	1	2	3	4	5	6	7	8
1	1	2	3	4	5	6	7	8	9
2	2	3	4	5	6	7	8	9	
3	3	4	5	6	7	8	9		
4	4	5	6	7	8	9			
5	5	6	7	8	9				
6	6	7	8	9					
7	7	8	9						
8	8	9							
9	9								

(रामूसंख्या X –श्यामूसंख्याY) उक्त तरीका में राजू द्वारा श्यामू को दिया गया **चलाव** राशि 10 रूपये प्रचलित संख्यांकन के दशाधारी होने के अर्थ पर है। जिसके अनुसार प्रचलित संख्यांकन में 10 इकाई = 1 दहाई , 10 दहाई = 1 सैकड़ा , 10 सैकड़ा = 1 हजार , – – – – होगा। इस प्रकार यदि (रामूसंख्या X – श्यामूसंख्या Y) के लिए किसी स्तम्भ प्रखण्ड पर देनदार रामू के पास ˙ अंक राशि है जो लेनदार श्यामू को b अंक राशि से कम $(a<b/b^{\cdot})$ है। तब इस प्रखण्ड पर घटाने की संक्रिया सम्पन्न करने राजू द्वारा प्रतीकार्थ श्यामू को दिया गया **चलाव** राशि 10

रूपये को इस संक्रिया प्रखण्ड से प्रथम उच्च प्रखण्ड पर स्थित श्यामू संख्या Y के अंक मान b को आगर(एक अधिक) करता है।कर्ता चिहिन्त कर $\dot{b}$ दर्शित किया जाता है। व्यवकलन के आगर सिद्धांत को प्रतिपादित करता है।

आगर सिद्धांत के अनुसार 2068 − 1973 का हल व्याख्या

$$\begin{array}{r} 2\;0\;6\;8 \\ -\;\dot{1}\;\dot{9}\;7\;3 \\ \hline 0\;0\;9\;5 \\ =9\;5 \end{array}$$

इकाई प्रखण्ड a =8 , b =3 से 8−**3** = **5** उत्तर पद का इकाई प्रखण्ड अंक होगा।
दहाई प्रखण्ड a=6 , b =7 से a< *b* है। इसलिए 1973 के सैकड़ा अंक 9 में कर्ता चिन्हित कीजिए।
b = 7 के दसपुरनी 3 को a=6 में जोड़ने से 3+6 =9 उत्तर पद का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।
सैकड़ा प्रखण्ड a=0 , कर्ता चिन्हितं $\dot{b}$ = $\dot{9}$ =10 से a < $\dot{b}$ है। इसलिए 1973 के हजार अंक 1 में कर्ता चिन्हित कीजिए। $\dot{b}$ = 10 के दसपुरनी 0 को a=0 में जोड़ने से 0+0 =0 उत्तर पद का सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

हजार प्रखण्ड. a= 2 , कर्ता चिन्हित $\dot{b}$ =$\dot{1}$ =2 से है। a−$\dot{b}$ = 2 − 2 =0 उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

साधित उदाहरण■

उना सिद्धांत पर व्यवकलन (घटाना)	आगर सिद्धांत पर व्यवकलन (घटाना)
1■ 36−28 के लिये− $\dot{3}\;6$ $-2\;8$ $0\;8$ उत्तर	1■ 36−28 के लिये− $3\;6$ $-\dot{2}\;8$ $0\;8$ उत्तर
2■ 324−115 के लिये− $3\;\dot{2}\;4$ $-1\;1\;5$ $2\;0\;9$ उत्तर	2■ 324−115 के लिये− $3\;2\;4$ $-1\;\dot{1}\;5$ $2\;0\;9$ उत्तर
3■ 906−107 के लिये− $\dot{9}\;\dot{0}\;6$ $-1\;0\;7$ $7\;0\;9$ उत्तर	3■ 906−107 के लिये− $9\;0\;6$ $-\;\dot{1}\;\dot{0}\;7$ $7\;0\;9$ उत्तर
4■ 728− 89 के लिये− $\dot{7}\;\dot{2}\;8$ $-0\;8\;9$ $6\;3\;9$ उत्तर	4■ 728− 89 के लिये− $7\;2\;8$ $-\dot{0}\;\dot{8}\;9$ $6\;3\;9$ उत्तर
5■ 8472− 379 के लिये− $\dot{8}\;\dot{4}\;\dot{7}\;2$ $-3\;7\;9\;6$ $4\;6\;7\;6$ उत्तर	5■ 8472− 3796 के लिये− $8\;4\;7\;2$ $-\;\dot{3}\;\dot{7}\;\dot{9}\;6$ $4\;6\;7\;6$ उत्तर
6■ 49062 − 8648 के लिये− $4\;\dot{9}\;0\;\dot{6}\;2$ $-\;8\;6\;4\;8$ $4\;0\;4\;1\;4$ उत्तर	6■ 8472− 3796 के लिये− $4\;9\;0\;6\;2$ $-\;\dot{8}\;6\;\dot{4}\;8$ $4\;0\;4\;1\;4$ उत्तर
7■ 98356 − 79467 के लिये− $9\;\dot{8}\;\dot{3}\;\dot{5}\;6$ $-7\;9\;4\;6\;7$ $1\;8\;8\;8\;9$ उत्तर	7■ 98356− 79467 के लिये− $9\;8\;3\;5\;6$ $-7\;\dot{9}\;\dot{4}\;\dot{6}\;7$ $1\;8\;8\;8\;9$ उत्तर

8■ 364237 − 270038 के लिये− $\dot{3}\;6\;4\;\dot{2}\;\dot{3}\;7$ $-2\;7\;0\;0\;3\;8$ $0\;9\;4\;1\;9\;9$ उत्तर	8■ 364237− 270038 के लिये− $3\;6\;4\;2\;3\;7$ $-\;2\;7\;0\;\dot{0}\;\dot{3}\;8$ $0\;9\;4\;1\;9\;9$ उत्तर
9■ 680032 − 68810 के लिये−	9■ 680032− 68810 के लिये−

6 8 0 0 3 2 − 0 6 8 8 1 0 6 1 1 2 2 2 उत्तर	6 8 0 0 3 2 − 0 6 8 8 1 0 6 1 1 2 2 2 उत्तर
10■ 10000000 − 8764321 के लिये– 1 0 0 0 0 0 0 8 − 0 8 7 6 4 3 2 1 0 1 2 3 5 6 7 9 उत्तर	10■ 10000000 − 8764321 के लिये– 1 0 0 0 0 0 0 0 − 0 8 7 6 4 3 2 1 0 1 2 3 5 6 7 9 उत्तर

3-4 A ≠ 0 (A = 0 नहीं है) तब A0, A00, A000, A0000 - - - - - - - सदृश्य संख्या में से संख्या घटाना

(संख्या **X** – संख्या **Y**) के लिये संख्या X= A0 सदृश्य संख्या 10, 20 ,30 ,40------------, A00 सदृश्य संख्या 100, 200 ,300 ,400------------, A000 सदृश्य संख्या 1000, 2000 ,3000 ,4000------------, A0000 सदृश्य संख्या 10000, 2000 ,30000 ,40000------------, इस प्रकार n अंकीय सं,ख्या में A के बाद (n−1) स्थान तक शून्य की स्थान संख्या वाले संख्या।

संख्या Y = संख्या X से छोटी संख्या इकाई अंक 0 नहीं है।

और संख्या Y संख्या X से कम स्थान की संख्या हो तो नियमानुसार संख्या Y के बाँयी ओर शून्य बढ़ाकर संख्या X के तुल्य स्थान की संख्या बनाने बाद घटाने की संक्रिया प्रारंभ कीजिए।

उत्तर पद **1•** उत्तर पद का इकाई अंक मान संख्या Y के इकाई अंक का दसपूरनी दर्शित होगा।

2• संख्या X के सर्वोच्च स्थान और इकाई स्थान के मध्य के अंक अर्थात् दहाई अंक से संख्या X के शून्य स्थान तक के अंक मान संख्या Y के संगत स्थान के अंको का नवपूरनी दर्शित होगा।

3• संख्या X के सर्वोच्च स्थान का अंक मान = [(A − 1) − (संख्या Y के संगत स्थान का अंक,]

या [A –(संख्या Y के संगत स्थान का अंक +1)] दर्शित होगा।

साधित उदाहरण■

50000−4763 के लिए
5 0 0 0 0 − 0 4 7 6 3 4 5 2 3 7 उत्तर।

उत्तर पद•

इकाई स्तम्भ अंक 4763 के इकाई स्तम्भ का अंक 3का 10 पुरनी 7 होगा।

दहाई, सैकड़ाएवं हजार स्तम्भ अंक 4763 के क्रमशः दहाई, सैकड़ा एवं हजार स्तम्भ अंक 6, 7 , एवं 4 का 9 पुरनी अंक 3, 2 एवं 5 होगा।

दस हजार स्तम्भ अंक (5 − 1) (4763 दसहजार स्तम्भ अंक 0)= 4 होगा।

600000−349 केलिए
6 0 0 0 0 0 − 0 0 0 3 4 9 5 9 9 6 5 1 उत्तर।

उत्तर पद•

इकाई स्तम्भ अंक 349 के इकाई स्तम्भ का अंक 9का 10पुरनी 1 होगा।

दहाई, सैकड़ा , हजार, एवं दसहजार स्तम्भ अंक 349 के क्रमशः दहाई, सैकड़ा, हजार एवं दसहजार स्तम्भ अंक 4, 3 , 0 एवं 0 का 9 पुरनी अंक 5, 6 , 9 एवं 9 होगा।

लाख स्तम्भ अंक (6 − 1) − (349 का लाख स्तम्भ अंक 0)= 5 होगा।

9000000−7320156 केलिए
9 0 0 0 0 0 0 − 7 3 2 0 1 5 6 1 6 7 9 8 4 4 उत्तर।

उत्तर पद•

इकाई स्तम्भ अंक **7320156** के इकाई स्तम्भ का अंक 6 का 10 पुरनी 4 होगा।

दहाई, सैकड़ा , दहजार, दसहजार एवं लाख स्तम्भ अंक 7320156 के क्रमशः दहाई, सैकड़ा, हजार, दसहजार एवं लाख स्तम्भ अंक 5, 1 , 0,2 एवं 3 का 9 पुरनी अंक 4, 8 , 9,7 एवं 6 होगा।

दस लाख स्तम्भ अंक (9 − 1) − (7320156 का दस लाख स्तम्भ अंक 7)= 1 होगा।

विवेचना– 1• विस्तारित व्याख्या संक्रियाएँ लम्बी प्रतीत होती है। किन्तु अभ्यास उपरांत सरल एवं द्रुतगामी आत्मसाती होता अनुभव करेंगे।

2• कर्ता का आगर एवं उना सिद्धांत संख्याओं के लम्बी श्रृंखला के संकलन में सरल और त्रुटिहीन द्रुतगामी हल देने वर्तमान हासिल विधि से उन्नत है। जिसे वैदिक गणित में क्रमशः एकाधिकेनपूर्वेण एवं एकन्यूनेनपूर्वेण तथा आधुनिक गणित परवर्ती एवं पूर्ववर्ती अंक/संख्या के रूप में लिया गया है।

3• व्यवकलन में कर्ता का उना सिद्धांत पर सुझाए गये तीनों सुझाव एवं कर्ता का आगर सिद्धांत जो कि योग पर सुझाए गये सुझाव के तारतम्य में है सभी अपने आप कोई कठिन नहीं है।

4• उना सिद्धांत पर सुझाए गये बिन्दु B वर्तमान व्यवकलन विधि के तारतम्य में है जिसमें 0 को मानो 10 1 को मानो 11 , 2 को मानो 12, -----7 को मानो 17, 8 को मानो 18, का नियम 10 से बड़ी संख्या में से धटाने का बोझ बढाता प्रतीत होता है।

5• उना सिद्धांत पर सुझाए गये सुझाव B के अतिरिक्त सभी सुझाव व्यवकलन के पूर्व योग के ज्ञान लाभ को विकसित करते हुए 1से 10 तक के योग एवं अन्तर ज्ञान में ही निहित है।

----------03----------

अध्याय -4
उनागर संख्यांकन की संख्या में संकलन की संक्रिया

4-1 उनागर संख्यांकन की संख्या में संकलन को संक्रिया में कर्ता संकेत [$\cdot$] उनागर संख्यांकन की संख्या में संकलन (जोड़ या योग) की संक्रिया में कर्ता संकेत [$\cdot$] का अनुप्रयोग अध्याय 2 के अनुच्छेद 2-3 में पूर्णांको का संकलन (योग करना या जोड़ना) की संक्रिया के संदर्भ में कर्ता संकेत [$\cdot$] की प्रयुक्त स्थिति के शब्दों में यथावत ही है।

साधित उदाहरण■

$4\bar{3}65 + 367\bar{4}$ केलिए

$$\begin{array}{r} 4\ \bar{3}\ 6\ 5 \\ +\ 3\ \dot{6}\ 7\ \bar{4} \\ \hline 7\ 4\ 3\ 1 \end{array}$$ उत्तर।

उत्तर पद• इकाई स्तम्भ अंक $5 + \bar{4} = 1$ योगफल के इकाई स्तम्भ में दर्शित कीजिए।
दहाई स्तम्भ अंक $6 + 7 = 13 > 9$ अतः $367\bar{4}$ के सैकड़ा स्तम्भ के अंक 6 में कर्ता चिन्हित करते हुए 13 के इकाई अंक 3 को योगफल के दहाई स्तम्भ में दर्शित कीजिए।
सैकड़ा स्तम्भ अंक $\bar{3} + \dot{6} = \bar{3} + 7 = 4$ को योगफल के सैकड़ा स्तम्भ में दर्शित कीजिए।
हजार स्तम्भ अंक $4 + 3 = 7$ को योगफल के सैकड़ा स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

$4\bar{2}\bar{5}3 + 63\bar{5}\bar{4}$ केलिए

$$\begin{array}{r} 4\ \bar{2}\ \bar{5}\ 3 \\ +\ \cdot\ 6\ \dot{3}\ \bar{5}\ \bar{4} \\ \hline 1\ 0\ 0\ 0\ \bar{1} \end{array}$$ उत्तर।

उत्तर पद• इकाई स्तम्भ अंक $\mathbf{3 + \bar{4} = \bar{1}}$ योगफल के इकाई स्तम्भ में दर्शित कीजिए।
दहाई स्तम्भ अंक $\bar{5} + \bar{5} = \overline{10} < \bar{9}$ अतः के $63\bar{5}\bar{4}$ सैकड़ा स्तम्भ के अंक 3 में कर्ता चिन्हित करते हुए $\overline{10}$ के इकाई अंक 0 को योगफल के दहाई स्तम्भ में दर्शित कीजिए।
सैकड़ा स्तम्भ अंक $\bar{2} + \dot{3} = \bar{2} + 2 = 0$ को योगफल के सैकड़ा स्तम्भ में दर्शित कीजिए।
हजार स्तम्भ अंक $4 + 6 = 10 > 9$ अतः के $63\bar{5}\bar{4}$ हजार स्तम्भ में कर्ता चिन्हित करते हुए 10 के इकाई अंक 0 को योगफल के हजार स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

दस हजार स्तम्भ अंक इसमें केवल एक मात्र कर्ता ही है अतः कर्ता [$\cdot$] $= 1$ को योगफल के दसहजार स्तम्भ में दर्शित कीजिए।

साधित उदाहरण■

उनागर संख्यांकन में	सामान्य संख्यांकन में जाँच
1■ $545 + \bar{4}45$ के लिये– $\begin{array}{r} 5\ 4\ 5 \\ +\ \bar{4}\ \dot{4}\ 5 \\ \hline 1\ 9\ 0 \end{array}$ उत्तर।	1■ $545 + \bar{4}45 = 545 - 355$ के लिये– $\begin{array}{r} 5\ 4\ 5 \\ -\ \dot{3}\ 5\ 5 \\ \hline 1\ 9\ 0 \end{array}$ उत्तर।
2■ $3\bar{5}4\bar{6} + \bar{2}\bar{5}6\bar{4}$ के लिये– $\begin{array}{r} 3\ \bar{5}\ 4\ \bar{6} \\ +\ \dot{\bar{2}}\ \bar{5}\ \dot{6}\ \bar{4} \\ \hline 0\ 0\ 9\ 0 \end{array}$ उत्तर।	2■ $3\bar{5}4\bar{6} + \bar{2}\bar{5}6\bar{4} = 2534 - 2444$ के लिये– $\begin{array}{r} 2\ 5\ 3\ 4 \\ -\ 2\ \dot{4}\ 4\ 4 \\ \hline 0\ 0\ 9\ 0 \end{array}$ उत्तर।
3■ $6\bar{1}\bar{4}\bar{3}7 + \bar{4}2\bar{5}\bar{8}3$ के लिये– $\begin{array}{r} 6\ \bar{1}\ \bar{4}\ \bar{3}\ 7 \\ +\ \bar{4}\ \dot{2}\ \dot{\bar{5}}\ \dot{\bar{8}}\ 3 \\ \hline 2\ 0\ 0\ 0\ 0 \end{array}$ उत्तर।	3■ $6\bar{1}\bar{4}\bar{3}7 + \bar{4}2\bar{5}\bar{8}3 = 58577 - 38577$ के लिये– $\begin{array}{r} 5\ 8\ 5\ 7\ 7 \\ -\ 3\ 8\ 5\ 7\ 7 \\ \hline 2\ 0\ 0\ 0\ 0 \end{array}$ उत्तर।
4■ $7\bar{2}\bar{3}65 + 234\bar{5}5$ के लिये– $\begin{array}{r} 7\ \bar{2}\ \bar{3}\ 6\ 5 \\ +\ 2\ 3\ 4\ \dot{\bar{5}}\ 5 \\ \hline 9\ 1\ 1\ 2\ 0 \end{array}$ उत्तर।	4■ $7\bar{2}\bar{3}65 + 234\bar{5}5 = 67765 + 23355$ के लिये– $\begin{array}{r} 6\ 7\ 7\ 6\ 5 \\ +\ \dot{2}\ \dot{3}\ \dot{3}\ \dot{5}\ 5 \\ \hline 9\ 1\ 1\ 2\ 0 \end{array}$ उत्तर।

<table>
<tr>
<td>5■ $4255\bar{2}\bar{5}\bar{6} + 2\bar{6}\bar{4}\bar{2}3\bar{4}\bar{4}$ के लिये–
$\begin{array}{rccccccc} & 4 & 2 & 5 & 5 & \bar{2} & \bar{5} & \bar{6} \\ + & 2 & \bar{6} & \bar{4} & \bar{2} & 3^{\cdot} & \bar{4}^{\cdot} & \bar{4} \\ \hline & 6 & \bar{4} & 1 & 3 & 0 & 0 & 0 \\ = & 5 & 6 & 1 & 3 & 0 & 0 & 0 \end{array}$ उत्तर।</td>
<td>5■ $4255\bar{2}\bar{5}\bar{6} + 2\bar{6}\bar{4}\bar{2}3\bar{4}\bar{4} =$
$4254744 + 1358256$ के लिये–
$\begin{array}{rccccccc} & 4 & 2 & 5 & 4 & 7 & 4 & 4 \\ + & 1 & 3^{\cdot} & 5^{\cdot} & 8^{\cdot} & 2^{\cdot} & 5^{\cdot} & 6 \\ \hline & 5 & 6 & 1 & 3 & 0 & 0 & 0 \end{array}$ उत्तर।</td>
</tr>
<tr>
<td>6■ $34\bar{3}\bar{4}\bar{2} + 1\bar{3}4\bar{1}\bar{1} + 1\bar{2}3\bar{4}\bar{4} + 22\bar{2}\bar{2}\bar{2} + 71\bar{7}\bar{1}\bar{9}$ के लिये–
$\begin{array}{rcccccc} & & 3 & 4 & \bar{3} & \bar{4} & \bar{2} \\ & & 1 & \bar{3} & \bar{4} & \bar{1} & \bar{1} \\ & & 1 & \bar{2} & 3 & \bar{4} & \bar{4} \\ + & & 2 & 2 & \bar{2}^{\cdot} & \bar{2} & \bar{2} \\ & \cdot & 7 & 1^{\cdot} & \bar{7} & \bar{1}^{\cdot} & \bar{9} \\ \hline & 1 & 4 & 1 & \bar{4} & \bar{3} & \bar{8} \\ = & 1 & 4 & 0 & 5 & 6 & 2 \end{array}$ उत्तर।</td>
<td>6■ $34\bar{3}\bar{4}\bar{2} + 1\bar{3}4\bar{1}\bar{1} + 1\bar{2}3\bar{4}\bar{4} + 22\bar{2}\bar{2}\bar{2} + 71\bar{7}\bar{1}\bar{9} = 33658 + 06589 + 08256 + 21778 + 70281$
के लिये–
$\begin{array}{rcccccc} & & 3 & 3 & 6 & 5 & 8 \\ & & 0^{\cdot} & 6^{\cdot} & 5^{\cdot} & 8^{\cdot} & 9 \\ & & 0 & 8 & 2^{\cdot} & 5^{\cdot} & 6 \\ + & & 2^{\cdot} & 1^{\cdot} & 7 & 7^{\cdot} & 8 \\ & \cdot & 7 & 0 & 2^{\cdot} & 8 & 1 \\ \hline & 1 & 4 & 0 & 5 & 6 & 2 \end{array}$ उत्तर।</td>
</tr>
</table>

----------04----------

अध्याय -5
उनागर संख्यांकन की संख्या में व्यवकलन (घटाना) की संक्रिया

5-1 उनागर संख्यांकन की संख्या में व्यवकलन (घटाना) की संक्रिया में उना एवं आगर सिद्धांत

अध्याय 3 अनुच्छेद 3-3 और 3-4 में सामान्य संख्यांकन की संख्या में व्यवकलन (घटाना) की संक्रिया की उना सिद्धांत A, B, C और आगर सिद्धांत उनागर संख्यांकन की संख्या में व्यवकलन (घटाना) की संक्रिया में यथा शब्दों में स्वीकार्य है। केवल उना अंकों के 9 पुरनी एवं 10 पुरनी को समझना होगा। तालिका अवलोकित कीजिए।

उना अंक ↔	9 पुरनी	10पुरनी	उनांअंक↔	9 पुरनी	10पुरनी	उनांअंक↔	9 पुरनी	10पुरनी
$\bar{1}$	10	11	$\bar{4}$	13	14	$\bar{7}$	16	17
$\bar{2}$	11	12	$\bar{5}$	14	15	$\bar{8}$	17	18
$\bar{3}$	12	13	$\bar{6}$	15	16	$\bar{9}$	18	19

यहाँ ↔ यह स्पष्ट करता है कि $\bar{1}$ का 9 पुरनी 10 तथा 10 का 9 पुरनी $\bar{1}$ है।

इसी प्रकार $\bar{1}$ का 10 पुरनी 11 तथा 11 का 10 पुरनी $\bar{1}$ है। क्रमशः ....

1■ $9\bar{6}\bar{5}\bar{3} - 54\bar{3}\bar{2}$ का हल व्याख्या 1• उना सिद्धांत A के अनुसार

$$\begin{array}{rcccc} & 9^{\cdot} & \bar{6}^{\cdot} & \bar{5}^{\cdot} & \bar{3} \\ - & 5 & 4 & \bar{3} & \bar{2} \\ \hline & 3 & \bar{1} & 7 & 9 \\ = & 2 & 9 & 7 & 9 \end{array}$$ उत्तर

इकाई प्रखण्ड $a = \bar{3}, b = \bar{2}$ से $a < b$ है इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के दहाई अंक $\bar{5}$ में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b - a = \bar{2} - \bar{3} = 1$ का दस पुरनी 9 उत्तर पद का इकाई प्रखण्ड अंक होगा।

दहाई प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = \bar{5}^{\cdot} = \bar{6}, b = \bar{3}$ से $a < b$ है। इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के सैकड़ा अंक $\bar{6}$ में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b - a^{\cdot} = \bar{3} - \bar{6} = 3$ का दस पुरनी 7 उत्तर पद का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

सैकड़ा प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = \bar{6}^{\cdot} = \bar{7}, b = 4$ से $a^{\cdot} < b$ है। इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के हजार अंक 9 में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b - a^{\cdot} = 4 - \bar{7} = 11$ का दस पुरनी $\bar{1}$ उत्तर पद का सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

हजार प्रखण्ड. कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = 9^{\cdot} = 8, b = 5$ से $a^{\cdot} > b$ है। $a^{\cdot} - b = 8 - 5 = 3$ उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

हल व्याख्या 2• उना सिद्धांत B के अनुसार

$$\begin{array}{rcccc} & 9^{\cdot} & \bar{6}^{\cdot} & \bar{5}^{\cdot} & \bar{3} \\ - & 5 & 4 & \bar{3} & \bar{2} \\ \hline & 3 & \bar{1} & 7 & 9 \\ = & 2 & 9 & 7 & 9 \end{array}$$ उत्तर

इकाई प्रखण्ड $a = \bar{3}, b = \bar{2}$ से $a < b$ है इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के दहाई अंक $\bar{5}$ में कर्ता चिन्हित कीजिए। तालिका 2 के अनुसार $(a+10) - b = (\bar{3} + 10) - \bar{2} = 7 - \bar{2} = 9$ उत्तर का इकाई प्रखण्ड अंक होगा।

दहाई प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = \bar{5}^{\cdot} = \bar{6}, b = \bar{3}$ से $a < b$ है। इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के सैकड़ा अंक $\bar{6}$ में कर्ता चिन्हित कीजिए। तालिका 2 के अनुसार $(a^{\cdot}+10) - b = (\bar{6} + 10) - \bar{3} = 4 - \bar{3} = 7$ उत्तर का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

सैकड़ा प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = \bar{6}^{\cdot} = \bar{7}, b = 4$ से $a^{\cdot} < b$ है। इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के हजार अंक 9 में कर्ता चिन्हित कीजिए। तालिका 2 के अनुसार $(a^{\cdot}+10) - b = (\bar{7} + 10) - 4 = 3 - 4 = \bar{1}$ सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

हजार प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = 9^{\cdot} = 8, b = 5$ से $a^{\cdot} > b$ है। $a^{\cdot} - b = 8 - 5 = 0$ उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

हल व्याख्या 3• उना सिद्धांत C के अनुसार

इकाई प्रखण्ड $a = \bar{3}, b = \bar{2}$ से $a < b$ है इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के दहाई अंक $\bar{5}$ में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b = \bar{2}$ का दस पुरनी 12 को $a = \bar{3}$ में जोड़ने से $12 + \bar{3} = 9$ उत्तर पद का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

$9^{\cdot}\ \bar{6}^{\cdot}\ \bar{5}^{\cdot}\ \bar{3}$
$-5\ \ 4\ \ \bar{3}\ \ \bar{2}$
$3\ \ \bar{1}\ \ 7\ \ 9$
$=\ 2\ \ 9\ \ 7\ \ 9$ उत्तर

दहाई प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = \bar{5}^{\cdot} = \bar{6}$, $b = \bar{3}$ से $a < b$ है। इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के सैकड़ा अंक $\bar{6}$ में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b = \bar{3}$ का दस पुरनी 13 को $a^{\cdot} = \bar{6}$ में जोड़ने से $13+\bar{6}$ =7 उत्तर पद का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

सैकड़ा प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = \bar{6}^{\cdot} = \bar{7}$, $b = 4$ से $a^{\cdot} < b$ है। इसलिए $9\bar{6}\bar{5}\bar{3}$ के हजार अंक 9 में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b = 4$ का दस पुरनी 6 को $a^{\cdot} = \bar{7}$ में जोड़ने से $6+\bar{7} = \bar{1}$ उत्तर पद का सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

हजार प्रखण्ड कर्ता चिन्हित $a^{\cdot} = 9^{\cdot} = 8$, $b = 5$ से $a^{\cdot} > b$ है। $a^{\cdot} - b = 8 - 5 = 3$ उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

हल व्याख्या 4• आगर सिद्धांत के अनुसार

$9\ \ \bar{6}\ \ \bar{5}\ \ \bar{3}$
$-5^{\cdot}\ \ 4^{\cdot}\ \ \bar{3}^{\cdot}\ \ \bar{2}$
$3\ \ \bar{1}\ \ 7\ \ 9$
$=\ 2\ \ 9\ \ 7\ \ 9$ उत्तर

इकाई प्रखण्ड $a = \bar{3}$, $b = \bar{2}$ से $a < b$ है। इसलिए $54\bar{3}\bar{2}$ के दहाई अंक $\bar{3}$ में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b = \bar{2}$ का दस पुरनी 12 को $a = \bar{3}$ में जोड़ने से $12+\bar{3} = 9$ उत्तर पद का इकाई प्रखण्ड अंक होगा।

दहाई प्रखण्ड $a = \bar{5}$, कर्ता चिन्हित $b^{\cdot} = \bar{3}^{\cdot} = \bar{2}$ से $a < b^{\cdot}$ है। इसलिए $54\bar{3}\bar{2}$ के सैकड़ा अंक 4 में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b^{\cdot} = \bar{2}$ का दस पुरनी 12 को $a = \bar{5}$ में जोड़ने से $12+\bar{5} = 7$ उत्तर पद का दहाई प्रखण्ड अंक होगा।

सैकड़ा प्रखण्ड $a = \bar{6}$, कर्ता चिन्हित $b^{\cdot} = 4^{\cdot} = 5$ से $a < b^{\cdot}$ है। इसलिए $54\bar{3}\bar{2}$ के हजार अंक 5 में कर्ता चिन्हित कीजिए। $b^{\cdot} = 5$ का दस पुरनी 5 को $a = \bar{6}$ में जोड़ने से $5+\bar{6} = \bar{1}$ उत्तर पद का सैकड़ा प्रखण्ड अंक होगा।

हजार प्रखण्ड $a = 9$, $b^{\cdot} = 5^{\cdot} = 6$ से $a > b^{\cdot}$ **है।** $a - b^{\cdot} = 9 - 6 = 3$ उत्तर पद का हजार प्रखण्ड अंक होगा।

5-2 उनागर संख्यांकन की संख्या में व्यवकलन (घटाना) की संक्रिया में योज्य प्रतिलोम का योग नियम

इस नियम में (संख्या X − संख्या Y)के लिए −

प्रक्रम 1 संख्या Y का योज्य प्रतिलोम = [संख्या $\bar{Y}$] को संख्या Y समस्त अंको का योज्य प्रतिलोम से प्राप्त संख्या लीजिए।

प्रक्रम 2 उनागर संख्या के योग नियमानुसार संख्या X में प्रक्रम 1 से प्राप्त संख्या Y का योज्य प्रतिलोम संख्या कायोग कीजिए। यह प्राप्त योगफल ही उनागर संख्यांकन में ;(संख्या X − संख्या Y) का उत्तर होगा।

सरल शब्दों में (संख्या X − संख्या Y) के लिए संख्या Y के स्थानीय अंको का चिन्हान्तरण (+ का −) एवं (− का +) अर्थात b को $\bar{b}$ एवं $\bar{b}$ को b करने से प्राप्त संख्या (संख्या Y का यो. प्रतिलोम. संख्या $\bar{Y}$ होगा) को संख्या X में अध्याय 4 में दिये उनागर संख्यांकन की संख्या में संकलन (जोड़ या योग) की संक्रिया के अनुसार संकलित या योग कीजिए। अध्याय 1 में दिये उनागर योग तालिका x+y =y+x का लाभ लाजिए।

संख्या X −संख्या Y

प्रश्न	व्यवकलन का उना सिद्धांत	व्यवकलन का आगर सिद्धांत	योज्य प्रतिलोम योग नियम
1■	$30181-\bar{1}\bar{2}345$ के लिए $3\ 0\ 1\ 8^{\cdot}\ 1$ $-\ \bar{1}\ \bar{2}\ \bar{3}\ 4\ 5$ $4\ 2\ 4\ 3\ 6$ उत्तर।	$30181-\bar{1}\bar{2}345$ के लिए $3\ 0\ 1\ 8\ 1$ $-\ \bar{1}\ \bar{2}\ \bar{3}\ 4^{\cdot}\ 5$ $4\ 2\ 4\ 3\ 6$ उत्तर।	$30181-\bar{1}\bar{2}345$ के लिए $3\ 0\ 1\ 8\ 1$ $+\ 1\ 2\ 3\ \bar{4}^{\cdot}\ \bar{5}$ $4\ 2\ 4\ 4\ \bar{4} = 4\,2\,4\,3\,6$ उत्तर।
2■	$5453\bar{4} - 3\bar{5}5\bar{5}7$ के लिए $5\ 4\ 5^{\cdot}\ 3\ \bar{4}$ $-\ 3\ \bar{5}\ \bar{5}\ 5\ \bar{7}$ $2\ 9\ 9\ 8\ 3$	$5453\bar{4} - 3\bar{5}5\bar{5}7$ के लिए $5\ 4\ 5\ 3\ \bar{4}$ $-\ 3\ \bar{5}\ \bar{5}^{\cdot}\ 5\ \bar{7}$ $2\ 9\ 9\ 8\ 3$	$5453\bar{4} - 3\bar{5}5\bar{5}7$ के लिए $5\ 4\ 5\ 3\ \bar{4}$ $+\ \bar{3}^{\cdot}\ 5^{\cdot}\ 5\ \bar{5}\ 7$ $3\ 0\ 0\ \bar{2}\ 3 = 2\,9\,9\,8\,3$
3■	$30\bar{7}4\bar{2} - 2\bar{1}3\bar{3}5$ के लिए $3\ 0^{\cdot}\ \bar{7}^{\cdot}\ 4^{\cdot}\ \bar{2}$ $-\ 2\ \bar{1}\ 3\ \bar{3}\ 5$ $1\ 0\ 5\ 2\ 3$ उत्तर।	$30\bar{7}4\bar{2} - 2\bar{1}3\bar{3}5$ के लिए $3\ 0\ \bar{7}\ 4\ \bar{2}$ $-\ 2\ \bar{1}^{\cdot}\ \bar{3}^{\cdot}\ 3\ 5$	$30\bar{7}4\bar{2} - 2\bar{1}3\bar{3}5$ के लिए $3\ 0\ \bar{7}\ 4\ \bar{2}$ $+\ \bar{2}\ 1\ \bar{3}\ 3\ \bar{5}$ $1\ 1\ \bar{4}\ 7\ \bar{7} = 1\,0\,5\,2\,3$ उत्तर।

		1 0 5 2 3 उत्तर।	
4■	$9\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9} - 7\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\ \bar{7}$ के लिए $9\ \bar{9}\cdot\ \bar{9}\cdot\ \bar{9}\cdot\ \bar{9}\cdot\ \bar{9}\cdot\ \bar{9}$ $-7\ \bar{7}\ \bar{7}\ \bar{7}\ \bar{7}\ \bar{7}\ \bar{7}$ $1\ 7\ 7\ 7\ 7\ 7\ 8$ उत्तर।	$9\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9} - 7\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\ \bar{7}$ के लिए $9\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}$ $-\ 7\ \bar{7}\cdot\ \bar{7}\cdot\ \bar{7}\cdot\ \bar{7}\cdot\ \bar{7}\cdot\ \bar{7}$ $1\ 7\ 7\ 7\ 7\ 7\ 8$ उत्तर।	$9\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9}\bar{9} - 7\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\bar{7}\ \bar{7}$ के लिए $9\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}\ \bar{9}$ $+\ \bar{7}\ 7\ 7\ 7\ 7\ 7\ 7$ $2\ \bar{2}\ \bar{2}\ \bar{2}\ \bar{2}\ \bar{2}\ \bar{2}$ $= 1777778$ उत्तर।

----------05----------

अध्याय -6

तालिका(पहाड़ा) की रचना

6-1 1(एक) के पहाड़ा द्वारा 2, 3, 4,-- - - - - का पहाड़ा विस्तार गणित विषय अध्ययन प्रारंभ के साथ से अब तक अंकगणित में निपुणता का प्रतीक पहाड़ा के कंठस्थ होने को माना जाता है। पहाड़ा कंठस्थ करने के लिए छोटे–छोटे बच्चे रटने की प्रवृत्ति के शिकार हो रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप सभी कलाओं ,विज्ञानों एवं विधाओं की सोलह श्रृंगारों की रानी मानी जाने वाली यह गणित विधा का अध्ययन शुष्क विषय की परिधि में जकड़ सा गया है। शुष्कता की इस परिधि से बाहर निकलने के लिए गणित की कार्यशाला योजना अन्तर्गत अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था होनी चाहिए। इसी तारतम्य में पहाड़ा को रटने की अपेक्षा पहाड़ा बनाने की ओर बच्चों को केन्द्रित किया जा सकता है।

1 से 5 तक की पहाड़ा बनाने की कार्ययोजना चार्ट

पहाड़ा→ पहाड़ा रचना ↓	शून्यम्	एकम्	दूनी	तिया	चौक	पंचे	छक्के	सत्ते	अट्ठे	निया	दहाम्	ज्ञात होने का पूर्व ज्ञान
1 का पहाड़ा→	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	गिनती का पठन
+1 का पहाड़ा→	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	
=2, का पहाड़ा→	0	2	4	6	8	10	12	14	16	18	20	पहाड़ा1+पहाड़ा1
+1 का पहाड़ा→	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	
=3 का पहाड़ा→	0	3	6	9	12	15	18	21	24	27	30	प.2+ प.1
+1 का पहाड़ा→	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	
=4 का पहाड़ा→	0	4	8	12	16	20	24	28	32	36	40	प.3+ प.1
या 2 का पहाड़ा→	0	2	4	6	8	10	12	14	16	18	20	
+2 का पहाड़ा→	0	2	4	6	8	10	12	14	16	18	20	
=4 का पहाड़ा→	0	4	8	12	16	20	24	28	32	36	40	प-2+ प.2
+1 का पहाड़ा→	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	
=5 का पहाड़ा→	0	5	10	15	16	25	30	35	40	45	50	प.4+ प-1
या 2 का पहाड़ा→	0	2	4	6	8	10	12	14	16	18	20	
+3 का पहाड़ा→	0	3	6	9	12	15	18	21	24	27	30	
=5 का पहाड़ा→	0	5	10	15	20	25	30	35	40	45	50	प.2+ प.3

इसी प्रकार 6 के पहाड़े के लिए (प-1 + प-5) / (प.-2.+ प.-4.)/ (प.-3.+ प.-3.)

7 के पहाड़े के लिए (प-1 + प-6) / (प- 2 + प.-5.)/)(प.-3.+ प.-4.)

8 के पहाड़े के लिए (प-1 + प-7) / (प- 2. + प.-6.)/ (प.-4.+ प.-4.)

9 के पहाड़े के लिए (प-1 + प-8) /(प.-2.+ प.-7.) / (प.-3.+ प.-6.)/(प.-4.+ प.-5.) की योग संक्रिया के द्वारा पैकेट बोर्ड के साधन से पूर्वाध्ययन (योग की संक्रिया)का अभ्यास मय कार्यरूप देकर आत्मसात कराया सकता है। आपके स्थान परिवेश एवं उपलब्ध साधन के अनुसार कार्य योजना और भी नवीनता लिए सरल बोधगम्य हो सकता है।

10 के पहाड़े के लिए (प.1 + प.9) / (प.2 + प-8)/ (प.3 +प 7)/(प.4 +प 6)/(प.5 +प 5) की योग संक्रिया की विवेचना कर यह आत्मसात कराया जा सकता है कि 1 के पहाड़े में दाँयी ओर 10 का 0 बढ़ाने मात्र से 10 का पहाड़ा बन जाता है। इसी प्रकार 2 के पहाड़े में दाँयी ओर 20 का 0 बढ़ाने मात्र से 20 का पहाड़ा , 3 के पहाड़े में दाँयी ओर 30 का 0 बढ़ाने मात्र से 30 का पहाड़ा -------------------------------90 के पहाड़े में दाँयी ओर 90 का 0 बढ़ाने मात्र से 90 का पहाड़ा , 100 के पहाड़े में दाँयी ओर 100 का 00 बढ़ाने मात्र से 100 का पहाड़ा, ...बनाने बच्चे स्वमेव अग्रंसर होंगे।

6- 2 संख्या के अंकों का स्थानीय मान अन्तराष्ट्रीय संख्यांकन पद्धति मे x अंकीय संख्या के दाँयी से बाँयी ओर स्थित r वें स्थान पर स्थित अंक d_r का स्थानीय मान घातांकी संकेतन अनुप्रयोग मे $d_r * 10^{r-1}$ होगा। जो सरलता से अंक d_r के दाँयी ओर $(r-1)$ स्थान तक शून्य बढ़ाने से प्राप्त होगा।

जैसे 6532 **के प्रति– इकाई अंक** 2 का स्थानीय मान = $d_r * 10^{r-1} = 2 * 10^{1-1} = 2 * 10^0 = 2 * 1 = 2$

दहाई अंक 3 का स्थानीय मान = $d_r * 10^{r-1} = 3 * 10^{2-1} = 3 * 10^1 = 3 * 10 = 30$

सैकड़ा अंक 5 का स्थानीय मान = $d_r * 10^{r-1} = 5 * 10^{3-1} = 5 * 10^2 = 5 * 100 = 500$

हजार अंक 6 का स्थानीय मान = $d_r * 10^{r-1} = 6 * 10^{4-1} = 6 * 10^4 = 6 * 1000 = 6000$

6-3 संख्या–प्रसार किसी संख्या को उनके अंकों के स्थानीय मानों को क्षैतिज योग के प्रतिरूपण में दर्शित करना उस संख्या का संख्या–प्रसार कहलाता है। **जैसे** संख्या 6532 का संख्या–प्रसार = 6000+500+30+2

संख्या 55555 का संख्या–प्रसार = 50000+5000+500+50+5

संख्या $8889=1\bar{1}\,\bar{1}\,\bar{1}\,\bar{1}$ का संख्या–प्रसार = $10000+\bar{1}000+\bar{1}00+\bar{1}0+\bar{1}$

संख्या $9887=10\,\bar{1}\,\bar{1}\,\bar{3}$ का संख्या–प्रसार = $10000+0000+\bar{1}00+\bar{1}0+\bar{3}$

6-4 किसी n अंकीय संख्या के पहाड़ा (तालिका) विस्तार में संख्या–प्रसार का अनुप्रयोग किसी संख्या के पहाड़ा (तालिका) विस्तार में संख्या–प्रसार का अनुप्रयोग दो या दो से अधिक अंकीय संख्यों का पहाड़ा (तालिका) विस्तार सिद्धांत का प्रतिपादन ही है। जिसके अनुसार– किसी संख्या के संख्या–प्रसार में r वाँ पद=$d_r * 10^{r-1}$ का पहाड़ा विस्तार के लिए अंक d_r के पहाड़ा विस्तार के दाँयी ओर (r-1) स्थान तक दर्शित करने का नियम है। उक्त नियम के अनुसार संख्या–प्रसार के प्रत्येक पदों का पहाड़ा विस्तार का योग मान ही अभीष्ट संख्या का पहाडा विस्तार होगा।

जैसे 16 का पहाड़ा विस्तार– 16=10+6 द्वारा– 16 एकम् 10+6 =16, 16 दूनी 20+12 =32 , 16 तिया 30+18 =48 , 16 चौक 40+24 =64, 16 पंचे 50+30 =80, -------------- विस्तारित करें।

$19=2\bar{1}$ का पहाड़ा विस्तार– $2\bar{1}=20+\bar{1}$ द्वारा– 19 एकम् $20+\bar{1}$ =19, 19 दूनी $40+\bar{2}$ =38 , 19 तिया $60+\bar{3}$ =57 , 19 चौक $80+\bar{4}$ =76, 19 पंचे $100+\bar{5}$ =95, -------------- विस्तारित करें।

43 का पहाड़ा विस्तार– 43=40+3 द्वारा– 43 एकम् 40+3 =43, 43 दूनी 80+6 =86 , 43 तिया 120+9 =129 , 43 चौक 160+12=172, 43 पंचे 200+15=215, -------------- विस्तारित करें।

$89=1\bar{1}\bar{1}$ का पहाड़ा विस्तार– $1\bar{1}\bar{1}=100+\bar{1}0+\bar{1}$ द्वारा– 89 एकम् $100+\bar{1}0+\bar{1}$ =89, 89 दूनी $200+\bar{2}0+\bar{2}$ =178, 89 तिया $300+\bar{3}0+\bar{3}$ =267, 89 चौक $400+\bar{4}0+\bar{4}$ =356, 89 पंचे $500+\bar{5}0+\bar{5}$ =545, -------------- विस्तारित करें ।

संक्षेप में– उक्त अनुच्छेद विस्तार को संक्षेप करने के क्रम में–

प्रक्रम 1 जिस n अंकीय संख्या का पहाड़ा (तालिका) विस्तार करना है, उसके प्रत्येक अंक को खण्डशः दर्शित कीजिए– यथा 16 का 1\6 , **89**=$1\bar{1}\bar{1}$ **का** $1\backslash\bar{1}\backslash\bar{1}$, 215 **का** 2\1\5

प्रक्रम 2 प्रत्येक खण्ड के अंकों का पहाड़ा विस्तार करे । जिनमें से nवें खण्ड के पहाड़ा विस्तार को यथावत तथा शेष खण्ड के विस्तार मे इकाई अंक को यथावत दर्शित कर शेष अंकों से बनी संख्या को इस इकाई अंक के बाँयी ओर नीचे बतौर हासिल दर्ज करे। नियमानुसार सरल कर अभीष्ट पहाड़ा विस्तार प्राप्त करे।

यथा 16=1\6 के पहाड़ा (तालिका) विस्तार में 16 एकम् 1\6=16, 16 दूनी $2\backslash_1 2$=32 , 16 तिया $3\backslash_1 8$ =48, 16 चौक $4\backslash_2 4$=64 , 16 पंचे $5\backslash_3 0$ =80, 16 छक्के $6\backslash_3 6$=96 , 16 सत्ते $7\backslash_4 2$=112 , 16 अठ्ठे $8\backslash_4 8$=128 , 16 निया $9\backslash_5 4$=144, 16 दहाम् $10\backslash_6 0$=160

43=4\3 के पहाड़ा (तालिका) विस्तार में 43 एकम् 4\3, =43, 43 दूनी 8\6=86 , 43 तिया 12\9=129 , 43 चौक $16\backslash_1 2$, =172, 43 पंचे $20\backslash_1 5$=215 , 43 छक्के $24\backslash_1 8$=258 , 43 सत्ते $28\backslash_2 1$=301 , 43 अठ्ठे $32\backslash_2 4$=344 , 43 निया $36\backslash_2 7$ =387,43 दहाम् $40\backslash_3 0$ =430

$89=1\bar{1}\bar{1}$ $=1\backslash\bar{1}\backslash\bar{1}$ के पहाड़ा (तालिका) विस्तार में 89 एकम् $1\backslash\bar{1}\backslash\bar{1}=1\bar{1}\bar{1}$ = 89 ,89 दूनी $2\backslash\bar{2}\backslash\bar{2}$ =178, 89 तिया $3\backslash\bar{3}\backslash\bar{3}$=267 , 89 चौक $4\backslash\bar{4}\backslash\bar{4}$ = 356 , 89 पंचे $5\backslash\bar{5}\backslash\bar{5}$ =445, 89 छक्के $6\backslash\bar{6}\backslash\bar{6}$, =534, 89 सत्ते $7\backslash\bar{7}\backslash\bar{7}$ =623, 89 अठ्ठे $8\backslash\bar{8}\backslash\bar{8}$ =712, 89 निया $9\backslash\bar{9}\backslash\bar{9}$=801, 89 दहाम् $10\backslash\bar{1}\,0\backslash\bar{1}\,0$ =$9\bar{1}0$

517=5\1\7 के पहाड़ा (तालिका) विस्तार में 517 एकम् 5\1\7, =517, 517 दूनी 10\2\$_1$4 =1034 , 517 तिया 15\3\$_2$1=1551 , 517 चौक 20\4\$_2$8 , =2068, 517 पंचे 25\5\$_3$5=2585 , 517 छक्के 30\6\$_4$2=3102 , 517 सत्ते 35\7\$_4$9=3619 , 517 अठ्ठे 40\8\$_5$6=4136 , 517 निया 45\9\$_6$3 =4653, 517 दहाम् 50\$_{10}$0\$_7$0 =5170

6-5 पहाड़ा (तालिका) की रचना हेतू चाबी(कुची) या प्रचालक एवं उनका अनुप्रयोग सामान्य संख्यांकन [01,2,3,4,5,6,7,8,9] की संख्या को मूलतः उनागर संख्यांकन अंक [$\bar{5},\bar{4},\bar{3},\bar{2},\bar{1}$, 0,1,2,3,4,5] में दर्शित संख्या को खण्डशः दर्शित करने से प्राप्त अंक पहाड़ा विस्तार के प्रति यथा संगत खण्डों का चाबी(कुची) या प्रचालक कहलाते है। जिनका पहाड़ा (तालिका) की रचना में अनुप्रयोग किया जाता है। इसके लिए सामान्य अंकन की संख्या को उस संख्या के प्रति एकम् का पहाड़ा होगा। बाद दूनी, तिया, चौक का पहाड़ा विस्तार में पूर्व क्रम के पहाड़ा के खण्डशः प्राप्त अंक में संगत कुची का योग कर करते जाते हैं। प्राप्त क्रम की उनागर संख्या को सामान्य संख्यांकन की संख्यांकन में दर्शित करें। और अभीष्ट पहाड़ा विस्तार का प्रगति करें। इस विधि के अनुप्रयोग से पहाड़ा या तालिका रचना में आत्मसाती होने असहजता का भाव प्रतीत होने वाले कठिनतर संख्याओं [9, 19, 29, 39, 49 ---------] का पहाड़ा या तालिका रचना सहज ही खेल–खेल में की ऊँचाई दर ऊचाई प्राप्त कर सकेंगे ।

उदाहरण ■ 9 की तालिका (पहाड़ा) रचना– $9 = 1\bar{1}$ से दहाई प्रचालक 1 इकाई प्रचालक $\bar{1}$

9 की बीसम् तक तालिका (पहाड़ा) रचना

नव एकम्	$1/\bar{1} = 0/9 = 9$	नव ग्यारम्	$9+1/0-1 = 10\bar{1} = 99$
नव दूनी	$0+1/9-1 = 18$	नव बारम्	$9+1/9-1 = 108$
नव तिया	$1+1/8-1 = 27$	नव तेरम्	$10+1/8-1 = 117$
नव चौक	$2+1/7-1 = 36$	नव चौदम्	$11+1/7-1 = 126$
नव पंचे	$3+1/6-1 = 45$	नव पंद्रम्	$12+1/6-1 = 135$
नव छक्के	$4+1/5-1 = 54$	नव सोलम्	$13+1/5-1 = 144$
नव सत्ते	$5+1/4-1 = 63$	नव सत्रम्	$14+1/4-1 = 153$
नव अठ्ठे	$6+1/3-1 = 72$	नव अठ्ठारम्	$15+1/3-1 = 162$
नव निया	$7+1/2-1 = 81$	नव उन्नीसम्	$16+1/2-1 = 171$
नव दहाम	$8+1/1-1 = 90$	नव बीसम्	$17+1/1-1 = 180$

19, 29, 39 की दहाम् तक तालिका (पहाड़ा) रचना

$19 = 2\bar{1}$ से द..प्र.=2, इ.प्र.= $\bar{1}$.		$29 = 3\bar{1}$ से द..प्र.=3, इ.प्र–= $\bar{1}$.	$39 = 4\bar{1}$ से दप्र=4, इ.प्र. = $\bar{1}$.
एकम्	$2\bar{1} = 19$	$3\bar{1} = 29$	$4\bar{1} = 39$
दूनी	$1+2/9-1 = 38$	$2+3/9-1 = 58$	$3+4/9-1 = 78$
तिया	$3+2/8-1 = 57$	$5+3/8-1 = 87$	$7+4/8-1 = 117$
चौक	$5+2/7-1 = 76$	$8+3/7-1 = 116$	$1/1+4/7-1 = 156$
पंचे	$7+2/6-1 = 95$	$1/1+3/6-1 = 145$	$1/5+4/6-1 = 195$
छक्के	$9+2/5-1 = 114$	$1/4+3/5-1 = 174$	$1/9+4/5-1 = 1/_1 3/4 = 234$
सत्ते	$1/1+2/4-1 = 133$	$1/7+3/4-1 = 203$	$2/3+4/4-1 = 273$
अठ्ठे	$1/3+2/3-1 = 152$	$2/0+3/3-1 = 232$	$2/7+4/3-1 = 2/_1 1/2 = 312$
निया	$1/5+2/2-1 = 171$	$2/3+3/2-1 = 261$	$3/1+4@2-1 = 351$
दहाम्	$1/7+2/1-1 = 190$	$2/6+3/1-1 = 290$	$3/5+4/1-1 = 390$

49, 59 की दहाम् तक तालिका (पहाड़ा) रचना

	$49 = 5\bar{1}$ से द.प्र-=5 , इ.प्र = $\bar{1}$.	$59 = 1\bar{4}\bar{1}$ से स.प्र. =1 द.प्र-=$\bar{4}$, इ.प्र = $\bar{1}$.
एकम्	$5\bar{1}$ = 49	$1\bar{4}\bar{1}$ = 59
दूनी	0/4+5/9-1 = 98	0+1/5-4/9-1 = 118
तिया	0/9+5/8-1 = $0/_{1}4/7$ = 147	1+1/1-4/8-1 = $2/\bar{3}/7$ = 177
चौक	1 / 4+5/7-1 = 196	1+1 / 7-4/7-1 = 236
पंचे	1/9+5/6-1 = $1/_{1}4/5$ = 245	2+1/3-4/6-1 = $3/\bar{1}/5$ = 295
छक्के	2 / 4+5/5-1 = 294	2 +1/ 9-4/5-1 = 354
सत्ते	2/9+5/4 -1 = $2/_{1}4/5$ = 343	3+1/5-4/4 -1 = 413
अठ्ठे	3 / 4+5/3-1 = 392	4+1 / 1-4/3-1 = $5/\bar{3}/2$ = 472
निया	3/9+5/2 -1 = $3/_{1}4/1$ = 441	4+1/7-4/2 -1 = = 531
दहाम्	4 / 4+5/1-1 = 392	5+1 / 3-4/1-1 = $6/\bar{1}/0$ = 590

69, 79 की दहाम् तक तालिका (पहाड़ा) रचना

	$69 = 1\bar{3}\bar{1}$ स.प्र. =1,द.प्र-=$\bar{3}$, इ.प्र = $\bar{1}$.	$79 = 1\bar{2}\bar{1}$ स.प्र. =1, द.प्र-=$\bar{2}$, इ.प्र = $\bar{1}$.
एकम्	$1\bar{3}\bar{1}$ = 69	$1\bar{2}\bar{1}$ = 79
दूनी	0+1/6-3/9-1 = 138	0+1/7-2/9-1 = 158
तिया	1+1/3-3/8-1 = 207	1+1/5-2/8-1 = 237
चौक	2 +1/ 0-3/7-1 = $3\bar{3}6$ = 276	2+1 / 3-2/7-1 = 316
पंचे	2+1/7-3/6-1 = 345	3+1/1-2/6-1 = $4\bar{1}5$ = 395
छक्के	3+1 / 4-3/5-1 = 414	3 +1/ 9-2/5-1 = 474
सत्ते	4+1/1-3/4 -1 = $5\bar{2}3$ = 483	4+1/7-2/4 -1 = 553
` अठ्ठे	4+1/8-3/3 -1 = 552	5+1/5-2/3-1 = 632
निया	5+1/5-3/2 -1 = 621	6+1/3-2/2 -1 = 711
दहाम्	6+1 / 2-3/1-1 = $7\bar{1}0$ = 690	7+1 / 1-2/1-1 = $8\bar{1}0$ = 790

89, 99 की दहाम् तक तालिका (पहाड़ा) रचना

	$89 = 1\bar{1}\bar{1}$ स.प्र. =1, द.प्र- =$\bar{1}$, इ.प्र = $\bar{1}$	$99 = 10\bar{1}$ स.प्र. =1, द.प्र-=0, इ.प्र = $\bar{1}$
एकम्	$1\bar{1}\bar{1}$ = 89	$10\bar{1}$ = 99
दूनी	0+1/8-1/9-1 = 178	0+1/9/9-1 = 198
तिया	1+1/7-1/8-1 = 267	1+1/9/8-1 = 297
चौक	2 +1/ 6-1/7-1 = 356	2+1 / 9/7-1 = 396
पंचे	3+1/5-1/6-1 = 445	3+1/9/6-1 = 495
छक्के	4+1 / 4-1/5-1 = 534	4 +1/ 9/5-1 = 594
सत्ते	5+1/3-1/4 -1 = 623	5+1/9/4 -1 = 693
अठ्ठे	6+1 / 2-1/3-1 = 712	6+1 / 9/3-1 = 792
निया	7+1/1-1/2 -1 = 801	7+1/9/2 -1 = 891

दहाम्	8+1 / 0-1/1-1 =9$\bar{1}$0 = 890	8+1 / 9/1-1 = 990

8889, 9999 की दहाम् तक तालिका (पहाड़ा) रचना

8889 = 1$\bar{1}$ $\bar{1}$ $\bar{1}$1 से द.ह.प्र =1, ह. प्र. = $\bar{1}$, सै.प्र-=$\bar{1}$, द.प्र-=$\bar{1}$, इ.प्र = $\bar{1}$-		9999 = 1000$\bar{1}$ से द.ह.प्र =1, ह. प्र. = 0, सै.प्र-=0, द.प्र- =$\bar{1}$, इ.प्र = $\bar{1}$-
एकम्	1$\bar{1}\bar{1}\bar{1}$1 = 8889	1000$\bar{1}$ = 9999
दूनी	0+1/8-1/8-1/8-1/9-1 = 17778	0+1/9/9/9/9-1 = 19998
तिया	1+1/7-1/7-1/7-1/8-1 = 26667	1+1/9/9/9/8-1 = 29997
चौक	2+1/6-1/6-1/6-1/7-1 = 35556	2+1/9/9/9/7-1 = 39996
पंचे	3+1/5-1/5-1/5-1/6-1 = 44445	3+1/9/9/9/6-1 = 49995
छक्के	4+1/4-1/4-1/4-1/5-1 = 53334	4+1/9/9/9/5-1 = 59994
सत्ते	5+1/3-1/3-1/3-1/4-1 = 62223	5+1/9/9/9/4-1 = 69993
अठ्ठे	6+1/2-1/2-1/2-1/3-1 = 71112	6+1/9/9/9/3-1 = 79992
निया	7+1/1-1/1-1/1-1/2-1 = 80001	7+1/9/9/9/2-1 = 89991
दहाम्	8+1/0-1/0-1/-1/1-1 = 9$\bar{1}$ $\bar{1}$ $\bar{1}$ 0 = 89990	8+1/9/9/9/1-1 = 99990

9 का एकम् से दहाम् तक पहाड़ा रचना का रंग भरने/चिन्हाँकित करने का खेल –

1 9	2 8	3 7	4 6	5 5	6 4	7 3	8 2	9 1	रंग भरे डब्बों की संख्या	खाली डब्बों की संख्या	रंगभ्रे एवं खाली डब्बों के अवलोकन से रचित पहाड़ा
									0	9	9 एकम् 0 9 = 9
#									1	8	9 दूनी 1 8
#	#								2	7	9 तिया 27
#	#	#							3	6	9 चौक 36
#	#	#	#						4	5	9 पंचे 45
#	#	#	#	#					5	4	9 छक्के 54
#	#	#	#	#	#				6	3	9 सत्ते 63
#	#	#	#	#	#	#			7	2	9 अठ्ठे 72
#	#	#	#	#	#	#	#		8	1	9 निया 81
#	#	#	#	#	#	#	#	#	9	0	9 दहाम् 90

विवेचना इस प्रकार अभ्यास करने से बच्चों में स्वमेव जिज्ञासा विकसित होगी। जिसके फलस्वरूप बिना बीच की संक्रिया दर्शाये कठिन प्रतीत होने वाले संख्याओं की तालिका रचना देखते ही देखते सरल लगने लगेंगे। इससे बच्चों में तर्क शक्ति भी विकसित होगी, जो की गणित अध्ययन का मूल उद्देश्यो में निहित है। बच्चे रटने–रटाने के लिए नहीं अपितु सीखने –सिखाने की ओर अग्रसर होंगे।

----------06----------

अध्याय-7
गुणा की संक्रिया

7-1 गुणन संक्रिया हमारे पूर्वज किसी वस्तु ,नाम, जाति विशेष की तादात (मात्रा) के संग्रह या वितरण की कुल मात्रा को जब एक संख्या दर के समूहमान इकाई पर एक–एक समूह मान का क्रमशः योग करके संकलन करते थे। जैसे– किसान अपने अनाज उत्पादन की कुल मात्रा के रास† को काठा –काठा‡ नापकर 20 काठे माप पूरा होने पर 1मुट्ठी अनाज का कुढ़ या सरा⧗ रखते या रखवाते थे। यह सरा भी प्रत्येक 20 काठा के पूरा होने पर विशेष पंक्ति/स्तम्भ दर (सामान्यत 5 सरे के एक पंकित/स्तम्भ) पर होता है। मुद्रा के रूप में सिक्कों (कौडी, 1पइसा, 2पइसा 3पइसा ,1आना, 2आना, 4आना 8आना एवं 1रूपया) का ही चलन था । तब संग्रहित कुल धन राशि का हिसाब करने 5_5 या 10_10 सिक्कों का ऊँचाई बनाकर करते थे। इसी प्रकार सब्जी बाजार में आज भी कुंजडे सब्जियों का ढेरी या जूरी { पेड़ पौधे के पत्ते तनों के छिलके से बंधा छोटा बंडल जो दोनों हाथों में से किसी भी हाथ के अंगुष्ठ और अंगूठे के शीर्ष को मिलाने से बने परिधि को माना गया है(वर्तमान परिदृश्य मे कोई निर्धारण नहीं है) ,बैंकिंग व्यवस्था में 100_100 नोटों की गड्डी, 10_10 गड्डियों का एक पेक और 10_10 पेक का एक डब्बा पेक बनाकर रखते है। इसी तारतम्य में हमारे विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव समारोह में कक्षा पहली के 5 नव प्रवेशी छात्र/छात्रा को 2-2 किताब वितरित किया गया। कुल वितरण की संख्या निम्नानुसार क्रमित योग तालिका अवलोकित कीजिए।

1 छात्र/छात्रा को→ 2 किताब के लिए --2 1 बार संकलित है।

2 छात्र/छात्रा को→ 2+2 = 4 किताब के लिए------------------------------------ 2 2 बार संकलित है।

3 छात्र/छात्रा को→ 2+2+2 = 6 किताब के लिए---------------------------------2 3 बार संकलित है।

4 छात्र/छात्रा को→ 2+2+2+2 = 8 किताब के लिए-----------------------------2 4 बार संकलित है।

5 छात्र/ छात्रा को→ 2+2+2+2+2= 10 किताब के लिए---------------------- 2 5 बार संकलित है।

इसी प्रकार नव प्रवेशी छात्र/ छात्रा छात्र के बढ़ते दर्ज क्रम में 2 को संकलित करने में 2 की संकलन (योग) माला में 2 की बारंबारता क्रम बढ़ता जायेगा। गणित अध्ययन में योगमाला के बढ़ते क्रम योग(+)की बारंबारता गुण को गुणन संक्रिया या गुणा की संक्रिया कहते है।

गुणा की संक्रिया संकेतन सामान्य गणित अध्ययन में संक्रियाओं के संकेतन की उत्पत्ति दर्शनΨ के अनुसार इस गुणा की संक्रिया संकेतन (×) चुना गया है।

गुणा की संक्रिया संकेतन के अनुप्रयोग से तालिका का स्वरूप

1 छात्र/छात्रा को → 2 × 1 = 2 किताब

2 छात्र/छात्रा को → 2 × 2 = 4 किताब

3 छात्र/छात्रा को → 2 × 3 = 6 किताब

4 छात्र/छात्रा को → 2 × 4 = 8 किताब

† **रास** छत्तीसगढ़ में खलिहान (कोठार या ब्यारा) अनाजों के मिंजाई उपरांत रखे अनाज के ढ़ेरी को **रास** कहते है।

‡ **काठा** अनाज मापने का काठ (लकड़ी) का बना घनाम पात्र जिसका अन्तः माप लम्बा,' चौड़ा 'ऊँचाई = 6.0 इंच * 6.0 इंच * 8.0 इंच =288.000 घनइंच आयतन का होता है। जो वर्तमान में विलुप्त सा हो गया है। विकल्प में पीतल/लोह धातु का बेलनाकार पात्र का उपयोग होने लगा जिसका अन्तः ब्यास 7.4 इंच ओर ऊँचाई 6.7 इंच से अन्तः माप π * (त्रिज्या)^2 * ऊँचाई =3.142857*(3.7)^2*6.7 = 288.272272611 घनइंच=288 घनइंच आयतन का होता है। यह भी विलुप्त होने की ओर है। इन दोनो पात्रों की मानक धारिता माप पूरा सिग भरे जाने पर 9 पौण्ड=9*4.53.6 =4.0824=4.000 किलोग्राम वजन माप का चाँवल माना गया है।

⧗ **कुढ या सरा** †के अनुसार बने रास को अनाज के ढ़ेर को मापने छोटे इकाई माप से बड़े इकाई माप के 1 इकाई माप पूरा होने के याददाश्त बनाए रखने की अनाज का मुठ्ठी भर रखे अनाज को **कुढ़** या सराकहते है।।

Ψ अध्याय 15 अनुच्छेद 15-4 शीर्षक **संक्रियाओं के संकेतन की उत्पत्ति दर्शन** का अध्ययन कीजिए।

5 छात्र/छात्रा को $\rightarrow 2 \times 5 = 10$ किताब

इसी प्रकार m छात्र/छात्रा को $\rightarrow 2 \times m = 2m$ किताब वितरित किया गया। $2 \times m = 2m$ में 2 के स्थान पर प्रतिस्थापित करने पर $a \times m = am = C$ अर्थात्–

a+a+a+-----------------m बार $= a \times m = C$ होगा।

7-2 **$a \times m = C$ के अवयव के नाम** $a \times m = C$ में **1•** बराबर संकेत = के बाँये पक्ष में गुणन संक्रिया संकेतन [$\times$] के बाँयी ओर स्थित a को गुण्य (जिसको गुणा करना है।), **2•** गुणन संक्रिया संकेतन [$\times$] दाँयी ओर स्थित m को गुणक (गुण्य a को जितना गुणा करना है उसका मान) तथा **3•** बराबर संकेत = के दाँये पक्ष में स्थित C को गुणनफल(गुण्यं को गुणक से गुणा करने पर प्राप्त हल मान) कहते हैं।

गुणनसंक्रिया की विधियाँ गुण्य एवं गुणक के अंकों को ध्यान दिये जाने पर गुणन संक्रिया की तार्किक एवं गतिशील विधियों की एक श्रृंखला प्राप्त किया जा सकता है। जिसमें चार विधियाँ **1•** गोमूत्री विधि, **2•** उनागर विधि, **3•** घुचांक विधि एवं **4•** उर्ध्व–तिर्यक विधि प्रमुख है।

1■ गोमूत्री विधि आधुनिक प्रचलन में गुणन संक्रियाँ विधि का नाम गोमूत्री विधि है। इस विधि में ज्यों–ज्यों गुण्य एवं गुणक में अंकों की स्थान संख्या बढ़ता जाता है त्यों–त्यों संक्रिया पद पंक्ति और स्तम्भ बढ़ता जाता है।जिसकी तुलना चलती हुई गौकुल के प्राणियों के मूत्र त्याग का जमीन में हुए फैलाव से किया जाकर गोमूत्री नाम दिया गया है।

2■ उनागर विधि श्री श्री1008 श्री जगतगुरू स्वामी तीर्थराज जी महराज ने अपनी कृति वैदिक गणित में देवभाषा संस्कृत के शब्दों ,वाक्यांशो एव वाक्यो में सम्पूर्ण गणित अध्ययन के लिए 16 सूत्र एवं 13 उपसूत्र सुझाए है। इन्ही सूत्रों में निहित सूत्र एकाधिकेणपूर्वेण और एकन्यूनपूर्वेण को हिन्दी भाषा गणित अध्ययन अध्याय संख्या रेखा‡ के अन्तर्गत क्रमशः परवर्ती एवं पूर्ववर्ती बताया है। छत्तीसगढ़ी भाषा–बोली के बोल–चाल में क्रमशः आगर और उना शब्द है। जिसे उना + आगर = उनागर का अनुप्रयोग गुणन संक्रिया में करने को उनागर विधि कहते हैं।

3■ घुचांक विधि उनागर विधि के विस्तार में किसी संख्या विशेष से गुण्य एवं गुणक की संख्या रेखा अध्ययन के अनुसार मान्य आधार से दर्शित दूरी को घुचांक या घुचनमान कहते है। गुणन संक्रिया में इसके अनुप्रयोग को घुचांकविधि कहते हैं।

4■ खड़े–तिरछा या उर्ध्व–तिर्यक विधि गोमूत्री विधि के विकल्प में व्यापक और एक पंक्ति विधि है। इस विधि में गुण्य और गुणक के अंकों में केवल उर्ध्व या खड़ा , $\updownarrow$ केवल तिर्यक या तिरछा अथवा उर्ध्व तिर्यक दोनों सम्बंध स्थापित कर गुणन संक्रिया सम्पन्न किया जाता है। गुणन संक्रिया में ऐसे अनुप्रयोग को उर्ध्व तिर्यक विधि कहते हैं।

गुणन संक्रिया प्रारम्भ पूर्व याद रखे –1■ उना और आगर संख्या का गुणनफल उनागर संख्या अध्ययन में स्पष्ट किया जा चुका है कि जिन संख्याओं के सभी अंक उना अंकन $[0\ \bar{1}, \bar{2}, \bar{3}, \bar{4}, \bar{5}, \bar{6}, \bar{7}, \bar{8}, \bar{9}]$ में दर्शित हो उन्हें संख्या सामान्य अध्ययन में ऋणात्मक संख्या और जिन संख्याओं के सभी अंक आगर अंकन $[0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9]$ में दर्शित हो उन्हे धनात्मक संख्या कहते है। गुणन संक्रिया में –घुचांक उना आगर दोंनो स्वरूपों में प्राप्त हो सकते है। तब धनात्मक अंक/संख्या के लिए $(+)$ और ऋणात्मक अंक/संख्या के लिए $(-)$ चिन्हमान से **1•** $(+) * (+) = (+)$ **2•** $(+) * (-) = (-)$ **3•** $(-) * (+) = (-)$ **4•** $(-) * (-) = (+)$ होगा। अर्थात समान चिन्हों $(+,+)$ अथवा $(-,-)$ का गुणनफल $(+)$ तथा असमान चिन्हों $(+,-)$ अथवा $(-,+)$ का गुणनफल $(-)$ होगा।

‡‡ गणित अध्ययन में संख्या रेखा एक विशिष्ट अध्ययन का अध्याय है।इस प्रसंग में केवल धन एवं ऋण पूर्णांकों का संख्या रेखा प्रदर्शन से है। जो निम्नानुसार है। **धन एवं ऋण पूर्णांकों का संख्या रेखा**

$$\bar{W} ■ ■ ■ ■ ■ \overline{11}, \overline{10}, \bar{9}, \bar{8}, \bar{7}, \bar{6}, \bar{5}, \bar{4}, \bar{3}, \bar{2}, \bar{1}, 0\ 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, ■ ■ ■ ■ ■ W$$

← ऋण पूर्णांकों की संख्या रेखा दिशा ←[मूल बिन्दु 0(शून्य) से]→ धन पूर्णांकों की संख्या रेखा दिशा→

संख्या रेखा में स्थित किसी संख्या ˙ के पूर्व बाँयी ओर स्थित संख्या b, a से उना मान तथा संख्या ˙ के बाद दाँयी ओर स्थित संख्या c, a से आगर मान के होंगे। जैसे संख्या 5 के पूर्व बाँयी ओर स्थित संख्या $\overline{10}$ 5 से 15 उना मान का होगा तथा संख्या 5 के बाद दाँयी ओर स्थित संख्या 10, 5 से 5आगर मान के होंगे।

अध्ययन क्षेत्र आधुनिक प्रचलन की गोमूत्री विधि से आप सब परिचित हैं अतः इस विधि की पुनः विस्तारित अध्ययन की आवश्यकता नहीं है। शेष विधियों एवं उनके विस्तार क्षेत्र को गोमूत्री विधि से तुलनात्मक भाव से विस्तारित अध्ययन में लिया गया है। आगे के अध्याय क्रम मे गुणन संक्रिया के नवीन प्रवेश में घुचांक विधि का विस्तारित अध्ययन प्रस्तुत है।

2■ .क्रम अदला बदली (क्रम विनिमय)का नियम गुणन संक्रिया में गुण्य और गुणक का अदलाबदली(गुण्य को गुणक के स्थान पर तथा गुणक को गुण्य के स्थान पर प्रतिस्थापन करना) से गुणनफल में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

अर्थात् $A*B = B*A \quad 4*5 = 5*4$

3■ साथ चलने (साहचर्य)का नियम गुणन संक्रिया में प्रस्तुत तीन संख्याएँ A,B एवं C में से किन्हीं दो संख्याओं के गुणनफल को गुण्य अथवा गुणक मानकर तीसरी सख्या को संगत गुणक अथवा गुण्य मानकर तीनों संख्या A,B एवं C के प्राप्त गुणनफल में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

अर्थात् $(A*B)*C = A*(B*C) = B*(C*A) = (B*C)*A = (C*B)*A = C*(B*A)$

$$4*5*7 = (4*5)*7 = 4*(5*7) = 5*(7*4) = (5*7)*4 = (7*5)*4 = 7*(5*4)$$

----------07----------

अध्याय -8
गुणन संक्रिया में घुचांक विधि का विस्तारित अध्ययन

किसी विशेष बिन्दु ,आधार परिस्थिति से अन्तर या दूरी बनना–बनाना अथवा कोणीय दिशा परिवर्तित करना उस बिन्दु आधार परिस्थिति से घुचना या घुचाना है। **जैसे** बीच सड़क पर चलते व्यक्ति का बस को आते देख बीच सड़क से दूरी बनाकर किनारे पर चलना।किसी प्रकाश किरण का विरल माध्यम से सघन माध्यम में कोणीय दिशा परिवर्तित होना। संख्या रेखा में $\bar{5}$ को संख्या रेखा में मूल बिन्दु 0 (शून्य) के बाँयी ओर 5 इकाई दूरी पर तथा 11 को मूल बिन्दु 0 (शून्य) के दाँयी ओर 11 इकाई दूरी पर दर्शित है। अतः मूल बिन्दु 0(शून्य)के सापेक्ष $\bar{5}$ का घुचांक $\bar{5}$ और 11 धुचांक 11 इकाई होगा।

8-1 गुण्य एवं गुणक के सापेक्ष आधार संख्या चयन संख्यांकन पद्धति के आधारमिति विश्लेशण के अनुसार प्रचलित अन्तराष्ट्रीय संख्यांकन पद्धति का दर्जा प्राप्त हिन्दू अरेबिक भारतीय संख्यांकन पद्धति दशाधारी है। जिसके तहत् यदि किसी संख्या का कोई अंक (0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 में से कोई एक होगा।) बाँये दाँये (इकाई से दहाई, सैकड़ा, हजार............की ओर) n वें क्रम पर स्थित है तों उस अंक स्थानीय मान अंक का 10^{n-1} गुणा होता है। अतः गुण्य एवं गुणक के सापेक्ष निकटतर आधार संख्या 10^x/(10^x का r गुणा) /(का r वाँ भाग) में से कोई सुविधानुसार चयन किया जाना चाहिए।

मूलाधार और उपाधार 10^x के रूप मे चयनित आधार मूलाधार तथा (10^xका r गुणा) एवं (10^xका r वाँ भाग) के रूप में चयनित आधार उपाधार कहलाता है। अर्थात् $10^1 = 10$, $10^2 = 100$, $10^3 = 1000$, $10^4 = 10000$, — — — — — — मूलाधार के रूप में प्रयुक्त होगा। 10 के गुणांक 20, 30 , 40----- । 100 के गुणांक 200, 300 , 400----। 1000 के गुणांक 2000, 3000 , 4000-----। 10000 के गुणांक 20000, 30000 , 40000.....— — — — — — एवं 100 का दूसरा , चौथा और पाँचवाँ भाग क्रमशः 50, 25 और 20 । 1000 का दूसरा , चौथा और पाँचवाँ भाग क्रमशः 500, 250 और 200। 10000 का दूसरा ,चौथा और पाँचवाँ भाग क्रमशः 5000 2500, और 2000 । 100000 का दूसरा , चौथा और पाँचवाँ भाग क्रमशः 50000 25000, और 20000। — — — — — उपाधार के रूप में प्रयुक्त होगा।

8-2 आधार के सापेक्ष ऋणात्मक एवं धनात्मक घुचांक संख्या W का आधार F के सापेक्ष घुचांक = W – F होगा। अतः यदि संख्या W गुण्य/गुणक के लिए प्रयुक्त हो तो (W < F) से गुण्य/ गुणक का आधार के सापेक्ष घुचांक मान उना (ऋणात्मक) तथा (W > F) से गुण्य/ गुणक का आधार के सापेक्ष घुचांक मान आगर (धनात्मक) परिभाषित होगा।

गुणा के संदर्भ में घुचांक में अंकों की स्थान संख्या

1• **मूलाधार के सापेक्ष प्राप्त घुचांक में** मूलाधार में स्थित 0 (शून्य) की स्थान संख्या के बराबर सुनिश्चित करें।

2• **उपाधार के सापेक्ष प्राप्त घुचांक में** चयनित उपाधार जिस मूलाधार के गुणांक अथवा भाागांश रूप में चयन किया गया है उस मूलाधार में स्थित 0 (शून्य) की स्थान संख्या के बराबर सुनिश्चित करें। घुचांक में उपरोक्त नियमानुसार 0 (शून्य) की स्थान संख्या सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार बाँयी ओर शून्य बढ़ाये।

घुचांक प्राप्त करना

1• **उना(ऋणात्मक) घुचांक प्राप्त करना** संख्या W का आधार F के सापेक्ष घुचांक = W – F = – (F–W) को हल करने के लिए अध्याय 3 के अनुच्छेद 3-4 का अनुप्रयोग कीजिए।

2• **आगर (धनात्मक) घुचांक प्राप्त करना** कर्ता मुक्त सरल व्यवकलन नियम का अनुप्रयोग कर सरलता से प्राप्त कीजिए। उदाहरण तालिका अवलोकित कीजिए।

मूलाधार के लिए			उपाधार के लिए			
संख्या	उपयुक्त मूलाधार	घुचांक	संख्या	उपयुक्त उपाधार	उपाधार के प्रति मूलाधार	घुचांक
8	10	$\bar{2}$	24	20	10	4
14	10	4	39	40	10	$\bar{1}$
93	100	$0\bar{7}$	46	40	10	6
112	100	12	46	50	10/100	$\bar{4}/0\bar{4}$

889	1000	$\bar{1}\bar{1}\bar{1}$	197	200	100/1000	$0\bar{3}$ /$00\bar{3}$
993	1000	$00\bar{7}$	226	250	100/1000	06/006
1009	1000	009	444	500	100/1000	$0\bar{6}$/$00\bar{6}$
1111	1000	111	503	500	100/1000	03/003
9998	10000	$000\bar{2}$	1993	2000	1000/10000	$00\bar{7}$/$000\bar{7}$
10015	10000	0015	2102	2000	1000/10000	102/0102
99999	100000	$0000\bar{1}$	4999	5000	1000/10000	$00\bar{1}$/$000\bar{1}$
100013	100000	00013	5015	5000	1000/10000	015/0015

8-3 गुणन संक्रिया घुचांक विधि

[A] जब गुण्य और गुणक में कोई एक या दोनों चयनित आधार के निकटतर संख्या हो

प्रक्रम1 गुण्य और गुणक के निकटतर एक ही मूलाधार संख्या का चयन कीजिए।

प्रक्रम2 चयनित मूलाधार संख्या से गुण्य और गुणक का घुचांक प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम3 गुणन संक्रिया दर्शित करने के लिए प्रथम पंक्ति में गुण्य और उसका धुचांक तथा द्वितीय पंक्ति में गुणक और उसका धुचांक दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 4 गुणनफल के दो अनुभाग होंगे।

1■ दाँया अनुभाग इस अनुभाग में घुचांको का गुणनफल प्राप्त कीजिए। इस गुणनफल का इकाई, दहाई ....क्रम स्थान उतने ही स्थान की संख्या ले जितने चयनित मूलाधार में 0 (शून्य) की स्थान संख्या है।इसके लिए आवश्यकतानुसार स्थानपूर्ति नियम से गुणनफल के बाँयी ओर 0(शून्य) बढ़ाये। तत्पश्चात् शेष उच्च स्थान से बनी संख्या को द्वितीय बाँयें अनुभाग में जोड़ने हेतू बतौर हासिल दर्शित करें।

2■ बाँया अनुभाग इस अनुभाग में (गुण्य + गुणक का घुचांक) **अथवा** (गुणक + गुण्य का घुचांक) **अथवा** {(गुण्य+गुणक)–चयनित आधार} से प्राप्त हल और दायें अनुभाग से प्राप्त हासिल का योग मान दर्शित कीजिए।

प्रक्रम5 अभीष्ट गुणनफल प्रक्रम 4 से प्राप्त बाँया अनुभाग में दर्शित हासिल को छोडने और दोनो अनुभाग के मध्य विभाजन रेखा को हटाने से प्राप्त संख्या अभीष्ट गुणनफल होगा।

टीप– दाँया अनुभाग में घुचांक का स्वरूप अलग–अलग {आगर(+) और उना(–)} अथवा {उना (–)और आगर(+)}हो तो प्रक्रम 5 से प्राप्त अभीष्ट गुणनफल उनागर संख्याकन पद्धति पर प्राप्त होगा। जिसे नियमानुसार प्रचलित सामान्य संख्यांकन पद्धति में प्राप्त कीजिए।

बीज गणितीय प्रमाण माना कि गुण्य =A और गुणक = B के लिए निकटतर मूलाधार k है।

तब k से Aका घुचांक = A–k= R से A= k+R तथा k से B का घुचांक = B– k = S से B= k +S

$\therefore A * B = (k+R)*(k+S) = k^2 + kR + kS + RS =$

$= k(k+R+S) + R*S$ को $A*B$ आधारमिति के अनुसार K आधारी संख्यांकन में दर्शित करने पर – $A*B = (k+R)*(k+S) = [\underline{k+R+S}\ \ \underline{R*S}]_K$

=k+R+S\R*S बाँया –दाँया पक्ष विभाजन से जहाँ मूलाधार $k = 10^x$ के प्रति

हल का दाँया अनुभाग= $R*S$ = (गुण्य का घुचांक)* (गुणक का घुचांक) का गुणनफल x अंकीय होगा। यह प्रक्रम 4 के दाँया अनुभाग हल में घुचाकों के गुणनफल दर्शित है। अतः गुणनफल दाँया अनुभाग प्रमाणित ।

हल का बाँया अनुभाग = $K+R+S = (K+R)+S = A+S =$ (गुण्य + गुणक का घुचांक)

अथवा

हल का बाँया अनुभाग= $K+R+S = (K+S)+R = B+R =$ (गुणक+गुण्य का घुचांक)

अथवा

हल का बाँया अनुभाग= $K+R+S = (K+R)+(K+S) - K = (A+B) - K$ = (गुणक. गुण्य) – आधार

यह सब प्रक्रम 4 के बाँया अनुभाग हल में हल का बाँया अनुभाग=(गुण्य + गुणक का घुचांक) **अथवा** (गुणक + गुण्य का घुचांक)

अथवा

{(गुण्य+गुणक)–चयनित आधार} से प्राप्त हल दर्शित है । अतः हल का बाँया अनुभाग प्रमाणित।

उदाहरण 1■ हल व्याख्या प्रक्रम

गुण्य 12 और गुणक 13 का गुणनफल गणना 12 2 13 3 15 / 6 =156 अभीष्ट गुणनफल

प्रक्रम1 गुण्य और गुणक के निकटतर आधार =10

प्रक्रम2 आधार 10 से गुण्य 12 का घुचांक =12–10 =2 और गुणक 13 का घुचांक =13–10 =3 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम3 गुणन संक्रिया दर्शित करने के लिए प्रथम पंक्ति में गुण्य और उसका घुचांक सहित 12 2 तथा द्वितीय पंक्ति में गुणक और उसका घुचांक 13 3 दर्शित है

प्रक्रम 4 गुणनफल के दो अनुभाग

1■ **दाँया अनुभाग** इस अनुभाग में घुचांको का गुणनफल = 2*3 = 6 होगा। चयनित आधार 10 में 0 (शून्य) की स्थान संख्या एक है। अतः गुणनफल 6 ही दर्ज है।

2■ **बाँया अनुभाग** इस अनुभाग में (गुण्य + गुणक का घुचांक) = 12 + 3 =15

अथवा (गुणक + गुण्य का घुचांक) = 13 + 2 =15

अथवा {(गुण्य+गुणक)–चयनित आधार} = { (12+13) – 10} = 25 – 10 = 15 दर्ज है।

प्रक्रम 5 अभीष्ट गुणनफल प्राप्त करने प्रक्रम 4 का अनुभाग बंधन नियमानुसार हटाने पर –

अभीष्ट गुणनफल =156 प्राप्त है।

उदाहरण 2■

गुण्य 173 और गुणक 103 का गुणनफल गणना 173 73 10 3 03 176 +2/ $_2$19 = 17819 अभीष्ट गुणनफल

हल व्याख्या प्रक्रम

प्रक्रम1 गुण्य और गुणक के निकटतर आधार =100

प्रक्रम2 आधार 100 से गुण्य 173 का घुचांक =173–100 =73 और गुणक103 का घुचांक =103–100 =03 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम3 गुणन संक्रिया दर्शित करने के लिए प्रथम पंक्ति में गुण्य और उसका घुचांक सहित 173 73 तथा द्वितीय पंक्ति में गुणक और उसका घुचांक 103 03 दर्शित है ।

प्रक्रम4 गुणनफल के दो अनुभाग

1■ **दाँया अनुभाग** इस अनुभाग में घुचांको का गुणनफल = 73* 03 = 219। चयनित आधार 100 में 0 (शून्य) की स्थान संख्या दो है। अतः गुणनफल का इकाई एव दहाई अंको से बनी संख्या 19 ही दर्ज कर गुणनफल सैकड़ा अंक 2 को बतौर हासिल 19 के बाँयी ओर नीचे छोटे अक्षर में यथा $_2$19 दर्ज किया है ।

2■ **बाँया अनुभाग** इस अनुभाग में (गुण्य + गुणक का घुचांक) = 173 + 03 =176

अथवा (गुणक + गुण्य का घुचांक) = 103 + 73 = 176

अथवा {(गुण्य+गुणक)–चयनित आधार} = { (173+103) – 100} =276– 100 = 176 में दाँया अनुभाग से प्राप्त हासिल 2 का योग करने 176 +2 =178 दर्ज है।

प्रक्रम5 अभीष्ट गुणनफल प्राप्त करने प्रक्रम 4 का अनुभाग बंधन नियमानुसार हटाने पर–

अभीष्ट गुणनफल =17819 प्राप्त है। साधित उदाहरण अवलोकित कीजिए।

1■ गुण्य 17 और गुणक 14 का गुणनफल गणना– प्रयुक्त आधार 10 से 17 7 14 4 21+2/$_2$8 = 238 अभीष्ट गुणनफल	2■ गुण्य 12 और गुणक 9 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 10 से 12 2 9 $\bar{1}$ 11/$\bar{2}$ = 11$\bar{2}$ = 108 अभीष्ट गुणनफल	3■ गुण्य 7 और गुणक 18 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 10 से 7 $\bar{3}$ 18 8 15+$\bar{2}$/$\bar{2}\bar{4}$ = 13$\bar{4}$ =126 अभीष्ट गुणनफल
4■ गुण्य 8 और गुणक 9 का गुणनफल गणना – प्रयुक्त आधार 10 से– 8 $\bar{2}$ 9 $\bar{1}$	■5 गुण्य 103 और गुणक115 का गुणनफल गणना– प्रयुक्त आधार 100 से– 103 03 115 15	गुण्य 105 और गुणक 187 का गुणनफल गणना– प्रयुक्त आधार 100 से– 105 05 187 87

7 / 2 = 72 अभीष्ट गुणनफल	118 / 45 = 11845 अ. गु.	192+4 / $_4$35 = 19635 अ. गु.
7■ गुण्य 121 और गुणक 97 का गुणनफल गणना –प्रयुक्त आधार 100 से 121 21 97 $\overline{03}$ 118/$\overline{63}$ =11737 अभीष्ट गुणनफल	8■ गुण्य 163 और गुणक 98 का गुणनफल गणना– प्रयुक्त आधार 100 से 163 63 98 0$\overline{2}$ 161+$\overline{1}$/ $_{\overline{1}}$ $\overline{2}$6 = 160/$\tilde{2}\tilde{6}$ = 15974 अभीष्ट गुणनफल	9■ गुण्य 93 और गुणक 89 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 100 से 93 0$\overline{7}$ 89 $\overline{1}\overline{1}$ 82 / 77= 8277 अभीष्ट गुणनफल
10■ गुण्य 95 और गुणक 59 का गुणनफल गणना –प्रयुक्त आधार100 से– 95 0$\overline{5}$ 5 9 $\overline{41}$ 54+2 / $_2$05 =5605 अभीष्ट गुणनफल	11■ गुण्य 115 और गुणक 113 का गुणनफल गणना– प्रयुक्त आधार 100 से– 115 15 5 113 13 3 128 +1 / $_1$9 / $_1$5 =12995 अभीष्ट गुणनफल	12■ गुण्य 1005 और गुणक 1007 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 1000 से 1005 005 1007 007 1012/035= 1012035 अभीष्ट गुणनफल
13■ गुण्य 997 और गुणक 887 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 1000 से 997 00$\overline{3}$ 887 0$\overline{1}\overline{3}$ 884 / 039 =884039 अभीष्ट गुणनफल	14■ गुण्य 885 और गुणक 1015 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 1000 से 885 0$\overline{1}\overline{5}$ 1015 015 1000 /$\overline{2}\overline{2}\overline{5}$ =1000 $\overline{2}\overline{2}\overline{5}$ = 999775 अभीष्ट गुणनफल	15■ गुण्य 1025 और गुणक 997 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 1000 से 1025 025 997 00$\overline{3}$ 1022 / 0$\overline{7}\overline{5}$ =10220 $\overline{7}\overline{5}$ = 1021925 अभीष्ट गुणनफल
16■ गुण्य 10015 और गुणक 100008 का गुणनफल गणना – प्रयुक्त आधार 10000 से 10015 0015 10008 0008 10023 / 0120 =10023 0120 अभीष्ट गुणनफल	17■ गुण्य 9993 और गुणक 8889 का गुणनफल गणना– प्रयुक्त आधार 10000 से 9993 000$\overline{7}$ 8889 $\overline{1}\overline{1}\overline{1}\overline{1}$ 8882 / 7777 =88827777 अभीष्ट गुणनफल	18■ गुण्य 10234 और गुणक 9998 का गुणनफल गणना–प्रयुक्त आधार 10000 से 10234 0234 9998 000$\overline{2}$ 10232/0$\overline{4}\overline{6}\overline{8}$ = 102320$\overline{4}\overline{6}\overline{8}$ = 102319532 अभीष्ट गुणनफल

[B] जब गुण्य और गुणक दोनों चयनित आधार के लिए उपयुक्त हो लेकिन निकटतर संख्या न हो जब गुण्य और गुणक दोनों चयनित आधार के लिए उपयुक्त है लेकिन निकटतर संख्या नहीं है तो घुचांक अवश्य बड़ी संख्या होगी,जिनका गुणनफल प्रात करना सामान्यतः आसान नहीं होगा। क्योकि बढ़ता धुचांक स्वयं एक नया प्रश्न बनता है। इस स्थिति पर घुचांको का आधार और घुचांक प्राप्त करने का क्रम एक अंकीय घुचांक प्राप्त होने तक रखे । तब चयनित आधार 10^n के सापेक्ष गुण्य एवं गुणक के घुचांको का गुणनफल प्राप्त करने आधार 10^m चयनित हो तो अतिरिक्त प्रश्न पद के m पद होंगे तथा अभीष्ट गुणनफल (m+2) पदों में प्राप्त होगा। जिसमे बाँये प्रथम पद को छोड़कर अंतिम m पदों में इकाई अंक दर्ज कर शेष अंको से बनी संख्या को बतौर हासिल दर्ज कर बाँयी ओर अगले उच्च पद की संख्या में योग करे।

टीप 1• गुण्य एवं गुणक का घुचांक आगर अथवा उना संख्यांकन का हो घुचांकों की गुणन संक्रिया प्रष्न पद विस्तार आगर संख्यांकन में होगा।

2• दोनों घुचांक के अलग–अलग संख्यांकन आगर (धनात्मक) उना (ऋणात्मक) की होने पर गुणनफल का इकाई , दहाई सैकड़ा ....की ओर (m+1) स्थान तक के अंक उना (ऋणात्मक) संख्याकन में दर्ज होंगे। लेकिन शेष अंको से बनी संख्या बतौर हासिल m स्थान

(अतिरिक्त प्रष्नपद के m पद) तक आगर (धनात्मक) मे ही तथा केवल (m+1) स्थान (घुचांक पद स्थान) उना में दर्ज होगा।

उदाहरण 1■ हल व्याख्या प्रक्रम• बढ़ता प्रश्न क्रम नियमानुसार प्राप्त घुचांक 117और 115 का गुणनफल प्राप्त करना स्वयं एक प्रश्न बनता है। जिसके हल के लिए आधार 100 से प्राप्त घुचांक 17और 15 का गुणनफल प्राप्त करना भी स्वयं एक प्रश्न बनता है। जिसके हल के लिए आधार 10 से प्राप्त घुचांक 7 और 5 प्राप्त कर हल आगे हल प्रक्रम बिन्दुवार प्रस्तुत है। गणना क्रम दाँयी से बाँयी ओर →

प्रक्रम 1 $7 * 5 = 35$ से गुणनफल का इकाई अंक 5 तथा हासिल 3 लिखा $_{3}5$

1■ गुण्य 1117 और गुणक 1115 का गुणनफल गणना–

आधार 1000 से–

1117	117	17	7
1115	115	15	5

1245/$_{13}$4 / $_{2}$5 / $_{3}$5

=1245455 अभीष्ट गुणनफल

प्रक्रम 2 $(17 + 5 = 22)$ अथवा $(15 + 7 = 22)$ में प्रक्रम 1 से प्राप्त हसिल 3 का योग करने पर 22+3 =25 गुणनफल का दहाई अंक 5 तथा हासिल 2 लिखा $_{2}5$

प्रक्रम 3 $(117 + 15 = 132)$ अथवा $(115 + 17 = 132)$ में प्रक्रम 2 से प्राप्त हसिल 2 का योग करने पर 132+2 =134 गुणनफल का सैकड़ा अंक 4 तथा हासिल 13 लिखा $_{13}4$

प्रक्रम 4 $(\mathbf{11}17 + 115 = 1232)$ अथवा $(1115 + 17 = 1232)$ में प्रक्रम 3 से प्राप्त हसिल 13 का योग करने पर 1232+13 =1245 को गुणनफल का हजारवें स्थान पर लिखा।

प्रक्रम5 अभीष्ट गुणनफल =1245455 होगा।

बढ़ता प्रश्न क्रम

2■ गुण्य 888887 और गुणक 888884 का गुणनफल गणना–

आधार 100000 से–

888887	$\overline{111113}$	11113	1113	113	13	3
888884	$\overline{111116}$	11116	1116	116	16	6

790117 / $_{12346}$4/ $_{1235}$3/ $_{124}$2/ $_{13}$1 / $_{2}$0 / $_{1}$8

=790117432108 अभीष्ट गुणनफल

हल व्याख्या प्रक्रम•

नियमानुसार प्राप्त घुचांक $\overline{111113}$ और $\overline{111116}$ दोनों का गुणनफल प्राप्त करना स्वयं प्रश्न बनता है। जिसके हल के लिए प्रश्न पद विस्तार–

11113	1113	113	13	3	
11116	1116	116	16	6	के रूप में 5 पदों में है।

गणना क्रम दाँयी से बाँयी ओर →

प्रक्रम1 $3 * 6 = 18$ से गुणनफल का इकाई अंक 8 तथा हासिल 1 लिखा $_{1}8$

प्रक्रम2 $(13 + 6 = 19)$ अथवा $(16 + 3 = 19)$ में प्रक्रम 1 से प्राप्त हसिल 1 का योग करने पर 19+1 =20 से गुणनफल का दहाई अंक 0 तथा हासिल 2 लिखा $_{2}0$

प्रक्रम3 $(\mathbf{1}13 + 16 = 129)$ अथवा $(116 + 13 = 129)$ में प्रक्रम 2 से प्राप्त हसिल 2 का योग करने पर 129+2 =131 से गुणनफल का सैकड़ा अंक 1 तथा हासिल 13 लिखा $_{13}1$

प्रक्रम4 $(\mathbf{11}13 + 116 = 1229)$ अथवा $(1116 + 113 = 1229)$ में प्रक्रम 3 से प्राप्त हसिल 13 का योग करने पर 1229+13 =1242 से गुणनफल का हजारवाँ अंक 2 तथा हासिल 124 लिखा $_{124}2$

प्रक्रम5 $(\mathbf{111}13 + 1116 = 12229)$ अथवा $(11116 + 1113 = 12229)$ में प्रक्रम 4 से प्राप्त हसिल 124 का योग करने पर 12229+124 =12353 से गुणनफल का दसहजारवाँ अंक 3 तथा हासिल 1235 लिखा $_{1235}3$ ।

प्रक्रम6 $(\mathbf{1111}13 + 11116 = 122229)$ अथवा $(111116 + 11113 = 122229)$ में प्रक्रम 5 से प्राप्त हसिल 1235 का योग करने पर 122229+1235 =123464 से गुणनफल का लाखवाँ अंक 4 तथा हासिल 12346 लिखा $_{12346}4$ ।

प्रक्रम7 $(888887 + \overline{111116} = 777771)$ अथवा $(888884 + \overline{111113} = 777771)$ में प्रक्रम 6 से प्राप्त हसिल 12346 का योग करने पर 777771+12346 =790117 को गुणनफल का दसलाखवाँ स्थान पर लिखा।

प्रक्रम8 अभीष्ट गुणनफल =790117432108 होगा।

हल व्याख्या प्रक्रम•

बढ़ता प्रश्न क्रम नियमानुसार प्राप्त घुचांक 11113 और $\overline{11115}$ का गुणनफल प्राप्त करना स्वयं एक प्रश्न बनता है। जिसके हल के लिए प्रश्न पद विस्तार–

3■ गुण्य 111113 और गुणक 88885 का गुणनफल गणना–
आधार 100000 से–

111113	11113	1113	113	13	3
88885	$\overline{11115}$	1115	115	15	5
98763 /	$\bar{1}\overline{235}\ \bar{2}$ /	$_{124}0$ /	$_{12}\bar{9}$ /	$_{1}\bar{9}$ /	$_{1}\bar{5}$

$=98763\bar{2}0\overline{995}$ $= 9876279005$ अभीष्ट गुणनफल

11113	1113	113	13	3
$\overline{11115}$	1115	115	15	5

के रूप में 5पदों में है।

टीप दोनों घुचांक अलग–अलग संख्यांकन आगर (धनात्मक) उना (ऋणात्मक)की है अतः गुणनफल का इकाई , दहाई सैकड़ा .... की ओर 5 स्थान तक के अंक उना (ऋणात्मक) संख्याकन में होंगे।

गणना क्रम दाँयी से बाँयी ओर →

प्रक्रम1 $3 * 5 = 15$ से गुणनफल का इकाई अंक $\bar{5}$ तथा हासिल 1 लिखा $_{1}\bar{5}$

प्रक्रम2 $(13 + 5 = 18)$ अथवा $(15 + 3 = 18)$ में प्रक्रम 1 से प्राप्त हसिल 1 का योग करने पर 18+1 =19 से गुणनफल का दहाई अंक $\bar{9}$ तथा हासिल 1 लिखा $_{1}\bar{9}$

प्रक्रम3 $(\mathbf{1}13 + 15 = 128)$ अथवा $(115 + 13 = 128)$ में प्रक्रम 2 से प्राप्त हसिल 1 का योग करने पर 128+1 =129 से गुणनफल का सैकड़ा अंक $\bar{9}$ तथा हासिल 12 लिखा $_{12}\bar{9}$

प्रक्रम4 $(\mathbf{11}13 + 115 = 1228)$ अथवा $(1115 + 113 = 1228)$ में प्रक्रम 3 से प्राप्त हसिल 12 का योग करने पर 1228+12 =1240 से गुणनफल का हजारवाँ अंक 0 तथा हासिल 124 लिखा $_{124}0$

प्रक्रम5 $(11113 + 1115 = 12228)$ अथवा $(11115 + 1113 = 12228)$ में प्रक्रम 4 से प्राप्त हसिल 124 का योग करने पर 12228+124 =12352 से गुणनफल का दसहजारवाँ अंक $\bar{2}$ तथा हासिल 1235 लिखा $_{1235}3$ ।

प्रक्रम 6 $(111113 - 11115 = 99998)$ अथवा $(88885 + 1113 = 99998)$ में प्रक्रम 5 से प्राप्त हसिल $\overline{1235}$ का योग करने पर 99998+$\overline{1235}$ =98763 को गुणनफल का लाखवाँ स्थान पर लिखा।

प्रक्रम 7 अभीष्ट गुणनफल $=98763\bar{2}0\overline{995}$ $= 9876279005$ होगा।

विवेचना इस विधि में गुणन संक्रिया की सरलता तभी है जब गुण्य और गुणक के घुचांकों में किसी एक का घुचांक मूलतः एक अंकीय अवश्य हो।बड़े मानों के गुण्य–गुणकों के लिए सरल है। धुचांको के बढ़ते मानों में घुचांको का गुणनफल प्राप्त करना स्वमेव प्रश्न बन जाता है। इस ओर अनुच्छेद 8-3 B में हल सुझाया गया है। सीमाबद्ध है। इस प्रकार यह विधि कभी सरल तो कभी कठिन प्रतीत होता है। गणित अध्ययन का एक उद्देश्य तार्किक ज्ञान को विकसित करने की ओर कड़ी अवश्य है। आगे अध्ययनों में ऐसी कठिनता को सरल करने स्वतः प्रेरित होंगे।

8-4 उपाधार चयन कर गुणनफल प्राप्त करना इस विधि द्वारा उपाधार के निकटतर गुण्य–गुणक का गुणनफल ज्ञात करना सरल होता है। गुणन संक्रिया प्रक्रम निम्नानुसार है।

प्रक्रम1 उपयुक्त उपाधार और मूलाधार चुनिए।

प्रक्रम2 उपाधार : मूलाधार† = R‡ प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम3 गुणन संक्रिया दर्शित करने के लिए प्रथम पंक्ति में गुण्य और उसका उपाधार से धुचांक तथा द्वितीय पंक्ति में गुणक और उसका उपाधार से धुचांक दर्शित कीजिए।

प्रक्रम4 गुणफल के दो अनुभाग होंगे।

1■ **दाँया अनुभाग** इस अनुभाग में घुचांको का गुणनफल प्राप्त कीजिए। इस गुणनफल का इकाई, दहाई ....क्रम स्थान उतने ही स्थान की संख्या ले जितने चयनित आधाार में 0 (शून्य) की स्थान संख्या है।इसके लिए
आवश्यकतानुसार स्थानपूर्ति नियम से गुणनफल के बाँयी ओर 0(शून्य) बढ़ाये। तत्पश्चात् शेष उच्च स्थान से

† उपाधार : मूलाधार का अर्थ या तात्पर्य उपाधार और मूलाधार के बीच अनुपात संबंध से है। जो यह स्पष्ट करता है कि यदि मूलाधार 1 है तो उपाधार कितना होगा से है। ‡ उपाधार : मूलाधार =R का मान भिन्नात्मक संख्या $\frac{a}{b}$ भी हो सकता है।

बनी संख्या को द्वितीय बाँया अनुभाग में जोड़ने हेतू बतौर हासिल दर्शित करें।

2■ बाँया अनुभाग इस अनुभाग में [R*(गुण्य + गुणक का घुचांक)+दाँया अनुभाग से प्राप्त हासिल],

अथवा [R*(गुणक + गुण्य का घुचांक))+दाँया अनुभाग से प्राप्त हासिल], R का मान प्रक्रम 2 में प्राप्त है।

प्रक्रम 5 अभीष्ट गुणनफल प्रक्रम 4 से प्राप्त बाँया अनुभाग में दर्शित हासिल को छोडने और दोनो अनुभाग के मध्य विभाजन रेखा को हटाने से प्राप्त संख्या अभीष्ट गुणनफल होगा।

टीप साधित उदाहरण 3■ ,9■, में निर्मित समस्या और निवारण यथा उदाहरण अवलोकित कीजिए।

साधित उदाहरण■

1■ गुण्य 27 और गुणक 24 का गुणनफल गणना– उपाधार 20 एवं मूलाधार 10 से R=2 27 7 24 4 $2*31+2/_{2}8$ = 62+2/8 = 648 अभीष्ट गुणनफल	2■ गुण्य 27 और गुणक 24 का गुणनफल गणना– उपाधार 30 एवं मूलाधार 10 से R=3 27 $\bar{3}$ 24 $\bar{6}$ $3*21+1/_{1}8$ = 63+1/8 = 648 अभीष्ट गुणनफल	3■ गुण्य 27 और गुणक 24 का गुणनफल गणना– उपाधार 25 एवं मूलाधार 100 से R=$\frac{1}{4}$ 27 02 24 $0\bar{1}$ $\frac{1}{4}*26/0\bar{2} = 6/2*25/0\bar{2}$ $= 6/50+0\bar{2}$ =648अभीष्ट गुणनफल टीप $\frac{1}{4}$*26=26÷ 4 से भागफल 6 शेषफल 2 को 6_2 दर्शित किया है । शेषफल 2 को दाँया पक्ष में उपाधार 25 का गुणा कर 25*2=50 लाया गया है।
4■ गुण्य 55 और गुणक 57 का गुणनफल गणना– उपाधार 50 एवं मूलाधार 10 से R=5 55 5 57 7 $5*62+3/_{3}5$ = 310+3/5 = 3135 अभीष्ट गुणनफल	5■ गुण्य 55 और गुणक 57 का गुणनफल गणना– उपाधार 60 एवं मूलाधार 10 से R=6 55 $\bar{5}$ 57 $\bar{3}$ $6*52+1/_{1}5$ = 312+1/8 = 3135 अभीष्ट गुणनफल	6■ गुण्य 55 और गुणक 57 का गुणनफल गणना– उपाधार 50 एवं मूलाधार 100 से R=$\frac{1}{2}$ 55 05 57 07 $\frac{1}{2}*62/35$ $= 31_0/35 = 31/0+35$ = 3135 अभीष्ट गुणनफल **टीप** $\frac{1}{2}$*62=62÷ 2 से भागफल 31 शेषफल 0 को 31_0 दर्शित किया है । शेषफल 0 को दाँया पक्ष में उपाधार 50 का गुणा कर 50*0=0 लाया गया है।

7■ गुण्य 512 और गुणक 508 का गुणनफल गणना– उपाधार 500 एवं मूलाधार 1000 से $R=\frac{1}{2}$ 512 012 508 008 $\frac{1}{2}$*520 / 096 = 260/096 = 260096 अभीष्ट गुणनफल	8■ गुण्य 512 और गुणक 508 का गुणनफल गणना– उपाधार 500 एवं मूलाधार 100 से R=5 512 12 508 08 5*520/96 = 2600/96 = 260096 अभीष्ट गुणनफल	9■ गुण्य 2515 और गुणक 2516का गुणनफल गणना– उपाधार 2500 एवं मूलाधार 10000 से $R=\frac{1}{4}$ 2515 0015 2516 0 016 $\frac{1}{4}$*2531 / 0240 =632_3 / 0240 = 632/ 3*2500 + 240 = 632/7500 +240 = 6327740 अभीष्ट गुणनफल **टीप** $\frac{1}{4}$*2531=2531÷ 4 से भागफल 632 शेषफल 3 को 632_3 दर्शित किया है । शेषफल 3 को दाँया पक्ष में उपाधार 2500 का गुणा कर 2500*3=7500 लाया गया है।

8-5 गुण्य एवं गुणक के सापेक्ष अलग–अलग मूलाधार लिये जाने पर तर्क शक्ति विकसित करनें के क्रम में अलग–अलग मूलाधार की निकटतर संख्याए गुण्य एवं गुणक के रूप में लिये जाने पर गुणन संक्रिया प्रक्रम निम्नानुसार होंगे।

प्रक्रम1 अलग–अलग मूलाधार में से किसी एक मूलाधार को मानक मूलाधार तथा दूसरे मूलाधार को सहमूलाधार मानते हुए सहआधार : मानक आधार =R प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम2 गुणन संक्रिया दर्शित करने के लिए प्रथम पंक्ति में गुण्य और उसके मूलाधार से धुचांक तथा द्वितीय पंक्ति में गुणक और उसके मूलाधार से धुचांक दर्शित कीजिए।

प्रक्रम3 गुणनफल के दो अनुभाग होंगे।

1■ दाँया अनुभाग इस अनुभाग में घुचांको का गुणनफल प्राप्त कीजिए। इस गुणनफल का इकाई, दहाई ....क्रम स्थान उतने ही स्थान की संख्या ले जितने मानक आधार में 0 (शून्य) की स्थान संख्या है।इसके लिए आवश्यकतानुसार स्थानपूर्ति नियम से गुणनफल के बाँयी ओर 0(शून्य) बढ़ाये। तत्पश्चात् शेष उच्च स्थान से बनी संख्या को द्वितीय बाँया अनुभाग में जोड़ने हेतू बतौर हासिल दर्शित करें।अर्थात् मूलाधार 10^x के प्रति यदि घुचांक के वर्गमान में अंकों की स्थान संख्या x से कम हो तो बाँयी ओर 0 बढ़ाकर x स्थान पूरा कीजिए। और यदि घुचांक के वर्गमान में अंकों की स्थान संख्या x से अधिक हो तो इकाई, दहाई.......... की ओर से x स्थान तक के अंकों से बनी संख्या प्रतिस्थापित कर शेष अंकों से बनी संख्या को बतौर हासिल नीचे दर्शित कीजिए।

2■ बाँया अनुभाग इस अनुभाग में –

[(R*मानक आधार वाली संख्या + सहआधार वाली संख्या का घुचांक)+दाँया अनुभाग] से प्राप्त हासिल,]

अथवा [(सहआधार वाली संख्या + R*मानक आधार वाली का घुचांक)+ दाँया अनुभाग से प्राप्त हासिल,]

R का मान प्रक्रम 2 में प्राप्त है।

प्रक्रम 5 अभीष्ट गुणनफल प्राप्त करने प्रक्रम 4 से प्राप्त बाँया अनुभाग के हल के दाँयी ओर दाँया अनुभाग से दर्शित हासिल को छोड़ आधार में 0 की स्थान संख्या के तुल्य स्थान पर में दर्ज अंको से बनी संख्या को दर्शित करे।

टीप छोटे मूलाधार को मानक मूलाधार तथा बड़े मूलाधार को सहमूलाधार मानने से सहआधार : मानकआधार =R का मान 10, 100, 1000 ..... प्राप्त होगा। जबकि बड़े मूलाधार को मानक मूलाधार तथा छोटे मूलाधार को सहमूलाधार मानने से सहआधार : मानकआधार =R का मान $\frac{1}{10}$, $\frac{1}{100}$, $\frac{1}{100}$ ..... प्राप्त होगा। अतः छोटे मूलाधार को मानक मूलाधार तथा बड़े मूलाधार को सहमूलाधार चयन किये जाने पर गुणन

संक्रिया सरल होगा जिसे बाँया अनुभाग में– [(R*मानक आधार वाली संख्या + सहआधार वाली संख्या का घुचांक)$(दाँया अनुभाग से प्राप्त हासिल)] का हल मान दर्शित करने पर और भी सरलता प्रदान करेगा। साधित उदाहरण अवलोकित कीजिए।

साधित उदाहरण■

1■ 100125*9995 का हल के लिए

हल 1• 100125 00125 मानक मूलाधार 100000

9995 000 $\bar{5}$ सह मूलाधार 10000 से R= $\frac{10000}{100000}=\frac{1}{10}$

[$\frac{1}{10}$* 100125 + $\bar{5}$] / 00 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ **अथवा** [9995+ $\frac{1}{10}$* 125]/ 00 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ --------(1)

[10012$\frac{5}{10}$ + $\bar{5}$] / 00 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ **अथवा** [9995+ 12$\frac{5}{10}$]/ 00 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ --------(2)

(1) अथवा (2) से गुणनफल = 100 07$\frac{5}{10}$/ 00 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$

= 100 07/ 100000 का $\frac{5}{10}$+00 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$

= 100 07/ 50000 +00 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$.

= 100 07 50 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ = 1000749375 अभीष्ट गुणनफल होगा।.

हल 2• 100125 00125 सह मूलाधार 100000

9995 000 $\bar{5}$ मानक मूलाधार 10000 से R= $\frac{100000}{10000}$ = 10

[10*9995+ 125] / 0 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ **अथवा** [100125 +10* $\bar{5}$] / 0 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ -------- (1)

[99950+ 125] / 0 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ **अथवा** [100125+$\bar{5}$0]/ 0 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$ ------------ (2)

(1) अथवा (2) से गुणनफल = 100 075/ 0 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$

= 100 0750 $\bar{6}\bar{2}\bar{5}$

= 1000749375 अभीष्ट गुणनफल होगा।

2■ 999983*9997 का हल के लिए

हल 1• 999983 0001$\bar{7}$ मानक मूलाधार 1000000

9997 000 $\bar{3}$ सह मूलाधार 10000 से R= $\frac{10000}{100000}=\frac{1}{100}$

[$\frac{1}{100}$* 999983 + $\bar{3}$] / 000 051 **अथवा** [9997+ $\frac{1}{100}$* $\bar{1}\bar{7}$]/ 000051 --------(1)

[9999$\frac{83}{100}$ + $\bar{3}$] / 000051 **अथवा** [9997+ $\frac{\bar{1}\bar{7}}{100}$]/ 000051 ---------------(2)

(1) अथवा (2) से गुणनफल = 9996 $\frac{83}{100}$ / 000051

= 9996/ 1000000 का $\frac{83}{100}$+000051

= 9996/ 830051

=9996 830051 अभीष्ट गुणनफल होगा।

हल 2• 999983 0001$\bar{7}$ सह मूलाधार 1000000

9997 000 $\bar{3}$ मानक मूलाधार 10000 है R= $\frac{1000000}{10000}$ = 100

[100*9997+ $\bar{1}\bar{7}$] / 0051 **अथवा** [999983+100* $\bar{3}$] / 0051 --------(1)

[999700+$\bar{1}\bar{7}$] / 0051 **अथवा** [999983+ $\bar{3}$00]]/ 0051 ---------------------(2)

(1) अथवा (2) से गुणनफल = 999683/ 0051

= 9996830051 अभीष्ट गुणनफल होगा।

3■ 10000625* 1005 का हल के लिए

हल 1• 10000625 0000625 मानक मूलाधार 10000000

1005 00 5 सह मूलाधार 1000 से R= $\frac{1000}{10000000}=\frac{1}{10000}$

$[\frac{1}{10000}*10000625+5]$ / 0003125 **अथवा** [1005+ $\frac{1}{10000}$ * 625]/ 0003125 --------(1)

[$1000\frac{0625}{10000}+5$] / 0003125 **अथवा** [1005+ $\frac{625}{10000}$]/ 0003125 --------(2)

(1) अथवा (2) से गुणनफल = [$1005\frac{0625}{10000}$] / 0003125

= 100 5/ 10000000 का $\frac{625}{10000}$+0003125

= 100 5/ 625000 +0003125 .

= 100 5/0628125 = 10050628125 अभीष्ट गुणनफल होगा।

हल 2• 10000625 0000625 सह मूलाधार 10000000

1005 00 5 मानक मूलाधार 10000 से`R= $\frac{10000000}{1000}$ = 10000

[10000*1005+ 625]+3/ $_3$125 **अथवा** [10000625 +10000*5] +3 / $_3$125 --------(1)

[10050000+ 625] + 3 / 125 **अथवा** [10000625+50000]+3/ 125 --------(2)

(1) अथवा (2) से गुणनफल = 100 50628/ 125 = 100 50628 125 अभीष्ट गुणनफल होगा।

----------08----------

अध्याय -9
देखते देखत गुणा

देखते देखत का अर्थ देखते ही देखते से है। इसी को वैदिक गणित शब्दावली में विलोकनम् (देखने मात्र से) सूत्र कहा गया है। गुणा के कुछ संदर्भ में गुण्य एवं गुणक का अंकन व्यवस्था गुण को देख्ने मात्र से बिना कोई गुणन संक्रिया किये गुणनफल प्राप्त किया जा सकता है। गुण्य एवं गुणक का अंकन व्यवस्था गुण शीर्षक पर अनुच्छेद क्रम में प्रस्तुत है।

9-1 गुण्य एवं गुणक में कोई एक अथवा दोनों 10, 100, 1000, 10000 ---------मूलाधार की संख्या अर्थात् 2, 3, 4, ---------------n अंकों की सबसे छोटी संख्या हो

(संख्यां A)* (n अंकों की सबसे छोटी संख्या)= $A*10^{n-1}$ का गुणनफल = संख्या A के दाँयी ओर (n-1) स्थान तक शून्य दर्षाने मात्र से प्राप्त होता है।

या

संख्या A के दाँयीं ओर n अंकों की सबसे छोटी संख्या में निहित पूरे शून्य दर्शाने मात्र से प्राप्त होता है।

जैसे 1• 5*10 =50 2• 24*1000 = 24000 3• 11575*100000 = 1157500000

4• 100*100 = 10000 5• 7000* 10000 = 70000000 6• 1000 *1050 = 1050000

9-2 गुण्य एवं गुणक दोनो का प्रत्येक अंक 9-9 हो इस तरह के गुण्य गुणक होने पर थोड़े विस्तार पर गुण्य एवं गुणक में दर्शित 9 की स्थान संख्या की स्थिति पर सुझाया जा सकता है। गुण्य एवं गुणक का अंकन व्यवस्था गुण शीर्षक पर बिन्दु क्रम में प्रस्तुत है।

स्थिति (1) गुण्य एवं गुणक दोनों में 9 की स्थान संख्या समान हो

गुणनफल को दो अनुभाग बाँयें अनुभाग और दाँयें अनुभाग में बाँटते हुए– बाँया अनुभाग में गुण्य का उना (गुण्य –1) जो गुण्य के इकाई अंक 9 मात्र को उना (9 –1) करने से प्राप्त होगा दर्शित कीजिए। तथा दाँये अनुभाग में बाँये अनुभाग में प्राप्त हल के प्रत्येक अंको का 9 पुरनी‡ यथा क्रम दर्शित कीजिए।

जैसे 1■ 9 * 9 के लिए गुणन फल का बाँये अनुभाग में (गुण्य -1)= (9 – 1)= 8 तथा दाँये अनुभाग में बाँये
8 \ 1 अनुभाग में प्राप्त 8 का 9 पुरनी 1 दर्शित कीजिए। अनुभाग विभाजन संकेत हटाइये और अभीष्ट गुणनफल 81 प्राप्त कीजिए।

2■ 99 * 99 के लिए गुणन फल का बाँये अनुभाग में (गुण्य -1)= (99 – 1)= 98 तथा दाँया अनुभाग में बाँये
98 \ 01 अनुभाग में प्राप्त 98 के दोनों अंक 9 और 8 का क्रमशः 9 पुरनी 0 और 1 दर्शित कीजिए । अनुभाग विभाजन संकेत हटाइये और अभीष्ट गुणनफल 9801 प्राप्त कीजिए।

3■ 999 * 999 के लिए गुणन फल का बाँये अनुभाग में (गुण्य –1)= (999 – 1)= 998 तथा दाँये अनुभाग में
998 \ 001 बाँये अनुभाग में प्राप्त 998 के तीनों अंक 9, 9 और 8 का क्रमशः 9 पुरनी 0, 0 और 1 दर्शित कीजिए । अनुभाग विभाजन संकेत हटाइये और अभीष्ट गुणनफल 998001 प्राप्त कीजिए।

इसी प्रकार प्राप्त कर कीजिए 9999 * 9999 =99980001 99999 * 99999 =9999800001

999999 * 999999 = 999998000001 9999999 * 9999999 = 99999980000001

स्थिति (2) गुण्य एवं गुणक दोनो में 9 की स्थान संख्या अलग–अलग हो ऐसी स्थिति में गुणा का क्रम अदल–बदल नियम (A*B=B*A) के अनुसार कम स्थान की संख्या को गुण्य तथा अधिक स्थान की संख्या को गुणक चुनिए। तब गुणक के दो खण्ड बाँया–दाँया इस प्रकार प्राप्त कीजिए कि दाँयें खण्ड में गुण्य की संख्या बने। बाँया खण्ड में उक्त दाँया खण्ड निश्चित होने के बाद स्वमेय गुणक शेष अंको से बनी संख्या होगी। इस प्रकार गुणक के दो खण्ड पूरा होने के बाद गुणनफल को बहुत ही सरलता से तीन अनुभाग– बाँयें \ मध्य\ दाँयें में बाँटते हुए बाँयें और दाँयें अनुभाग स्थिति 1 के यथा शब्दों में तथा मध्य अनुभाग में गुणक के बाँयें खण्ड की संख्या दर्शित कीजिए।

जैसे 1■ 9999 * 99 =99*9999 = 99 * 99\99 = 98\99\01 =989901

‡ 0 ← (9 पुरनी) → 9, 1 ← (9 पुरनी) → 8, 2← (9 पुरनी) → 7, 3 ← (9 पुरनी) →6, 4 ← (9 पुरनी) → 5

2■ $9999999 * 999 = 999 * 9999999 = 999 * 9999\backslash 999 = 998\backslash 9999\backslash 001 = 9989999001$

3■ $99999999 * 999999 = 999999 * 99999999 = 999999 * 99\backslash 999999$

$= 999998\backslash 99\backslash 000001 = 99999899000001$

स्थिति (3) गुण्य अथवा गुणक ही अंक 9 -9 से बनी संख्या हो ऐसी स्थिति में गुणा का क्रम अदल–बदल नियम (A*B=B*A) के अनुसार अंक 9 -9 से बनी संख्या को गुणक चुनिए।गुण्य का 9 -9 से बनी संख्या होने का प्रतिबंध नहीं है। तब गुणा की दो उपस्थिति बनती है।

A■ गुण्य एवं गुणक दोनो में अंकों की स्थान संख्या समान हो स्थिति 1 के अनुसार ही गुणनफल को दो अनुभाग बाँयें अनुभाग और दाँयें अनुभाग में बाँटते हुए– बाँयें अनुभाग में गुण्य का उना (गुण्य −1) जो गुण्य के इकाई अंक मात्र को उना करने से प्राप्त होगा दर्शित कीजिए। तथा दाँयें अनुभाग में बाँयें अनुभाग से प्राप्त हल के प्रत्येक अंको का 9 पुरनी यथा क्रम दर्शित कीजिए।

जैसे 1■ $\underline{4 * 9}$ के लिए गुणन फल का बाँयें अनुभाग में (गुण्य −1)= (4−1)= 3 तथा दाँयें अनुभाग में बाँयें

$3 \backslash 6$ अनुभाग में प्राप्त 3 का 9 पुरनी 6 दर्शित कीजिए। अनुभाग विभाजन संकेत हटाइये और अभीष्ट गुणनफल 36 प्राप्त कीजिए।

2■ $\underline{58 * 99}$ के लिए गुणन फल का बाँयें अनुभाग में (गुण्य −1)= (58-1)= 57 तथा दाँयें अनुभाग में बाँया

$57 \backslash 42$ अनुभाग में प्राप्त 57 के दोनों अंक 5 और 7 का क्रमशः 9 पुरनी 4 और 2 दर्शित कीजिए। अनुभाग विभाजन संकेत हटाइये और अभीष्ट गुणनफल 5742 प्राप्त कीजिए।

3■ $\underline{969 * 999}$ के लिए गुणन फल का बाँयें अनुभाग में (गुण्य −1)= (969-1)= 968 तथा दाँयें अनुभाग में बाँया

$968 \backslash 031$ अनुभाग में प्राप्त 968 के तीनों अंक 9,6 और 8 का क्रमशः 9 पुरनी 0, 3 और 1 दर्शित कीजिए। अनुभाग विभाजन संकेत हटाइये और अभीष्ट गुणनफल 968031 प्राप्त कीजिए।

इसी प्रकार प्राप्त कर कीजिए $4675 * 9999 = 46745325$ $23007 * 99999 = 23006769923$

$865421 * 999999 = 865420134579$ $1200045 * 9999999 = 1200044879955$

B■ गुण्य एवं गुणक दोनो में अंकों की स्थान संख्या अलग–अलग हो– ऐसी स्थिति में गुणा की दो स्थिति बनती है।

स्थिति B_1 गुणक में अंको की स्थान संख्या गुण्य के स्थान संख्या से आगर (अधिक) हो

स्थिति 2 के अनुसार ही गुणक के दो खण्ड बाँये–दाँयें इस प्रकार कीजिए कि दाँये खण्ड में गुण्य की स्थान संख्या मान पर 9-9 की स्थान संख्या हो। बाँये खण्ड में उक्त दाँयें खण्ड निश्चित होने के बाद स्वमेय गुणक के शेष अंक 9-9 की संख्या होगी। इस प्रकार गुणक का खण्ड पूरा होने के बाद गुणनफल को बहुत ही सरलता से तीन अनुभाग– बाँया\ मध्य\ दाँया में बाँटते हुए बाँयें और दाँयें अनुभाग स्थिति 3-A के यथा शब्दों में एवं मध्य अनुभाग में गुणक के बाँया खण्ड की संख्या दर्शित कीजिए।

जैसे 1■ $57 * 99999 = 57 * 999\backslash 99 = 56\backslash 999\backslash 43 = 5699943$

2■ $863 * 99999 = 863 * 99\backslash 999 = 862\backslash 99\backslash 137 = 86299137$

3■ $8889 * 9999999 = 8889 * 999\backslash 9999 = 8888\backslash 999\backslash 1111 = 88889991111$

4■ $96437 * 9999999 = 96437 * 99\backslash 99999 = 96436\backslash 99\backslash 03563 = 964369903563$

स्थिति B_2 गुणक में अंको की स्थान संख्या गुण्य के स्थान संख्या सेउना (कम)हो

स्थिति 2 के विपरीत ही गुण्य के दो खण्ड बाँयें–दाँयें इस प्रकार कीजिए कि दाँयें खण्ड में गुणक की स्थान संख्या मान पर संख्या हो। बाँयें खण्ड में उक्त दाँयें खण्ड निश्चित होने के बाद स्वमेय गुणक के शेष अंक की संख्या होगी। इस प्रकार गुण्य का खण्ड पूरा होने के बाद गुणनफल को बहुत ही सरलता से निम्नानुसार दो अनुभाग– बाँयें अनुभाग\ दाँये अनुभााग से प्राप्त कीजिए।

बाँयें अनुभाग में – (गुण्य का उना मान संख्या) – (गुण्य के बाँया खण्ड की संख्या) तथा दाँयें अनुभाग में – गुणक के दाँये खण्ड मान संख्या के इकाई अंक का दस पुरनी तथा शेष दहाई, सैकड़ा, हजार .... स्थान के अंकों का यथा स्थान क्रम नव पुरनी दर्शित करने से प्राप्त संख्या होगी। **अथवा** गुणक के दाँया खण्ड मान संख्या का उना मान संख्या के प्रत्येक अंकों का यथा स्थान क्रम नव पुरनी दर्शित करने से प्राप्त संख्या होगी।

जैसे 1■ $5437 * 99 = 54\backslash 37 * 99 = 5436 - 54\backslash 63 = 538263$

2■ $86354201 * 99999 = 863\backslash 54201 * 99999 = 86354200 - 863\backslash 45799 = 8635337645799$

3■ $123456789 * 999999 = 123\backslash 456789 * 999999 = 123456788 - 123\backslash 543211$

=123456665543211

4■ 999999999 * 9999= 99999\9999 * 9999 =999999998–99999 \0001

=9998999990001

पुनःपूर्व विधि स्थिति 2 के अनुसार – 999999999 * 9999= 9999 *99999 9999

=9999* 99999\9999

= 9998\99999\0001 =9998999990001

9-3 गुण्य एवं गुणक का सभी अंक 1-1 होने पर इस तरह के गुण्य गुणक होने पर थोड़े विस्तार पर गुण्य एवं गुणक में दर्शित 1 की स्थान संख्या की स्थिति पर सुझाया जा सकता है। गुण्य एवं गुणक का अंकन व्यवस्था गुण शीर्षक पर बिन्दु क्रम में प्रस्तुत है।

स्थिति (1) गुण्य एवं गुणक दोनो में 1 की स्थान संख्या समान हो

माना कि गुण्य एवं गुणक दोनो में 1 की स्थान संख्या समान रूप से m हो तो – गुणनफल को बहुत ही सरलता से तीन अनुभाग– बाँयें\ मध्य\ दाँयें में बाँटते हुए निम्नानुसार प्राप्त कीजिए।

बाँये अनुभाग में – बाँये से दाँये 1 से प्रारंभ कर आगर–आगर (बढ़ते क्रमागत) अंकन मे (m–1) स्थान तक के दर्शित अंको से बनी संख्या होगी। यथा $1,2,3,4,5,6,7,8,9,\underline{10},\underline{11},\underline{12}-----(\underline{m-1})^{\dagger}$ मध्य अनुभाग में – केवल m का मान दर्शित कीजिए।

दाँये अनुभाग में – बाँये अनुभाग में दर्शित अंकन श्रृंखला को उलटकर दर्शित कीजिए।

यथा उपरोक्त बाँया अनुभाग में दर्शित $1,2,3,4,5,6,7,8,9,\underline{10},\underline{11},\underline{12}-----(\underline{m-1})$

को उलटकर दाँया अनुभाग में $(\underline{m-1})----\underline{12},\underline{11},\underline{10},9,8,7,6,5,4,3,2,1$ दर्शित होगा।

साधित उदाहरण 1■ 11*11= 1\2\1 =121 2■ 111*111= 1,2\3\2,1 =12321

3■ 11111*11111= 1,2,3,4\5\4,3,2,1 =123454321

4■ 1111111111111*1111111111111=$1,2,3,4,5,6,7,8,9,\underline{10},\underline{11},\underline{12}\backslash\underline{13}\backslash\underline{12},\underline{11},\underline{10},9,8,7,6,54,3,2,1$

$=123456789_10\ _11_12\ _13\ _12\ _11_10987654321$

=1234567 9 01234320987654321

स्थिति (2) गुण्य एवं गुणक दोनो में 1 की स्थान संख्या अलग–अलग हो ऐसी स्थिति में गुणा का क्रम अदल–बदल नियम (A*B=B*A) के अनुसार कम स्थान की संख्या को गुण्य तथा अधिक स्थान की संख्या को गुणक चुनिए। इस प्रकार गुण्य एवं गुणक के चयन के बाद –

यदि अंक 1(एक) की स्थान गुण्य में संख्या m तथा गुणक में अंक की स्थान संख्या n हो तो स्थिति 1 के अनुसार ही गुणनफल को बहुत ही सरलता से तीन अनुभाग– बाँयें\ मध्य\ दाँयें में बाँटते हुए निम्नानुसार प्राप्त कीजिए।

बाँया और दाँये अनुभाग स्थिति 1 के शब्दों यथावत् गुण्य में 1 की स्थान संख्या m के लिए दर्शित कीजिए।

मध्य अनुभाग m की स्थान संख्या (n–m) का आगर [(n–m) + 1] बार दर्शित कीजिए।

साधित उदाहरण 1■ 11*111=1\22\1 =1221 m=2 , n=3 [(n–m)+1] =[(3–2)+1]= 2

2■ 11111*11111111=1234\5555\4321 =123455554321

m=5 , n=8 [(n–m)+1] =[(8–5)+1]= 4

3■ 1111111*11111111111=123456\77777\654321 =12345677777654321

m=7 , n=11 [(n–m)+1] =[(11–7)+1]= 5

4■ 1111111111111*111111111111111111 =

$= 1,2,3,4,5,6,7,8,9,\underline{10},\underline{11},\underline{12}\backslash\underline{13},\underline{13},\underline{13},\underline{13},\underline{13},\underline{13}\backslash\underline{12},\underline{11},\underline{10},9,8,7,6,5,4,3,2,1$

$=123456789_10\ _11_12\ _13_13\ _13_13_13_13_12\ _11_10987654321$ =1234567 9 0123444444320987654321

m=13 , n=18 [(n–m)+1] =[(18–13)+1]= 6

† यदि $m > 10$ हो तो क्रमागत अंकन नीचे रेखांकन पर $\underline{10},\underline{11},\underline{12}$ की भाँति दर्शित कीजिए। जिसका मानक संख्या निरूपण में इकाई बाद के अंकों से बनी संख्या को बतौर हासिल उच्च स्थान के अंकन में योग कीजिए। जैसे–$\underline{17} = {}_17$, $\underline{14},\underline{15} = {}_14\ {}_15$ = 155, $9,\underline{10},\underline{11},\underline{12} = 9\,{}_10\ {}_11\ {}_12 =$ 10122, $1,2,3,4,5,6,7,8,9,\underline{10},\underline{11},\underline{12} =$ 12345679 0122

टीप गुणन संक्रिया बाँये से दाँये अथवा दाँयें से बाँयें किसी भी दिशा से प्रारंभ कर अंत किया जा सकता है। केवल 1से प्रारंभ और 1 से अंत ही महत्वपूर्ण है।

विस्तार उपरोक्त दोनों स्थितियो का लाभ अधोदर्शित उदाहरणों के सदृश्य गुण्य एवं गुणक का गुणनफल प्राप्त करने मे लीजिए।

1■ 22 *55 = (2*11)*(5*11) = 10*121 =1210
2■ 222 *555 = (2*111)*(5*111) = 10*12321 =123210
3■ 5555 *2222222= (5*1111)*(2*1111111) = 10*1234444321 =12344443210
4■ 444 *555= (4*111)*(5*111) = 20*12321 = 246420
5■ 6666*555555555= (6*1111)*(5*111111111) = 30*123444444321 =3 703333329630
6■ 8888*555555= (8*1111)*(5*11111) = 40*12344321 = 493772840
7■ 222222*25= (2*111111)*25 = 50*111111 = 5555550
8■ 4444444444*25= (4*1111111111)*25 = 100*1111111111 = 111111111100
9■ 88888888*125= (8*11111111)*125 = 1000*11111111 = 11111111000

----------09----------

अध्याय -10
गुणा की व्यापक विधि

अध्याय 8 और 9 में कुछ चुने हुए व्यवस्थित विशेष नियमों के अन्तर्गत ही चयनित गुण्य एवं गुणक का तेज गति से गुणनफल प्राप्त करना सुझाया है।गुणनफल प्राप्त करने का तरीका ट्रिक्स (श्री सिद्ध) के श्रेणी में है। व्यवस्थित विशेष नियमों से अलग हटकर गुण्य एवं गुणक का गुणनफल प्राप्त करने की विधि को गुणा की व्यापक विधि कहते हैं। आधुनिक गणित में प्रचलित गुणा की एक मात्र गोमूत्री विधि ही व्यापक विधि है।

उक्त व्यापक विधि को छत्तीसगढ़ी गणित दर्शन में खड़ी–तिरछा विधि के नाम से विकसित किया जा सकता है।जिसका अर्थ है खड़ी का उर्ध्व एवं तिरछा का तिर्यक मिलाकर उर्ध्वतिर्यक वैदिक गणित में उर्ध्वतिर्यकभ्यां विधि कहा है।

गणित अध्ययन संकेत में खड़ी के लिये– | उत्तर–पष्चिम से दक्षिण –पूर्व तिर्यक के लिये – ╲

दक्षिण–पष्चिम से उत्तर –पूर्व तिर्यकके लिये ╱ उ.प. से द.पू. और द.प से उ.पू. का संयुक्त तिर्यक के लिये– ╲

| और ╳ का संयुक्तिकरण (संति)  का पुनः विस्तार क्रम 

 .... होगा।

0 से 9 तक की गुणन तालिका
गुण्य * गुणक = गुणक * गुण्य

गुण्य→ *गुणक↓	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9
0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
1	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9
2	0	2	4	6	8	10	12	14	16	18
3	0	3	6	9	12	15	18	21	24	27
4	0	4	8	12	16	20	24	28	32	36
5	0	5	10	15	20	25	30	35	40	45
6	0	6	12	18	24	30	36	42	48	54
7	0	7	14	21	28	35	42	49	56	63
8	0	8	16	24	32	40	48	56	64	72
9	0	9	18	27	36	45	54	63	72	81

10-1 गुणन संक्रिया विश्लेषण– (A) गुण्य एवं गुणक में अंको की स्थान संख्या समान होने पर –

A_1 एक अंकीय गुण्य एवं गुणक का गुणन संक्रिया केवल खड़ी { | } संकेत अनुप्रयोग से–

गुण्य →	A	5	4	9	6	4	7	8	3
	|	|	|	|	|	|	|	|	|
* गुणक →	*B	*3	*6	*4	*5	*8	*2	*9	*7
गुणनफल →		15	24	36	30	32	14	72	21

A_2 दो अंकीय गुण्य एवं गुणक का गुणन संक्रिया खड़ी { | } और तिरछा { ╳ } संकेत अनुप्रयोग से–

प्रक्रम 1 दो अंकीय गुणक $A_2 A_1$ एवं गुणक $B_2 B_1$ को निम्नानुसार दर्शित करे।

गुण्य	•	•	A_2	A_1
' गुणक	•	•	B_2	B_1

प्रक्रम 2 गुणनफल के इकाई अंक के लिए–

A_1 • | B_1 •

से $A_1*B_1 = C_1$ का इकाई अंक गुणनफल का इकाई अंक इ. तथा शेष दहाई अंक हासिल हा. होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{\text{हा.}}$इ. दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 3 गुणनफल के दहाई अंक के लिए–

A_2 • •A_1 × B_2• • B_1

से $[\{A_2*B_1 + B_2*A_1\}$ + $_{\text{हा.}}$इ. $] = C_2$ का इकाई अंक गुणनफल का दहाई अंक द. तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल हा. होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{\text{हा.}}$द. दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 4 गुणनफल के सैकड़ा अंक के लिए–

A_2 • | B_2 •

से $[A_2*B_2 +$ $_{\text{हा.}}$इ.$] = C_3$ को सैकड़ा के स्थान पर दर्शित कीजिए।

इस प्रकार विश्लेषित प्रक्रमों का हल संकेतन

गुण्य	2	3	A_2	A_1
* गुणक	4	5	B_2	B_1

प्रक्रम 1 गुणनफल के इकाई अंक के लिए–

A_1 3 | B_1 5

से 3*5 = 15 का इकाई अंक गुणनफल का इकाई अंक 5 तथा शेष दहाई अंक हासिल 1 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_1$5 दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 2 गुणनफल के दहाई अंक के लिए–

A_2 2 3 A_1 × B_2 4 5 B_1

से [{2*5+ 4*3} + प्रक्रम 1 से प्राप्त हासिल 1] = 23 का इकाई अंक 3गुणनफल का दहाई अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 2 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_2$3 दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 3 गुणनफल के सैकड़ा अंक के लिए–

A_2 2 | B_2 4

से [2*4 + प्रक्रम 2 से प्राप्त हासिल 2] = 10 को सैकड़ा के स्थान पर दर्शित कीजिए।

अभीष्ट हल विस्तार 2 3

* 4 5

2*4 \2*5+4*3\3*5 = 8\\$_2$2 \ $_1$5 = 10\3 \ 5 =1035 अभीष्ट गुणनफल होगा।

अभ्यास उपरांत मन ही मन संक्रिया 2 3

4 5

10\\$_2$3 \ $_1$5 =1035 अभीष्ट गुणनफल होगा।

अभ्यास उपरांत मन ही मन संक्रिया द्वारा साधित उदाहरण■

1■ 13*12 के लिए– 1 3 * 1 2 1 \ 5 \ 6 = 156 अभीष्ट गुणनफल होगा।	2■ 53*39 के लिए– 5 3 * 3 9 20 \ $_{5}$6\ $_{2}$7 = 2067 अभीष्ट गुणनफल होगा।	3■ 76*47 के लिए– 7 6 * 4 7 35 \ $_{7}$7\ $_{4}$2 =3572 अभीष्ट गुणनफल होगा।	4■ 95*69 के लिए– 9 5 * 6 9 65 \ $_{11}$5\ $_{4}$5 = 6555 अभीष्ट गुणनफल होगा ।

तीन अंकीय गुण्य और गुणक का गुणनफल

गुण्य	•	•	•	A_3	A_2	A_1
गुणक	•	•	•	B_3	B_2	B_1

हल प्रक्रम संकेत –



विश्लेषित साधित उदाहरण गुण्य 679 और गुणक 894 का गुणनफल प्राप्त करने दाँये से बाँये संकेत क्रम में हल प्रक्रम–

प्रक्रम 1 गुणनफल के इकाई अंक के लिए–



से 4*9 = 36 का इकाई अंक गुणनफल का इकाई अंक 6 तथा शेष दहाई अंक हासिल 3 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{3}$6 दर्शित कीजिए

प्रक्रम 2 गुणनफल के दहाई अंक के लिए–



से [{7*4+ 9*9} + प्रक्रम 1 से प्राप्त हासिल 3] = 112 का इकाई अंक 2 गुणनफल का दहाई अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 11 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{11}$2 दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 3 गुणनफल के सैकड़ा अंक के लिए–



से [{6*4 +8*9+ 7*9} + प्रक्रम 2 से प्राप्त हासिल 11] = 170 का इकाई अंक 0 गुणनफल का सैकड़ा अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 17 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{17}$0 दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 4 गुणनफल के हजार अंक के लिए–



से [{6*9+ 8*7} + प्रक्रम 3 से प्राप्त हासिल 17] = 127 का इकाई अंक 7 गुणनफल का हजार अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 12 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{12}$7 दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 5 गुणनफल के दस हजार अंक के लिए–

6
8

से [6*8+ प्रक्रम 4 से प्राप्त हासिल 12] = 60 को सैकड़ा के स्थान पर दर्शित कीजिए।

अभीष्ट हल विस्तार

$$\begin{array}{r} 6 \quad 7 \quad 9 \\ *\ 8 \quad 9 \quad 4 \\ \hline 6*8 \backslash 6*9+8*7 \backslash 6*4+8*9+7*9 \backslash 7*4+9*9 \backslash 9*4 \end{array}$$

$= 48\backslash 110 \backslash 159\backslash 109\backslash 36$

$= 60\backslash {}_{12}7 \backslash {}_{17}0\backslash {}_{11}2\backslash {}_{3}6 = 607026$ अभीष्ट गुणनफल होगा।

अभ्यास उपरांत मन ही मन संक्रिया

$$\begin{array}{r} 6 \quad 7 \quad 9 \\ *\ 8 \quad 9 \quad 4 \\ \hline \end{array}$$

$60\backslash {}_{12}7 \backslash {}_{17}0\backslash {}_{11}2\backslash {}_{3}6 = 607026$ अभीष्ट गुणनफल होगा।

अभ्यास उपरांत मन ही मन संक्रिया द्वारा साधित उदाहरण■ तीन अंकीय गुण्य और गुणक का गुणनफल

1■ 112*113 के लिए– 1 1 2 * 1 1 3 1\ 2\6 \ 5 \ 6 = 12656 अभीष्ट गुणनफल होगा।	2■ 571*609 के लिए– 5 7 1 * 6 0 9 $34\backslash {}_{4}7\backslash {}_{5}7\backslash {}_{6}3\backslash 9$ = 347739 अभीष्ट गुणनफल होगा।	3■ 999*587 के लिए– 9 9 9 * 5 8 7 $58\backslash {}_{13}6\backslash {}_{19}4\backslash {}_{14}1\backslash {}_{6}3$ =586413 अभीष्ट गुणनफल होगा।	4■ 742*441 के लिए– 7 4 2 * 4 4 1 $32 \backslash {}_{4}7\backslash {}_{3}2 \backslash {}_{1}2\backslash 2$ = 32722 अभीश्ट गुणनफल होगा।

चार अंकीय गुण्य और गुणक का गुणनफल

गुण्य • • • • A_4 A_3 A_2 A_1

गुणक • • • • B_4 B_3 B_2 B_1

हल प्रक्रम संकेत



विश्लेषित साधित उदाहरण■ गुण्य 6435 और गुणक 1728 का गुणनफल प्राप्त करने दाँये से बाँये संकेत क्रम में हल प्रक्रम–

प्रक्रम 1 गुणनफल के इकाई अंक के लिए–

5
8

से 5*8 = 40 का इकाई अंक गुणनफल का इकाई अंक 0 तथा शेष दहाई अंक हासिल 4 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{4}0$ दर्शित कीजिए ।

प्रक्रम 2 गुणनफल के दहाई अंक के लिए–

3 5
2 8

से [{3*8+ 2*5} + प्रक्रम 1 से प्राप्त हासिल 4] = 32 का इकाई अंक 2 गुणनफल का दहाई अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 3 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{3}2$ दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 3 गुणनफल के सैकड़ा अंक के लिए–

4 3 5
7 2 8

से [{4*8 +7*5+ 3*2}+ प्रक्रम 2 से प्राप्त हासिल 3] = 76 का इकाई अंक 6 गुणनफल का सैकड़ा अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 7 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{7}6$ दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 4 गुणनफल के हजार अंक के लिए–



से [{6*8 +1*5+ 4*2+7*3} + प्रक्रम 3 से प्राप्त हासिल 7] = 89 का इकाई अंक 9 गुणनफल का हजार अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 8 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{8}9$ दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 5 गुणनफल के दस हजार अंक के लिए–



से [{6*2 +1*3+ 4*7} + प्रक्रम 4 से प्राप्त हासिल 8] = 51 का इकाई अंक 1 गुणनफल का दसहजार अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 5 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{5}1$ दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 6 गुणनफल के लाख अंक के लिए–



से [{6*7+ 1*4} + प्रक्रम 5 से प्राप्त हासिल 5] = 51 का इकाई अंक 1 गुणनफल का दहाई अंक तथा शेष दहाई सैकड़ा अंक से बनी संख्या हासिल 5 होगा। गुणनफल पंक्ति मे $_{5}1$ दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 7 गुणनफल के दसलाख अंक के लिए–



से [6*1+ प्रक्रम 6 से प्राप्त हासिल 5] = 11 को दस लाख के स्थान पर दर्शित कीजिए।

अभीष्ट हल विस्तार

```
      6   4   3   5
  *   1   7   2   8
```

6 *1 \ 6*7++1*4 \ 6*2+1*3+4*7\6*8+1*5+4*2+7*3 \4*8+7*5+2*3 \3*8+2*5\8*5

= 6 \ 46\ 43\82 \73 \34\40

= 11 \ $_{5}1$\ $_{5}1$\ $_{8}9$ \ $_{7}6$ \ $_{3}8$\ $_{4}0$ = 11119680 अभीष्ट गुणनफल होगा।

अभ्यास उपरांत मन ही मन संक्रिया

```
      6   4   3   5
  *   1   7   2   8
```

11 \ $_{5}1$\ $_{5}1$\ $_{8}9$ \ $_{7}6$ \ $_{3}8$\ $_{4}0$ = 11119680 अभीष्ट गुणनफल होगा।

अभ्यास उपरांत मन ही मन संक्रिया द्वारा साधित उदाहरण–

1■ 1234*5678 के लिए–	2■ 1278*9034 के लिए–	3■ 2792*1978 के लिए–
5 ■ $8178932^2 =$ $8^2\backslash 2*(8*1)\backslash 2*(8*7)+1^2\backslash 2*(8*8)+2*(1*7)$ $\backslash 2*(8*9)+2*(1*8)+7^2\backslash 2*(8*3)+2*(1*9)+$ $2(7*8)\backslash 2*(8*2)+2(1*3)+2(7*9)+8^2\backslash 2*(1$ $*2)+2(7*3)+2(8*9)\backslash 2*(7*2)+2*(8*3)+9^2$ $\backslash 2*(8*2)+2*(9*3)\backslash 2*(9*2)+3^2\backslash 2*(3*2)\backslash$ 2^2 $=64\backslash 16\backslash 113\backslash 142\backslash 209\backslash 178\backslash 228\backslash 190\backslash 157$ $\backslash 86\backslash 45\backslash 12\backslash 4$ $=66\backslash {}_{2}8\backslash {}_{12}9\backslash {}_{16}4\backslash {}_{22}9\backslash {}_{20}2\backslash {}_{24}8\backslash {}_{20}6\backslash {}_{16}6\backslash {}_{9}0\backslash {}_{4}6$ $\backslash {}_{1}2\backslash 4$ $= 66894928660624$ अभीष्ट वर्गमान होगा।	$8178932^2 = (1\bar{2}2\bar{2}\bar{1}\bar{1}32)^2$ $= 1^2\backslash 2*(1*\bar{2})\backslash 2*(1*2)+\bar{2}^2\backslash 2*(1*\bar{2})+2*(\bar{2}*2)\backslash$ $2*(1*\bar{1})+2*(\bar{2}*\bar{2})+2^2\backslash 2*(1*\bar{1})+2*(\bar{2}*\bar{1})+$ $2*(2*\bar{2})\backslash 2*(1*3)+2*(\bar{2}*\bar{1})\ )+2*(2*\bar{1})+\bar{2}^2\backslash$ $2*(1*2)+2*(\bar{2}*3)+2*(2*\bar{1})+2*(\bar{2}*\bar{1})\backslash$ $2*(\bar{2}*2)+2*(2*3)+2*(\bar{2}*\bar{1})+\bar{1}^2\backslash 2*(2*2)+$ $2*(\bar{2}*3)+2*(\bar{1}*\bar{1})\backslash 2*(\bar{2}*2)+2*(\bar{1}*3)+\bar{1}^2\backslash$ $2*(\bar{1}*2)+2*(\bar{1}*3)\backslash 2(\bar{1}*2)+3^2\backslash 2*(3*2)\backslash 2^2$ $= 1\backslash\bar{4}\backslash 8\backslash\bar{1}\bar{2}\backslash 10\backslash\bar{6}\backslash 10\backslash\bar{8}\backslash 9\backslash\bar{2}\backslash\bar{1}\bar{3}\backslash\bar{1}0\backslash 5\backslash 12\backslash 4$ $= 1\backslash\bar{4}\backslash 7\backslash {}_{\bar{1}}\bar{1}\backslash {}_{1}0\backslash\bar{5}\backslash {}_{1}0\backslash\bar{8}\backslash 9\backslash\bar{3}\backslash {}_{\bar{1}}\bar{4}\backslash {}_{1}0\backslash 6\backslash {}_{1}2\backslash 4$ $=1\bar{4}7\bar{1}0\,\bar{5}0\bar{8}9\bar{3}\bar{4}0624$ $=6689\,4928660624$ अभीष्ट वर्गमान होगा।

विवेचना गुणा एवं वर्गमान ज्ञात करने की प्रतिबंध में प्रस्तुत विधियाँ जादुई हल देता प्रतीत होता पायेंगे। इसी तारतम्य में प्रस्तुत व्यापक विधि के अन्तर्गत विस्तारित हल का सतत् अभ्यास उपरांत सामान्य संख्यांकन में दो पद तथा उनागर संख्यांकन में तीन पद में ही दर्शित करने में सफल होंगे। 2, 3,4 अंकीय संख्याओं का सीधा मौखिक गणना अन्तर्गत अंतिम उत्तर पद ही देने में सक्षम होते पायेंगे ही साथ–साथ मौखिक जोड़ने–घटाने की संक्रिया में भी अपने आप को सक्षम होते पायेंगे।

12-5 गुणन संक्रिया में वर्गिक संख्या का अनुप्रयोग

बीजगणित अध्ययन अन्तर्गत सिद्ध किया जा चुका है कि– दो संख्याओं के योगमान एवं उनके बीच के अन्तर मान का गुणनफल उन संख्याओं के वर्गिक अन्तरमान के बराबर होता है।

संकेत में – संख्या A और संख्या B के लिए– $(A+B)*(A-B) = A^2 - B^2$

का अनुप्रयोग ऐसे गुण्य एवं गुणक का गुणनफल प्राप्त किया जा सकता है, जिनके एक **संख्या विशेष** से प्राप्त गुणय का घुचांक और गुणक का घुचांक एक दूसरे के प्रति योज्यप्रतिलोम हो। **संख्या विशेष** के प्रतिबंध पर प्रस्तुत है

(1) संख्या विशेष x की उना (पूर्ववर्ती) $(x-1)$ और आगर (परवर्ती) $(x+1)$ संख्याओं का गुणनफल –

$\mathbf{(x-1)*(x+1)= x^2 - 1}$ होगा।

जैसे संख्या विशेष 28 के पूर्ववर्ती 27 एवं परवर्ती 29 का गुणनफल $27*29=28^2 - 1 = 784 - 1 = 783$

संख्या विशेष 583 के पूर्ववर्ती 582 एवं परवर्ती 584 का गुणनफल $582*584 = 583^2 - 1 = 339889 - 1 = 339888$

(2) संख्या विशेष मुलाधार ,उपाधार, एवं इकाई अंक 5 वाली संख्या A के प्रति B उना (पूर्ववर्ती) $(A-B)$ और आगर (परवर्ती) $(A+B)$ संख्याओं का गुणनफल गणना में समिका $\mathbf{(A-B)*(A+B) = A^2 - B^2}$ का अनुप्रयोग कीजिए।

जैसे 1■ $42*58 = (50-8)*(50+8) = 50^2 - 8^2 = 2500 - 64 = 2436$

2■ $103*97 = (100+3)*(100-3) = 100^2 - 3^2 = 10000 - 9 = 9991$

3■ $611*589 = (600+11)*(600-11) = 600^2 - 11^2 = 360000 - 121 = 359879$

4■ $1035*965 = (1000+35)*(1000-35) = 1000^2 - 35^2 = 1000000 - 1225 = 998775$

5■ $34*16 = (25+9)*(25-9) = 25^2 - 9^2 = 625 - 81 = 544$

6■ $96*74 = (85+11)*(85-11) = 85^2 - 11^2 = 7225 - 121 = 7104$

7■ $122*108 = (115+7)*(115-7) = 115^2 - 7^2 = 13225 - 49 = 13176$

8■ $1136*914 = (1025+111)*(1025-111) = 1025^2 - 111^2 = 1050625 - 12321 = 1038304$

9■ $10033*10017 = (10025+8)*(10025-8) = 10025^2 - 8^2 = 100*1005\backslash 625 - 64$

$= 100500561$

10■ $111111*88889 = (100000+11111)*(100000-11111) = 100000^2 - 11111^2$

$= 10000000000 - 123454321$

$= 98765456789$

12-6 उपाधार $(a*10^x)$ के निकटतर संख्याओं का वर्गमान यदि कोई संख्या n उपाधार $(a*10^x)$ के निकटतर हो तो संख्या n का उपाधार $(a*10^x)$ से घुचांक $d = [n - (a*10^x)]$ होगा । से–

$n^2 = [a*10^x]*[(a*10^x) + 2d] + d^2 = a[(a*10^x) + 2d]\backslash d^2$ होगा। जहाँ d^2 का हल मान x अंकीय मान में होगा।

जैसे– 297^2 के लिए उपाधार $300 = 3*10^2$ से घुचांक= $297 - 300 = \overline{03}$

$\therefore n^2 = a[(a*10^x) + 2d]\backslash d^2$ से $297^2 = 3*[(3*10^x) + 2d]\backslash d^2$

$= 3*[300 + 2*\overline{03}]\backslash \overline{03}^2$

$= 3*294/09 = 88209$

जैसे – 4225^2 के लिए उपाधार $4000 = 4*10^3$ से घुचांक= $4225 - 4000 = 225$

$\therefore n^2 = a[(a*10^x) + 2d]\backslash d^2$ से $4225^2 = 4[(4*10^3) + 2d]\backslash d^2$

$= 4*[4000 + 2*225]/225^2$

$= 4*4450/_{50}625$

$= 17800/_{50}625$

$= 17850625$

12-6 **प्रमेय1** दो क्रमागत संख्याओं के गुंणनफल का चार गुना का आगर (परवर्ती/एकाधिक्य) संख्या उन दोनों संख्याओं के योगमान का वर्गमान होगा।

प्रमाण दो क्रमागत संख्श a और (a+1) के गुंणनफल का चार गुना का आगर $= 4*a*(a+1)+1 = 4a^2 + 4a + 1$

$$= (2a)^2 + 2*(2a)*1 + 1^2$$

$$= (2a+1)^2 = [a+(a+1)]^2$$ **सिद्ध।**

उदाहरण■

1■ दो क्रमागत संख्या 1 और 2 के गुंणनफल का चार गुना का आगर $= 4*1*2+1 = 9 = 3^2 = (1+2)^2$

2■ दो क्रमागत संख्या 2 और 3 के गुंणनफल का चार गुना का आगर $= 4*2*3+1 = 25 = 5^2 = (2+3)^2$

3■ दो क्रमागत संख्या 3 और 4 के गुंणनफल का चार गुना का आगर $= 4*3*4+1 = 49 = 7^2 = (3+4)^2$

4■ दो क्रमागत संख्या 4 और 5 के गुंणनफल का चार गुना का आगर $= 4*4*5+1 = 81 = 9^2 = (4+5)^2$

5■ दो क्रमागत संख्या 5 और 6 के गुंणनफल का चार गुना का आगर $= 4*5*6+1 = 121 = 11^2 = (5+6)^2$

6■ दो क्रमागत संख्या 6 और 7 के गुंणनफल का चार गुना का आगर $= 4*6*7+1 = 169 = 13^2 = (6+7)^2$

प्रमेय2 तीन क्रमागत संख्याओं में पहली और तीसरी संख्या का गुंणनफल का आगर (परवर्ती/एकाधिक्य) उनके मध्य स्थित दूसरी संख्या का वर्गमान होगा।

प्रमाण तीन क्रमागत संख्याएँ r_1, r_2, r_3 क्रमशः a ,(a+1), (a+2) से

पहली और तीसरी संख्या का गुंणनफल का आगर $= a*(a+2)+1 = a^2 + 2a + 1$

$$= a^2 + 2*(a)*1 + 1^2$$

$$= (a+1)^2$$

a और (a+2) मध्य स्थित संख्या $= (a+1)$ **सिद्ध।**

उदाहरण■

1■ तीन क्रमागत संख्शाएँ 1, 2 और 3 से – 1 और 3 के गुणनफल का आगर $= 1*3+1 = 4 = 2^2$

2■ तीन क्रमागत संख्शाएँ 2, 3 और 4 से – 2 और 4 के गुणनफल का आगर $= 2*4+1 = 9 = 3^2$

3■ तीन क्रमागत संख्शाएँ 3, 4 और 5 से – 3 और 5 के गुणनफल का आगर $= 3*5+1 = 16 = 4^2$

4■ तीन क्रमागत संख्शाएँ 4, 5 और 6 से – 4 और 6 के गुणनफल का आगर $= 4*6+1 = 25 = 5^2$

5■ तीन क्रमागत संख्शाएँ 5, 6 और 7 से – 5 और 7 के गुणनफल का आगर $= 5*7+1 = 36 = 6^2$

6■ तीन क्रमागत संख्शाएँ 6, 7 और 8 से – 6 और 8 के गुणनफल का आगर $= 6*8+1 = 49 = 7^2$

----------12----------

अध्याय -13
भाग की संक्रिया

13-1 भाग की संक्रिया

(1) सतत् घटाने के अर्थ में जिस प्रकार घटाना (व्यवकलन) संक्रिया जोड़ना (संकलन या योग) संक्रिया का विपरीत संक्रिया है, उसी प्रकार भाग संक्रिया गुणा संक्रिया का विपरीत संक्रिया है। गणित अध्ययन में किसी संख्या विशेष का योग माला में बढ़ते क्रम योग (+) की बारंबारता गुण को गुणन संक्रिया या गुणा की संक्रिया कहते है। इसके विपरीत किसी वस्तु के बड़े भण्डारण अथवा संग्रहमान A में से किसी दूसरे मान B को सतत् रूप से घटाने की संक्रिया है, जो यह विदित कराता है कि संग्रहमान संख्या A में से किसी दूसरे मान की संख्या B को सतत् रूप से घटाने की अधिकतम बाम्बारता C है और जो बाकी बचत है वह B से छोटे मान की संख्या D है। जैसे धान बीज के 100 काठा के भण्डारण में से 7-7 काठा बीज प्रति कृषक दान करने पर सतत् घटाने की संक्रिया [1■ $(100-7=93)$, 2■ $(93-7=86$, 3■ $86-7=79$, 4■ $79-7=72$, 5■ $72-7=65$, 6■ $65-7=58$, 7■ $58-7=51$, 8■ $51-7=44$, 9■ $(44-7=37)$, 10■ $(37-7=30)$, 11■ $(30-7=23)$, 12■ $(23-7=15)$, 13■ $(15-7=9)$, 14■ $(9-7=2]$ बारम्बारता 14 है। और बाकी बचत मान 2 काठा है।

(2) तुलना के अर्थ में जारी वर्ष का वर्षा एवं फसल की तुलना बीते वर्ष से किया जाता है। जो वर्तमान संदर्भ में प्रतिशत (प्रत्येक सौ) मान पर किया जा रहा है।हमारे पूर्वज छत्तीसगढिया किसान तत्कालीन फसल की पैदावार को किसी सामान्य समय की पैदावार को सोलह आने (1रूपिया = 16आना) मानकर उससे कम होने पर (2 आना), (4 आना), (6 आना), (8 आना),(10 आना), (12 आना),, होने के शब्दों में तुलना करते और फसल की पैदावार कुछ भी न होने से कोरा अकाल होना बताते रहे है। इसी प्रकार बहुत अच्छा सामान्य से अधिक) पैदावार होने 18आना, 20आना बताते रहे है। जो कमोतर आज भी सुनने को मिलता है।

दो बैलों या दो पहलवानों की शक्ति एक दूसरे के बराबर की ओर होने पर उन्नीस –बीस होना कहते है। इस प्रकार का तुलनात्मक अध्ययन आधुनिक गणित में अनुपात अध्ययन के अन्तर्गत आता है। यदि सोमारू 8 आने और मंगलू 4 आने रोज कमाता है, तब मंगलू के 1आना कमाने पर सोमारू कितने आने कमा लेगा की तुलना करना 8 को 4 द्वारा विभाजन करने की प्रक्रिया के अन्तर्गत है। इस प्रकार की विभाजन करने की प्रक्रिया को भाग संक्रिया कहते है।

जोड़ना, धटाना एवं गुणा संक्रिया की भाँति भाग संक्रिया को सीखने– सिखाने विभिन्न आयामों में प्रस्तुत है।

भाग संक्रिया संकेतन सामान्य अध्ययन में भाग संक्रिया संकेतन ÷ माना गया है। जबकि भाग की गणन संक्रिया में $\overline{)}$ माना गया है। संख्या A को संख्या B द्वारा भाग देने की संक्रिया को $A \div B$ दर्शित कर इसे A भागित B पढ़ा जाता है। जबकि आवश्यक होने पर इसके गणन संक्रिया को $B\overline{)A}$ दर्शित कर आवश्यक गणना प्रक्रम प्रारंभ पूरा किया जाता है।

भाग संक्रिया गणन शब्दावली

1• भाज्य जिस संख्या मान को विभाजन या खण्ड किया जाता है उसे भाज्य कहते हैं। उपरोक्त उदाहरण में धान बीज का भण्डारण मात्रा काठा में 100 भाज्य मान संख्या है।

2• भाजक जिस संख्या मान द्वारा भाज्य को विभाजित किया जाता है उसे भाजक कहते हैं। उपरोक्त उदाहरण में प्रति कृषक को धान दान करने की मात्रा काठा में 7 भाजक मान संख्या है।

3• भागफल भाज्य को भाजक द्वारा विभाजित करने पर जो अधिकतम बारम्बारता मान प्राप्त होता है, उसे भागफल कहते है। उपरोक्त उदाहरण में अधिकतम बारम्बारता मान 14 भागफल होगा।

4• शेषफल जब भाज्य में से भाजक को बार–बार घटाने से एक ऐसी स्थिति अवश्य आती है कि बची मात्रा संख्या भाजक से कम मात्रा की है।तब इस प्रकार भाजक से कम मात्रा में बचत संख्यामान को शेषफल कहते है।

मूलतः भाग की संक्रिया भाज्य में से भाजक को कितनी बार पूरा–पूरा घटाया जा सकता है को सरलता से ज्ञात करने की संक्रिया मात्र है। अर्थात् भागफल C यह बतलाता कि दिये भाज्य A में से भाजक B को C बार तक पूरा–पूरा घटाने उपरांत शेषफल D भाजक B से छोटा एक पूर्ण संख्या है।

भाज्य , भाजक, भागफल और शेषफल में सम्बंध

भाज्य A = (भाजक B * भागफल C) +शेषफल D

13-2 भाग संक्रिया गणन की विधियाँ आधुनिक भाग संक्रिया गणन विधि के अतिरिक्त भाज्य एवं भाजक को दृष्टिगत करते हुए भाग संक्रिया गणन की प्रमुख अधोदर्शित तीन विधियाँ है।

1• अनुभाग विभाजन विधि (देखते –देखत या विलोकनम् विधि) **2•** सुभाजक विधि **3•** राजमणि विधि (झण्डा या धजांक विधि)।

[1] अनुभाग विभाजन विधि (देखते –देखत या विलोकनम् विधि) का स्थिति वार अध्ययन

स्थिति (1) यदि भाजक 10, 100 ,1000,10000 - - - - - हो 10, 100 ,1000,10000 - - - - - प्रकार के भाजक में निहित शून्य (0) की स्थान संख्या मान पर भाज्य के दाँयी (इकाई)ओर से बाँयी(दहाई, सैकड़ा,हजार– – – –)ओर अनुभाग विभाजन कर भाज्य को दो अनुभाग बाँये अनुभाग?दाँये अनुभाग में प्राप्त कीजिए। तब भाज्य इस प्रकार के अनुभाग विभाजन मात्र से ही बाँये अनुभाग की संख्या को भागफल तथा दाँये अनुभाग की संख्या को शेषफल निरूपित कर अभीष्ट भागफल और शेषफल प्राप्त कीजिए।

उदाहरण■

1■ $27 \div 10$ के लिए भाज्य का अनुभाग विभाजन 2\7 से अभीष्ट भागफल 2 और शेषफल 7 होगा।

2■ $523 \div 10$ के लिए भाज्य का अनुभाग विभाजन 52\3 से अभीष्ट भागफल 52 और शेषफल 3 होगा।

3■ $139 \div 100$ के लिए भाज्य का अनुभाग विभाजन 1\39 से अभीष्ट भागफल 1 और शेषफल 39 होगा।

4■ $6328 \div 100$ के लिए भाज्य का अनुभाग विभाजन 63\28 से अभीष्ट भागफल 63 और शेषफल 28 होगा।

5■ $1523678 \div 1000$ के लिए भाज्य का अनुभाग विभाजन 1523\678 से अभीष्ट भागफल 1523 और शेषफल 678 होगा।

यदि भाज्य भागफल से छोटा है तो भागफल 0(शून्य) तथा शेषफल भाज्य ही होगा।

6■ $29 \div 1000$ के लिए भाज्य का अनुभाग विभाजन 0\029 से अभीष्ट भागफल 0 और शेषफल $029 = 29 =$ भाज्य ही है।

स्थिति (2) $(x > y)$ के लिए यदि $(p+x)$ अंकीय भाज्य और $(p+y)$ अंकीय भाजक के बाँयी ओर से प्रथम p अंक से बनी संख्या बराबर हो $(x > y)$ के लिए यदि $(p+x)$ अंकीय भाज्य और $(p+y)$ अंकीय भाजक के बाँयी ओर से प्रथम p अंकों से बनी संख्या बराबर हो तो –

बाँये से दाँये भाज्य और भाजक का निम्नानुसार बाँयें बाँयें अनुभाग विभाजन अंको के यथा क्रम स्थान पर निश्चित कीजिए।

बाँयें अनुभाग \ दाँयें अनुभाग

भाज्य से बाँयी ओर से प्रथम p अंक से बनी संख्या \शेष अंतिम x अंक से बनी संख्या

भाजक से बाँयी ओर से प्रथम p अंक से बनी संख्या \ शेष अंतिम y अंक से बनी संख्या

तब प्रारंभिक भागफल= $[(x-y)+1]$ अंकों की सबसे छोटी संख्या (10, 100, 1000,- - - में से) होगी।

तथा प्रारंभिक शेषफल = दाँया अनुभाग से– भाज्य के शेष अंतिम x अंक से बनी संख्या के अंकों में से भाजक के शेष अंतिम y अंक से बनी संख्या के अंकों को जो बाँये से दाँये क्रम दर्शित है। यथा क्रम घटाये।

यदि यह प्रारंभिक शेषफल हल धनात्मक प्राप्त हो तो उक्त प्रारंभिक भागफल और शेषफल ही क्रमशः अभीष्ट भागफल और शेषफल होगा।

और यदि यह प्रारंभिक शेषफल हल ऋणात्मक प्राप्त हो तो अभीष्ट भ्रगफल $(x-y)$ अंक की सबसे बड़ी संख्या (9, 99, 999, 9999 - - - - - में से) होगा।

तथा अभीष्ट शेषफल = भाजक + (प्रारंभिक ऋणात्मक शेषफल)

विश्लेषित व्याख्या उदाहरण 1■ $2468679 \div 24689$ के लिए–

अनुभाग विभाजन– $(p\backslash x) \div (p\backslash y) = (2468\backslash 679) \div (2468\backslash 9)$ से

$p = 4$ $x = 3$ (679 के 3 अंकीय संख्या होने पर) तथा $y = 1$ (9 के 1 अंकीय संख्या होने पर)

अतः प्रारंभिक भागफल= $[(x-y)+1] = [(3-1)+1] = 3$ अंकों का सबसे छोटी संख्या =100

तथा प्रारंभिक शेषफल= क्रमशः अंक मान (6–9), 7, 9 से बनी संख्या = $\bar{3}79 = \bar{2}2\bar{1}$ ऋणात्मक है।

अतः अभीष्ट भागफल= $(x-y) =$ 2 अंकों का सबसे बड़ी संख्या =99

तथा अभीष्ट शेषफल= भाजक + (प्रारंभिक ऋणात्मक शेषफल) $= 24689 + \bar{2}2\bar{1} = 24468$ होगा।

उदाहरण 2■ $9983 \div 995$ के लिए–

अनुभाग विभाजन – $(p\backslash x) \div (p\backslash y) = (99\backslash 83 \div (99\backslash 5)$ से

$p = 2$ $x = 2$ (83 के 2 अंकीय संख्या होने पर) तथा $y = 1$ (5 के 1 अंकीय संख्या होने पर)

अतः प्रारंभिक भागफल= $[(x-y)+1] = [(2-1)+1] = 2$ अंकों का सबसे छोटी संख्या =10

तथा प्रारंभिक शेषफल= क्रमशः अंक मान (8–5), 3, से बनी संख्या = 33 धनात्मक है।

अतः अभीष्ट भागफल= प्रारंभिक भागफल = 10

तथा अभीष्ट शेषफल= प्रारंभिक शेषफल = 33 होगा।

उदाहरण 3■ 889835÷88932 के लिए–

अनुभाग विभाजन – $(p\backslash x)\div(p\backslash y) = (889\backslash 835) \div (889\backslash 32)$ से

$p=3$ $x=3$ (835 के 3 अंकीय संख्या होने पर) तथा $y=2$ (32 के 2 अंकीय संख्या होने पर)

अतः प्रारंभिक भागफल= $[(x-y)+1] = [(3-2)+1] = 2$ अंकों की सबसे छोटी संख्या =10

तथा प्रारंभिक शेषफल= क्रमशः अंक मान (8–3), (3–2),5 से बनी संख्या = 515 धनात्मक है।

अतः अभीष्ट भागफल= प्रारंभिक भागफल = 10

तथा अभीष्ट शेषफल= प्रारंभिक शेषफल = 515 होगा।

उदाहरण 4■ 67534978÷ 67534 के लिए–

अनुभाग विभाजन – $(p\backslash x)\div(p\backslash y) = (67534\backslash 978) \div (67534\backslash ----)$ से

$p=5$ $x=3$ (978 के 3 अंकीय संख्या होने पर) $y=0$ (कोई अंकन नहीं है।)

अतः प्रारंभिक भागफल= $[(x-y)+1] = [(3-0)+1] = 4$ अंकों का सबसे छोटी संख्या =1000

तथा प्रारंभिक शेषफल= क्रमशः अंक मान 9,7,8 से बनी संख्या = 978 धनात्मक है।

अतः अभीष्ट भागफल= प्रारंभिक भागफल = 1000

तथा अभीष्ट शेषफल= प्रारंभिक शेषफल = 978 होगा।

उदाहरण 5■ 77313÷ 779 के लिए–

अनुभाग विभाजन – $(p\backslash x)\div(p\backslash y) = (77\backslash 313) \div (77\backslash 9)$ से

$p=2$ $x=3$ (313 के 3 अंकीय संख्या होने पर) तथा $y=1$ (9 के 1 अंकीय संख्या होने पर)

अतः प्रारंभिक भागफल= $[(x-y)+1] = [(3-1)+1] = 3$ अंकों का सबसे छोटी संख्या =100

तथा प्रारंभिक शेषफल = क्रमशः अंक मान (3–9), 1, 3 से बनी संख्या = $\bar{6}13 = \bar{5}8\bar{7}$ ऋणात्मक है।

अतः अभीष्ट भागफल= $(x-y) =$ 2 अंकों का सबसे बड़ी संख्या =99

तथा अभीष्ट शेषफल= भाजक + (प्रारंभिक ऋणात्मक शेषफल) = $779 + \bar{5}8\bar{7} = 2\bar{1}2 = 192$ होगा।

उदाहरण 6■ 67453421÷ 67487 के लिए–

अनुभाग विभाजन – $(p\backslash x)\div(p\backslash y) = (674\backslash 53421) \div (674\backslash 87)$ से

$p=3$ $x=5$ (53421 के 5अंकीय संख्या होने पर) $y=2$ (87 के 2 अंकीय संख्या होने पर)

अतः प्रारंभिक भागफल= $[(x-y)+1] = [(5-2)+1] = 4$ अंकों का सबसे छोटी संख्या =1000

तथा प्रारंभिक शेषफल= क्रमशः अंक मान (5–8),(3–7), 4,2,1 से बनी संख्या = $\bar{3}\bar{4}421 = \bar{3}3\bar{5}79$ ऋणात्मक है।

अतः अभीष्ट भागफल= $(x-y) =$ 3 अंकों की सबसे बड़ी संख्या =999

तथा अभीष्ट शेषफल= भाजक + (प्रारंभिक ऋणात्मक शेषफल) = $67487 + \bar{3}3\bar{5}7\bar{9} = 34\bar{1}1\bar{2} = 33908$ होगा।

स्थिति (3) भाजक n अंकों की सबसे बड़ी संख्या (9, 99, 999, 9999- - - - -) होने पर यदि भाजक n अंकों की सबसे बड़ी संख्या (9, 99, 999, 9999- - - - -) हो तो भाग की गणन संक्रिया को विभिन्न प्रगुणों पर विश्लेषित करना यथेष्ठ होगा। क्रमशः प्रस्तुत है।

स्थिति 3A■ भाज्य में अंकों की स्थान संख्या मान x भाजक के अंकों की स्थान संख्या मान y का दो गुना या दोगुना से कम हो –

संक्रिया गणना प्रक्रम भाज्य का दाँयें से बाँयें (इकाई से दहाई, सैकड़ा – – – की ओर)से भाजक के अंकों की स्थान संख्या मान y पर अनुभाग विभाजन कर भाज्य के दो अनुभाग

बाँये अनुभागm_L\ दाँये अनुभाग m_R प्राप्त कर

निम्नानुसार जाँच कीजिए और अभीष्ट भागफल एवं शेषफल का निष्कर्ष सीधे प्राप्त लीजिए।

जाँच एवं निष्कर्ष 1• यदि दोनों अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान भाजक संख्या मान से छोटा है तो–
अभीष्ट भागफल $= m_L$ तथा अभीष्ट शेषफल $= (m_L + m_R)$ योगमान होगा।

साधित उदाहरण■

1■ 62÷ 9 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_R = 6\backslash 2$ से जाँच– दोनों अनुभाग मानों का योग=$(m_L + m_R) =$ 6+2=8 < (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल =m_L =6 तथा शेषफल =$(m_L + m_R)$ =8	2■ 317÷ 99 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_R = 3\backslash 17$ से जाँच– दोनों अनुभाग मानों का योग=$(m_L + m_R) =$ 3+17=20 < (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल =m_L =3 तथा शेषफल =$(m_L + m_R)$ =20
3■ 8213÷ 99 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_R = 82\backslash 13$ से जाँच– दोनों अनुभाग मानों का योग=$(m_L + m_R) =$ 82+13=95 < (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल =m_L =82 तथा शेषफल =$(m_L + m_R)$ =95	4■ 226347÷ 999 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_R = 226\backslash 347$ से जाँच– दोनों अनुभाग मानों का योग=$(m_L + m_R) =$ 226+347=573 < (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल =m_L =226 तथा शेषफल =$(m_L + m_R)$ =573
5■ 596732180 ÷ 99999 के लिए– $m_L \backslash m_R = 5967\backslash 32180$ से जाँच– $(m_L + m_R)$ =5967+32180=38147< (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल = m_L=5967 तथा शेषफल = $(m_L + m_R)$ =38147	6■ 10000000231456÷ 9999999 के लिए– $m_L \backslash m_R$ =1000000\0231456 से जाँच– $(m_L + m_R)$ = 1000000+0231456 = 1231456< (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल = m_L =1000000 तथा शेषफल =$(m_L + m_R)$ =1231456

जाँच एवं निष्कर्ष 2• यदि दोनों अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान = भाजक संख्या है तो–
अभीष्ट भागफल = m_L का आगर संख्या = $(m_L + 1)$ तथा अभीष्ट शेषफल = 0 (शून्य) होगा।

साधित उदाहरण■

1■ 72÷ 9 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_R = 7\backslash 2$ से जाँच– दोनों अनुभाग मानों का योग=$(m_L + m_R) =$ 7+2 =9 (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल =m_L का आगर =7 का आगर =7+1 =8 तथा शेषफल = 0	2■ 9504÷ 99 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_R$ =95\04 से जाँच– दोनों अनुभाग मानों का योग=$(m_L + m_R) =$ 95+04 =99 (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल =m_L का आगर =95 का आगर =95+1 =96 तथा शेषफल = 0
3■ 594÷ 99 के लिए– $m_L \backslash m_R$ =5\94 से जाँच– $(m_L + m_R)$ = 5+94 = (भाजक) निष्कर्ष–अभीष्ट भागफल = m_L का आगर	4■ 4554÷ 99 के लिए– $m_L \backslash m_R$ =45\54 से जाँच– $(m_L + m_R)$ = 45+54 = (भाजक) निष्कर्ष–अभीष्ट भागफल = m_L का आगर

$=5+1=6$ तथा शेषफल $=0$	$=45+1=46$ तथा शेषफल $=0$
5■ $3996 \div 999$ के लिए– $m_L \backslash m_R = 3\backslash 996$ से जाँच– $(m_L + m_R) = 3+996 =$ (भाजक) निष्कर्ष–अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर $=3+1=4$ तथा शेषफल $=0$	6■ $324675 \div 999$ के लिए– $m_L \backslash m_R = 324\backslash 675$ से जाँच– $(m_L + m_R) = 324+675 =$ (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर $=324+1=325$ तथा शेषफल $= 0$
7■ $723276 \div 999$ के लिए– $m_L \backslash m_R = 723\backslash 276$ से जाँच– $(m_L + m_R) = 723+276 =$ (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर $=723+1=724$ तथा शेषफल $= 0$	8■ $1234587654 \div 99999$ के लिए– $m_L \backslash m_R = 12345\backslash 87654$ से जाँच– $(m_L + m_R) = 12345+87654 =$ (भाजक) निष्कर्ष– अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर $=12345+1=12346$ तथा शेषफल $= 0$

जाँच एवं निष्कर्ष 3• यदि दोनों अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान भाजक संख्या मान से बड़ा है तो–
अभीष्ट भागफल $=$ m_L का आगर संख्या $= (m_L + 1)$
तथा अभीष्ट शेषफल $= (m_L + m_R) -$ (भाजक)

अथवा

अभीष्ट शेषफल $= m_R - ($ m_L के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या) होगा।

अथवा

अभीष्ट शेषफल $= m_L - ($ m_R के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या) होगा।

विशेष टीप (m_L के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या) के लिये प्रथम m_L को भाजक के अंको के स्थान संख्या मान x के तुल्य स्थान की संख्या मे दर्शित होना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यकतानुसार m_L के बाँयी ओर 0 बढ़ायें। विश्लेषित उदाहरण 2 का अवलोकन कीजिए।

विश्लेषित उदाहरण■ $4743567891 \div 99999$ के लिए– $m_L \backslash m_R = 47435\backslash 67891$ से जाँच–
$m_L + m_R = 47435+67891=115326 >$ (भाजक)
निष्कर्ष अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर $=47436$ तथा
शेषफल $=(m_L + m_R) -$भाजक$= 115326-99999 = 15327$
अथवा शेषफल $= m_R - (m_L$ के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या$) = 67891 - 52564 = 15327$
अथवा शेषफल $= m_L - (m_R$ के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या$) = 47435 - 32108 = 15327$

साधित उदाहरण■

1■ $876579 \div 999$ के लिए– $m_L \backslash m_R = 876\backslash 579$ से जाँच– $(m_L + m_R) = 876+579=1455 >$ (भाजक)   **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर $= 876+1 = 877$ तथा **शेषफल** $=(m_L + m_R) -$भाजक $=1455-999 = 456$ **अथवा** शेषफल $= m_R - ($ m_L के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या$) = 579-123 = 456$ **अथवा** शेषफल $= m_L - ($ m_R के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या$) = 876-420 = 456$

2■ 95906÷ 999 के लिए– $m_L \backslash m_R = 095\backslash 906$ से जाँच– $(m_L + m_R) = 095+906=1001 >$ (भाजक) **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर 095+1 =096 =96 तथा **शेषफल** $=(m_L + m_R)$ – भाजक =1001–999 =002 = 2 **अथवा** शेषफल $= m_R$ –(m_L के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या)= 906– 904 = 2 **अथवा** शेषफल $= m_L$ –(m_R के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या)= 095– 093 = 2
3■ 474356789127 ÷ 999999 के लिए– $m_L \backslash m_R$ = 474356/789127 से जाँच– $m_L + m_R$ = 474356+789127 = 1263483> (भाजक) **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल $= m_L$ का आगर =474357 तथा **शेषफल** $=(m_L + m_R)$ –भाजक= 1263483–999999 = 263484 **अथवा** शेषफल $= m_R$ –(m_L के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या)= 789127 – 525643 =26348 4 **अथवा** शेषफल $= m_L$ –(m_R के अंकों के 9 पुरनी से बनी संख्या)= 474356 –210872 =263484

स्थिति 3 B■ भाज्य में अंकों की स्थान संख्या मान x भाजक के अंकों की स्थान संख्या मान y का दोगुना से अधिक तीगुना तक ही हो –

संक्रिया गणना –प्रक्रम1 भाज्य का दाँये से बाँये (इकाई से दहाई, सैकड़ा – – – की ओर)से भाजक के अंकों की स्थान संख्या मान y पर अनुभाग विभाजन कर भाज्य के तीन अनुभाग

बाँया अनुभाग$m_L \backslash$मध्य अनुभाग $m_M \backslash$दाँया अनुभाग m_R प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2 तीनों अनुभाग में प्राप्त संख्यामान को अलग–अलग मानकर तीनों अनुभाग के संख्याओं का योगमान $(m_L + m_M + m_R) = \Sigma m$ प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 3 [(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या)+ m_L] =§ का मान प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 4 निम्नानुसार जाँच कीजिए और अभीष्ट भागफल एवं शेषफल अथवा प्रथम प्रारंभिक भागफल‡ एवं शेषफल प्राप्त लीजिए।

जाँच एवं निष्कर्ष 1• यदि तीनों अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान $(m_L + m_M + m_R) = \Sigma m <$ भाजक संख्या मान हो तो– प्रारंभिक भागफल =[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या) $+ m_L$]= § तथा अभीष्ट शेषफल $=(m_L + m_M + m_R) = \Sigma m$ होगा।

विश्लेषित / साधित उदाहरण■

1■ 341÷ 9 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_M \backslash m_R$ = 3\4\1 से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m = (m_L + m_M + m_R)$ = 3+4+1= 8< (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या)+ m_L]= § =34+3= 37 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ =37 तथा शेषफल $= \Sigma m$ =8	2■ 162345÷ 99 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_M \backslash m_R$ = 45\23\45 से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m = (m_L + m_M + m_R)$ = 16+23+45= 84< (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या)+ m_L]= § =1623+16= 1639 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ =1639 तथा शेषफल $= \Sigma m$ =84
3■ 89462347÷ 999 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_M \backslash m_R$ = 89\462\347 से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m = (m_L + m_M + m_R)$ =	4■ 222322222221÷ 9999 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_M \backslash m_R$ = 2223\2222\2221 से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m = (m_L + m_M + m_R)$ =

$89+462+347=898<$ (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या)+ m_L]= § =89462+89= 895 51 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ =89551 तथा शेषफल $=\Sigma m$ =898	$2223+2222+2221=6666<$ (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या) + m_L]= § =22232222+2223= 22234447 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ =22234447 तथा शेषफल $=\Sigma m$ =6666

जाँच एवं निष्कर्ष 2• यदि तीनों अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान $(m_L+m_M+m_R)=$ भाजक संख्या मान हो तो– अभीष्ट भागफल=[{(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या) + m_L} +1)] = §+1तथा अभीष्ट शेषफल = 0 होगा।

विश्लेषित / साधित उदाहरण■

1■ $243\div 9$ के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L\backslash m_M\backslash m_R$ $=2\backslash 4\backslash 3$ से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m=(m_L+m_M+m_R)=$ 2+4+3=9 = (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या) + m_L]= § =24+2= 26 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ + 1 =26+1=27 तथा शेषफल =0	2■ $210375\div 99$ के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L\backslash m_M\backslash m_R$ $=21\backslash 03\backslash 75$ से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m=(m_L+m_M+m_R)=$ 21+03+75= 99= (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या) + m_L]= § =2103+21= 2124 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ + 1 =2125 तथा शेषफल = 0
3■ $100473358\div 999$ के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L\backslash m_M\backslash m_R$ $=100\backslash 473\backslash 358$ से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m=(m_L+m_M+m_R)=$ 100+473+358 =999= (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या)+ m_L]= § =100473+100= 100573 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल = § + 1 =100574 तथा शेषफल =0	4■ $533423332332\div 9999$ के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L\backslash m_M\backslash m_R$ $=5334\backslash 2333\backslash 2332$ से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m=(m_L+m_M+m_R)=$ 5334+2333+2332=9999= (भाजक) तथा[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या)+ m_L]= § =53342333+5334=53347667 **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ + 1 =53347668 तथा शेषफल =0

जाँच एवं निष्कर्ष 3• यदि तीनों अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान $(m_L+m_M+m_R)>$ भाजक संख्या मान हो तो– प्रथंम क्रम का प्रारंभिक भागफल =[(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या m_L) +1]
तथा प्रथम क्रम का प्रारंभिक शेषफल $=[(m_L+m_M+m_R)$ –भाजक] होगा।
अब यदि यह प्रथम क्रम का प्रारंभिक शेषफल < भाजक हो तो यही प्रथंम क्रम का प्रारंभिक भागफल एवं शेषफल ही अभीष्ट भागफल एवं शेषफल होगा। और यह प्रथम क्रम का प्रारंभिक शेषफल > भाजक हो तो इस प्रथम प्रारंभिक शेषफल के लिए उक्त नियमानुसार भाग संक्रिया प्रक्रम अन्तर्गत द्वितीय प्रारंभिक भागफल एवं शेषफल की गणना कीजिए।

---

‡ (पृष्ठ 80) प्रथम प्रारंभिक भागफल एवं षेशफल इसलिए कहा गया है क्योंकि $(\Sigma m-$भाजक$)>$ भाजक के होने पर भाग संक्रिया क्रम पुनः $(\Sigma m-$भाजक$)$ के लिए करना होगा। ऐसी स्थिति भाजक के छोटे मानों पर भाज्य की अनुभाग विभाजन क्रम बढने से निर्मित होता है। जिससे प्रारंभिक भाग संक्रिया क्रम तब तक जारी रहता जब तक $(\Sigma m-$भाजक$)<$ भाजक प्राप्त न हो जाएं ।

इस प्रकार प्रारंभिक भागफल एवं शेषफल की गणना का क्रम अंतिम शेषफल मान भाजक से छोटा प्राप्त होने तक कीतिए।
तब **अंतिम निष्कर्ष में** अभीष्ट भागफल = उपरोक्त क्रमानुसार प्राप्त समस्त भागफलो का योगमान
तथा अभीष्ट शेषफल = अंतिम शेषफल जो भाजक से छोटा प्राप्त है।

विश्लेषित / साधित उदाहरण■

1■ $24315 \div 9$ के लिए–
भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_m \backslash m_R = 243\backslash 1\backslash 5$ से जाँच – तीनों अनुभाग मानों का योग Σm
$=(m_L + m_M + m_R) = 243+1+5=249 >$ (भाजक)
तथा [(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या + m_L]= $§_1$ =2431+243= 2674
प्रारंभिक निष्कर्ष प्रारंभिक भागफल$_1$ =$§_1$ + 1 =2675 तथा प्रारंभिक शेषफल$_1$ =(249 – भाजक) =240 > भाजक
अतः $240 \div 9$ के लिए $2\backslash 4\backslash 0$ से Σm =6 तथा $§_2$ = 24+2 =26

अंतिम निष्कर्ष भागफल$_2$ =$§_2$ =26 तथा शेषफल$_2$ = Σm =6< भाजक
∴अभीष्ट भागफल = भागफल$_1$ + भागफल$_2$ = 2675+ 26 =2701 एवं अभीष्ट शेषफल = शेषफल$_2$ = 6

2■ $3450027681 \div 999$ के लिए–
भाज्य का अनुभाग विभाजन $m_L \backslash m_m \backslash m_R = 3450\backslash 027\backslash 681$ से जाँच –
तीनों अनुभाग मानों का योग $\Sigma m = (m_L + m_M + m_R) = 3450+027+681= 4158 >$ (भाजक)
तथा [(m_L और m_M के सम्मिलन से बनी संख्या + m_L]= $§_1$ =3450027+3450= 3453477
प्रारंभिक निष्कर्ष प्रारंभिक भागफल$_1$ =$§_1$ + 1 =3453478 तथा प्रारंभिक शेषफल$_1$ =(4158 – भाजक)
= 3159 > भाजक अतः $3159 \div 999$ के लिए $3\backslash 159$ से Σm =162 तथा $§_2$ = 3

अंतिम निष्कर्ष भागफल$_2$ =$§_2$ =3 तथा शेषफल$_2$ = Σm = 162< भाजक
∴अभीष्ट भागफल = भागफल$_1$ + भागफल$_2$ = 3453478+ 3 =3453481 एवं अभीष्ट शेषफल = शेषफल$_2$ =162

व्यापकता व्यापकता में यदि भाज्य में अंकों की स्थान संख्या मान x भाजक के अंकों की स्थान संख्या मान y का z गुना के बराबर या अधिक (जहाँ $z \geq 2$) हो तो–

संक्रिया गणना

प्रक्रम 1 भाज्य का दाँये से बाँये (इकाई से दहाई, सैकड़ा – – – की ओर)से भाजक के अंकों की स्थान संख्या मान y पर अनुभाग विभाजन करते हुए यदि भाज्य के अंकों की स्थान संख्या x = y*z हो तो कुल अनुभाग संख्या z में $m_L \backslash m_{M_{z-2}} \backslash m_{M_{z-3}} \backslash m_{M_{z-4}} \backslash - \backslash - \backslash - \backslash - \backslash - \backslash m_{M_3} \backslash m_{M_2} \backslash m_{M_1} \backslash m_R$
और यदि भाज्य के अंकों की स्थान संख्या x = (y*z+a) जहाँ a < y हो तो कुल अनुभाग संख्या (z+1) में $m_L \backslash m_{M_{z-1}} \backslash m_{M_{z-2}} \backslash m_{M_{z-3}} \backslash - \backslash - \backslash - \backslash - \backslash - \backslash - \backslash m_{M_3} \backslash m_{M_2} \backslash m_{M_1} \backslash m_R$ दाँये से बाँये प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2 समस्त अनुभाग में प्राप्त संख्यामान को अलग–अलग मानकर समस्त अनुभाग के संख्याओं का योगमान
; $m_L + m_{M_{z-1}} + m_{M_{z-2}} + m_{M_{z-3}} + - + - + - + - + m_{M_3} + m_{M_2} + m_{M_1} + m_R) = \Sigma m$ प्राप्त कीजिए

प्रक्रम 3 [{बाँये से दाँये(m_Lसे m_{M_1} तक के सम्मिलन से बनी संख्याS_1)+(m_Lसे m_{M_2} तक के सम्मिलन से बनी संख्याS_2)+(m_Lसे m_{M_3} तक के सम्मिलन से बनी संख्याS_3 – + – .(m_Lसे $m_{M_{z-3}}$ तक के सम्मिलन से बनी संख्याS_{z-3})+(m_Lसे $m_{M_{z-2}}$ तक के सम्मिलन से बनी संख्या S_{z-2})+(m_Lसे $m_{M_{z-1}}$ तक के सम्मिलन से बनी संख्या S_{z-1}) m_L] = § का मान प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 4 निम्नानुसार जाँच कीजिए और अभीष्ट भागफल एवं शेषफल अथवा प्रथम प्रारंभिक भागफल एवं शेषफल प्राप्त लीजिए।

जाँच एवं निष्कर्ष 1•
यदि समस्त अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान = Σm < भाजक संख्या मान हो तो–
अभीष्ट भागफल = § तथा अभीष्ट शेषफल = Σm होगा।

विश्लेषित / साधित उदाहरण■

1■ 23012÷ 9 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन = 2\3\0\1\2 से जाँच– समस्त अनुभाग मानों का योग Σm $=(2+3+0+1+2)=8<$ (भाजक) --------------------प्रक्रम 2 के अनुसार तथा § =2301+230 +23+2=2556 -----------------प्रक्रम 3 के अनुसार **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ = 2556 तथा शेषफल = Σm =8
2■ 12430020635 ÷ 99 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन = 1\24\30\02\06\35 से जाँच – समस्त अनुभाग मानों का योग Σm $=(1+24+30+02+06+35)=98<$ (भाजक) --------------------प्रक्रम 2 के अनुसार तथा § =124300206+1243002+12430+124+1=125555763 ---------------प्रक्रम 3 के अनुसार **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ = 125555763 तथा शेषफल = Σm =98
3■ 1111111111111111111÷ 99999 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन = 1111\11111\11111\11111 से जाँच – समस्त अनुभाग मानों का योग Σm $=(1111+11111+11111+11111)=34444<$ (भाजक) -------------------- प्रक्रम 2 के अनुसार तथा § =11111111111111+111111111+1111=11111222223333 -----------प्रक्रम 3 के अनुसार **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ = 11111222223333 तथा शेषफल = Σm =34444

जाँच एवं निष्कर्ष 2• यदि समस्त अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान = Σm = भाजक संख्या मान हो तो– अभीष्ट भागफल = §+1 तथा अभीष्ट शेषफल = 0 होगा।

विश्लेषित / साधित उदाहरण■

1■ 23112÷ 9 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन = 2\3\1\1\2 से जाँच – समस्त अनुभाग मानों का योग Σm $=(2+3+1+1+2)=9=$ (भाजक) --------------------प्रक्रम 2 के अनुसार तथा = § =2311+231 +23+2=2567 ----------------प्रक्रम 3 के अनुसार **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ + 1 = 2568 तथा शेषफल =0
2■ 210016182321 ÷ 99 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन = 21\00\16\18\23\21 से जाँच – समस्त अनुभाग मानों का योग $\Sigma m=(21+00+16+18+23+21)=99=$ (भाजक) --------------------प्रक्रम 2 के अनुसार तथा § =2100161823+21001618+210016+2100+21=2121375578 ---------------प्रक्रम 3 के अनुसार **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ + 1 = 2121375579 तथा शेषफल = 0
3■ 1111222200006666 ÷ 9999 के लिए– भाज्य का अनुभाग विभाजन = 1111\2222\0000\6666 से जाँच – समस्त अनुभाग मानों का योग Σm $=(1111+2222+0000+6666)=9999=$ (भाजक) --------------------प्रक्रम 2 के अनुसार तथा §=111122220000+11112222+1111=111133333333 ------------प्रक्रम 3 के अनुसार **निष्कर्ष** अभीष्ट भागफल =§ + 1 = 111133333334 तथा शेषफल = 0

जाँच एवं निष्कर्ष 3•

यदि समस्त अनुभाग में अलग–अलग प्राप्त संख्या मान का योगमान = Σm > भाजक संख्या मान हो तो– प्रथंम प्रारंभिक भागफल = §+1 तथा प्रथम प्रारंभिक शेषफल =[Σm – भाजक] होगा।

अब यदि यह प्रथम प्रारंभिक शेषफल < भाजक हो तो यही प्रथंम प्रथम प्रारंभिक भागफल एवं शेषफल ही अभीष्ट भागफल एवं शेषफल होगा। और यह प्रथम प्रारंभिक शेषफल > भाजक हो तो इस प्रथम प्रारंभिक शेषफल के लिए उक्त नियमानुसार भाग संक्रिया प्रक्रम अन्तर्गत द्वितीय प्रारंभिक भागफल एवं शेषफल की गणना कीजिए।

....

....

इस प्रकार प्रारंभिक भागफल एवं शेषफल की गणना का क्रम अंतिम शेषफल मान भाजक से छोटा प्राप्त होने तक कीतिए।
तब **अंतिम निष्कर्ष** में अभीष्ट भागफल = उपरोक्त क्रमानुसार प्राप्त समस्त भागफलो का योगमान
तथा अभीष्ट शेषफल = अंतिम शेषफल जो भाजक से छोटा प्राप्त है।

विश्लेषित / साधित उदाहरण■

1■ $24315 \div 9$ के लिए–
भाज्य का अनुभाग विभाजन $= 2\backslash 4\backslash 3\backslash 1\backslash 5$ से जाँच
$\Sigma m = 2+4+3+1+5=15 >$ (भाजक)
त्था $\S_1 = (2431+243+24+2) = 2700$
निष्कर्ष प्रारंभिक भागफल$_1 = \S_1 + 1 = 2701$ एवं शेषफल$_1 = \Sigma m$ –भाजक $=15-9 = 6 <$ भाजक
∴ अभीष्ट भागफल = भागफल$_1 = 2701$ ही होगा एवं अभीघ्ट शेषफल = शेषफल$_1 = 6$

2■ $3450027681 \div 999$ के लिए–
भाज्य का अनुभाग विभाजन $= 3\backslash 450\backslash 027\backslash 681$ से जाँच
$\Sigma m = (3 + 450 + 027 + 681) = 1161 >$ (भाजक)
तथा $\S_1 = (3450027+3450+3) = 3453480$
निष्कर्ष प्रारंभिक भागफल$_1 = \S_1 + 1 = 3453481$ एवं शेषफल$_1 = \Sigma m$ –भाजक $= 1161-999$
$= 162 <$ भाजक
∴अभीष्ट भागफल = भागफल$_1 = 3453481$ ही होगा एवं अभीष्ट शेषफल = शेषफल$_1 = 162$

3■ $88888888888888888888 \div 99999$ के लिए–
भाज्य का अनुभाग विभाजन $= 88888\backslash 88888\backslash 88888\backslash 88888$ से जाँच
$\Sigma m = (88888 + 88888 + 88888 + 88888) = 355552 >$ (भाजक)
तथा $\S_1 = (888888888888888+8888888888+88888) = 888897777866664$
निष्कर्ष प्रारंभिक भागफल$_1 = \S_1 + 1 = 888897777866665$ एवं शेषफल$_1 = \Sigma m -$ भाजक
$= 355552-99999 = 255553 >$ भाजक
अतः $255553 \div 99999$ के लिए $2\backslash 55553$ से $\Sigma m = 2+55553 = 55555$ तथा $\S_2 = 2$
निष्कर्ष$_2$ भागफल$_2 = \S_2 = 2$ तथा शेषफल$_2 = \Sigma m = 55555 <$ भाजक
∴ अभीष्ट भागफल = भागफल$_1$ + भागफल$_2$ = $888897777866665+2 = 888897777866667$ एवं अभीष्ट शेषफल = शेषफल$_2 = 5555$ होगा।

विवेचना भाज्य के अंकों के स्थान संख्या x के सापेक्ष भाजक के अंकों की स्थान की संख्या y जितना छोटा होगा अभीष्ट भागफल एवं शेषफल प्राप्त करने का गणना प्रक्रम बढने की ओर होता है। फिर भी ऐसे प्रतिबंधित भाजक के प्रति आधुनिक भाग संक्रिया से कठिन कदापि प्रतीत नहीं होगा । बस थोड़े अभ्यास मात्र से सरल आत्मसाती होता अनुभव करेंगे।

----------13----------

अध्याय -14
सुभाजक द्वारा भाग संक्रिया

14-1 भाजक के प्रति सुभाजक यदि भाजक संख्या मूलाधार संख्या के निकटतर हो तो मूल भाजक के स्थान पर आधार से भाजक के घुचांक का योज्य प्रतिलोम द्वारा भाग गणन संक्रिया सम्पन्न करने की विधि में प्रयुक्त "आधार से भाजक के घुचांक का योज्य प्रतिलोम" को ही भाजक के प्रति सुभाजक या केवल सुभाजक कहते है।

अर्थात् सुभाजक = –(आधार से भाजक के घुचांक) = –(भाजक –आधार)= (आधार –भाजक)

जैसे भाजक 112 के लिए आधार 100 से घुचांक 12 का योज्य प्रतिलोम $\overline{1}\overline{2}$ सुभाजक होगा।इसी प्रकार भाजक 97 के लिए आधार 100 से घुचांक $0\overline{3}$ का योज्य प्रतिलोम 03 सुभाजक होगा।

टीप सुभाजक द्वारा भाग संक्रिया में भाज्य या भाजक अथवा दोनों को उनागर संख्यांकन पद्धत्ति में दर्शित किया जा सकता है।

14-2 भाग संक्रिया गणना में भाज्य का भागफल एवं शेषफल अनुभाग जितने अंकों का सुभाजक होगा उतने अंक के बाद भाज्य के दाँयी से बाँयी ओर (इकाई से दहाई, सैकड़ा, ----------------की ओर)एक अनुभाग विभाजन रेखा (\) डालने पर बाँयें अनुभाग में प्राप्त संख्या का अंक स्थान संख्या भागफल की स्थान संख्या एवं दाँयें अनुभाग में प्राप्त संख्या का अंक स्थान संख्या शेषफल की स्थान संख्या को सुनिष्चित करता है।

14-3 भाग संक्रिया गणना सुभाजक द्वारा भाग संक्रिया गणना को उदाहरणों के माध्यम से विश्लेषित करना ही यथेष्ठ होगा।

विश्लेषित उदाहरण■ 32 ÷ 9 के लिए–

प्रक्रम 1 सुभाजक = भाजक 9 के प्रति मूलाधार 10 से प्राप्त घुचांक का योज्य प्रतिलोम = 10 – 9 = 1

प्रक्रम 2 भाग संक्रिया गणना में भाज्य 32 का भागफल एवं शेषफल अनुभाग विभाजन – 3\2

प्रक्रम 3 भाग संक्रिया के लिए कीजिए ।

```
          9 ⌐3 \2
   सुभाजक 1
```

प्रक्रम 4 भागफल अनुभाग के संख्या के प्रथम अंक 3 और सुभाजक 1 का गुणनफल (3*1 =3) के अंकों को भाज्य के नीचे भाज्य के दुसरे अंक स्थान से दाँयी ओर क्रमशः दर्शित कीजिए।

```
          9 ⌐3 \2
   सुभाजक 1     \3
```

चूँकि भाज्य दो अंकीय और सुभाजक एक अंकीय है अतः इसे गुणनफल 3 को शेषफल अनुभाग में 2 के नीचे दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 5 स्तम्भानुसार योग करने पर अभीष्ट भागफल 3 और शेषफल 2+3 =5

अतः सम्पूर्ण संक्रिया

```
          9 ⌐3 \2
   सुभाजक 1     \3
           ---------
            3  \5
```

अभीष्ट भागफल 3 और शेषफल =5 होगा।

इसी प्रकार– 1■ 65 ÷ 8 = 1 $\overline{4}$ 5 ÷ 8 के लिए सुभाजक = 10–8 =2 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

```
          8 ⌐ 1 4̄\  5
   सुभाजक 2     2 \
                   \4̄
              ---------
               1 2̄  \ 1
```

सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक $\overline{2}$ से

अभीष्ट भागफल $1\overline{2}$ = 8 और शेषफल =1 होगा।

गणना प्रक्रम बाँयी से दाँयी ओर – भागफल अनुभाग में –

प्रथम भागफल अंक .= भाज्य का प्रथम अंक 1

दूसरा भागफल अंक .= भाज्य का दूसरा अंक $\overline{4}$ + सुभाजक 2* भाज्य का प्रथम अंक 1 = $\overline{4}$ + 2 = $\overline{2}$

शेषफल अनुभाग में

प्रथम और अंतिम शेषफल अंक = भाज्य का अंतिम अंक 5 + सुभाजक 2* भागफल का दूसरा अंक $\bar{2}$ =5+$\bar{4}$ = 1

2■ 23528÷ 98 के लिए सुभाजक = 100– 98=02 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

98 | 2 3 5\ 2 8

सुभाजक 0 2   0 4 \   सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 2 से

0 \ 6   सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 3 से

\0 18   सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक 9 से

2 3 9 \1 0 $_2$6

यहाँ शेषफल 106 > भाजक 98 ∴ 106 ÷ 98 का पुनःगणना

239 \1\0 6

\0 2

2 3 9 \1\0 8

अभीष्ट भागफल = 239 + 1 = 240 और शेषफल = 08 =8

3■ 1011538÷ 987 के लिए सुभाजक = 1000– 98=013 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

987 | 1 0 1 1\ 5 3 8

सुभाजक 0 1 3   0 1 3 \   सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

0 0 \ 0   सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 0 से

0 \2 6   सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक 2 से

\0 4 12   सुभाजक * भागफल का चौथा अंक 4 से

1 0 2 4 \8 $_1$5 $_2$0

अभीष्ट भागफल 1024 और शेषफल = 850

4■ 12344321÷ 1111 के लिए सुभाजक = 1000– 1111=$\bar{1}\bar{1}\bar{1}$ द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

1111 | 1 2 3 4 4\ 3 2 1

सुभाजक $\bar{1}\bar{1}\bar{1}$ $\bar{1}$ $\bar{1}$ $\bar{1}$ \   सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

$\bar{1}$ $\bar{1}$ $\bar{1}$ \ 0   सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 1 से

$\bar{1}$ $\bar{1}$ \ $\bar{1}$ सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक 1 से

$\bar{1}$ \ $\bar{1}$ $\bar{1}$ सुभाजक * भाज्य का चौथा अंक 1से

\ $\bar{1}$ $\bar{1}$ $\bar{1}$ सुभाजक * भाज्य का पाँचवा अंक 1से

1 1 1 1 1 \0 0 0

अभीष्ट भागफल 11111 और शेषफल = 0

5■ 1249÷ 61 =125$\bar{1}$ ÷ 1$\bar{4}$1 के लिए सुभाजक = 100– 1$\bar{4}$1 =4$\bar{1}$= द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

1 $\bar{4}$ 1 | 1 2\ 5 $\bar{1}$

सुभाजक 4 $\bar{1}$ 4 \ $\bar{1}$ सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

\ 24 $\bar{6}$ सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 6 से

1 6 \2 8 $\bar{7}$ यहाँ शेषफल 28$\bar{7}$ =273> भाजक 61 ∴ 28$\bar{7}$ ÷ 1$\bar{4}$1

3\ $\bar{3}$ 3   =3 $\bar{3}$ 3 ÷ 1$\bar{4}$1 का पुनः गणना

\ 12 $\bar{3}$ सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1से

3\ 9 0

अभीष्ट भागफल = 16 + 3 = 19 और शेषफल = 90

6■ 13291÷ 1125 के लिए सुभाजक = 1000– 1125=$\bar{1}\bar{2}\bar{5}$ द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

v1 1 2 5 | 1 3 \ 2 9 1

सुभाजक $\bar{1}\,\bar{2}\,\bar{5}$ $\bar{1}$ \ $\bar{2}$ $\bar{5}$ सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

\ $\bar{2}$ $\bar{4}$ $\overline{10}$ सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 2 से

1 2 \ $\bar{2}$ 0 $\bar{9}$

$12 - 1\backslash 1125 + \bar{2}\,0\,\bar{9}$ =11\916

अभीष्ट भागफल 11 और शेषफल = 916

7■ 13357÷ 1012 के लिए सुभाजक = 1000– 1012=0$\bar{1}\bar{2}$ द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

1012 | 1 3 \ 3 5 7

सुभाजक 0$\bar{1}\bar{2}$ 0 \ $\bar{1}$ $\bar{2}$ सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

\ 0 $\bar{1}$ $\bar{6}$ सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 3 से

1 3 \2 2 1

अभीष्ट भागफल 13 और शेषफल = 221

8■ 426788÷ 829 के लिए सुभाजक = 1000– 829 = 171 = 2$\bar{3}$ 1 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

829 | 4 2 6 7 \ 7 8 8

सुभाजक 2$\bar{3}$ 1 8 $\overline{12}$ 4 \ सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 4 से

<u>20</u> $\overline{30}$ \ <u>10</u> सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक <u>10</u> से

<u>28</u> \ $\overline{42}$ <u>14</u> सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक <u>14</u> से

\ <u>18</u> $\overline{27}$ 9 सुभाजक * भागफल का चौथा अंक 9 से

4 <u>10</u> <u>14</u> 9 \ $\bar{7}$ $\bar{4}$ $_1$7

5 1 4 9 \ $\bar{7}$ $\bar{4}$ 7

5149\ $\bar{7}$ $\bar{3}\bar{3}$ = 5149–1\829+$\bar{7}\bar{3}\bar{3}$ = 5148\1$\bar{1}$6

अभीष्ट भागफल= 5148 और शेषफल = 1$\bar{1}$6 = 96

और कठिनतर उदाहरण■

9■ 52432256÷ 7998 के लिए सुभाजक = 10000– 7998 = 2002 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

7998 | 5 2 4 3 \ 2 2 5 6

सुभाजक 200 2 <u>10</u> 0 0 \ <u>10</u> सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 5 से

<u>24</u> 0 \ 0 <u>24</u> सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक <u>12</u> से

<u>56</u> \ 0 0 <u>56</u> सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक <u>28</u> से

\ <u>118</u> 0 0 <u>118</u> सुभाजक * भागफल का चौथा अंक <u>59</u> से

5 <u>12</u> <u>28</u> <u>59</u> \ <u>130</u> <u>26</u> <u>61</u> <u>124</u>

= 6 5 3 9 \ 133 334

6539\ 133334 यहाँ शेषफल 133334 > भाजक 7998 ∴ 133334 ÷ 7998

1 3 \ 3 3 3 4 का पुनः गणना

2 \ 0 0 2 सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

\ <u>10</u> 0 0 <u>10</u> सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 5 से

1 5 \ <u>13</u> 3 5 <u>14</u>

1 5 \ 1 3 3 6 4 यहाँ शेषफल 13364 > भाजक 7998 ∴ 11154 ÷ 7998

1 \ 3 3 6 4 का पुनः गणना

\ 2 0 0 2 सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

1 \ 5 3 6 6

अभीष्ट भागफल = 6539 + 15 + 1 = 6555 और शेषफल = 5366

10■ 345678 ÷ 9007 के लिए सुभाजक = 10000 – 9007 = 0993 = 1 0 $\bar{1}$3 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

9007 | 3 4 \ 5 6 7 8

सु.भा. 1 0 $\bar{1}$3   3 \ 0 $\bar{3}$ 9   सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 3 से

\ 7 0 $\bar{7}$ $\underline{21}$ सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 7 से

3 7 \ $\underline{12}$ 3 9 $\underline{29}$

= 3 7 \ 12 4 1 9   यहाँ शेषफल 12419 > भाजक 9007 ∴ 12419 ÷ 9007

1 \ 2 4 1 9 का पुनः गणना

\ 1 0 $\bar{1}$ 3   सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

1 \ 3 4 0 $\underline{12}$

= 1 \ 3 4 1 2

अभीष्ट भागफल = 37 + 1 = 38 और शेषफल = 3412

11■ 13987900 ÷ 1124 के लिए सुभाजक = 1000 – 1124 = $\bar{1}\bar{2}\bar{4}$ द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

1124 | 1 3 9 8 7 \ 9 0 0

सुभा. $\bar{1}\bar{2}\bar{4}$ $\bar{1}$ $\bar{2}$ $\bar{4}$ \   सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

$\bar{2}$ $\bar{4}$ $\bar{8}$ \   सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 2 से

$\bar{5}$ $\underline{10}$ \ $\overline{20}$ सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक 5 से

5 \ $\underline{10}$ $\underline{20}$ सुभाजक * भागफल का चौथा अंक $\bar{5}$ से

\ 6 $\underline{12}$ $\underline{24}$ सुभाजक * भागफल का पाँचवाँ अंक $\bar{6}$ से

1 2 5 $\bar{5}$ $\bar{6}$ \ 5 $\underline{32}$ $\underline{24}$

= 12444 \ 8 4 4

अभीष्ट भागफल = 12444 और शेषफल = 844

12■ 2465493 ÷ 9999 के लिए सुभाजक = 10000 – 9999 = 0001 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

9999 | 2 4 6 \ 5 4 9 3

सुभा.. 0001   0 0 \ 0 2   सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

0 \ 0 0 4   सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 4 से

\ 0 0 0 6   सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक 6 से

2 4 6 \ 5 6 $\underline{13}$ 9

= 246 \ 5 73 9

अभीष्ट भागफल = 246 और शेषफल = 5739

देखते ही हल से अभीष्ट भागफल = बाँया अनुभाग = 246

शेषफल = बाँया अनुभाग + दाँया अनुभाग = 246 + 5493 = 5739

13■ 11199171 ÷ 99979 के लिए सुभाजक = 100000 – 99979 = 00021द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

99979 ⌐ 1 1 1 \ 9 9 1 7 1

सु.भा. 00021 0 0 \ 0 2 1 सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

0 \ 0 0 2 1 सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 1 से

\ 0 0 0 2 1 सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक 1 से

1 1 1 \ 9 $\underline{11}$ 4 $\underline{10}$ 2

111\ 1 0 1 5 0 2 यहाँ शेषफल 101502 > भाजक 99979

1 \ 0 1 5 0 2 ∴ 101502 ÷ 99979

\ 0 0 0 2 1

1 11+1 =112\0 1 5 2 3

अभीष्ट भागफल = 112 और शेषफल = 01523 =1523

अथवा भाज्य का उनागर संख्याकन से

भाज्य 11199171 = 112 0$\bar{1}$2 $\bar{3}$1

99979 ⌐ 1 1 2 \ 0 $\bar{1}$ 2 $\bar{3}$ 1

सुभा.. 00021 0 0 \ 0 2 1 सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

0 \ 0 0 2 1 सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 1 से

\ 0 0 0 4 2 सुभाजक * भागफल का तीसरा अंक 2 से

1 1 2 \ 0 $\underline{1}$ 5 2 3

अभीष्ट भागफल= 112 और शेषफल = 01523 =1523

14■ 1294567 ÷ 89997 के लिए

1294567 ÷ 89997 = 13$\bar{1}$5$\bar{4}\bar{3}\bar{3}$ ÷ 1$\bar{1}$000$\bar{3}$ से सुभाजक = 10003 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

1$\bar{1}$000$\bar{3}$ ⌐ 1 3 \ $\bar{1}$ 5 $\bar{4}$ $\bar{3}$ $\bar{3}$

सु. 10003 1 \ 0 0 0 3 सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

\ 4 0 0 0 $\underline{12}$ सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 4 से

1 4 \ 3 5 $\bar{4}$ 0 9

14\ 3 4 6 0 9

अभीष्ट भागफल= 14 और शेषफल = 34609

15 ■ 15299999915 ÷ 899999995 के लिए

15299999915 ÷ 899999995 = 15300000$\bar{1}$15 ÷ 1$\bar{1}$0000000$\bar{5}$

से सुभाजक = 100000005 द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

1$\bar{1}$0000000$\bar{5}$ ⌐ 1 5\ 3 0 0 0 0 0 $\bar{1}$ 1 5

सुभा. 10000000 5 1 \ 0 0 0 0 0 0 0 5 सुभा. * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

\ 6 0 0 0 0 0 0 0 $\underline{30}$ सुभा. * भागफल का दूसरा अंक 6 से

1 6 \ 9 0 0 0 0 0 $\bar{1}$ 6 $\underline{35}$

= 1 6 \ 8 9 9 9 9 9 9 9 5 यहाँ प्राप्त शेषफल भाजक ही है।

∴ अभीष्ट भागफल= 16 + 1 = 17 और शेषफल = 0 (शून्य) होगा।

विवेचना सामान्यतः सुभाजक नियम लागू करने के लिये भाजक का बाँयी ओर से प्रथम अंक का 1 होना अनिवार्य है, जिसे उनागर संख्यांकन नियम से प्राप्त किया जा सकता है। यह नियम मूलतः मूलाधार (10,100,1000, -------10^n) के पास की भाजक संख्याओं के

अनकूल है। 9, 99, 999, 9999, ---------- जैसे भाजकों के लिए भाग गणन संक्रिया में केवल (1, 01, 001, 0001-------) जैसे सुभाजकों का अनुप्रयोग देखते –देखत विधि के व्यापकता में बढ़ते अनुभाग विभाजन का सरल विकल्प सिध्द होगा।।

मूल भाजक बाँयी ओर से प्रथम अंक का 5, 6, 7, 8, 9 हो तो भाग की यह गणन संक्रिया नियम सरल न्यूनतम गणन प्रक्रमों मे सम्पन्न हो जाता हैं लेकिन यदि मूल भाजक बाँयी ओर से प्रथम अंक 5 से छोटा हो तो गणन संक्रिया प्रक्रमों की संख्या लम्बी और उबाऊ होता जायेगा।अधोदर्शित उदाहरण का अवलोकन कीजिए।

$1011 \div 23$ के लिए सुभाजक $= 100 - 23 = 77$ द्वारा सम्पूर्ण संक्रिया

23 ⟌ 1 0 \ 1 1

सु.भा. 77 7 \ 7 सुभाजक * भाज्य का प्रथम अंक (भागफल का प्रथम अंक) 1 से

\ $\underline{49}$ $\underline{49}$ सुभाजक * भागफल का दूसरा अंक 7 से

1 7 \ $\underline{57}$ $\underline{50}$

= 1 7\ 6 2 0 यहाँ शेषफल 620 > भाजक 23 --------------(1)

6\ 2 0 ∴ $620 \div 23$

\ $\underline{42}$ $\underline{42}$

17+6= 2 3 \ $\underline{44}$ $\underline{42}$

= 2 3\4 8 2 यहाँ शेषफल 482 > भाजक 23 --------------(2)

4\ 8 2 ∴ $482 \div 23$

\ $\underline{28}$ $\underline{28}$

27\ $\underline{36}$ $\underline{30}$

= 2 7\3 9 0 यहाँ शेषफल 390 > भाजक 23 --------------(3)

3 \ 9 0 ∴ $390 \div 23$

\ $\underline{21}$ $\underline{21}$

3 0 \ $\underline{30}$ $\underline{21}$

= 3 0\ 3 2 1 यहाँ शेषफल 321 > भाजक 23 --------------(4)

3\ 2 1 ∴ $321 \div 23$

\ $\underline{21}$ $\underline{21}$

3 3 \ $\underline{23}$ $\underline{22}$

= 3 3 \2 5 2 यहाँ शेषफल 252 > भाजक 23 --------------(5)

2 \ 5 2 ∴ $252 \div 23$

\ $\underline{14}$ $\underline{14}$

3 5 \ $\underline{19}$ $\underline{16}$

= 3 5 \2 0 6 यहाँ शेषफल 206 > भाजक 23 --------------(6)

2 \ 0 6 ∴ $206 \div 23$

\ $\underline{14}$ $\underline{14}$

3 7\ $\underline{14}$ $\underline{20}$

= 3 7 \1 6 0 यहाँ शेषफल 160 > भाजक 23 --------------(7)

1 \ 6 0 ∴ $160 \div 23$

\ 7 7

3 8 \ $\underline{13}$ 7

= 3 8 \1 3 7 यहाँ शेषफल 137 > भाजक 23 --------------(8)

1 \ 3 7 ∴ $137 \div 23$

\ 7 7

3 9 \ $\underline{10}$ $\underline{14}$

$= \;\; 3 \;\; 9 \;\backslash\; 1 \;\; 1 \;\; 4$ यहाँ शेषफल 114 > भाजक 23 --------------(9)

$1 \;\backslash\; 1 \;\; 4$ $\therefore$ $114 \div 23$

$\backslash\; 7 \;\; 7$

$4 \;\; 0 \;\backslash\; 8 \;\; \underline{11}$

$= \;\; 4 \;\; 0 \;\backslash\; 9 \;\; 1$ यहाँ शेषफल 91 > भाजक 23 --------------(10)

$1 \;\backslash\; \bar{1} \;\; 1$ $\therefore$ $91 \div 23 = 1\bar{1}1 \div 23$

$\backslash\; 7 \;\; 7$

$4 \;\; 1 \;\backslash\; 6 \;\; 8$ यहाँ शेषफल 68 > भाजक 23 --------------(11)

$1 \;\backslash\; \bar{3} \;\; \bar{2}$ $\therefore$ $68 \div 23 = 1\bar{3}\bar{2} \div 23$

$\backslash\; 7 \;\; 7$

$4 \;\; 2 \;\backslash\; 4 \;\; 5$ यहाँ शेषफल 45 > भाजक 23 --------------(12)

$1 \;\backslash\; \bar{5} \;\; \bar{5}$ $\therefore$ $45 \div 23 = 1\bar{5}\bar{5} \div 23$

$\backslash\; 7 \;\; 7$

$4 \;\; 3 \;\backslash\; 2 \;\; 2$ यहाँ शेषफल 22 < भाजक 23 --------------(13)

इस प्रकार $1011 \div 23$ के लिये गणन संक्रिया 13 प्रक्रमों में पूरा हुआ ।

अभीष्ट भागफल= 43 और शेषफल = 22

तब प्रश्न बनता है, कि ऐसी परिस्थिति जन्य भाजकों के लिए सुभाजक विधि का अनुप्रयोग किया जा सकता है या नहीं। और किया जा सकता है ,तो कैसे ? इस प्रश्न का उत्तर बहुत ही सहज भाव से हाँ ही होगा। गुनित सुभाजक द्वारा भाग संक्रिया के नाम पर प्रतिपादित किया जा सकता है।

14-2 गुणित सुभाजक जब मूल भाजक मूलाधार के निकटतर संख्या न हो तो ऐसे भाजक का m गुना अथवा m वाँ भाग मान का भाजक संख्या किसी निकटतर मूलाधार के पास की संख्या के रूप प्राप्त करते हैं। तब यह प्राप्त संख्या गुनितसुभाजक कहलाता है। जैसे – भाजक 23 का 5 गुना =23*5 =115 मूलाधार 100 के निकटतर है। भाजक 198 $=20\bar{2}$ का दूसरा भाग $=20\bar{2} \div 2 = 10\bar{1}$ मूलाधार 100 के निकटतर है।

14-3 गुणित भाजक के प्रति गुणित सुभाजक द्वारा भाग संक्रिया

गुनित सुभाजक = –(आधार से गुनितभाजक का घुचांक) = –(गुनितभाजक –आधार)= (आधार –गुनितभाजक)

प्रक्रम 1 अनुच्छेद 14-1 के अनुसार भाग संक्रिया सम्पन्न कर भागफल और शेषफल प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2 भागफल$_1$ एवं शेषफल$_1$ यदि गुनित सुभाजक मूल भाजक का m गुना हो तो प्रक्रम 1 से प्राप्त भागफल का m गुना और यदि गुनित सुभाजक मूल भाजक का m वाँ भाग हो तो प्रक्रम 1 से प्राप्त भागफल का m वाँ भाग कर भागफल$_1$ प्राप्त कीजिए। तथा प्रक्रम 1 से प्राप्त शेषफल को षेशफल$_1$ माने ।

प्रक्रम 3 भागफल$_1$ एवं शेषफल$_1$ से अभीष्ट भागफल एवं शेषफल

a• यदि शेषफल$_1$ < मूल भाजक हो तो–

अभीष्ट भागफल = भागफल$_1$ एवं शेषफल = शेषफल$_1$ ।

b• यदि शेषफल$_1$ = मूल भाजक हो तो–

अभीष्ट भागफल = भागफल$_1$ +1 एवं शेषफल = 0 ।

c• यदि शेषफल$_1$ ऋणात्मक हो तो–

1• ऋणात्मक शेषफल$_1$ का निरपेक्ष मान < भाजक हो तो

अभीष्ट भागफल = भागफल$_1$ $\bar{1}$ एवं शेषफल = मूल भाजक +(ऋणात्मक शेषफल$_1$)

2• ऋणात्मक शेषफल$_1$ का निरपेक्ष मान > भाजक हो और यह सरल तालिका अनुसार

x'भाजक +y में दर्शित होने पर जहाँ (y< भाजक)

अभीष्ट भागफल = भागफल$_1$ – (x+1) एवं शेषफल = भाजक – y

d• यदि प्रारंभिक शेषफल$_1$ > मूल भाजक हो तो–

शेषफल को नवीन भाज्य मान कर भाग संक्रिया दोहराये एवं प्रक्रम 2 के भाँति भागफल$_2$ और शेषफल$_2$ प्राप्त कीजिए।............ इस प्रकार भागफल$_1$ भागफल$_2$, भागफल$_3$......एवं शेषफल$_1$ शेषफल$_2$ शेषफल$_3$ .... प्राप्त करने का क्रम अंतिम शेषफल$_L$ $\le$ मूलभाजक होने तक जारी रखे। उपरोक्त नियम a ,b और c के प्रतिबंध पर अंतिम भागफल$_L$ और शेषफल$_L$ प्राप्त कीजिए।

तब अभीष्ट भागफल = समस्त भागफलों(भागफल$_1$ से भागफल$_L$ तक) का योगमान

एवं शेषफल =शेषफल$_L$ होगा।

उदाहरण 1■ 1699÷ 223 के लिए

तथा मूल भाजक 223 का गुणित भाजक = 223*4 =892=$1\bar{1}1\bar{2}$ के प्रति गुनित सुभाजक = $11\bar{2}$ द्वारा

$1\bar{1}1\bar{2}$ | 1 \ 6 9 9

सु.भा. $11\bar{2}$ | \ 1 1 $\bar{2}$

4 *1 \ 8 0 7

= 4 \ 8 0 7 यहाँ शेषफल 807 > भाजक

∴ भागफल$_1$ = 4 तथा शेषफल$_1$ = 807 = $1\bar{2}1\bar{3}$ के लिए भाग संक्रिया

1\ $\bar{2}$ 1 $\bar{3}$

\ 1 1 $\bar{2}$

4*1\ $\bar{1}$ 2 $\bar{5}$

4 \ $\bar{1}$ 2 $\bar{5}$ यहाँ शेषफल = $\bar{1}2\bar{5}$ ऋणात्मक है

∴ भागफल$_2$ = 4–1 =3 तथा शेषफल$_2$ = 223 +$\bar{1}2\bar{5}$ =$14\bar{2}$ =138

∴ अभीष्ट भागफल =भागफल$_1$ + भागफल$_2$ =4+3 =7 तथा शेषफल = शेषफल$_2$ =138

अथवा 1699÷ 223 के लिए भाज्य 1699 = $2\bar{3}0\bar{1}$

तथा मूल भाजक 223 का गुणित भाजक = 223*4 =892=$1\bar{1}1\bar{2}$ के प्रति गुनित सुभाजक = $11\bar{2}$ द्वारा

$1\bar{1}1\bar{2}$ | 2 \ $\bar{3}$ 0 $\bar{1}$

सुभा.. $11\bar{2}$ | \ 2 2 $\bar{4}$

4 *2 \ $\bar{1}$ 2 $\bar{5}$

= 8 \ $\bar{1}$ 2 $\bar{5}$ यहाँ शेषफल = $\bar{1}2\bar{5}$ ऋणात्मक है।

∴ अभीष्ट भागफल = 8–1 =7 तथा शेषफल = 223 +$\bar{1}2\bar{5}$ =$14\bar{2}$ =138

उदाहरण2■ 7685÷ 672 के लिए

तथा मूल भाजक 672 का छटवाँ भाग भाजक = 672÷ 6 =112= के प्रति गुनित सुभाजक = $\bar{1}\bar{2}$ द्वारा

112 | 7 6 \ 8 5

सुभा.. $\bar{1}\bar{2}$ | $\bar{7}$ \ $\overline{14}$

\ 1 2

$\frac{1}{6}$ * 7 $\bar{1}$ \ $\bar{5}$ 7

= *$\frac{1}{6}$ * 6 9 \ $\bar{5}$ 7 = $11\frac{3}{6}$ \ $\bar{5}$ 7 = 11 \ 3 * 112 + $\bar{4}$ 3

= 11\336 + $\bar{4}$ 3 = 11\ 3$\bar{1}$3 = 11\ 293 यहाँ शेषफल 293 < मूल भाजक

∴ अभीष्ट भागफल = 11 तथा शेषफल = 293

अथवा 7685÷ 672 के लिए भाज्य 7685 = $1\bar{2}3\bar{1}\bar{5}$

तथा मूल भाजक 672 का छटवाँ भाग भाजक = 672÷ 6 =112= के प्रति गुनित सुभाजक = $\bar{1}\bar{2}$ द्वारा

1112 | 1 $\bar{2}$ 3\ $\bar{1}$ $\bar{5}$

सु. $\bar{1}\bar{2}$ | $\bar{1}$ $\bar{2}$\

3 \ 6

$$\begin{array}{l} \qquad\qquad\quad \backslash\ 2 \quad 4 \\ \hline *\frac{1}{6}* \quad 1\ \ \bar{3}\ \ \bar{2}\ \ \backslash\ 7\ \ \bar{1} \end{array}$$

$= \ *\frac{1}{6}*6 \ \ 8 \backslash \ 6 \ \ 9 \ = 11\frac{2}{6} \ \backslash \ 6 \ \ 9 \ = \ 11 \ \backslash \ 2*112+69 = 11\backslash 224 + 69$

$= 11\backslash\ 293$ यहाँ शेषफल $293 <$ मूल भाजक

$\therefore$ अभीष्ट भागफल $= 11$ तथा शेषफल $= 293$

अथवा $7685 \div 672$ के लिए

मूल भाजक 672 का गुणित भाजक $= 672*2 = 1344 =$ के प्रति गुनित सुभाजक $= \bar{3}\bar{4}\bar{4}$ द्वारा

$$\begin{array}{llllll} 1344 & 7 & \backslash & 6 & 8 & 5 \\ \text{सु.भा. } \bar{3}\bar{4}\bar{4} & & \backslash & \overline{21} & \overline{28} & \overline{28} \\ \hline & 2*7 & \backslash & \overline{15} & \overline{20} & \overline{23} \end{array}$$

$= \ 1\ 4 \backslash \ \bar{1}\bar{7}\bar{2}\bar{3}$ यहाँ शेषफल $\bar{1}\bar{7}\bar{2}\bar{3}$ का निरपेक्ष मान $= 1723 >$ भाजक

$\therefore$ भागफल$_1 = 14$ तथा शेषफल$_1 = \bar{1}\bar{7}\bar{2}\bar{3} = \ \bar{2}3\bar{4}\bar{3}$ के लिए भाग संक्रिया

$$\begin{array}{lccc} \bar{2}\backslash & 3 & \bar{2} & \bar{3} \\ \ \ \backslash & 6 & 8 & 8 \\ \hline 2*\bar{2}\backslash & 9 & 6 & 5 \end{array}$$

$\bar{4}\backslash 965$ यहाँ शेषफल $=965 >$ भाजक

$\therefore$ भागफल$_2 = \bar{4} + 1 = \bar{3}$ तथा शेषफल$_2 = 965 - 672 = 293$

$\therefore$ अभीष्ट भागफल $=$ भागफल$_1$ $+$ भागफल$_2$ $= 14 + \bar{3} = 11$ तथा शेषफल $=$ शेषफल$_2$ $= 293$

अथवा $7685 \div 672$ के लिए भाज्य $7685 = 1\bar{2}\bar{3}\bar{1}\bar{5}$

तथा मूल भाजक 672 का गुणित भाजक $= 672*2 = 1344 =$ के प्रति गुनित सुभाजक $= \bar{3}\bar{4}\bar{4}$ द्वारा

$$\begin{array}{lllllll} 1344 & 1 & \bar{2} & \backslash & \bar{3} & \bar{1} & \bar{5} \\ \text{सु. } \bar{3}\bar{4}\bar{4} & & \bar{3} & \backslash & \bar{4} & \bar{4} & \\ & & & \backslash & \underline{15} & \underline{20} & \underline{20} \\ \hline & 2*1 & \bar{5} & \backslash & 8 & \underline{15} & \underline{15} \end{array}$$

$= 2*5\backslash 965 \ = 10\backslash\ 965$ यहाँ शेषफल $= 965 >$ भाजक

$\therefore$ भागफल$_1 = 10 + 1 = 11$ तथा शेषफल$_1 = 965 - 672 = 293$

$\therefore$ अभीष्ट भागफल $=$ भागफल$_1$ $= 11$ तथा शेषफल $=$ शेषफल$_1$ $= 293$

उदाहरण 3■ $1011 \div 23$ के लिए

तथा मूल भाजक 23 का गुणित भाजक $= 23*4 = 92$ के प्रति गुनित सुभाजक $(100-92) = 8 = 1\bar{2}$ द्वारा

$$\begin{array}{llllll} 92 & 1 & 0\backslash & 1 & 1 \\ \text{सु } 1\bar{2} & & 1\ \backslash & \bar{2} & \\ & & \backslash 1 & \bar{2} & \\ \hline & 4*1 & 1\backslash & 0 & \bar{1} \end{array}$$

$= \ 4\ 4 \backslash\ 0\ \bar{1}$ यहाँ शेषफल $0\bar{1}$ ऋणात्मक है।

$\therefore$ अभीष्ट भागफल $= 44 - 1 = 43$ तथा शेषफल $= 23 + 0\bar{1} = 22$

अथवा $1011 \div 23$ के लिए

तथा मूल भाजक 23 का गुणित भाजक $= 23*5 = 115 =$ के प्रति गुनित सुभाजक $\bar{1}\bar{5}$ द्वारा

$$\begin{array}{llllll} 115 & 1 & 0\backslash & 1 & 1 \\ \text{सु } \bar{1}\bar{5} & & \bar{1}\ \backslash & \bar{5} & \\ & & \backslash 1 & 5 & \\ \hline & 5*1 & \bar{1}\backslash & \bar{3} & 6 \end{array}$$

$= 5\bar{5}\backslash\bar{2}\bar{4}$ या $5*9\backslash\bar{2}\bar{4}$

= 4 5 \ $\overline{2}\overline{4}$ यहाँ शेषफल $\overline{2}\overline{4}$ ऋणात्मक है। निरपेक्ष मान 24 = 1*23+1

∴ अभीष्ट भागफल = 45 –(1+1)=43 तथा शेषफल = 23–1 =22

विवेचना यह सुभाजक विधि भी एक सीमित विधि ही है। भाग संक्रिया की व्यापकता के निकटतर प्रतीत होता है। तब भाग गणन संक्रिया के लिए एक सर्व व्यापक विधि अवश्य होना चाहिए। आपको आश्चर्य होगा कि गुणा संक्रिया की भाँति आधुनिक विधि से हटकर यह सर्व व्यापक विधि का विस्तारित अध्ययन अग्र अध्याय में प्रस्तुत है।

-----------14----------

अध्याय -15
भाग गणन संक्रिया की सार्वभौमिक राजमणि विधि
धजांक सह खड़ी–तिरछा विधि

15-1 प्रस्तावना छत्तीसगढ अंचल के माननीय भाषाविद, साहित्यकार, लेखक, कवि गण अपने सतत् शोध परख आलेख प्रस्तुति के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा की भाव संप्रेषण क्षमताओं को देवभाषा संस्कृत (बौद्ध कालीन सभ्यता में पाली –संस्कृत) के शब्दों का सम्पुट से श्रृंगारित होना कोई अतिश्योक्ति नहीं मानते है। जिसका गणितीय अध्ययन में प्रमाण संख्याओं का उच्चारण सहज और बोधगम्य है। छत्तीसगढ़ी का उना और आगर शब्द क्रमशः देवभाषा संस्कृत में से उन और अग्र शब्द का सम्पुट है। इसी तारतम्य में गृह देवी–देवताओं के पूजन मे सामान्यतः लाल ,सफेद, और काले रंग के तिकोन कपड़े का तुकड़े को बीते भर नाप की लम्बी बॉस का तिली के ऊपर लगा कर पूजन स्थल पर गड़ाते हैं। इसे धजा चढ़ाना कहते है। (विशालता में संस्थागत एव धार्मिक भावना को प्रगाढ़ तो किया ही है, इनसे भी बढ़कर राष्ट्रीय सम्मान और अस्मिता के रूप में दुनिया के सभी राष्ट्रों ने स्वीकारा है। और अपना–अपना अलग–अलग राष्ट्रीय ध्वज राष्ट्र सम्मान स्वरूप अलग– अलग अन्तराष्ट्रीय मान्यता में स्थापित किये हैं। राष्ट्रध्वज कहलाता है। जैसा कि हमारा राष्ट्र ध्वज – तिरंगा। सामान्यतः अपना ध्वज अपने आन बान शान का प्रतीक होता है।) छत्तीसगढ़ी का यह धजा शब्द भी देवभाषा संस्कृत के ध्वज शब्द का सम्पुट है।राष्ट्र भाषा हिन्दीं मे ध्वज, पताका और झण्डा शब्द प्रयुक्त है।झण्डा/झण्डी शब्द का प्रयोग छत्तीसगढ़ी बोल–चाल मे भी मिलता है।

अध्याय 13 एवं 14 के प्रस्तुति में भाग संक्रिया की देखते–देखत ,एवं सुभाजक विधि प्रतिबंध के अन्तर्गत सरल ,छोटी, रूचिकर आत्मसाती एवं प्रज्ञावान है। लेकिन कुछ संदर्भ में उबाऊ तो नहीं लम्बी अवश्य हो जाती है। तब प्रतिबंध से परे सर्व व्यापक विधि आधुनिक विधि से आप सब अनभिज्ञ नहीं है। फिर भी इन सबसे परे जगत गुरू श्री श्री 1008 श्री स्वामी तीर्थराज जी महराज द्वारा लिखित वैदिक गणित में सार्वभौमिक विधि प्रतिपादित किये है। जिसे भाग संक्रिया में ध्वजांक विधि कहा गया है। उनके नाम पर भाग संक्रिया की इस विधि को राजमणि विधि भी कहते हैं। जिसके संबंध में उनका ही कथन है – यह विधि सार्व भौमिक अनु प्रयोग के अतिरिक्त विलोकनम् (देखते देखत) मात्र केसाथ एक पंक्ति वाले गणितीय संगत विधि वाले वैदिक आदर्शों का सर्वोत्तम तथा सर्वनिष्ठ प्रतिनिधित्व करने में पूर्ण समर्थ है।

उनके इस प्रतिपादन में उनागर संख्यांकन पद्धत्ति का अनुप्रयोग कर और नया आयाम देने वैदिक भाषा शब्द ध्वज के लिए छत्तीसगढ़ी शब्द "धजा" में अंक शब्द जोड़कर इस अध्याय का शीर्षक धजांक विधि प्रतिपादित किया गया है। इस विधि में "गणन संक्रिया अन्तर्गत गुणा संक्रिया प्रसंग में लियें अध्याय 10 गुणा की व्यापक विधि में खड़ी–तिरछा विधि का अनु प्रयोग को देखते हुए इस विधि का पूरा नाम धजांक सह खड़ी–तिरछा विधि यथेष्ठ होगा।

विशिष्ट अध्ययन क्रम में एक अंकीय धजांक, दो अंकीय धजांक तीन अंकीय धजांक--------n अंकीय धजांक पर क्रमशः प्रस्तुत है।

उदाहरण 1■ 58077÷ 73 का हल विश्लेषण राजमणि विधि द्वारा कीजिए।

हल विश्लेषण

प्रक्रम 1 भाजक 73 के दहाई अंक 7 को भाजक स्तम्भ में रखकर प्रकूचांक (आगे कूच कराने या आगे बढ़ाने वाला प्रतिनिधि अंक) प्राप्त कीजिए। इकाई अंक 3 को प्रकूचांक 7 के ऊपर धजांक दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 2 प्रक्रम 1से धजांक 3 एक अंकीय है। अतः भाज्य के दाँयी ओर एक अंक स्थान बाद शेषफल स्तम्भ सुनिश्चित करने ⋮ दर्शित कीजिए।

प्रक्रमानुसार गणना प्रस्तुति– बाँयी से दाँयी ओर

3 धजांक / 7प्रकूचांक	5	$_5 8$	$_2 0$	$_3 7$	⋮ $_5 7$	सकल भाज्य पंक्ति
		58	$\bar{4}$	40		क्रिया शील भाज्य पंक्ति
	0	8	$\bar{1}$	5	⋮42	भागफल ⋮ शेषफल पंक्ति
			24	$\bar{3}$	15	खड़ा तिरछा गुणा मान पंक्ति

प्रक्रम 3 प्रथम क्रियाशील भाज्य = प्रथम सकल भाज्य = 5 ∴ 5÷7 से प्राप्त भागफल 0 भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 5 को भाज्य का दूसरा अंक 8 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 58 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 4 प्रक्रम 3 से प्राप्त सकल भाज्य 58 में से प्रक्रम 3 से प्राप्त भागफल 0 और धजांक 3 का खड़ा तिरछा गुणा CP $[\begin{smallmatrix}3\\0\end{smallmatrix}] = 0$ को घटाकर [58–0]= क्रियाशील भाज्य 58 प्राप्त कीजिए। 58 ÷7 से प्राप्त भागफल 8 को भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 2 को भाज्य का तीसरा अंक 0 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 20 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 5 प्रक्रम 4 से प्राप्त सकल भाज्य 20 में से प्रक्रम 4 से प्राप्त भागफल 8 और धजांक 3 का खड़ा तिरछा गुणा CP $\begin{bmatrix}3\\8\end{bmatrix} = 24$ को घटाकर $[20-24]=$ क्रियाशील भाज्य $\bar{4}$ प्राप्त कीजिए। $\bar{4} \div 7$ से प्राप्त भागफल $\bar{1}$ को भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 3 को भाज्य का चौथा अंक 7 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 37 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 6 प्रक्रम 5 से प्राप्त सकल भाज्य 37 में से प्रक्रम 5 से प्राप्त भागफल $\bar{1}$ और धजांक 3 का खड़ा तिरछा गुणा CP $\begin{bmatrix}3\\1\end{bmatrix} = \bar{3}$ को घटाकर $[37-\bar{3}]=$ क्रियाशील भाज्य 40 प्राप्त कीजिए। $40 \div 7$ से प्राप्त भागफल 5 को भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 5 को भाज्य का पाँचवाँ अंक 7 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 57 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 7 प्रक्रम 6 से प्राप्त सकल भाज्य 57 में से प्रक्रम 6 से प्राप्त भागफल 5 और धजांक 3 का खड़ा तिरछा गुणा CP $\begin{bmatrix}3\\5\end{bmatrix} = 15$ को घटाकर $[57-15]=$ शेषफल 42 प्राप्त कीजिए।

अभीष्ट भागफल $= 08\bar{1}5 = 795$ तथा शेषफल $= 42$ होगा।

अथवा भाज्य को उनागर संख्यांकन में लेने पर

$58077 \div 73 = 1\bar{4}\bar{1}1\bar{2}\bar{3} \div 73$

प्रक्रमानुसार गणना प्रस्तुति– बाँयी से दाँयी ओर

3 धजांक / 7 प्रकूचांक	1	$_1\bar{4}$	$\bar{1}\bar{2}$	$\bar{1}1$	$\bar{3}\bar{2}$	$\vdots\ _3\bar{3}$	सकल भाज्य पंक्ति
		$1\bar{4}$	$\bar{1}\bar{5}$	$\bar{3}$	$\bar{3}\bar{2}$		क्रिया शील भाज्य पंक्ति
	0	1	$\bar{2}$	0	$\bar{5}$	$\vdots\,42$	भागफल ⋮ शेषफल पंक्ति
		0	3	$\bar{6}$	0	$\bar{1}\bar{5}$	खड़ा तिरछा गुणा मान पंक्ति

अभीष्ट भागफल $= 1\bar{2}0\bar{5} = 795$
और शेषफल $= 42$ होगा।

दो अंकीय धजांक

उदाहरण 2■ $6381827 \div 528$ का हल विश्लेषण राजमणि विधि द्वारा कीजिए।

हल विश्लेषण –

प्रक्रम 1 भाजक 528 के सैकड़ा अंक 5 को भाजक स्तम्भ में रखकर प्रकूचांक (आगे कूच कराने या आगे बढ़ाने वाला प्रतिनिधि अंक) प्राप्त कीजिए। दहाई एवं इकाई से बनी संख्या 28 को प्रकूचांक 5 के ऊपर धजांक दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 2 प्रक्रम 1से धजांक 28 द्विअंकीय है। अतः भाज्य के दाँयी ओर दो अंक स्थान बाद शेषफल स्तम्भ सुनिश्चित करने ⋮ दर्शित कीजिए।

प्रक्रमानुसार गणना प्रस्तुति– बाँयी से दाँयी ओर

28 धजांक / 5 प्रकूचांक	6	$_1 3$	$_1 8$	$_1 1$	$_3 8$	$\vdots\ _4 27$	सकल भाज्य पंक्ति
	6	11	6	$\bar{7}$	34		क्रिया शील भाज्य पंक्ति
	1	2	1	$\bar{2}$	6	$\vdots 419$	भागफल ⋮ शेषफल पंक्ति
		2	12	18	4	8	खड़ा तिरछा गुणा मान पंक्ति

प्रक्रम 3 प्रथम क्रियाशील भाज्य = प्रथम सकल भाज्य $= 6$ $\therefore 6 \div 5$ से प्राप्त भागफल 1 भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 1 को भाज्य का दूसरा अंक 3 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 13 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 4 प्रक्रम 3 से प्राम्त सकल भाज्य 13 में से प्रक्रम 3 से प्राप्त भागफल 1 और धजांक के प्रथम अंक 2 का खड़ा तिरछा गुणा CP $\begin{bmatrix}2\\1\end{bmatrix} = 2$ को घटाकर $[13-2]=$ क्रियाशील भाज्य 11 प्राप्त कीजिए। $11 \div 5$ से प्राप्त भागफल 2 को भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 1 को भाज्य का तीसरा अंक 8 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 18 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 5 प्रक्रम 4 से प्राप्त सकल भाज्य 18 में से प्रक्रम 3 और 4 से प्राप्त भागफल 1 और 2 का धजांक 28 के दोनों अंक 2 और 8 से खड़ा तिरछा गुणा योग CP $\begin{bmatrix}2 & 8\\1 & 2\end{bmatrix} = 12$ को घटाकर $[18-12]=$ क्रियाशील भाज्य 6 प्राप्त कीजिए। $6 \div 5$ से प्राप्त भागफल 1 को भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 1 को भाज्य का चौथा अंक 1 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 11 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 6 प्रक्रम 5 से प्राप्त सकल भाज्य 11 में से प्रक्रम 4 और 5 से प्राप्त भागफल 2 और 1 का धजांक 28 के दोनों अंक 2 और 8 से खड़ा तिरछा गुणा योग CP $\begin{bmatrix} 2 & 8 \\ 2 & 1 \end{bmatrix} = 18$ को घटाकर [11–18]= क्रियाशील भाज्य $\bar{7}$ प्राप्त कीजिए। $\bar{7} \div 5$ से प्राप्त भागफल $\bar{2}$ को भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 3 को भाज्य का पाँचवाँ अंक 8 के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल भाज्य 38 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 7 प्रक्रम 6 से प्राप्त सकल भाज्य 38 में से प्रक्रम 5 और 6 से प्राप्त भागफल 1 और $\bar{2}$ का धजांक 28 के दोनों अंक 2 और 8 से खड़ा तिरछा गुणा योग CP $\begin{bmatrix} 2 & 8 \\ 1 & \bar{2} \end{bmatrix} = 4$ को घटाकर [38–4]= क्रियाशील भाज्य 34 प्राप्त कीजिए। 34 ÷5 से प्राप्त भागफल 6 को भागफल पंक्ति में तथा शेषफल 4 को भाज्य का छटवाँ अंक 2 (यहाँ शेषफल स्तम्भ का प्रथम और अंतिम अंक है) के नीचे बाँयी ओर दर्शित कर सकल शेषफल 427 प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 8 प्रक्रम 7 से प्राप्त सकल शेषफल 427 में से [(प्रक्रम 7 से प्राप्त भागफल 6 का धजांक 28 के दूसरे अंक 8 से खड़ा तिरछा गुणा)+(प्रक्रम 6 और 7 से प्राप्त भागफल $\bar{2}$ और 6 का धजांक 28 के दोनों अंक 2 और 8 से खड़ा तिरछा गुणा योगका 10 गुना)] $= \left[CP \begin{Bmatrix} 8 \\ 6 \end{Bmatrix} + 10 * CP \begin{Bmatrix} 2 & 8 \\ \bar{2} & 6 \end{Bmatrix} \right] = 48 + 10 * \bar{4} = 48 + \bar{4}0 = 8$ को घटाकर [427–8]= शेषफल 419 प्राप्त कीजिए।

अभीष्ट भागफल $= 121\bar{2}6 = 12086$ तथा शेषफल $= 419$ होगा।

अथवा

प्रक्रमानुसार गणना प्रस्तुति– बाँयी से दाँयी ओर

28धजांक / 5प्रकूचांक	6	$_1 3$	$_1 8$	$_1 1$	$_{\bar{2}} 8$	: $\bar{3}27$	सकल भाज्य पंक्ति
	6	11	6	$\bar{7}$	$\bar{1}\bar{8}$		क्रिया शील भाज्य पंक्ति
	1	2	1	$\bar{1}$	$\bar{3}$		भागफल : शेषफल पंक्ति
		2	12	18	6	$\bar{1}6\bar{4}$	खड़ा तिरछा गुणा मान पंक्ति

भागफल$_1 = 121\bar{1}\bar{3} = 12087$

और शेषफल$_1 = \bar{3}27 - [cp \begin{Bmatrix} 8 \\ \bar{3} \end{Bmatrix} + 10 * cp \begin{Bmatrix} 2 & 8 \\ \bar{1} & \bar{3} \end{Bmatrix}] = \bar{3}27 - [\bar{2}\bar{4} + \bar{1}\bar{4}\bar{0}] = \bar{3}27 - \bar{1}6\bar{4} = \bar{2}91 = \bar{1}0\bar{9}$ ऋणात्मक है।

∴ अभीष्ट भागफल = 12087–1= 12086 तथा शेषफल = 528 + $\bar{1}0\bar{9}$ = $42\bar{1}$=419 होगा।

अथवा

केवल भाज्य को उनागर संख्यांकन लेने से भाज्य = 6381827 = $1\bar{4}4\bar{2}\ 2\bar{2}3\bar{3}$

प्रक्रमानुसार गणना प्रस्तुति– बाँयी से दाँयी ओर

28धजांक / 5प्रकूचांक	1	$_1 \bar{4}$	$_1 4$	$_2 \bar{2}$	$_1 2$	$\bar{1}\bar{2}$	: $\bar{3}3\bar{3}$	सकल भाज्य पंक्ति
	1	6	12	6	$\bar{6}$	$\bar{1}\bar{8}$	$\bar{1}0\bar{9}$	क्रिया शील भाज्य पंक्ति
	0	1	2	1	$\bar{1}$	$\bar{3}$		भागफल : शेषफल पंक्ति
		0	2	12	18	6	$\bar{1}6\bar{4}$	खड़ा तिरछा गुणा मान पंक्ति

भागफल$_1 = 0121\bar{1}\bar{3} = 12087$

और शेषफल$_1 = \bar{3}3\bar{3} - [cp \begin{Bmatrix} 8 \\ \bar{3} \end{Bmatrix} + 10 * cp \begin{Bmatrix} 2 & 8 \\ \bar{1} & \bar{3} \end{Bmatrix}] = \bar{3}3\bar{3} - [\bar{2}\bar{4} + \bar{1}\bar{4}\bar{0}] = \bar{3}3\bar{3} - \bar{1}6\bar{4} = \bar{2}91 = \bar{1}0\bar{9}$ ऋणात्मक है।

∴ अभीष्ट भागफल = 12087–1= 12086 तथा शेषफल = 528 + $\bar{1}0\bar{9}$ = $42\bar{1}$=419 होगा।

अथवा

भाज्य और भाजक दोनों को उनागर संख्यांकन लेने से

भाज्य = 6381827 = $1\bar{4}4\bar{2}\ 2\bar{2}3\bar{3}$ भाजक 528 = $53\bar{2}$

प्रक्रमानुसार गणना प्रस्तुति• बाँयी से दाँयी ओर

$3\bar{2}$धजांक / 5प्रकूचांक	1	$_1 \bar{4}$	$_1 4$	$_1 \bar{2}$	$_4 2$	$_1 \bar{2}$	$_1 3\bar{3}$	सकल भाज्य पंक्ति
	1	6	11	4	46	$\bar{1}\bar{9}$	$4\ 2\bar{1}$	क्रिया शील भाज्य पंक्ति
	0	1	2	0	9	$\bar{4}$		भागफल : शेषफल पंक्ति
		0	3	4	$\bar{4}$	27	$\bar{3}08$	खड़ा तिरछा गुणा मान पंक्ति

∴ अभीष्ट भागफल = $01209\bar{4}$ =12086 तथा

शेषफल $= 13\bar{3} - [\text{cp}\begin{Bmatrix}\bar{2}\\4\end{Bmatrix} + 10 * \text{cp}\begin{Bmatrix}3 & \bar{2}\\9 & 4\end{Bmatrix}] = 13\bar{3} - [8 + \bar{3}00] = 13\bar{3} - \bar{3}08 = 127 + 30\bar{8} = 42\bar{1} = 419$ होगा।

तीन अंकीय धजांक

उदाहरण 3■ 3716281120000÷ 12734 का हल विश्लेषण राजमणि विधि द्वारा कीजिए।

हल विश्लेषण–

प्रक्रमानुसार गणना प्रस्तुति• बाँयी से दाँयी ओर

734धजांक / 12प्रकूचांक												
	3	$_{3}7$	$_{1}1$	$_{2}6$	$_{0}2$	$_{3}8$	$_{2}1$	$_{3}1$	$\bar{2}2$	$\bar{4}0$	: $_{7}000$	सकलभाज्य :शेषफल पंक्ति
	3	37	$\overline{10}$	24	$\overline{21}$	50	$\bar{9}$	34	$\overline{52}$	$\overline{17}$		क्रिया शील भाज्य पंक्ति
	0	3	$\bar{1}$	2	$\bar{2}$	4	$\bar{1}$	3	$\bar{4}$	$\bar{2}$	: 8628	भागफल : शेषफल पंक्ति
		0	21	2	23	$\overline{12}$	30	$\bar{3}$	34	24	$\overline{1628}$	खड़ा तिरछा गुणा मान पंक्ति

भागफल अनुभाग का सांकेतिक हल व्याख्या तालिका

प्रकूचांक = भाजक 12347 के बाँयी ओर प्रथम दो अंक से बनी संख्या = 12

तथा धजांक के अंक = शेष अंतिम तीन अंक 7 3 4

प्रक्रम	सकल भाज्य	खड़ा तिरछा गुना योग C. P.	क्रियाशील भाज्य A–B	C ÷ प्रकूचांक12 से भागफल	C ÷ प्रकूचांक12 से शेषफल	शेषफल को भाज्य के आगे क्रमकेअंक के बाँयी ओर नीचेदर्शित करनेपर अगले प्रक्रम का सकल भाज्य
	A	B	C	D	E	F
1	3	----	3	0	3	$_{3}7$ =37
2	37	$\begin{Bmatrix}7\\0\end{Bmatrix} = 0$	37	3	1	$_{1}1$=11
3	11	$\begin{Bmatrix}7 & 3\\0 & 3\end{Bmatrix} = 21$	$\overline{10}$	$\bar{1}$	2	$_{2}6$=26
4	26	$\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\0 & 3 & \bar{1}\end{Bmatrix}=2$	24	2	0	$_{0}2$ =2
5	2	$\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\3 & \bar{1} & 2\end{Bmatrix}= 23$	$\overline{21}$	$\bar{2}$	3	$_{3}8$=38
6	38	$\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\\bar{1} & 2 & \bar{2}\end{Bmatrix}=\overline{12}$	50	4	2	$_{2}1$=21
7	21	$\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\2 & \bar{2} & 4\end{Bmatrix}=30$	$\bar{9}$	$\bar{1}$	3	$_{3}1$=31
8	31	$\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\\bar{2} & 4 & \bar{1}\end{Bmatrix}=\bar{3}$	34	3	$\bar{2}$	$_{\bar{2}}2=\overline{18}$
9	$\overline{18}$	$\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\4 & \bar{1} & 3\end{Bmatrix}=34$	$\overline{52}$	$\bar{4}$	$\bar{4}$	$_{\bar{4}}0= \overline{40}$
10	$\overline{40}$	$\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\\bar{1} & 3 & \bar{4}\end{Bmatrix}=\overline{23}$	$\overline{17}$	$\bar{2}$	7	सकल शेषफल $_{7}000$ =7000

अभीष्ट भागफल $= 03\bar{1}2\bar{2}4\bar{1}3\bar{4}\bar{2} = 291839258$ तथा

शेषफल = सकल शेषफल – $[\text{cp}\begin{Bmatrix}4\\\bar{2}\end{Bmatrix} + 10\begin{Bmatrix}3 & 4\\\bar{4} & \bar{2}\end{Bmatrix} + 100 * \text{cp}\begin{Bmatrix}7 & 3 & 4\\3 & \bar{4} & \bar{2}\end{Bmatrix}]$ 1620 28 1592

$= 7000 - [\bar{8} + \overline{220} + \overline{1400}\ ] = 7000 - \overline{1628} = 8628$

15_2 n अंकीय धजांक और x अंकीय भागफल अनुभाग के प्रति खड़ा तिरछा योग C. P. गणना प्रक्रम और अभीष्ट शेषफल गणना के संदर्भ में व्याख्या

बाँया से दाँया भागफल गणना का कुल x प्रक्रम होंगे। जिसके लिए खड़ा तिरछा गुना योग C. P. करने का प्रतिबंध निम्नानुसार होगा।

1• $r<n$ तक के लिए भागफल का r वां अंक प्राप्त करने के संदर्भ में $(r-1)$ अंक तक प्राप्त हो चुके बाँयें से दाँये भागफल अंकों का और n अंकीय धजांक मे से बाँयें से दाँये $(r-1)$ अंकों के बीच खड़ा तिरछा गुना योग C. P. व्यवस्थित करते है।

उक्त प्रतिबंध पर $r=1$ से $(r-1)=(1-1)=0$ होगा। अतः भागफल का पहला अंक प्राप्त करने के संदर्भ में खड़ा तिरछा गुना योग C. P व्यवस्थित नहीं होगा।

2• $r \geq n$ (जहाँ r का न्यूनतम् मान 1 और अधिकतम् मान x होगा) तक के लिए भागफल का r वां अंक प्राप्त करने के संदर्भ में $(r-1)$ अंक तक प्राप्त हो चुके बाँयें से दाँये भागफल अंको में से अंतिम n अंकों का और n अंकीय धजांक के बीच खड़ा तिरछा गुना योग C. P. व्यवस्थित करते है।

3• अभीष्ट शेषफल गणना यदि n अंकीय धजांक संख्या के अंक बाँये से दाँये

क्रमशः $d_1, d_2, d_3, ------ d_{n-2}, d_{n-1}, d_n$ तथा गणना क्रम में प्राप्त x अंकीय भागफल$_1$ दाँये से बाँये

क्रमशः $a_{x-(n-1)}, a_{x-(n-2)}, a_{x-(n\_3)}$ -------------$a_{x-2}, a_{x-1}\ a_x$ हो तो–

इनके बीच क्रमशः (1_1) , (2_2), (3_3) - - - - - (n_n) अंकीय खड़ा तिरछागुना योग C. P

$$\begin{Bmatrix} d_n \\ a_x \end{Bmatrix}, \begin{Bmatrix} d_{n-1} & d_n \\ a_{x-1} & a_x \end{Bmatrix}, \begin{Bmatrix} d_{n-2} & d_{n-1} & d_n \\ a_{x-2} & a_{x-1} & a_x \end{Bmatrix} ---$$

$$-\begin{Bmatrix} d_1 & d_2 & d_3 & - & - & - & d_{n-2} & d_{n-1} & d_n \\ a_{x-(n-!)} & a_{x-(n-2)} & a_{x-(n-3)} & - & - & - & a_{x-2} & a_{x-1} & a_x \end{Bmatrix} \text{के}$$

लिए क्रमशः $\{C.P.\}_1, \{C.P.\}_2, \{C.P.\}_2, -----\{C.P.\}_n$ प्राप्त होने पर–

अभीष्ट शेषफल $=$ सकल शेषफल$-[\{C.P.\}_1 + 10 * \{C.P.\}_2 + 10^2 * \{C.P.\}_3 ------ +10^{(n-3)} * \{C.P.\}_{n-2} + 10^{(n-2)} * \{C.P.\}_{n-1} + 10^{(n-1)} * \{C.P.\}_n]$

किसी हल प्रक्रम के लिए सकल भाज्य , क्रियाशील भाज्य , भागफल एवं शेषफल गणना उपरोक्त विश्लेषित हल उदाहरणों से समझा जा सकता है अतः अतिरिक्त व्याख्या आवश्यक नहीं है।

टीप– यदि n अंकीय धजांक के और गणना क्रम में प्राप्त x अंकीय भागफल$_1$ में $x<n$ हो तो इनके बीच क्रमशः (1_1) , (2_2), (3_3) - - - - - (n_n) अंकीय खड़ा तिरछागुना योग C. P.

$$\begin{Bmatrix} d_n \\ a_x \end{Bmatrix}, \begin{Bmatrix} d_{n-1} & d_n \\ a_{x-1} & a_x \end{Bmatrix}, \begin{Bmatrix} d_{n-2} & d_{n-1} & d_n \\ a_{x-2} & a_{x-1} & a_x \end{Bmatrix} --$$

$$--\begin{Bmatrix} d_1 & d_2 & d_3 & - & - & - & d_{n-2} & d_{n-1} & d_n \\ a_{x-(n-!)} & a_{x-(n-2)} & a_{x-(n-3)} & - & - & - & a_{x-2} & a_{x-1} & a_x \end{Bmatrix}$$

का सामान्य प्रस्तुति में भागफल के बाँयी ओर आवश्यकतानुसार (शून्य) बढ़ाकर $[\{C.P.\}_1 + 10 * \{C.P.\}_2 + 10^2 * \{C.P.\}_3 ----- +10^{(n-3)} * \{C.P.\}_{n-2} + 10^{(n-2)} * \{C.P.\}_{n-1} + 10^{(n-1)} * \{C.P.\}_n]$का गणना पूर्ति करना चाहिए। इस प्रकार C.P. की गणन संक्रिया के लिए वैदिक गणित अध्ययन में परावर्त्य योज्येत गणन बहा गया है। अतः इस राजमणि विधि को परावर्त्य योज्येत विधि नाम दिया गया है। अधोदर्शित साधित हल क्रमांक 7■ का या में शेषफल$_2$ एवं 8■का गणना अवलोकन कीजिए।

साधित हल■

1■ 1011÷ 23 के लिए	2■ 7632÷ 94 के लिए
$\begin{array}{r\|llll} 3 & 1 & {}_1 0 & {}_0 1 & \vdots\ {}_0 1 \\ 2 & 1 & 10 & \overline{14} & \\ \hline & 0 & 5 & \overline{7} & \vdots\ 22 \end{array}$	$\begin{array}{r\|llll} 4 & 7 & {}_7 6 & {}_4 3 & \vdots\ {}_2 2 \\ 9 & 7 & 76 & 11 & \\ \hline & 0 & 8 & 1 & \vdots\ 18 \end{array}$
शेषफल $= 01 - cp \begin{Bmatrix} 3 \\ \overline{7} \end{Bmatrix} = 01 - \overline{2}\ \overline{1} = 22$	शेषफल $= 22 - cp \begin{Bmatrix} 1 \\ 4 \end{Bmatrix} = 22 - 4 = 18$
अभीष्ट भागफल $= 5\overline{7} = 43$	अभीष्ट भागफल $= 081 = 81$

या भाज्य का उनागर से 7632÷ 94

=1 $\bar{2}\bar{4}$ 3 32÷ 94 के लिए

$$\begin{array}{c|cccccc} \underline{4} & 1 & {}_1\bar{2} & \bar{1}\bar{4} & {}_0 3 & \vdots & {}_2 2 \\ 9 & 1 & 8 & \bar{1}\bar{8} & 11 & & \\ \hline & 0 & 1 & \bar{2} & 1 & \vdots & 18 \end{array}$$

शेषफल $= 22 - cp \begin{Bmatrix} 4 \\ 1 \end{Bmatrix} = 22 - 4 = 18$

अभीष्ट भागफल =01$\bar{2}$ 1=81

3■ 2976÷ 62 के लिए

$$\begin{array}{c|ccccc} \underline{2} & 2 & {}_2 9 & {}_5 7 & \vdots & {}_1 6 \\ 6 & 2 & 29 & 49 & & \\ \hline & 0 & 4 & 8 & \vdots & 0 \end{array}$$

शेषफल $= 16 - cp \begin{Bmatrix} 2 \\ 8 \end{Bmatrix} = 16 - 16 = 0$

अभीष्ट भागफल =048=48

या भाज्य का उनागर से 2976÷ 62

= 3 0 $\bar{2}$ $\bar{4}$ ÷ 62 के लिए

$$\begin{array}{c|ccccc} \underline{2} & 3 & {}_3 0 & {}_0\bar{2} & \vdots & {}_0\bar{4} \\ 6 & 3 & 30 & \bar{1}\bar{2} & & \\ \hline & 0 & 5 & \bar{2} & \vdots & 0 \end{array}$$

अभीष्ट भागफल =05$\bar{2}$=48

शेषफल $= 0\bar{4} - cp \begin{Bmatrix} \bar{2} \\ \bar{2} \end{Bmatrix} = \bar{4} - \bar{4} = 0$

4■ 251104÷ 532 के लिए

$$\begin{array}{c|cccccc} \underline{32} & 2 & {}_2 5 & {}_0 1 & {}_1 1 & \vdots & {}_0 04 \\ 5 & 2 & 25 & \bar{1}\bar{4} & 10 & & \\ \hline & 0 & 5 & \bar{3} & 2 & \vdots & 0 \end{array}$$

अभीष्ट भागफल =05$\bar{3}$ 2=472

शेषफल $= 004 - [cp \begin{Bmatrix} 2 \\ 2 \end{Bmatrix} + 10 * cp \begin{Bmatrix} 3 & 2 \\ 3 & 2 \end{Bmatrix}]$

$= 4-[4+10*0] = 4-4 = 0$

5■ 200836÷ 389 के लिए भाजक 389 =4$\bar{1}\bar{1}$ से

$$\begin{array}{c|cccccc} \underline{\bar{1}\bar{1}} & 2 & {}_2 0 & {}_0 0 & {}_1 8 & \vdots & {}_0 36 \\ 4 & 2 & 20 & 5 & 24 & & \\ \hline & 0 & 5 & 1 & 6 & \vdots & 112 \end{array}$$

शेषफल $= 036 - [cp \begin{Bmatrix} \bar{1} \\ 6 \end{Bmatrix} + 10 * cp \begin{Bmatrix} \bar{1} & \bar{1} \\ 1 & 6 \end{Bmatrix}]$

$= 36-[\bar{6}+10*\bar{7}] = 36-\bar{7}\bar{6} = 112$

अभीष्ट भागफल =0516=516

6■ 978121÷ 989 के लिए

$$\begin{array}{c|cccccc} \underline{89} & 9 & {}_0 7 & {}_{\bar{1}} 8 & {}_{\bar{2}} 1 & \vdots & {}_{\bar{2}} 21 \\ 9 & 9 & \bar{1} & \bar{1}\bar{1} & \bar{1}\bar{1} & & \\ \hline & 1 & 0 & \bar{1} & \bar{1} & \vdots & 0 \end{array}$$

शेषफल $= \bar{2}21 - [cp \begin{Bmatrix} 9 \\ \bar{1} \end{Bmatrix} + 10 * cp \begin{Bmatrix} 8 & 9 \\ \bar{1} & \bar{1} \end{Bmatrix}]$

$= \bar{1}\bar{7}\bar{9} - [\bar{9}+10*\bar{1}\bar{7}] = \bar{1}\bar{7}\bar{9} - \bar{1}\bar{7}\bar{9} = 0$

अभीष्ट भागफल = 10$\bar{1}$ $\bar{1}$ = 989

या 978121÷ 989 के लिए

भाजक = 10$\bar{1}$ $\bar{1}$ से

$$\begin{array}{c|cccccc} \underline{\bar{1}\bar{1}} & 9 & \bar{1}7 & \bar{2}8 & \bar{1}1 & \vdots & {}_0 21 \\ 10 & 9 & \bar{2} & \bar{1}\bar{1} & \bar{1}0 & & \\ \hline & 1 & 0 & \bar{1} & \bar{1} & \vdots & 0 \end{array}$$

शेष्फल $= 021 - [cp \begin{Bmatrix} \bar{1} \\ \bar{1} \end{Bmatrix} + 10 * cp \begin{Bmatrix} \bar{1} & \bar{1} \\ \bar{1} & \bar{1} \end{Bmatrix}]$

$= 21 - [1+10*2] = 21-21 = 0$

अभीष्ट भागफल = 10$\bar{1}$ $\bar{1}$ = 989

या 978121÷ 989 के लिए

भाज्य = 10$\bar{2}$ $\bar{2}$ 1 2 1 भाजक = 10$\bar{1}$ $\bar{1}$ से

$$\begin{array}{c|ccccccc} \underline{\bar{1}\bar{1}} & 1 & {}_1 0 & 0\bar{2} & \bar{1}\bar{2} & \bar{1}1 & \vdots & {}_0 21 \\ 10 & 1 & 10 & \bar{1} & \bar{1}\bar{1} & \bar{1}0 & & \\ \hline & 0 & 1 & 0 & \bar{1} & \bar{1} & \vdots & 0 \end{array}$$

शेषफल $= 021 - [cp \begin{Bmatrix} \bar{1} \\ \bar{1} \end{Bmatrix} + 10 * cp \begin{Bmatrix} \bar{1} & \bar{1} \\ \bar{1} & \bar{1} \end{Bmatrix}]$

$= 21-[1+10*2] = 21-21 = 0$

अभीष्ट भागफल =010$\bar{1}$ $\bar{1}$ = 989

या 6■ 978121÷ 989 के लिए उनागर संख्यांकन

भाज्य = 10$\bar{2}$ $\bar{2}$ 1 21 भाजक = 10$\bar{1}$ $\bar{1}$ से

$0\,\bar{1}\,\bar{1}$ ⌐ $1 \quad {}_{0}0 \quad \bar{2} \quad \bar{2} \quad \vdots\ {}_{0}121$

$1 \qquad 1 \quad 0 \quad \bar{1} \quad \bar{1}$

$1 \quad 0 \quad \bar{1} \quad \bar{1} \quad \vdots\ 0$ अभीष्ट भागफल $=10\bar{1}\bar{1}= 989$ तथा

शेषफल= $0121-[cp\begin{Bmatrix}\bar{1}\\ \bar{1}\end{Bmatrix}+10*cp\begin{Bmatrix}\bar{1} & \bar{1}\\ \bar{1} & \bar{1}\end{Bmatrix}+100*cp\{\begin{matrix}0 & \bar{1} & \bar{1}\\ 0 & \bar{1} & \bar{1}\end{matrix}\}]$ =121−[1 +10*2 +100*1]

= 121−121 = 0

7■ 9168456 ÷ 8567 के लिए

67 ⌐ $9 \quad {}_{9}1 \quad {}_{6}6 \quad {}_{60}8 \quad {}_{6}4 \quad \vdots\ {}_{22}56$

$85 \qquad 9 \quad 91 \quad 60 \quad 601 \quad 22$

$0 \quad 1 \quad 0 \quad 7 \quad 0 \quad \vdots\ 1766$ अभीष्ट भागफल = 01070 = 1070

शेषफल= $2256-[cp\begin{Bmatrix}7\\0\end{Bmatrix}+10*cp\begin{Bmatrix}6 & 7\\7 & 0\end{Bmatrix}$=2256−[0+10*49] = 2256 – 490 = 1766

7■ या 9168456÷ 8567 **के लिए उनागर संख्यांकन**

भाज्य $=1\bar{1}2\bar{3}1\bar{5}\bar{4}\bar{4}$ भाजक $=1\bar{1}\bar{4}33$ से

$\bar{1}\,\bar{4}\,\bar{3}\,\bar{3}$ ⌐ $\bar{1}\ \bar{1} \quad {}_{0}2 \quad {}_{0}\bar{3} \quad \vdots\ {}_{0}\,\bar{1}\bar{5}\bar{4}\bar{4}$

$1 \qquad 1 \quad 0 \quad 6 \quad 6$

$1 \quad 0 \quad 6 \quad 6 \quad \vdots\ 36034$

शेषफल$_1$ $= 0\bar{1}\bar{5}\bar{4}\bar{4}-[cp\begin{Bmatrix}\bar{3}\\6\end{Bmatrix}+10*cp\begin{Bmatrix}\bar{3} & \bar{3}\\6 & 6\end{Bmatrix}+100*cp\begin{Bmatrix}\bar{4} & \bar{3} & \bar{3}\\0 & 6 & 6\end{Bmatrix}+1000\{\begin{matrix}\bar{1} & \bar{4} & \bar{3} & \bar{3}\\1 & 0 & 6 & 6\end{matrix}\}$

$=\bar{1}\bar{5}\bar{4}\bar{4}-[\bar{1}\bar{8}+\bar{3}\bar{6}0+\bar{4}\bar{2}00+\bar{3}\bar{3}000]=\bar{1}\bar{5}\bar{4}\bar{4}-[\bar{3}\bar{7}\,\bar{5}\,\bar{7}\,\bar{8}]=36034 >$ भाजक

$\therefore 36034 = 4\bar{4}034$ को $1\bar{1}\bar{4}\bar{3}\bar{3}$ } द्वारा विभाजित करने पर

$\bar{1}\,\bar{4}\,\bar{3}\,\bar{3}$ ⌐ $4 \quad \vdots\ {}_{0}\,\bar{4}034$

$1 \qquad 4$

$4 \quad \vdots\ 1766$

शेषफल$_2$ $= 0\bar{4}034-[cp\begin{Bmatrix}\bar{3}\\4\end{Bmatrix}+10*cp\begin{Bmatrix}\bar{3} & \bar{3}\\0 & 4\end{Bmatrix}+100*cp\begin{Bmatrix}\bar{4} & \bar{3} & \bar{3}\\0 & 0 & 4\end{Bmatrix}+1000\{\begin{matrix}\bar{1} & \bar{4} & \bar{3} & \bar{3}\\0 & 0 & 0 & 4\end{matrix}\}]$

$=0\bar{4}034-[cp\begin{Bmatrix}\bar{3}\\4\end{Bmatrix}+10*cp\begin{Bmatrix}\bar{3}\\4\end{Bmatrix}+100*cp\begin{Bmatrix}\bar{4}\\4\end{Bmatrix}+1000\{\begin{matrix}\bar{1}\\4\end{matrix}\}]$

$= \bar{4}034-[\bar{1}\bar{2}+\bar{1}\bar{2}0+\bar{1}\bar{6}00+\bar{4}000]=\bar{4}034-[\bar{5}\bar{7}\,\bar{3}\,\bar{2}]=1766$

या सीधा हल–चूंकि सुभाजक एक अंकीय है ∴शेषफल$_2$ $= 0\bar{4}034-[\bar{1}\,\bar{4}\,\bar{3}\,\bar{3}*4]=\bar{4}034-[\bar{5}\bar{7}\,\bar{3}\,\bar{2}]=1766$

∴ अभीष्ट शेषफल = 1766 भागफल =1066+4 =1070

8■ 6804057 ÷ 212034 के लिए–

2034 ⌐ $6 \quad {}_{6}8 \quad {}_{5}0 \quad \vdots\ {}_{2}4057$

$21 \qquad 6 \quad 68 \quad 44$

$0 \quad 3 \quad 2 \quad \vdots\ 18969$

शेषफल= $24057-\left[cp\begin{Bmatrix}2\\4\end{Bmatrix}+10*cp\begin{Bmatrix}3 & 4\\3 & 2\end{Bmatrix}\right]+100*cp\begin{Bmatrix}0 & 3 & 4\\0 & 3 & 2\end{Bmatrix}+1000*cp\begin{Bmatrix}2 & 0 & 3 & 4\\0 & 0 & 3 & 2\end{Bmatrix}$ = 24057 – [8+180+900+ 4000] = 24057– 5088 = 18969

अभीष्ट भागफल = 0 32 =32 शेषफल = 18969

9■ 642456 ÷ 6398 के लिए–

$$\begin{array}{l|lllll} 98 & 6 & {}_{6}4 & {}_{1}2 & {}_{3}4 & \vdots\ {}_{26}56 \\ 63 & 6 & 64 & 3 & 26 & \\ \hline & 0 & 1 & 0 & 0 & \vdots\ 2656 \end{array}$$

अभीष्ट भागफल $= 0100 = 100$

शेषफल$= 2656 - \left[cp\begin{Bmatrix}8\\0\end{Bmatrix} + 10 * cp\begin{Bmatrix}9 & 8\\0 & 0\end{Bmatrix}\right] = 2656$

या $642456 \div 6398$ के लिए

$$\begin{array}{l|llll} 3\,98 & 6 & {}_{0}4 & {}_{1}2 & \vdots\ {}_{3}456 \\ 6 & 6 & 1 & 3 & \\ \hline & 1 & 0 & 0 & \vdots\ 2656 \end{array}$$

अभीष्ट भागफल $= 100$

शेषफल $= 3456 - \left[cp\begin{Bmatrix}8\\0\end{Bmatrix} + 10 * cp\begin{Bmatrix}9 & 8\\0 & 0\end{Bmatrix} + 100 * cp\begin{Bmatrix}3 & 9 & 8\\1 & 0 & 0\end{Bmatrix}\right] = 3456 - 800 = 2656$

विवेचना अध्याय 13,14 एवं 15 में भाग संक्रिया को भाज्य एवं भाजक के प्रकृति या गुणधर्म का अध्ययन कर विविध आयामों में प्रस्तुत किया गया है। कहीं अति सरल कहीं कठिन तो नहीं लम्बी अवश्य हो जाती है। अभ्यास उपरांत प्रश्न की प्रकृति को दृष्टिगत करते सहज एवं सरल विधि का चयन कर अपने तर्क शक्ति को विकसित करने का लाभ लेते हुए आत्मसात कर सकते है। फिर भी आधुनिक भाग संक्रिया को भी आत्मसात किया जाना चाहिए। जिससे स्वतंत्र भाव से भाग संक्रिया को सम्पन्न करने पूर्णता का परिचय दे सकते है।

15-3 का एवं कोष्टक का अनुप्रयोग गणितीय अध्ययन में कई ऐसे व्यापक एवं प्रतिबंधित प्रश्नों का सामना करना होता है जिनके हल के लिए केवल मूलभूत संक्रिया (योग,व्यवकलन,गुणा एवं भाग) चिन्ह का अनुप्रयोग ही पर्याप्त नहीं होता है। पर्याप्तता के क्रम में प्रतिबंधानुसार प्रश्नों के लिए का एवं कोष्टक (जिसके अन्तः भाग में का और मूलभूत संक्रिया में से एक या अधिक संक्रिया सम्मिलित होता है) का अनुप्रयोग करना होता है।

पर्याप्तता के क्रम में अपनाये गये कोष्टक नाम और उनके संकेत निम्नानुसार है।

1• रेखा कोष्टक ——— **2•** छोटा कोष्टक ( )

3• धनु या मझला कोष्टक { } **4•** बड़ा कोष्टक [ ]

का का अनुप्रयोग– का का अनुप्रयोग गुणा संक्रिया के रूप में किया जाता है।

15-4 व्यापक एवं प्रतिबंधित प्रश्नों के हल के लिए का , मूलभूत संक्रिया (+ , −, ∗ ,÷) एव कोष्टकों का हल क्रम

1• सर्वप्रथम कोष्टकों में निहित प्रतिबंधों का हल किया जाना चाहिए। जिसके लिए भी हल क्रम उपरोक्त क्रमानुसार ही है। अर्थात् सर्वप्रथम रेखा कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए। तत्पश्चात दूसरे क्रम में छोटा कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए। फिर तीसरे क्रम में धनु या मझला कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए। अंतिम चौथे क्रम में बड़ा कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए।

2• कोष्टक के बाहर हो या भीतर (अन्दर) प्रथम दो संख्याओं के बीच निहित **का** को सबसे पहले हल कीजिए। तत्पश्चात दूसरे क्रम में दो संख्याओं के बीच निहित ÷ को हल कीजिए । फिर तीसरे क्रम ∗ से सम्बद्ध रखने वाले समस्त संख्या को एक साथ हल कीजिए। अंतिम चौथे क्रम में + एवं − का एकमुस्त सँयुक्त हल करे।

3• किसी कोष्टक के बाहर + चिन्हांकित होने पर कोष्टक का हल मान यथावत लिए जाते हैं। जबकि कोष्टक के बाहर − चिन्हांकित होने पर कोष्टक का हल मान + का − और − का + में बदल कर लिए जाते हैं।

4• दो या दो से अधिक कोष्टकों के बीच कोई संक्रिया संकेत दर्ज नहीं होने पर इन कोष्टकों में निहित प्रतिबंध के अनुसार प्राप्त हल मानों का गुणा किया जाना चाहिए। अर्थात दो या दो से अधिक कोष्टकों के बीच कोई संक्रिया संकेत दर्ज नहीं होने पर इनके बीच गुणा संक्रिया ही माना जावे।

उदाहरण 1■ $1000 + 15 \div 3 - 5$ **का** $4 * 12 = 1000 + 15 \div 3 - 20 * 12$

$= 1000 + 5 - 20 * 12$

$= 1000 + 5 - 240$

$= 845$ **उत्तर।**

उदाहरण 2■ $1000 \div 5$ **का** $4 + 15 * 12 - 3 = 1000 \div 20 + 15 * 12 - 3$

$= 50 + 15 * 20 - 3$
$= 50 + 300 - 3$
$= 347$ **उत्तर।**

उदाहरण 3■ $2[\,2999 - 29 - \{625 \text{ का } 5 \div (10 * 4 - \overline{4 * 4 - 1})\}]$
$= 2[\,2999 - 29 - \{625 \text{ का } 5 \div (10 * 4 - \overline{16 - 1})\}]$
$= 2[\,2999 - 29 - \{625 \text{ का } 5 \div (10 * 4 - 15)\}]$
$= 2[\,2999 - 29 - \{625 \text{ का } 5 \div (40 - 15)\}]$
$= 2[\,2999 - 29 - \{625 \text{ का } 5 \div 25\}]$
$= 2[\,2999 - 29 - \{3125 \div 25\}]$
$= 2[\,2999 - 29 - 125]$
$= 2[\,2845]$
$= 5690$ **उत्तर।**

संक्रिया संकेतन की उत्पत्ति का स्वयं का तर्क

1• योग संक्रिया संकेत दो या दो से अधिक संख्याओं के योग संक्रिया में संख्या स्तम्भ { | | | } (इकाई, दहाई, सैकड़ा ....) योग के लिए गये संख्याओं की पंक्ति ☰ का संयुक्त सरलतम रूप. + को योग संक्रिया संकेत माना गया है।

2• घटाना संक्रिया संकेत चूकि घटाना संक्रिया में किसी संख्या में से एक बार में एक ही संख्या को घटाया जा सकता है। अतः इस घटने वाली संख्या की एक पंक्ति —— को ही दृष्टिगत करते हुए − को घटाना संक्रिया संकेत माना गया है।

3• गुणा संक्रिया संकेत

भारतीय गणित पद्धत्ति में उत्तर–पश्चिम से दक्षिण–पूर्व के तिरछा लिये – \
और दक्षिण–पश्चिम से उत्तर–पूर्व के तिरछा लिये – / का संयुक्त सरलतम रूप × को गुणा संक्रिया संकेत माना गया है।

अन्तराष्ट्रीय गणित पद्धत्ति में उत्तर–पश्चिम से दक्षिण –पूर्व के तिरछा लिये – \
दक्षिण–पश्चिम से उत्तर –पूर्व के तिरछा लिये – /
और खड़ी के लिये | का संयुक्त सरलतम रूप * को गुणा संक्रिया संकेत माना गया है।

4• भाग संक्रिया संकेत

भाज्य P अनुपात भाजक Q (P:Q) के सापेक्ष भाजक के एक होने पर भाज्य मान प्राप्त करना भाग संक्रिया को परिभाषित करता है। अतः अनुपात संकेत के ऊपर बिन्दु के लिये भाज्य तथा नीचे बिन्दु के लिये भाजक दर्शाने एवं आड़ी विभाजन रेखा डालने का संयुक्त सरलतम रूप ÷ को भाग संक्रिया संकेत माना गया है। जो आगे अध्ययन क्रम में भिन्न एवं परिमेय निरूपण में $(\frac{P}{Q})$ दर्शित होता है।

----------15----------

अध्याय 16
मूलांक या एक अंकीययोग

16-1 मूलांक या एकअंकीय योग

महान ज्योतिष शास्त्री कीरो ने सर्व प्रथम ज्योतिष विज्ञान में जन्म तिथि के अंकों का मूलांक को महत्व देते हुए मूलांक आधारित भविष्यवाणी करते रहे। जो आज भी कीरो का अंक ज्योतिष के नाम पर विख्यात है। जिसके अनुसार दो या दो से अधिक अंक की संख्या के प्रति एक अंक मान (1,2,3,4,5,6,7,8,9) प्राप्त किया जाता है। इस प्रकार के प्राप्त एक अंक मान को मूलांक या एक अंकीययोग कहते है। निम्न दो नियम के अनुसार प्राप्त किया जा सकता है।

नियम 1• जिस संख्या का मूलांक या एकअंकीययोग ज्ञात करना है उसके सभी अंकों के योगमान को 9 के द्वारा विभाजित करे और शेषफल (0.1,2,3,4,5,6,7,8) में से कोई एक होगा, प्राप्त कीजिए। यह प्राप्त शेषफल ही संख्या का अभीष्ट मूलांक या एकअंकीय योग होगा। शेषफल 0(शून्य) के लिए मूलांक 9 माने।

जैसे संख्या 4567 का मूलांक $= (4+5+6+7) \div 9 = 22 \div 9$ से प्राप्त शेषफल $= 4$

संख्या 5673304 का मूलांक $= (5+6+7+3+3+0+4) \div 9 = 28 \div 9$ से प्राप्त शेषफल $= 1$

नियम 2• जिस संख्या का मूलांक या एकअंकीययोग ज्ञात करना है उसके सभी अंकों के योगमान प्राप्त कीजिए। यदि यह योगमान दो या दो से अधिक अंकों का हो तो पुनः इस योगमान संख्या के अंकों का योगमान प्राप्त कीजिए। ऐसा योग प्राप्त करनें का क्रम योगमान संख्या के अंको का योग एकअंकीय होने तक कीजिए। यह प्राप्त एकअंकीय योग ही संख्या का अभीष्ट मूलांक या एकअंकीययोग होगा।

जैसे संख्या 4567 का मूलांक $= (4+5+6+7) = 22$ से $2+2 = 4$

संख्या 5673304 का मूलांक $= (5+6+7+3+3+0+4) = 28$ से $2+8 = 10$ से $1+0 = 1$

16--2 मूलांक किसी संख्या का प्राप्त करने मे 9 का महत्व उपरोक्त नियमों के अनुसार किसी संख्या का मूलांक प्राप्त करने मे 9 का महत्व निम्नानुसार है।

1• यथार्थ शब्दों में किसी संख्या का मूलांक उस संख्या को 9 द्वारा विभाजित करने पर प्राप्त शेषफल ही है। प्राप्त शेषफल 0,1,2,3,4,5,6,7,8 में से कोई एक अंक होगा। प्राकृत संख्यांकन के तारतम्य में शेषफल 0 पर संख्या का मूलांक या एकअंकीययोग 9 होता है।

2• किसी संख्या के समस्त अंकों के योगमान को 9 द्वारा भाग देने पर जो शेषफल प्राप्त होता है वह उस संख्या का मूलांक होता है।

3• किसी संख्या के मूलांक गणना में संख्या स्थित 9 को छोड़ देने पर मूलांक गणना में कोई अन्तर या प्रभाव नहीं पड़ता है।

4• संख्या या संख्या में स्थित अंकों का योग 9 द्वारा पूर्ण विभाजित हो तो उस संख्या का मूलांक 9 होगा ।

5• उना संख्यांकन में प्राप्त मूलांक $\bar{x}$ का मानक मूलांक $= 9-x$ होगा। अर्थात् $\bar{1}, \bar{2}, \bar{3}, \bar{4}, \bar{5}, \bar{6}, \bar{7}, \bar{8}, \bar{9}$ का मानक मूलांक क्रमशः 8, 7, 6,5,4,3,2,1,0 होगा।

6• मूलांक 0 और $\bar{9}$ का मानक मूलांक 9 ही होगा।

16-3 मूलांकों का उपयोग

[1] अंक ज्योतिष शास्त्र में चराचर जगत में किसी स्थान विशेष संरचना जीव जन्तु एवं व्यक्ति के प्रति क्षण प्रति क्षण होने वाले घटनाओं की अनुभूति में खगोलीयतत्व (ग्रह, नक्षत्र राशि उल्का पिंड, तारे आदि के गतिमानों) ,भौगोलिक तत्व (अक्षांश एवं देशांश रेखा,) पर्यावर्णीय तत्व (आकाशीय ओजोन पर्त, भूतलीय हवा पानी, भूगर्भीय हलचल के कारक) का अध्ययन किया जाता है। इस अध्ययन क्षेत्र के जीवन ज्योति प्रदर्शक ज्ञान को **ज्योतिष विज्ञान** कहते है। जिसकी एक शाखा अंक ज्योतिष है। जिसके अन्तर्गत उक्त कारक तत्वों का मूलांक ज्ञात किया जाता है। जैसे मेरा फलादेश (कुण्डली) तैयार करने में मेरे जन्मतिथि 15.06.1951 का मूलांक 1 (एक) प्रभावी कारकों मे से एक होगा। इस विषय पर विशेष अध्ययन के लिए विषय विशेषज्ञ ही अधिकृत होंगे। यहाँ केवल प्रसंगवश इतना ही काफी है।

[2] मूलभूत गणितीय संक्रिया की जाँच में अध्याय 2 के अनुच्छेद 2-2 के अनुसार कार्यालयीन एवं व्यापारिक लेन–देन में मूलभूत गणितीय संक्रियाओं को करने में बड़ी बड़ी संख्याओं की लम्बी सूची होती है। जिससे निश्चित परिणाम प्राप्त करने की संक्रिया में त्रुटि सम्भव है। ऐसे त्रुटि को जाँचने की कोई सटीक विधि आधुनिक गणित में उपलब्ध नहीं है। अतः जाँच के नाम पर पुनः संक्रिया दोहराते तिहराते है।किसी दूसरे तीसरे महानुभाव को जचवाते है। यद्यपि आधुनिक इलेक्ट्रानिक युग में त्रुटि के लिए कोई स्थान नहीं है। अब हम अपने द्वारा की गई संक्रिया से प्राप्त परिणाम को तभी स्वीकारते हैं जब गणक (केलकुलेटर) स्वीकारता है। गणक से प्राप्त परिणाम को

किसी ने जाँचने की सोचां भी नहीं होगा। इस प्रकार डगमगाता आत्मविश्वास गणित सिखने सिखाने के प्रारंभिक चरण मूलभूत गणितीय संक्रिया में ही कमजोर हो रहा है। यह कहने में मुझे तनिक भी संकोच नहीं है कि–"बच्चों को गणित ज्ञान के प्रति नित कमजोर ही कराने के प्रति हमारा प्रयोगवादी शिक्षण तंत्र षडयंत्रों का प्रयोगशला ही सिद्ध हो रहा है, जिसका परिणाम पूरा विश्व समुदाय गणित मास्टर की कमी से जूझ रहा है"। अतः गणित सिखने सिखाने में मूलभूत गणितीय संक्रिया (जोड़ना, घटाना, गुणा भाग)में ही ऐसा कर दिखाना होगा ,जिससे बच्चों में आत्म विश्वास बड़े । इस ओर पाद् पूज्यमाननीय गुरूदेव नरेन्द्रपुरीजी ने समस्त मूलभूत गणितीय संक्रिया के हल की सत्यता जाँच के लिए मूलांक विधि को वैदिक गणित पुष्पमाला में जुटाये है। जिसके अनुसार –

दो संख्या के जोड़ या योग संक्रिया की जाँच



संख्या A+ संख्या B = संख्या C की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C का मूलांक, अनुभाग 2 में संख्या A का मूलांक, अनुभाग 3 में संख्या B का मूलांक तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त का मूलांकों के योगमान का मूलांक दर्शाइये।

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित मूलांक = अनुभाग 4 में दर्शित मूलांक होने पर की गयी योग संक्रिया को सही मानिए।

उदाहरण■ 3256 +9371 =12627 की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C =12627 का मूलांक =9, अनुभाग 2 में संख्या A =3256 का मूलांक =7 अनुभाग 3 में संख्या B =9371 का मूलांक=2 तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त का मूलांकों के योगमान 7+2=9 का मूलांक =9 दर्शाइये।



निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित मूलांक 9 = अनुभाग 4 में दर्शित मूलांक 9 अतः की गयी योग संक्रिया सही है।

घटाना संक्रिया की जाँच



संख्या A– संख्या B = संख्या C की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C का मूलांक, अनुभाग 2 में संख्या A का मूलांक, अनुभाग 3 में संख्या B का मूलांक तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 से प्राप्त मूलांक में से अनुभाग 3 से प्राप्त का मूलांक घटाने से प्राप्त संख्या का मुलांक दर्शाइये। .

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित मूलांक = अनुभाग 4 में दर्शित मूलांक होने पर की गयी घटाने की संक्रिया को सही मानिए।

उदाहरण■ 12627 –9371 = 3256 की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C =3256 का मूलांक =7, अनुभाग 2 में संख्या A = 12627 का मूलांक =9 अनुभाग 3 में संख्या B =9371 का मूलांक =2 तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 से प्राप्त मूलांक में से और अनुभाग 3 प्राप्त मूलांक को घटाने से प्राप्त संख्या का मूलांक 9–2=7 का मूलांक 7 होगा।



दो संख्या के गुणा कीसंक्रिया की जाँच



संख्या A ' संख्या B = संख्या C की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C का मूलांक, अनुभाग 2 में संख्या । का मूलांक, अनुभाग 3 में संख्या B का मूलांक तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 से प्राप्त का मूलांकों के गुणनफल का मूलांक दर्शाइये।

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित मूलांक = अनुभाग 4 में दर्शित मूलांक होने पर की गयी गुणा संक्रिया को सही मानिए।

उदाहरण■ 325 * 937 = 30 4525 की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C =304525 का मूलांक =1, अनुभाग 2 में संख्या A= 325 का मूलांक =1 अनुभाग 3 में संख्या B =937 का मूलांक =1 तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त का मूलांकों के गुणनफल 1*1=1 का मूलांक =1 दर्शाइये।



निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित मूलांक 1 = अनुभाग 4 में दर्शित मूलांक 1 अतः की गयी गुणा की संक्रिया सही है।

भाग संक्रिया की जाँच



संख्या A ÷ संख्या B से भागफल संख्या C और शेषफल संख्या D प्राप्त हो तो A= B*C+D होगा। तब जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या A का मूलांक, अनुभाग 2 में संख्या B और संख्या C के मूलांकों के गुणनफल का मूलांक, अनुभाग 3 में संख्या D का मूलांक तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 से प्राप्त का मूलांकों के योगमान का मूलांक दर्शाइये।

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित मूलांक = अनुभाग 4 में दर्शित मूलांक होने पर की गयी भाग संक्रिया को सही मानिए।

उदाहरण■ 304842÷ 325 को हल करने पर प्राप्त भागफल =937 तथा शेषफल = 317 की सत्यता जाँच कीजिए। अनुभाग 1 में संख्या A=304842 का मूलांक =3 अनुभाग 2 में संख्या B= 325 और संख्या C =937 के मूलांकों के गुणनफल 1*1 =1 का मूलांक 1अनुभाग 3 में संख्या D=317 का मूलांक =2 तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त का मूलांकों के योगमान 1+2 =3 का मूलांक 3 दर्शाने पर।



निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित मूलांक 3= अनुभाग 4 में दर्शित मूलांक 3 अतः की गयी भाग संक्रिया सही है।

विस्तार विस्तार क्रम में 2 से अधिक संख्याओं का योग एवं गुणा संक्रिया पर ही यह विधि विस्तारित होगा।

(1) 2 से अधिक संख्याओं का योग संक्रिया जाँच

संख्याएँ $A_1 + A_2 + A_3 + A_4 + -,-,-,- + A_m = S$ सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम–

प्रक्रम 1 योगफल S का मूलांक =r प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2 संख्याएँ $A_1, A_2, A_3, A_4, -,-,-, A_m$ का अलग–अलग मूलांक क्रमशः $r_1, r_2, r_3, r_4, -,-,-, r_m$ प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त मूलांकों का योगमान$(r_1 + r_2 + r_3 + r_4 + -,-,- + r_m = t)$ का मूलांक t_r

निष्कर्ष यदि प्रक्रम 1 से प्राप्त मूलांक r = प्रक्रम 3 से प्राप्त मूलांक t_r है ,तो की गयी योग संक्रिया सही है और यदि प्रक्रम 1 से प्राप्त मूलांक ≠ प्रक्रम 3 से प्राप्त मूलांक t_r है ,तो की गयी योग संक्रिया गलत है।

उदाहरण■ संख्याएँ $341 + 566 + 1069 + 1597 + 5006 = 8579$ सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम–

प्रक्रम 1 योगफल S=8579 का मूलांक r=2

प्रक्रम 2 संख्याएँ $A_1, A_2, A_3, A_4, -,-,-,, A_m$ का अलग–अलग मूलांक क्रमशः 8, 8, 7, 4, 2

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त मूलांकों का योगमान$(8 + 8 + 7 + 4 + 2 = 29)$ का मूलांक t_r=2

प्रक्रम 1 से प्राप्त मूलांक 2 = प्रक्रम 3 से प्राप्त मूलांक 2

निष्कर्ष की गयी योग संक्रिया सही है।

(2) 2 से अधिक संख्याओं का गुणन संक्रिया जाँच–

संख्याएँ $A_1 * A_2 * A_3 * A_4 * -,-,-,- * A_m = M$ सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम–

प्रक्रम 1 गुणनफल M का मूलांक =r प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2. संख्याएँ $A_1, A_2, A_3, A_4, -,-,-,, A_m$ का अलग–अलग मूलांक क्रमशः $r_1, r_2, r_3, r_4, -,-,-, r_m$ प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त मूलांकों का गुणनफल $(r_1 * r_2 * r_3 * r_4 * -,-,- * r_m = t)$ का मूलांक t_r

निष्कर्ष प्रक्रम 1 से प्राप्त मूलांक r = प्रक्रम 3 से प्राप्त मूलांक t_r होने पर, की गयी गुणा की संक्रिया को सही मानिए।

उदाहरण■ संख्याएँ 15*27*99*217 = 8700615 सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम–

प्रक्रम 1 गुणनफल M=8700615 का मूलांक r=9

प्रक्रम 2 संख्याएँ 15, 27, 99, 217 का अलग–अलग मूलांक क्रमशः 6, 9, 9, 1

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त मूलांकों का गुणनफल 6*9*9*1 का मूलांक t_r=9

प्रक्रम 1 से प्राप्त मूलांक 9 = प्रक्रम 3 में प्राप्त मूलांक 9

निष्कर्ष की गयी गुणा संक्रिया सही है

ध्यानाकर्षण चूँकि–**1•** गुणन संक्रिया में ली गई संख्याओं में से कोई भी एक संख्या का मूलांक 9 होने पर समस्त संख्याओं के गुणनफल का मूलांक 9 ही होगा।

2• मूलांक में 9 एवं 0 को जोड़ने अथवा घटाने से मूलांक मान यथावत ही रहता है।

3• संख्या में प्रयुक्त अंकों के स्थान परिवर्तन से प्राप्त नवीन संख्या का मूलांक पूर्व संख्या का ही मूलांक होता है।

अतः जाँच संक्रिया में उक्त बिन्दुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए।

विवेचना संख्या के अंक स्थान बदल जाने पर संख्या का मान बदल जाता लेकिन प्राप्त इस नवीन संख्या का मूलांक यथावत् बना रहता है, अतः मूलांक द्वारा गणितीय मूलभूत संक्रिया जाँच करने में त्रुटियों की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि इस विधि को नकार दिया जाये। त्रुटियाँ के संबंध में चिन्तन ही नया मार्ग दिखाता है। इसी चिन्तन में अध्याय 17 के अनुच्छेद 17-1 बिन्दु 7 में दिये– भाजक संख्या 11 द्वारा किसी भाज्य संख्या के विभाज्य होने की जाँच नियम का अनुप्रयोग किया जा सकता है जो कि अनुच्छेद 17-9 मे विस्तारपूर्वक विश्लेषित है।

[3] विभाज्यता जाँच में भाज्य संख्या जो चाहे कितनी बड़ी हो दिये भाजक द्वारा पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होने की जाँच भाग की संक्रिया किये बिना करने के विषय में सर्व व्यापक नियम प्रतिपादित नहीं किया जा सकता। फिर भी गणित अध्ययन की सुविधा की दृष्टि से आधुनिक गणित में संख्याएँ 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 11 को भाजक मानकर इनसे पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होने के परिपेक्ष्य में भाज्य संख्या के प्रतिबंध एवं गुण सुझाये गये। इसी कड़ी या श्रृंखला में अभाज्य संख्याएँ 7, 13, 19, 23 ,29, 31---------- को भाजक मानकर इनसे पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होने पर गणना नियम का प्रतिपादन किया जा सकता है। इन सब के अध्ययन के पूर्व केवल भाज्य संख्या के मूलांक को ही दृष्टिगत कर भाजक संख्या 3, 6 और 9 के द्वारा पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होने का निम्नानुसार प्रतिपादित होंगे।

भाज्य संख्या के मूलांक को दृष्टिगत करते हुये भाजक संख्या 3, 6 और 9 के द्वारा पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होने का कथन

1■ यदि भाज्य संख्या का मूलांक 3, 6 और 9 हो तो वह भाज्य संख्या भाजक 3 द्वारा पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होगा।

जैसे 117 का मूलांक 9 , 20013 का मूलांक 6 , 12456453 का मूलांक 3 , अतः संख्या 117, 20013 , 12456453 भाजक 3 द्वारा पूरा–पूरा विभाज्य है।

2■ यदि भाज्य संख्या का इकाई अंक 0, 2, 4, 6 एवं 8 हो तथा मूलांक 3, 6 और 9 हो तो वह भाज्य संख्या भाजक 3 और 6 द्वारा पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होगा।

जैसे 942 का मूलांक 6 , 7824 का मूलांक 3 , 6530022 का मूलांक 9 अतः संख्या 942, 7824 , 6530022 भाजक 3 और 6 द्वारा पूरा–पूरा विभाज्य है।

3■ यदि भाज्य संख्या का मूलांक केवल 9 हो तो वह भाज्य संख्या भाजक 3 और 9 द्वारा पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होगा।

जैसे 63 का मूलांक 9 , 117 का मूलांक 9 , 246411 का मूलांक 9 अतः संख्या 63, 117 , 246411 भाजक 3 और 9 द्वारा पूरा–पूरा विभाज्य है।

4■ यदि भाज्य संख्या का इकाई अंक 0, 2, 4, 6 एवं 8 हो तथा मूलांक केवल 9 हो तो वह भाज्य संख्या भाजक 3 ,6 और 9 द्वारा पूरा–पूरा (षून्य षेशफल पर) विभाज्य होगा।

जैसे 9342 का मूलांक 9 , 781524 का मूलांक 9 , 653182524 का मूलांक 9 अतः संख्या 9342, 781524 , 653182524 भाजक 3 , 6 और 9 द्वारा पूरा–पूरा विभाज्य है।

टीप उपरोक्त विभाज्यता जाँच नियमों को $\overline{6}, \overline{3}$,(0 /$\overline{9}$) मूलांक के क्रम पर यथा क्रम बिन्दु 1,2,3,4 के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

----------16----------

अध्याय -17
विभाज्यता जाँच की आश्लेषक विधि

17-1 आधुनिक सरल विभाज्यता जाँच आधुनिक गणित मे भाजक संख्या 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 10 एवं 11 द्वारा पूरा–पूरा (शून्य शेषफल पर) विभाज्य होने वाले भाज्य संख्या के गुणों को प्रतिपादित गया है। जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

1■ 2 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनका इकाई अंक 0, 2, 4, 6, 8, हो , भाजक 2 द्वारा विभाज्य होंगे।
जैसे 70, 32 , 54, 76 ,798,

2■ 3 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनके अंको का योगफल 3 द्वारा विभाज्य हो , भाजक 3 द्वारा विभाज्य होंगे।
जैसे 21, 342, 156442

3■ 4 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनके इकाई और दहाई अंक दोनों 0 हो या इनमें स्थित अंकों से बनी संख्या 4 द्वारा विभाज्य हो , भाजक 4 द्वारा विभाज्य होंगे। **जैसे** 904 , 1508 , 156444

4■ 5 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनका इकाई अंक 0 या 5 हो , भाजक 5 द्वारा विभाज्य होंगे।
जैसे 75, 3180 , 145, 6130 , 79815,

5■ 6 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनका इकाई अंक 0, 2, 4, 6, 8, हो और अंको का योगफल 3 द्वारा विभाज्य हो भाजक 6 द्वारा विभाज्य होंगे। जैसे 12, 31230, 168972

6■ 8 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनका इकाई , दहाई और सैकड़ा अंक तीनों 0 हो या इनमें स्थित अंकों से बनी संख्या 8 द्वारा विभाज्य हो , भाजक 8 द्वारा विभाज्य **होंगे। जैसे** 9016 , 6112, 156408

7■ 9 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनके अंको का योगफल 9 द्वारा विभाज्य हो ,भाजक 9 द्वारा विभाज्य होंगे।
जैसे 27, 342, 1564425

8■ 10 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनका इकाई अंक 0 होगा। 10 द्वारा विभाज्य होंगे।
जैसे 210, 34200, 156442000

9■ 11 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनके बाँयें से दाँयें अथवा दाँयें से बाँयें सम स्थान (दूसरा, चौथा, छटवाँ..............) के अंकों का योग तथा विषम स्थान के अंकों का योग का अन्तर 0 या 11 से विभाज्य होगा। 11 द्वारा विभाज्य होंगे।
जैसे 561, 504030736

10■ 25 द्वारा विभाज्य संख्याएँ वे सभी संख्याएँ जिनके इकाई और दहाई अंक दोनों 0 हो अथवा इनमें स्थित अंकों से बनी संख्या 25, 50, 75 हो , भाजक 25 द्वारा विभाज्य होंगे। **जैसे** 200 , 1525 , 3564450 , 453347675

17-2 विभाज्यता जाँच की आश्लेषक विधि

उदाहरण■ 12627 –9371 =3256 की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C =3256 के प्रति प्राप्त शेषफल के लिए [(6+2)–(5+3) =0 से शेषफल =0] अनुभाग 2 में संख्या =12627 के प्रति प्राप्त शेषफल के लिए [(7+6+1)–(2+2) =10 से शेषफल =10 , अनुभाग 3 में संख्या B =9371 के प्रति प्राप्त शेषफल के लिए [(1+3)–(7+9) = $\overline{12}$ =11* $\overline{1}$ + $\overline{1}$ से शेषफल =11+ $\overline{1}$] =10 तथा अनुभाग 4 में (अनुभाग 2) – (अनुभाग 3) से प्राप्त अन्तर मान 10−10 = 0 के प्रति प्राप्त शेषफल =0 होगा।

दो संख्या के गुणन संक्रिया की जाँच



संख्या A* संख्या B = संख्या C की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C के प्रति प्राप्त शेषफल, अनुभाग 2 में संख्या A के प्रति प्राप्त शेषफल, अनुभाग 3 में संख्या B के प्रति प्राप्त शेषफल तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त का शेषफलों के गुणनफल के प्रति शेषफल संख्या दर्शाइये।

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित शेषफल = अनुभाग 4 में दर्शित शेषफल होने पर की गयी गुणन संक्रिया सही होगा।

उदाहरण■ 325 *937 =304525 की जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या C =304525 के प्रति प्राप्त शेषफल के लिए



[(5+5+0)–(2+4+3) =1 से शेषफल =1 , अनुभाग 2 में संख्या A =325 के प्रति प्राप्त शेषफल के लिए [(5+3)–(2) =6 से शेषफल =6 , अनुभाग 3 में संख्या B =937 के प्रति प्राप्त शेषफल के लिए [(7+9)–3] = 13 से 3 − 1 = 2 से शेषफल =2 तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त शेषफलों का गुणनफल 6*2 = 12 के प्रति शेषफल के लिए 2 − 1 =1 से शेषफल =1 **या** 12=11*1 +1 से शेषफल =1 दर्शाइये।

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित शेषफल 1 = अनुभाग 4 में दर्शित शेषफल 1 है। अतः की गयी गुणन संक्रिया सही है।

भाग संक्रिया की जाँच



संख्या A ÷ संख्या B से भागफल संख्या C और शेषफल संख्या D प्राप्त हो तो A= B*C+D होगा। तब जाँच के लिए जाँच अनुभाग 1 में संख्या A के प्रति प्राप्त शेषफल, अनुभाग 2 में संख्या B और संख्या C के प्रति प्राप्त शेषफलों के गुणनफल के प्रति प्राप्त शेषफल, अनुभाग 3 में संख्या D के प्रति प्राप्त शेषफल तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त का शेषफलों का योगमान के प्रति प्राप्त शेषफल दर्शाइये।

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित शेषफल = अनुभाग 4 में दर्शित शेषफल होने पर की गयी भाग संक्रिया सही होगा ।

उदाहरण■ 304842÷ 325 को हल करने पर प्राप्त भागफल =937 तथा शेषफल = 317 की सत्यता जाँच कीजिए।

अनुभाग1 में भाज्य संख्या A=304842 के प्रति शेषफल के लिए $(2–4+8–4+0–3)=\bar{1}$ से शेषफल $=11+\bar{1}=10$ अनुभाग



2 में भाजक संख्या B*भागफलसंख्या C =325*937 के गुणनफल के प्रति प्राप्त शेषफल के लिए (5-2+3)*(7-3+9) =6*13 =78 से शेषफल = 8-7 =1 अनुभाग 3 में संख्या D=317 के प्रति प्राप्त शेषफल =7-1+3=9 तथा अनुभाग 4 में अनुभाग 2 और अनुभाग 3 में प्राप्त शेषफलों का योगमान 1+9 =10 दर्शाने पर–

निष्कर्ष अनुभाग 1 में दर्शित शेषफल 10= अनुभाग 4 में दर्शित संख्या 10 है अतः संक्रिया परिणाम सही है।

विस्तार विस्तार क्रम में 2 से अधिक संख्याओं का योग एवं गुणा संक्रिया पर ही यह विधि विस्तारित होगा।

(1) दो से अधिक संख्याओं का योग संक्रिया जाँच

संख्याएँ $A_1 + A_2 + A_3 + A_4 + \,–,–,–,– + A_m = S$ सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम

प्रक्रम 1 योगफल S के प्रति शेषफल =r प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2 संख्याएँ A_1, A_2, A_3, A_4 ,–,–,–,,A_m के प्रति प्राप्त अलग–अलग शेषफल क्रमशः $r_1, r_2, r_3, r_4,–,–,–, r_m$ प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त शेषफलों का योगमान$(r_1 + r_2 + r_3 + r_4 + –,–,– + r_m = t)$ के प्रति शेषफल t_r प्राप्त कीजिए।

निष्कर्ष प्रक्रम 1 में प्राप्त शेषफल r = प्रक्रम 3 में प्राप्त शेषफल t_r होने पर की गयी योग संक्रिया सही होगा।

उदाहरण■ संख्याएँ 341 + 566 + 1069 + 1597 + 5006 = 8579 सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम–

प्रक्रम 1 S= 8579 के प्रति शेषफल r प्राप्त करने के लि, $(9–7+5–8) =\bar{1}$ से $r=11+\bar{1}=10$

प्रक्रम 2 संख्याएँ 341, 566 ,1069 ,1597, 5006 के प्रति प्राप्त अलग–अलग शेषफल क्रमशः r_1, r_2, r_3, r_4, r_5 =

क्रमशः (1–4+3),(6–6+5),(9–6+0–1),(7–9+5–1),(6–0+0–5)=क्रमशः 0,5,2,2,1

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त शेषफलों का योगमान (0 + 5 + 2 + 2 + 1) = 10 से t_r=10

;प्रक्रम 1 में प्राप्त शेषफल r= 10) = ;प्रक्रम 3 में प्राप्त शेषफल t_r=10)

निष्कर्ष की गयी योग संक्रिया सही है ।

दो से अधिक संख्याओं का गुणन संक्रिया जाँच

संख्याएँ $A_1 * A_2 * A_3 * A_4 * \,–,–,–,– * A_m = S$ सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम–

प्रक्रम 1 गुणनफल M के प्रति शेषफल =r प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2 संख्याएँ A_1, A_2, A_3, A_4 ,–,–,–,,A_m के प्रति प्राप्त अलग–अलग शेषफल क्रमशः $r_1, r_2, r_3, r_4,–,–,–, r_m$ प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त शेषफलों का गुणनफल $(r_1 * r_2 * r_3 * r_4 * –,–,– * r_m = t)$ के प्रति शेषफल t_r प्राप्त कीजिए।

निष्कर्ष प्रक्रम 1 में प्राप्त शेषफल r = प्रक्रम 3 में प्राप्त शेषफल t_r होने पर की गयी गुणन संक्रिया सही होगा।

उदाहरण संख्याएँ 15*27*99*217 = 8700615 सत्यता जाँच करने लिए जाँच प्रक्रम–

प्रक्रम 1 गुणनफल M =8700615 के प्रति शेषफल r प्राप्त करने के लिए (5–1+6–0+0–7+8)= 11 से शेषफल r =0 होगा।

प्रक्रम 2 संख्याएँ 15, 27, 99, 217 के प्रति प्राप्त अलग–अलग शेषफल क्रमशः r_1, r_2, r_3, r_4, =क्रमशः (5–1),(7–2),(9–9),(7–1+2),=क्रमशः 4,5,0,8,1

प्रक्रम 3 प्रक्रम 2 से प्राप्त शेषफल का गुणनफल (4 ∗ 5 ∗ 0 ∗ 8 ∗ 1) = 0 से t_r=0

;प्रक्रम 1 में प्राप्त शेषफल r= 0) =;प्रक्रम 3 में प्राप्त शेषफल t_r=0)

निष्कर्ष की गयी गुणन संक्रिया सही है ।

----------17----------

अध्याय -18
गुणज, अभाज्य गुणनखण्ड, लघुत्तमसमापवर्त्य एव महत्तमसमावर्तक

18-1 गुणज संख्या यदि संख्या a संख्या b द्वारा विभाज्य हो तो संख्या a को संख्या b का एक गुणज संख्या कहते है। किसी संख्या के अनन्त गुणज होते हैं,जो उस संख्या के सरल गुणन तालिका (पहाड़ा) रचना से प्राप्त किये जा सकते है।जबकि कोई संख्या विशेष एक और स्वयं का गुणज अवश्य होगा । लेकिन कोई संख्या विशेष एक और स्वयं का गुणज के अतिरिक्त अन्य संख्याओं का गुणज होने उनके द्वारा विभाज्य होने पर प्रतिबंध है, जो कि सीमित है।

जैसे संख्या 12 के गुणज समुच्चय M ={12,24,36,48,72,84,96,108,120, 128-----------M*N} में अनन्त अवयव है।जबकि संख्या 12 जिनके गुणज है का समुच्चय D = {1,2,3,4,612} में 6 अवयव है।

गणित अध्ययन में उक्त गुणज संख्या कथन को अपवर्त्य एवं अपवर्तक शब्द से परिभाषित किया गया है।

अपवर्त्य किसी संख्या के सरल गुणन तालिका (पहाड़ा) रचना से प्राप्त समुच्चय के समस्त अवयव जिन्हे संख्या का गुणज कहा जा चुका है। उस संख्या का अपवर्त्य कहलाता है।

जैसे 2 का अपवर्त्य समुच्चय $C_2 = \{2,4,6,8,10,12$--------------$2*N\}$

x का अपवर्त्य समुच्चय $C_x = \{x, 2x, 3x, 4x, 5x, 6x$ ----------------$N*C\}$

$\because$ N का विस्तार अनन्त है $\therefore$ किसी संख्या के अनन्त अपवर्त्य होंगे।

18-2 यथार्थ भाजक किसी संख्या n का यथार्थ भाजक वे सभी भाजक कहलाते है, जिनके द्वारा भाज्य n पूरा–पूरा (शून्य शेष पर) विभाजित होता है या संख्या n के सभी गुणनखण्ड को संख्या n के यथार्थ भाजक के रूप में जाना जाना चाहिये।

संख्या n के यथार्थ भाजक समुच्चय (समूह) के अवयवों में कम से कम दो अवयव सबसे छोटी प्राकृत संख्या 1(एक) और स्वयं संख्या n अवश्य होगा।

1 से 20 तक की संख्या के यथार्थ भाजक तालिका

संख्या	यथार्थ भाजक	संख्या	यथार्थ भाजक
1	भाज्य है, न अभाज्य	11	1, 11
2	1, 2	12	1, 2, 3, 4, 6,12
3	1,3	13	1, 13
4	1, 2, 4	14	1, 2, 7, 14
5	1, 5	15	1, 3, 5, 15
6	1, 2, 3, 6	16	1, 2, 4, 8, 16
7	1, 7	17	1, 17
8	1, 2, 4, 8	18	1, 2, 3, 6, 9, 18
9	1, 3,9	19	1, 19
10	1, 5, 10	20	1, 2, 4, 5,10, 20

अपवर्तक किसी भाज्य विशेष के प्रति सभी यथार्थ भाजक उस भाज्य विशेष के अपवर्तक कहलाते है।

जैसे 2 का अपवर्तक समुच्चय $D_2 = \{1,2\}$ 3 का अपवर्तक समुच्चय $D_2 = \{1,3\}$

4 का अपवर्तक समुच्चय $D_4 = \{1,2\ 4\}$ 5 का अपवर्तक समुच्चय $D_5 = \{1,5\}$

6 का अपवर्तक समुच्चय $D_6 = \{1,2\}$ 7 का अपवर्तक समुच्चय $D_7 = \{1,7\}$

8 का अपवर्तक समुच्चय $D_8 = \{1,2,4,8\}$ 9 का अपवर्तक समुच्चय $D_9 = \{1,3,9\}$

10 का अपवर्तक समुच्चय $D_{10} = \{1,2\ 5,10\}$ 11 का अपवर्तक समुच्चय $D_{11} = \{1, 11\}$

....

....

इसी प्रकार 100 का अपवर्तक समुच्चय $D_{100} = \{1,2,4,, 5,10, 20,25,50,100\}$

उपरोक्त अपवर्तक समुच्चय विश्लेषण से स्पष्टतः दर्शित हो रहा है कि –

1• कुछ संख्याओं के अपवर्तक समुच्चय में केवल दो अवयव एक और स्वयं संख्या ही है।

2• कुछ संख्याओं के अपवर्तक समुच्चय में एक और स्वयं संख्या मिलाकर दो से अधिक अवयव है।

तब अपर्तक समुच्चय के शब्द में अभाज्य संख्या एवं भाज्य संख्या निम्नानुसार परिभाषित होंगे।

अभाज्य संख्या वे सभी संख्याएँ जिनके अपवर्तक समुच्चय में केवल दो अवयव एक और स्वयं संख्या होते हैं अभाज्य संख्या कहलाते हैं।

भाज्य संख्या वे सभी संख्याएँ जिनके अपवर्तक समुच्चय में एक और स्वयं संख्या मिलाकर दो से अधिक अवयव है। अभाज्य संख्या कहलाते हैं।

विशेष भाज्य संख्या के परिभाषा अन्तर्गत ऐसे भाज्य संख्या भी जिनके अपवर्तक समुच्चय में एक और स्वयं संख्या मिलाकर केवल तीन ही अवयव है। संदर्भित भाज्य संख्या अपने अपवर्तक समुच्चय में दर्शित एक और स्वयं संख्या के अतिरिक्त तीसरे अभाज्य अवयव का वर्गमान होता है।

इसीप्रकार $D_9 = \{1,\mathbf{3}\ 9\}$ से $9 = 3 * 3 = 3^2$ $\quad D_{25} = \{1,\mathbf{5}\ ,25\}$ से $25 = 5 * 5 = 5^2$

$D_{49} = \{1,\mathbf{7}, 49\}$ से $49 = 7 * 7 = 7^2$ $\quad D_{121} = \{1,\mathbf{11}\ 9\}$ से $121 = 11 * 11 = 11^2$

टीप संख्या 1(एक) न अभाज्य है और न ही भाज्य है।

अभाज्य संख्याओं की सूची तैयार करना विभाज्यता जाँच नियम के का अनुपालन करते हुए सरलता से अभाज्य संख्याओं की सूची तैयार कर सकते हैं। माना कि 1से 100 केबीच की अभाज्य संख्या प्राप्त करना है।

प्रक्रम1 1 से 100 की समस्त संख्या दर्शित कीजिए। यथा →

प्रक्रम2 संख्या 1 न भाज्य अभाज्य अतः इसे कट–मट कीजिए।

प्रक्रम3 प्रथम अभाज्य संख्या 2 निश्चित कीजिए।

प्रक्रम4 उन सभी संख्याओं को काटिए जिनका इकाई अंक 0, 2 ,4, 6, 8 हो और दूसरी अभाज्य संख्या 3 निश्चित कीजिए।

~~1~~	**2**	**3**	~~4~~	**5**	~~6~~	**7**	~~8~~	~~9~~	~~10~~
11	~~12~~	**13**	~~14~~	~~15~~	~~16~~	**17**	~~18~~	**19**	~~20~~
~~21~~	~~22~~	**23**	~~24~~	~~25~~	~~26~~	~~27~~	~~28~~	**29**	~~30~~
31	~~32~~	~~33~~	~~34~~	~~35~~	~~36~~	**37**	~~38~~	~~39~~	~~40~~
41	~~42~~	**43**	~~44~~	~~45~~	~~46~~	**47**	~~48~~	~~49~~	~~50~~
~~51~~	~~52~~	**53**	~~54~~	~~55~~	~~56~~	~~57~~	~~58~~	**59**	~~60~~
61	~~62~~	~~63~~	~~64~~	~~65~~	~~66~~	**67**	~~68~~	~~69~~	~~70~~
71	~~72~~	**73**	~~74~~	~~75~~	~~76~~	~~77~~	~~78~~	**79**	~~80~~
~~81~~	~~82~~	**83**	~~84~~	~~85~~	~~86~~	~~87~~	~~88~~	**89**	~~90~~
~~91~~	~~92~~	~~93~~	~~94~~	~~95~~	~~96~~	**97**	~~98~~	~~99~~	~~100~~

प्रक्रम5 उन सभी संख्याओं को काटिए जिनका मूलांक 3,6,9 हो और तीसरी अभाज्य संख्या 5 निश्चित कीजिए।

प्रक्रम 6 उन सभी संख्याओं को काटिए जिनका इकाई अंक 5 हो और चौथी अभाज्य संख्या 7 निश्चित कीजिए।

प्रक्रम7 7 द्वारा विभाज्यता नियम का अनुप्रयोगकर 7 द्वारा विभाज्य संख्या 49. 77, 91 को काटिए और पाँचवी अभाज्य संख्या 11 निश्चित कीजिए।

चूँकि $11^2 = 11 * 11 = 121 > 100$ अतः 1 से 100 तक की अभाज्य सूची पूर्ण हुआ।

इस प्रकार 1से 100 तक की अभाज्य 2,3,5,7,11,13,17,19,23,29,31,37,41,43,47,53,59,61,67,71,73,79, 83, 89,97 प्राप्त होगा जो सूची में गाढ़े काले रंग में दर्शित है।

यमज अभाज्य संख्या वे अभाज्य संख्या युग्म जिनके बीच केवल एक ही भाज्य संख्या हो यमज अभाज्य संख्या कहलाता है।

जैसे– (3_5), (5_7) ,(11_13),(17_19),(41_43),(59_61), (71_73) 1से 100 तक की यमज अभाज्य संख्या है।

18-3 गुणनखण्ड किसी संख्या मान को दो या दो से अधिक दो अधिक संख्या के गुणन संक्रिया रूप में प्रदर्शित किया जाए तो गुणन संक्रिया पक्ष की सभी संख्याएँ उस संख्या मान का गुणनखण्ड कहलाता है।

संख्या $A = P * Q * R - - - -$ से संख्याएँ P, Q, R - , - ,- संख्या A के गुणनखण्ड होंगे।

$$36 = 1 * 36 = 2 * 18 = 3 * 12 = 4 * 9 = 6 * 6 = 1 * 2 * 18 = 2 * 2 * 9 = 3 * 3 * 4 = 2 * 3 * 6$$
$$= 2 * 2 * 3 * 3$$

अभाज्य गुणनखण्ड किसी संख्या मान को दो या दो से अधिक दो संख्या के गुणन संक्रिया रूप में इस प्रकार प्रदर्शित किया जाए कि तो गुणन संक्रिया पक्ष की सभी संख्याएँ अभाज्य संख्याएँ ही हो तो प्राप्त गुणनखण्ड उस संख्या मान का अभाज्य गुणनखण्ड कहलाता है। उपरोक्त उदाहरण में 36=2*2*3*3 से 36 का अभाज्य गुणनखण्ड 2*2*3*3 होगा।

किसी भाज्य संख्या का अभाज्य गुणनखण्ड ज्ञात करना

प्रक्रम 1 इसके लिए अभाज्य संख्याओं की सूची तैयार करने के नियम से आवश्यकतानुसार क्रमानुसार अभाज्य संख्या (2 , 3 , 5 , 7, 11 , 13--------------)सूची प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम2 विभाज्यता जाँच नियम से प्रथम अभाज्य संख्या 2 के द्वारा भाज्य संख्या विभाज्य हो तो भाज्य संख्या को प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित कर भागफल प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम3 विभाज्यता जाँच नियम से प्रथम अभाज्य संख्या 2 के द्वारा प्रक्रम 2 से प्राप्त भागफल विभाज्य हो तो भाज्य संख्या को प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित कर भागफल प्राप्त कीजिए।

इस प्रकार प्राप्त भागफलों को प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित करने का क्रम विभाजित होने तक कीजिए।

अब जब प्रक्रम 2 या आगे प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित करने का क्रम विभाजित होने तक के प्रक्रम से प्राप्त भागफल प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित नहीं है तो– उक्त प्रक्रमों को दूसरे क्रम की अभाज्य संख्या 3 के प्रति दोहराये।

इसी प्रकार आवश्यकतानुसार अभाज्य संख्याएँ 5 , 7, 11 , 13------------- के प्रति अंतिम भागफल अभाज्य संख्या प्राप्त होने तक दोहरावें।

उदाहरण■

1■ 16 के अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त करना– 2 | 16 2 | 8 2 | 4 2 अभाज्य है ∴ 16 का अभाज्य गुणनखण्ड = 2*2*2*2 होगा।	2■ 28 के अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त करना– 2 | 28 2 | 14 7 अभाज्य है ∴ 28 का अभाज्य गुणनखण्ड = 2*2*7 होगा।	3■ 36 के अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त करना– 2 | 36 2 | 18 3 | 9 3 अभाज्य है ∴ 36 का अभाज्य गुणनखण्ड = 2*2*3*3 होगा।
5■ 4900 के अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त करना– 2 | 400 2 | 200 2 | 100 2 | 50 5 | 25 5 अभाज्य है। ∴ 400का अभाज्य गुणनखण्ड = 2*2*2*2*5*5 होगा।	5■ 4900 के अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त करना– 2 | 4900 2 | 2450 5 | 1225 5 | 225 7 | 49 7 अभाज्य है। ∴ 4900का अभाज्य गुणनखण्ड = 2*2*5*5*7*7 होगा।	5■ 69938 के अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त करना– 2 | 69938 11 | 34969 11 | 3179 17 | 289 17 अभाज्य है। ∴ 69938 का अभाज्य गुणनखण्ड = 2*11*11*17*17 होगा।

18- 4 लघुत्तम समापवर्त्य दो या दो से अधिक संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य उनके विस्तारित अपवर्त्य समुच्चयों में से सबसे छोटा सर्वनिष्ठ अपवर्त्य होता है। या दो या दो से अधिक संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य वह छोटी सी छोटी संख्या होती है जो उन संख्याओं से अलग–अलग विभाज्य हो।

जैसे – 4, 6 एवं 8 का लघुत्तम समापवर्त्य के लिए–

संख्या 4 का अपवर्त्य का समुच्चय C_4 ={4, 8, 12 , 16, 20, 24, 28, 33, 36 ------------ 4*N}

संख्या 6 का अपवर्त्य का समुच्चय C_6 ={6, 12, 18 , 24, 30, 36 , 42, 48, 54 ------------ 6*N}

संख्या 8 का अपवर्त्य का समुच्चय C_8 ={8, 16, 24 , 32, 36, 40, 48, 56, 68 72 , ------------ 8*N}

∴ C_4 , C_6 एवं C_8 में सबसे छोटा सर्वनिष्ठ अपवर्त्य 24 संख्याएँ 4,6 एवं 8 का लघुत्तम समापवर्त्य होगा।

अध्ययन संकेत– अध्ययन संकेत में लघुत्तम समापवर्त्य के लिए ल. स. है।

18- 5 ल.स. ज्ञात करने की विधियाँ

[1] अपवर्त्य विधि

प्रक्रम1 दी हुई संख्याएँ a, b, c – – – – – – के लिए उनके अलग–अलग अपवर्त्य का समुच्चय C_a, C_b, C_c – – – –विस्तारित कीजिए।

प्रक्रम 2 प्रक्रम 1 से प्राप्त समुच्चयों C_a, C_b, C_c – – – – में से सबसे छोटा (प्रथम) सर्वनिष्ठ अपवर्त्य चिन्हांकित कीजिए।

निष्कर्ष– प्रक्रम 2 के अनुसार यह चिन्हांकित सर्वनिष्ठ अपवर्त्य ही संख्याएँ a, b, c – – – – – – का ल.स. होगा। वास्तव में लघुत्तम समापवर्त्य इसी प्रतिकार्य का नाम है।

जैसे 12, 15 एवं 20 का लघुत्तम समापवर्त्य के लिए–

संख्या 12 का अपवर्त्य का समुच्चय C_{12} ={12, 24, 36 , 48, **60,** 72, ------------ 12*N}

संख्या 15 का अपवर्त्य का समुच्चय C_{15} ={15, 30, 45 , **60**, 75, 90 , ------------ 15*N}

संख्या 20 का अपवर्त्य का समुच्चय C_{20} ={20, 40, **60** , 80, 100, ------------ 20*N}

∴ C_{12} , C_{15} एवं C_{20} में सबसे छोटा सर्वनिष्ठ अपवर्त्य **60** संख्याएँ 12, 15 एवं 20 का लघुत्तम समापवर्त्य होगा।

[2] अभाज्य गुणनखण्ड विधि – (A) एकल विधि

प्रक्रम1 दी हुई संख्याएँ a, b, c – – – – – – का अलग–अलग अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम2 प्रक्रम 1 से संख्याएँ a, b, c – – – – – – के लिए प्राप्त अभाज्य गुणनखण्ड में से उन सभी गुणनखण्डों को चिन्हाँकित कीजिए जो कम से कम किन्हीं दो संख्या या दो से अधिक या सभी संख्याओं के गुणनखण्डों में उभयनिष्ठ है। चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या लीजिए।

तब ल.स- = (चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या का गुणनफल)* (उन सभी गुणनखण्ड का गुणनफल जो चिन्हाँकित अथवा उभयनिष्ठ नहीं है।)

उदाहरण 1■ 4,16, 36, 60 का ल. स. ज्ञात करने के लिए–

$4 = \mathbf{2} * \mathbf{2}$ $16 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * 2 * 2$ $36 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * \mathbf{3} * 3$ $60 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * \mathbf{3} * 5$ में उभयनिष्ठ गुणनखण्ड गाढ़े काले रंग में चिन्हाँकित है। तब

ल.स. =(चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या का गुणनफल)* (उन सभी गुणनखण्ड का गुणनफल जो चिन्हाँकित अथवा उभयनिष्ठ नहीं है।) =(2*2*3)*(2*2*3*5) =12*60 =720 होगा।

उदाहरण 2- 8, 28 , 49 ,77 121 का ल. स. ज्ञात करने के लिए–

$8 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * 2$ $28 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * \mathbf{7}$ $49 = \mathbf{7} * 7$ $77 = \mathbf{7} * \mathbf{11}$ 121= **11***11 में उभयनिष्ठ गुणनखण्ड गाढ़े काले रंग में चिन्हाँकित है। तब

ल.स. =(चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या का गुणनफल)* (उन सभी गुणनखण्ड का गुणनफल जो चिन्हाँकित अथवा उभयनिष्ठ नहीं है।) =(2*2*7*11)*(2*7*11) =308*154= 47432 होगा।

(B) सँयुक्त विधि

प्रक्रम 1 दी हुई संख्याएँ a, b, c – – – – – – क्षैतिज क्रम में दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 2 गुणनखण्ड ज्ञात करने के नियमानुसार संख्याएँ a, b, c – – – – – – में से कम से कम किन्हीं दो संख्या या दो से अधिक या सभी संख्याएँ जो–जो प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित होती है, उनके भाजक 2 के प्रति प्राप्त अलग–अलग भागफल एवं वे संख्याएँ जो प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित नहीं है, उन्हें यथावत दूसरे पंक्ति में दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 3 इस पंक्ति के लिए प्रक्रम 2 के अनुसार पुनः प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित होने की स्थिति बनती है तो उक्त नियमानुसार ही तीसरी पंक्ति की संख्याएँ प्राप्त कीजिए।

ऐसे ही आगे की पंक्ति प्रक्रम 2 के अनुसार प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित होने तक जारी रखे।

अब जब प्रक्रम 1 या आगे प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित करने का क्रम विभाजित होने तक के प्रक्रम से प्राप्त पंक्ति के लिए प्रथम अभाज्य संख्या 2 के प्रति प्रक्रम 1 की स्थिति नहीं है तो– उक्त प्रक्रमों के अनुरूप दूसरे क्रम की अभाज्य संख्या 3 के प्रति दोहराये। आवश्यकतानुसार उक्त प्रक्रम बिन्दुओं को अभाज्य संख्याएँ 5 , 7, 11 , 13------------- के प्रति अंतिम पंक्ति प्राप्त होने तक दोहराये। स्पष्टतः इस अंतिम पंक्ति में कोई ऐसी दो संख्या नहीं होगी जो अभाज्य संख्या द्वारा विभाज्य हो।

तब **ल.स.** = (अंतिम पंक्ति प्राप्त करने तक प्रयुक्त समस्त अभाज्य संख्या का आवृत्तियों का गुणनफल)'(अंतिम पंक्ति मेंप्राप्त संख्याओं का गुणनफल) होगा।

उदाहरण 1■ 4,16, 36, 60 का ल. स. ज्ञात करने के लिए–

2	4	16	36	60
2	2	8	18	30
3	1	4	9	15
	1	4	3	5

ल.स. = (अंतिम पंक्ति प्राप्त करने तक प्रयुक्त समस्त अभाज्य संख्या का आवृत्तियों गुणनफल)'(अंतिम पंक्ति मेंप्राप्त संख्याओं का गुणनफल)

से **ल.स. =** $(2 * 2 * 3) * (1 * 4 * 3 * 5) = 12 * 60 = 720$ होगा।

उदाहरण 2■ 8, 28 , 49 ,77 121 का ल. स. ज्ञात करने के लिए–

2	8	28	49	77	121
2	4	14	49	77	121
7	2	7	49	77	121
11	2	1	7	11	121
	2	1	7	1	11

ल.स. = (अंतिम पंक्ति प्राप्त करने तक प्रयुक्त समस्त अभाज्य संख्या का आवृत्तियों गुणनफल)'(अंतिम पंक्ति मेंप्राप्त संख्याओं का गुणनफल)

से – **ल.स.** = $(2 * 2 * 7 * 11) * (2 * 1 * 7 * 1 * 11) = 308 * 154 = 47432$ होगा।

18-6 महत्तम समापवर्तक दो या दो से अधिक संख्याओं का महत्तम समापवर्त्य उनके अलग–अलग प्राप्त अपवर्तक समुच्चयों में से सबसे बड़ा सर्वनिष्ठ अपवर्तक होता है। **या** किन्हीं दो या दो से अधिक संख्याओं का महत्तम समापवर्तक वह बड़ी सी बड़ी संख्या होती है जिसके द्वारा वे संख्याएँ अलग–अलग विभाज्य हो।

जैसे 24, 54 एवं 84 का महत्तम समापवर्त्य के लिए–

संख्या 24 का अपवर्तक समुच्चय D_{24} ={1, 2, 3, 4, 6, 8, 12, 24}

संख्या 54 का अपवर्तक समुच्चय D_{54} ={1, 2, 3, 6 , 9, 18 , 27, 54 }

संख्या 84 का अपवर्तक समुच्चय D_{84} ={1, 2, 3, 4, 6, 7 ,12, 14 ,21, 28, 42, 84}

D_{24}, D_{54}, D_{84} के सर्वनिष्ठ अपवर्तकों का समुच्चय = {1, 2, 3, 6} में सबसे बड़ा अपवर्तक 6 है।

∴ 24, 54, एवं 84 का महत्तम समापवर्तक 6 होगा।

अध्ययन संकेत– अध्ययन संकेत में महत्तम समापवर्त्य के लिए म. स. है।

18-7 म.स. ज्ञात करने की विधियाँ

[1] अपवर्तक विधि

प्रक्रम 1 दी हुई संख्याएँ a, b, c – – – – – – के लिए उनके अलग–अलग अपवर्तक का समुच्चय D_a, D_b, D_c – – – –विस्तारित कीजिए।

प्रक्रम 2 प्रक्रम 1 से प्राप्त समुच्चयों D_a, D_b, D_c – – – – में से सभी सर्वनिष्ठ अपवर्तक चिन्हांकित कीजिए।

निष्कर्ष प्रक्रम 2 के अनुसार चिन्हांकित सर्वनिष्ठ अपवर्तकों में सबसे बड़ा (अंतिम) अपवर्तक संख्याएँ a, b, c – – – – – – का म.स. होगा। वास्तव में महत्तम समापवर्त्य इसी प्रतिकार्य का नाम है।

जैसे 12, 15 एवं 24 का महत्तम समापवर्तक के लिए–

संख्या 12 का अपवर्तक समुच्चय D_{12} ={1, 2, 3 ,4,6,12}

संख्या 15 का अपवर्तक समुच्चय $D_{15} = \{1, 3, 5, 15\}$

संख्या 24 का अपवर्तक समुच्चय $D_{24} = \{1, 2, 3, 4, 6, 8, 12, 24\}$

$\therefore D_{12}, D_{15}$ एवं D_{24} के सर्वनिष्ठ अपवर्तक $\{1, 2, 3\}$ में सबसे बड़ा अपवर्तक 3 संख्याएँ 12, 15 एवं 24 का महत्तम समापवर्तक होगा।

[2] अभाज्य गुणनखण्ड विधि (A) एकल विधि

प्रक्रम 1 दी हुई संख्याएँ a, b, c — — — — — का अलग–अलग अभाज्य गुणनखण्ड प्राप्त कीजिए।

प्रक्रम 2 प्रक्रम 1 से संख्याएँ a, b, c — — — — — के लिए प्राप्त अभाज्य गुणनखण्ड में से उन सभी गुणनखण्डों को चिन्हाँकित कीजिए जो सभी संख्याओं के गुणनखण्डों में उभयनिष्ठ है। चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या लीजिए।

तब ल.स. =(चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या का गुणनफल)

उदाहरण 1■ 16, 36, 60 का म स. ज्ञात करने के लिए–

$16 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * 2 * 2$ $36 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * 3 * 3$ $60 = \mathbf{2} * \mathbf{2} * 3 * 5$ में उभयनिष्ठ गुणनखण्ड गाढ़े काले रंग में चिन्हाँकित है। तब

म.स- =(चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या का गुणनफल) =2*2 =4 होगा।

उदाहरण 2■ 12, 36, 42 60 का म स. ज्ञात करने के लिए–

$12 = \mathbf{2} * 2 * \mathbf{3}$ $36 = \mathbf{2} * 2 * \mathbf{3} * 3$ $42 = \mathbf{2} * \mathbf{3} * 7$ $60 = \mathbf{2} * 2 * \mathbf{3} * 5$ में उभयनिश्ठ गुणनखण्ड गाढ़े काले रंग में चिन्हाँकित है। तब

म.स. =(चिन्हाँकित प्रत्येक उभयनिष्ठ गुणनखण्ड के प्रति एक–एक संख्या का गुणनफल) =2*3 =6 होगा।

(B) उभयनिष्ठ अभाज्य संख्या भाजक विधि

प्रक्रम 1 दी हुई संख्याएँ a, b, c — — — — — क्षैतिज क्रम में दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 2 गुणनखण्ड ज्ञात करने के नियमानुसार संख्याएँ a, b, c — — — — — सभी संख्याएँ प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित होती है, उनके भाजक 2 के प्रति प्राप्त अलग–अलग भागफल दूसरे पंक्ति में दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 3 इस पंक्ति के लिए प्रक्रम 2 के अनुसार पुनः प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित होने की स्थिति बनती है तो उक्त नियमानुसार तीसरी पंक्ति की संख्याएँ प्राप्त कीजिए।

ऐसा ही आगे की पंक्ति प्रक्रम 2 के अनुसार प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित होने तक जारी रखे।

अब जब प्रक्रम 2 या आगे प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा विभाजित करने का क्रम विभाजित होने तक के प्रक्रम से प्राप्त पंक्ति के लिए प्रथम अभाज्य संख्या 2 द्वारा के प्रति प्रक्रम 2 की स्थिति नहीं है तो– उक्त प्रक्रमों के शब्दों में दूसरे क्रम की अभाज्य संख्या 3 के प्रति दोहराये। आवश्यकतानुसार इन्हीं शब्दौं में ही अभाज्य संख्याएँ 5 , 7, 11 , 13------------- के प्रति अंतिम पंक्ति प्राप्त होने तक दोहराये। स्पष्टतः इस अंतिम पंक्ति की सभी संख्याओं के उभयनिष्ठ अभाज्य संख्या भाजक नहीं होगा।

तब म.स. = (अंतिम पंक्ति प्राप्त करने तक प्रयुक्त समस्त अभाज्य संख्यओं का आवृत्तियों का गुणनफल) होगा।

उदाहरण 1■ 16, 36, 60 का म. स. ज्ञात करने के लिए–

2	16	36	60
2	8	18	30
	4	9	15

म.स. = (अंतिम पंक्ति प्राप्त करने तक प्रयुक्त समस्त अभाज्य संख्याओं के आवृत्तियों का गुणनफल) से

म.स. $= (2 * 2) = 4$ होगा।

उदाहरण 2■ 12,36, 42, 60 का म. स. ज्ञात करने के लिए–

2	12	36	42	60
3	6	18	21	30
	2	6	7	10

म.स. = (अंतिम पंक्ति प्राप्त करने तक प्रयुक्त समस्त अभाज्य संख्याओं के आवृत्तियों का गुणनफल) से

म.स. $= (2 * 3) = 6$ होगा।

[3] भागविधि

प्रक्रम 1 दी हुई संख्याएँ a, b, c – – – – – – में से प्रथम दो संख्या a,b लीजिए। इन संख्याओं में से बड़ी संख्या को भाज्य तथा छोटी संख्या को भाजक मानकर भाग की संक्रिया पूर्ण कीजिए। यदि भाग की संक्रिया उपरांत शेषफल शून्य प्राप्त होता है तो माना गया भाजक ही ली गई दोनों संख्याओं का मस. होगा और यदि शेषफल शून्य न हो तो –

प्रक्रम 2 के लिए पूर्व प्रक्रम 1 से प्राप्त शून्येतर (शून्य नहीं) शेषफल एवं भाजक को क्रमशः भाजक एवं भाज्य मानकर भाग की संक्रिया पूरा कीजिए। यदि भाग की संक्रिया उपरांत शेषफल शून्य प्राप्त होता है तो माना गया भाजक ही ली गई दोनों संख्याओं का मस. होगा और यदि शेषफल शून्य न हो तो –

प्रक्रम 3 के लिए पूर्व प्रक्रम 2 से प्राप्त शून्येतर (शून्य नहीं) शेषफल एवं भाजक को क्रमशः भाजक एवं भाज्य मानकर भाग की संक्रिया पूरा कीजिए। यदि भाग की संक्रिया उपरांत शेषफल शून्य प्राप्त होता है तो माना गया भाजक ही ली गई दोनों संख्याओं का मस. होगा। और यदि शेषफल शून्य न हो तो –

अग्र प्रक्रम के क्रम में 2 या 3 के नियमों को दोहरावें । अन्ततः r वाँ प्रक्रम अवश्य आयेगा जिसके लिए पूर्व प्रक्रम $(r-1)$ से प्राप्त शून्येतर (शून्य नहीं) शेषफल एवं भाजक को क्रमशः भाजक एवं भाज्य मानकर भाग की संक्रिया पूरा करने पर शेषफल शून्य प्राप्त होगा।

निष्कर्ष 1 इस r वाँ प्रक्रम का भाजक जो $(r-1)$ वें प्रक्रम में शेषफल है, ली गई दोनों संख्या a,b का म.स- = $(\text{म.स.})_{a,b}$ होगा।

पुनः तीन संख्या a, b, c का म.स. के गणना केलिए $(\text{म.स.})_{a,b}$ एवं तीसरी संख्या c के लिए उपरोक्तानुसार गणना सम्पन्न कीजिए। और

निष्कर्ष 2 $(\text{म.स.})_{ab}$ एवं तीसरी संख्या c का म. स. ही तीन संख्या a, b, c का म.स.= $(\text{म.स.})_{ab,c}$ प्राप्त कीजिए।

ध्यानाकर्षण $(\text{म.स.})_{a,b} = (\text{म.स.})_{a,b,c}$ हो सकता है।

इसी प्रकार पुनः चार संख्या a,b,c,d का म.स. के गणना केलिए $(\text{म.स.})_{a,b,c}$ एवं चौथी d संख्या के लिए उपरोक्तानुसार गणना सम्पन्न कीजिए। और

निष्कर्ष 3 $(\text{म.स.})_{abc}$ एवं चौथी संख्या d का म. स. ही चार संख्या a, b, c d का म.स.= $(\text{म.स.})_{a,b,c,d}$ प्राप्त कीजिए।

इस प्रकार गणना विस्तार संख्याओं के बढ़ते प्रकार के लिए पुनः और पुनःबढ़ाये।

ध्यानाकर्षण $(\text{म.स.})_{,b}$ त्र$(\text{म.स.})_{\text{ए}b,c}$ =$(\text{म.स.})_{,b,c,d}$ .... हो सकता है।

उदाहरण 2■ 40, 60, 130 का म. स. ज्ञात करने के लिए–

पहलें 40 और 60 का म.स. गणना कीजिए।यथा–

60 ÷ 40 से भागफल 1 शेषफल 20 40 ÷ 20 से भागफल 2 शेषफल 00

निष्कर्ष 1 40 और 60 का म.स. = 20 होगा ।

पुनः (40 और 60 का म.स. = 20) और तीसरी संख्या 130 का म.स. गणना कीजिए।यथा–

130 ÷ 20 से भागफल 6 शेषफल 10 20 ÷ 10 से भागफल 2 शेषफल 00

निष्कर्ष 2 (40 और 60 का म.स. = 20) और तीसरी संख्या 130 का म.स. = 10

अंतिम निष्कर्ष 40, 60, 130 का म. स.= (40 और 60 का म.स. = 20) और तीसरी संख्या 130 का म.स. = 10 होगा।

18- 7 दो संख्याओं के लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक के विषयक महत्वपूर्ण कथन

1• दो संख्या में कोई एक अथवा दोनों अभाज्य हो तो उन दोनों संख्याओं का ल. स. =
उन दोनों संख्याओं का गुणनफल होगा तथा उन दोनों संख्याओं का म. स. = 1 होगा।

जैसे – अभाज्य संख्या 17 और भाज्य संख्या 21 का ल.स. = 17*21 =357 एवं म.स. = 1

अभाज्य संख्या 17 और अभाज्य संख्या 23 का ल.स. = 17*23 =401 एवं म.स. = 1

2• दोनों संख्या का गुणनफल = उनके ल. स. और म. स. का गुणनफल होगा।

जैसे – 40 और 60 का ल.स. = 120 40 और 60 का म.स. = 20 से

संख्या$_1$' संख्या$_2$= 40*60 =2400 एवं इनके ल.स-* म. स. = 120*20 =2400

अध्याय -19
संख्या जगत और भिन्न

19-1 समुच्चय सुपरिभाषित गुण अथवा नाम से प्रदर्शित / संयोजित संग्रह या समूह को समुच्चय कहते हैं।

जैसे भारतीय संख्यांकन पद्धत्ति के अंको का समुच्चय D ={१ , २ , ३ , ४ , ५ , ६ , ७ , ८ , ६ , ०}

ऑग्ल भाषा के स्वरों का समुच्चय $V = \{a, e, i, o, u\}$

नगर अर्जुन्दा के तालाबों का समुच्चय T = {पीलसाय ,माहरा , कहिया , छितका ,रामा , कालेज}

अपने अध्ययन विस्तार के साथ असंख्य समुच्चय प्राप्त कर सकते हैं। समुच्चय का व्यापक अध्ययन बहुत विशाल है। जो अपने आप में स्वयं एक अध्याय अथवा किताब होगा। अध्याय प्रसंग में बस इतना ही।



गणित अध्ययन विस्तार क्रम में विभिन्न संख्याओं का समुचित अध्ययन आवश्यक है। अध्ययन सुविधा की दृष्टि से उपरोक्त संख्या जगत वर्गीकरण चार्ट प्रस्तुत है। जिसके अनुसार संख्या के मुख्य दो वर्ग है।

[1] वास्तविक संख्या वे सभी संख्याएँ जिनको सामान्य अध्ययन मे परिभाषित एवं संख्या रेखा मे दर्शित कराया जा सकता है। वास्तविक संख्या होती है। इसका समुच्चय संकेत R है।

[2] काल्पनिक संख्या वास्तविक संख्या के विपरीत वे संख्याएँ जिनको सामान्य अध्ययन मे परिभाषित एवं संख्या रेखा में दर्शित नहीं कराया जा सकता है।काल्पनिक संख्या होती है। इसका समुच्चय संकेत i है।

इनके पुनः वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है।

वास्तविक संख्या का वर्गीकरण वास्तविक संख्या को दो वर्ग में वर्गीकृत किया गया है।

(1) परिमेय संख्या वे सभी वास्तविक संख्या जिन्हें $\frac{P}{Q}$ के रूप में दर्शित किया जा सकता है ,परिमेय संख्या होती है। जहाँ P को अंश कहते है जो पूर्णांक संख्या समुच्चय का एक अवयव होगा तथा Q को हर कहते है जो शून्येतर (0 नहीं) पूर्णांक संख्या समुच्चय का एक अवयव होगा। P और Q को अलग करने वाले मध्य लाइन को बटे या बटा की लाइन कहते है।

परिमेय संख्या को पढ़ना परिमेय संख्या $\frac{P}{Q}$ को p (पी) बटे Q (क्यू) पढा जाता है।

परिमेय संख्या $\frac{2}{3}$ को 2 (दो) बटे 3 (तीन) पढा जाता है।

परिमेय संख्या $\frac{\overline{2}}{5}$ को $\overline{2}$ (उना दो) बटे 5 (पाँच) पढा जाता है।

परिमेय संख्या $\frac{\overline{2}}{\overline{11}}$ को $\overline{2}$ (उना दो) बटे $\overline{11}$ (उना ग्यारह) पढा जाता है।

(2) अपरिमेय संख्या परिमेय संख्या के विपरीत वे सभी वास्तविक संख्या जिन्हें $\frac{P}{Q}$ के रूप में दर्शित नहीं किया जा सकता है , अपरिमेय संख्या होती है।

परिमेय संख्या का वर्गीकरण परिमेय संख्या को चार वर्ग में वर्गीकृत किया गया है।

(1) पाकृत संख्या समुच्चय स्पष्टतः प्रकृति अथवा क्षेत्र विशेष में दृश्य संज्ञात्मक अवयव को उनके सम्पूर्णता पर गिनने का भाव जागने में जीवन व्यवहार में प्रयुक्त संख्या को पाकृत संख्या कहते हैं। समुच्चय संकेत N है।

जैसे हमारे कक्षा में आज की छात्र उपस्थिति 23 है।

खेत में 37 मजदूर धान की रोपाई कर रहे है।

पाकृत संख्या समुच्चय $N = \{1,2,3,4 - - - - - - -\}$

19-2 शून्य की खोज प्रकृति अथवा क्षेत्र विशेष में किसी अदृश्य संज्ञा विशेष अवयव की उपस्थिति दर्ज है। हमारे दृष्टि पटल पर दर्शित नही है अथवा गणितीय शब्दावली में प्रकृति या क्षेत्र विशेष में उस अदृश्य संज्ञा विशेष अवयव के प्रति हमारे जीवन व्यवहार में गिनने का भाव जागने में प्रयुक्त पाकृत संख्या समुच्चय अपने आप में रिक्त है। इसी रिक्तता के भाववाची संज्ञा को शून्य के नाम पर गणित अध्ययन में शून्य की खोज के रूप में लिया गया। प्रकृति में कई अदृश्य संज्ञात्मक शक्तियाँ है जिनका हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ केवल आभास कर सकती है। आध्यात्मिक ज्ञान क्षेत्र में ऐसे आभासीभाव से भी परे आदि मान पराशक्ति को स्वीकारा गया है जिनके बन्धन में सारा अखिल ब्रम्हाण्ड है। जिसका हमें दर्शन तो क्या आभास मात्र भी दुर्लभ प्रतीत होता है। जिसके सम्पूर्णता पर यह श्लोक उद्‌धृत है –

" ऊँ पूर्णमदः पूर्णमिदं , पूर्णात् पूर्णमुदच्यते । पूर्णस्य पूर्णमादाय, पूर्णमेवावशिष्यते " भावार्थ – **ऊं के उच्चारण में यह पूर्ण है। पूर्ण रहता सदा। पूर्ण में से पूर्ण दे निकाल तब भी शेष पूर्ण रहता सदा।** गणित मे उक्त भावार्थ को सम्पूर्णता प्रदान करने वाला अंक शून्य है। जिसके संकेतन के लिए अदृश्य प्राण वायु ग्रहण करने एवं मरण वायु बाहर निकालने नाक मे बने दो वलय छिद्र या अदृश्य आवाज को सुनने दोनों कानों में बने कर्ण वलय छिद्र को दृष्टिगत कर शून्य का संकेतन 0 चुना गया। इसी प्रकार आन बान शान का प्रतीक अंग नाक के ऊपरी लम्बाई को एक का संकेतन (1) चुने जाने का भाव बनता है। ब्रिटिश संखाकन पद्धत्ति में एक का संकेतन केवल नाक की लम्बाई संकेतन में 1 तथा हिन्दीं अरेबिक संख्याकन पद्धत्ति में नाक के वलय छिद्र संकेतन 0 और नाक की लम्बाई संकेतन 1 मिलाकर १ लिया है। प्राकृत संख्या समुच्चय N के किसी अवयव n के दॉयी (अध्ययन कर्ता के लिये उसके बॉयी) 0 का चाहे कितना भी विशाल संग्रह 0n, 00n, 000n, 0000n, 00000n,--------- लिया जाय n ही मान्य होगा। जबकि उक्त प्राकृत संख्या अवयव n के बॉयी (अध्ययन कर्ता के लिये उसके दॉयी) ओर प्रतिस्थापित करने पर n0 , n00 n000, n0000, n00000 क्रमशः n को दस , सौ ,हजार , दसहजार लाख .,--------- मान शक्ति में बढ़ा देता है। जिसे 10 के घात (पावर) शक्ति मान में क्रमशः $n*10$, $n*10^2$, $n*10^3$, $n*10^4$, $n*10^5$,------- दर्शित किया जाता है।

प्रसंग वश विदित हो कि विवाह संस्कार की वैदिक कर्मकाण्ड में सात फेरे पूरे होने तक वर पुरूष के वामांग (दॉयी भुजा की ओर) में बिठायें वधु कन्या को बामांग (बॉयी भुजा की ओर) में आने –लेने की शर्त वाचन उपरांत ही सर्वोच्च कड़ी में वर पुरूष के बामांग(बॉयी भुजा की ओर) में वधु कन्या को बिठाकर वर–वधु स्वरूप में स्वीकारा जाता है। उक्त शून्य (0) के प्रतिस्थापन शक्ति विस्तार का सर्वोच्च शिखर भाव ही है।

पाकृत संख्या और व्यवकलन संक्रिया के शब्द में शून्य एक वृक्ष में 50 पक्षी बैठे हैं। बंदूक के धमाके आवाज सुन सभी पक्षी वृक्ष को छोड़ उड जाते है। तो उस वृक्ष में पक्षियों की संख्या को दर्शित करने या पाकृत संख्या और घटाना संक्रिया के शब्द में किसी पाकृत संख्या में से उसी पाकृत संख्या को घटाने पर रिक्तता का भाव निर्मित होता है। जिसके लिए गणित अध्ययन में शून्य मान कहा गया है।

गणितीय अध्ययन संकेत– गणित अध्ययन में शून्य का अध्ययन संकेत 0 संख्यांकन की सभी पद्धत्तियों में स्वीकार्य है।

(1) पूर्ण संख्या समुच्चय शून्य और पाकृत संख्या समुच्चय सम्मिलन से प्राप्त संख्या समुच्चय पूर्ण संख्या का समुच्चय होगा। पूर्ण संख्या समुच्चय $Z = \{0,1,2,3,4 - - - - - - -\}$

19-3 योज्य प्रतिलोम संख्या किसी पाकृत संख्या में से उसी पाकृत संख्या को घटाने पर रिक्तता का भाव निर्मित होता है।

जिसके लिए गणित अध्ययन में शून्य मान कहा गया है। इस कथन के विपरीत 0(शून्य) में से किसी पाकृत संख्या को घटाने पर जो

संख्या मान स्वीकारा गया है उसे उस पाकृत संख्या का योज्य प्रतिलोम मान कहा गया है।

गणितीय अध्ययन संकेत गणित अध्ययन में किसी पाकृत संख्या का योज्य प्रतिलोम मान उस पाकृत संख्या के ऊपर एक रेखा जिसे शिरो रेखा कहा जाता है डालकर कर संकेत देने का प्रसंग "BHARGAVA'S STANDARD ILLUSTRATED DICTIONARY OF THE ENGLISH LANGUAGE (Anglo –Hindi Edition) Compited & Edited *Prof* R. C. PATHAK, B.A. L .T. *Publisher* Bhargava Book Depot Chowk, Varanasi के पृष्ठ संख्या 1049 में Anglo शब्द Vinculum विन् –क्यु–लम् का अर्थ मिलाप का बन्धन , गणित में अंकों के ऊपर खींची हुई रेखा जिससे इनको परस्पर सम्बद्ध करने का अभिप्राय होता है।" दर्शित है। जो हमारे उनागर संख्यांकन पद्धत्ति में उना संख्यांकन के अर्थ में चिन्हित किया जा चुका है। जिसके अनुसार $\mathbf{0 - N = \overline{N}}$ स्वीकार्य है। जबकि आधुनिक गणित में अभी भी $0 - N = -N$ मान को $-N$ ही दर्शित किया जा रहा है और ऋणात्मक संख्या कहा जा रहा है। गणित अध्ययन विकास क्रम में विचारणीय है। इस विचार क्रान्ति पर ही आधारित अब तक के अध्ययन को आत्मसात करने उपरांत आगे अध्ययन में यह क्रान्ति विचार आत्मसात करेंगे।

पाकृत संख्या का योज्यप्रतिलोम/उना संख्या समुच्चय $\overline{N} = \{\overline{1}, \overline{2}, \overline{3}, \overline{4} ------\}$ होगा।

पूर्णांक संख्या समुच्चय– पाकृत संख्या का योज्यप्रतिलोम/उना संख्या समुच्चय और पाकृत संख्या समुच्चय सम्मिलन से प्राप्त संख्या समुच्चय पूर्ण संख्या का समुच्चय होगा।

पूर्णांक संख्या समुच्चय $W = \{\overline{N} ----- \overline{4}, \overline{3}, \overline{2}, \overline{1}, 0, 1, 2, 3, 4, ----- N\}$

19-4 बिन्दु , रेखा , रेखाखण्ड और संख्या रेखा की संकल्पना संकल्पना का अर्थ किसी सार्थक शब्द को परिभाषित करने के प्रति ऐसी सार्वभौमिक कल्पना से है जो चिन्हांकन या प्रदर्शन में पूर्ण सत्य तो नहीं लेकिन सत्य के रूप में स्वीकार्य हो या सत्यार्थ के अतिनिकटतर हो। जिसके अनुसार ज्यामिति अध्ययन में मूल शब्दों को परिभाषित करने के प्रति सार्वभौमिक संकल्पना ही किया जा सकता है। निम्नानुसार है।

1■ **बिन्दु** ज्यामिति अध्ययन के अनुसार किसी तल पर नुकीली पेन्सिल से बनाया गया छोटा सा छोटा चिन्ह बिन्दु की संकल्पना है।

2■ **रेखा** सामान्य शब्दों में बिन्दु पथ को रेखा कहते हैं। ज्यामिति अध्ययन के अनुसार तनी हुई रस्सी रेखा की संकल्पना है। किसी समतल पर रेखा का विस्तार अपरिमित है। किसी रेखा में अनन्त बिन्दु विद्यमान होते हैं।

अध्ययन संकेत ज्यामिति अध्ययन में किसी समतल पर स्थित रेखा का अध्ययन संकेत के दो प्रकार है।

1• अंग्रेजी के छोटे अक्षर से- 

लघु संकेत में $\overleftrightarrow{a}$ इसे पढ़ेंगे रेखा a ।

2• अंग्रेजी के दो बड़े अक्षर से– 

लघु संकेत में $\overleftrightarrow{A\ B}$ इसे पढ़ेंगे रेखा A B । प्रचलन में यही दूसरा स्वरूप मान्य है।

3■ **रेखाखण्ड** किसी रेखा में से लिया गया खण्ड रेखा ख्ण्ड कहलाता है। अर्थात किसी रेखा के दो अन्त्य बिन्दुओं के बीच के खण्ड को रेखाखण्ड कहते है। रेखाखण्ड का आदि और अंत बिन्दु होता है।

जसे



में रेखा a का रेखाखण्ड AB है।

अध्ययन संकेत अंग्रेजी के दो बड़े अक्षर से– 

लघु संकेत में $\overline{A\ B}$ इसे पढ़ेंगे रेखाखण्ड A B । आधुनिक अध्ययन में रेखाखण्ड के लिए रेखा शब्द ही जारी है।

4■ **इकाई रेखाखण्ड** किसी रेखा या रेखा खण्ड के समान दूरी पर बिन्दुओं के निर्धारण उपरांत किन्हीं क्रमागत दो बिन्दुओं के मध्य के रेखाखण्ड को उस रेखा या रेखाखण्ड के प्रति इकाई रेखाखण्ड कहते हैं।

जसे 1 रेखा a के इकाई रेखाखण्ड $\overline{AB} = \overline{BC} = \overline{CD} = \overline{DE} = \overline{EF} -------$



2 रेखाखण्ड $\overline{AB}$ के इकाई रेखाखण्ड $\overline{AC} = \overline{CD} = \overline{DE} = \overline{EF} -------= \overline{MB}$

A C D E F G H 1 J K L M B

पूर्णांक संख्या रेखा किसी रेखा के एक बिन्दु को 0 (शून्य) बिन्दु निश्चित कर एक इकाई रेखाखण्ड माप अन्तराल इसके बाँयी ओर क्रमशः उना (ऋणात्मक) संख्याओं को तथा दाँयी ओर पाकृत (धनात्मक) संख्याओं से दर्शित रेखा को पूर्णांक संख्या रेखा कहते हैं।

पूर्णांक संख्या रेखा

$\overline{N}$ - - - $\overline{3}$ $\overline{2}$ $\overline{1}$ 0 1 2 3 - - - N

पूर्णांक संख्या रेखा विच्छेदन

1■ पूर्ण संख्या रेखा

1• पूर्ण संख्या रेखा

0 1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 - - - Z

2• पाकृत संख्या रेखा

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 - - - N

3• उना संख्या रेखा

$\overline{N}$ - - - $\overline{12}$ $\overline{11}$ $\overline{10}$ $\overline{9}$ $\overline{8}$ $\overline{7}$ $\overline{6}$ $\overline{5}$ $\overline{4}$ $\overline{3}$ $\overline{2}$ $\overline{1}$ 0

महत्वपूर्ण संख्या रेखा से स्पष्ट है कि–

1• किसी संख्या x के बाँयी ओर स्थित समस्त संख्याएँ संख्या x मान से छोटे मान के होते हैं।

2• किसी संख्या x के दाँयी ओर स्थित समस्त संख्याएँ संख्या x मान से बड़े मान के होते हैं।

3• संख्या रेखा द्वारा दो संख्या के बीच संकलन और व्यवकलन की सँक्रिया को समझने समझाने में आसान प्रतीत होगा।

19-5 पूर्णांकों का परिमेय निरूपण किसी पूर्णांक W का परिमेय निरूपण $\frac{P}{Q}$ के लिए अंश P= W हर Q= 1 दर्शित कीजिए। और पूर्णांक W का अभीष्ट परिमेय निरूपण $=\frac{W}{1}$ प्राप्त कीजिए।

जैसे पूर्णांक $\overline{5}$ का परिमेय निरूपण $=\frac{\overline{5}}{1}$ पूर्णांक 0 का परिमेय निरूपण $=\frac{0}{1}$

पूर्णांक 6 का परिमेय निरूपण $=\frac{6}{1}$ पूर्णांक 51 का परिमेय निरूपण $=\frac{51}{1}$

भिन्न भिन्न स्वयं में परिमेय संख्या समुच्चय का अवयव है । जिसे $\frac{p}{q}$ के रूप में दर्शित किया जाता है ।, जहाँ p को अंश कहते है जो पूर्ण संख्या समुच्चय का एक अवयव होगा तथा q को हर कहते है जो पाकृत संख्या समुच्चय का एक अवयव होगा। p और q को अलग करने वाले मध्य लाइन को बटे या बटा की लाइन कहते है। जो बाँटना या बँटवारा करने के अर्थ में है।

जैसे $\frac{1}{2}$, $\frac{0}{5}$, $\frac{11}{7}$, $\frac{234}{538}$, $\frac{12567}{16890}$ ---------- इत्यादि।

परिमेय संख्या को पढ़ना परिमेय संख्या $\frac{P}{Q}$ को p (पी) बटे q (क्यू) पढा जाता है।

भिन्न $\frac{2}{3}$ को 2 (दो) बटे 3 (तीन) पढा जाता है।

19-6 भिन्न का श्रोत भिन्न का श्रोत किसी माप राशि को बराबर–बराबर बाँटना होता है। जिसके लिए गणितीय संक्रिया भाग है।

जैसे – 10 नग चाकलेट को 5 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटना का अर्थ 10÷ 5 से है जिसे भिन्न के रूप में $\frac{10}{5}$ दर्शित किया जाता है। 10÷ 5 =2 अब यदि 10 चाकलेट का 1 पत्ता में 1_1 चाकलेट अलग–अलग हो तो पत्ते के हिसाब से –



1 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{1}{10}$ वाँ हिस्सा   2 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{2}{10}$ वाँ हिस्सा

3 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{3}{10}$ वाँ हिस्सा   4 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{4}{10}$ वाँ हिस्सा

5 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{5}{10}$ वाँ हिस्सा   6 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{6}{10}$ वाँ हिस्सा

7 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{7}{10}$ वाँ हिस्सा   8 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{8}{10}$ वाँ हिस्सा

9 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{9}{10}$ वाँ हिस्सा   10 चाकलेट, पूरे एक चाकलेट पत्ते का $\frac{10}{10}$ वाँ हिस्सा

19-7 भिन्न के प्रकार

1• **सम भिन्न** जिस भिन्न का अंश मान हर मान से छोटा होता है, सम भिन्न कहलाता है। अर्थात यदि $\frac{a}{b}$ सम भ्भिन्न का उदाहरण है तो $a<b$ होगा । **जैसे** $-\frac{1}{2}, \frac{4}{9}, \frac{101}{200}$

2• **विषम भिन्न** जिस भिन्न का अंश मान हर मान से बड़ा होता है, विषम भिन्न कहलाता है। अर्थात यदि $\frac{a}{b}$ सम भिन्न का उदाहरण है तो $a>b$ होगा । **जैसे** $-\frac{5}{2}, \frac{13}{9}, \frac{377}{157}$

3• **मिश्र भिन्न** पाकृत संख्या एवं सम भिन्न के योग संक्रिया को बिना य्रोग संक्रिया संकेतन से दर्शित करना अथवा विषम भिन्न के अंश a को हर b द्वारा विभाजित करने से प्राप्त भागफल n जो एक पाकृत संख्या होगा, एवं शेषफल r जो कि हर b के सापेक्ष सम भिन्न $\frac{r}{b}$ होगा । तब n और $\frac{r}{b}$ को साथ $n\frac{r}{b}$ दर्शित करना, मिश्र भिन्न कहलाता है। जैसे- $\frac{13}{5}$ से $13 \div 5$ से भागफल 2 शेषफल 3 से विषम $\frac{13}{5}$ का मिश्र भिन्न प्रतिरूप $2\frac{3}{5}$ होगा और इसे पढ़ेंगे दो सही तीन बटा पाँच ।

मिश्र भिन्न को विषम भिन्न में बदलना मिश्र भिन्न $n\frac{r}{b} = \frac{n*b+r}{b}$ का हल विषम भिन्न होगा।

जैसे $2\frac{3}{5} = \frac{2*5+3}{5} = \frac{13}{5}$, $13\frac{7}{13} = \frac{13*13+7}{13} = \frac{176}{13}$, $17\frac{13}{19} = \frac{17*19+13}{19} = \frac{236}{19}$,

भिन्नों की तुलना भिन्नों की तुलना का अर्थ दो या दो से अधिक भिन्न में से किसी एक भिन्न के सापेक्ष अन्य भिन्न को छोटा, बराबर, या बड़ा दर्शित करना है।

19-8 भिन्नों के तुलना का नियम

(1) **हरों का तुल्यता नियम** यदि दिये भिन्नों के हर तुल्य (समान) हो तो हरों के बढ़ते क्रम के सापेक्ष भिन्नों को बढ़ते क्रम तथा हरों के घटते क्रम के सापेक्ष भिन्नों को घट़ते क्रम दर्शित किया जा सकता है।

जैसे $\frac{21}{25}, \frac{37}{25}, \frac{15}{25}$ के हर समान रूप से 25 है। अतः हरों के बढ़ते क्रम $15 < 21 < 37$ के सापेक्ष $\frac{15}{25} < \frac{21}{25} < \frac{37}{25}$ बढ़ते क्रम तथा हरों के घट़ते क्रम $35 > 21 > 15$ के सापेक्ष $\frac{15}{25} > \frac{21}{25} > \frac{37}{25}$ घटते क्रम में दर्शित होंगे।

(2) **अंशों का तुल्यता नियम** यदि दिये भिन्नों के अंश तुल्य (समान) हो तो हरों के बढ़ते क्रम के सापेक्ष भिन्नों को घट़ते क्रम तथा हरों के घटते क्रम के सापेक्ष भिन्नों को बढ़ते क्रम दर्शित किया जा सकता है।

जैसे $\frac{25}{21}, \frac{25}{37}, \frac{25}{15}$ के अंश समान रूप से 25 है। अतः हरों के बढ़ते क्रम $15 < 21 < 37$ के सापेक्ष $\frac{25}{15} > \frac{25}{21} > \frac{25}{37}$ बढ़ते क्रम तथा हरों के घट़ते क्रम $37 > 21 > 15$ के सापेक्ष $\frac{25}{37} < \frac{25}{21} < \frac{25}{15}$ घटते क्रम में दर्शित होंगे।

मानक भिन्न वह भिन्न जिसके हर और अंश दोनों का 1 (एक) के अतिरिक्त कोई उभयनिष्ठ यथार्थ भाजक न हो मानक भिन्न कहलाता है। अथवा महत्तम समापवर्तक के संदर्भ में वह भिन्न जिसके हर और अंष दोनों का महत्तम समापवर्तक 1 (एक) हो मानक भिन्न कहलाता है। **जैसे** $\frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{17}{5}, \frac{31}{38}$

मानक भिन्न का तुल्य भिन्न श्रृंखला यदि $\frac{a}{b}$ मानक भिन्न हो तो मानक भिन्न $\frac{a}{b}$ के तुल्य भिन्न श्रृंखला क्रम

$\frac{2*a}{2*b}=\frac{3*a}{3*b}=\frac{4*a}{4*b}=\frac{5*a}{5*b}---=\frac{n*a}{n*b}$ होंगे। किसी मानक भिन्न के तुल्य भिन्न की श्रृंखला अनन्त है।

जैसे $\frac{1}{2}$ का तुल्य भिन्न श्रृंखला क्रम $\frac{1}{2}=\frac{2}{4}=\frac{3}{6}=\frac{4}{8}=\frac{5}{10}=------=\frac{n}{2n}$

$\frac{5}{8}$ का तुल्य भिन्न श्रृंखला क्रम $\frac{5}{8}=\frac{10}{16}=\frac{15}{24}=\frac{20}{32}=\frac{25}{40}=------=\frac{5n}{8n}$

$\frac{7}{3}$ का तुल्य भिन्न श्रृंखला क्रम $\frac{7}{3}=\frac{14}{6}=\frac{21}{9}=\frac{28}{12}=\frac{35}{15}=------=\frac{7n}{3n}$

विभिन्न हर वालें दो भिन्नों के हर समान कर, उनकी तुलना करना तथा ,योग, एवं व्यवकलन की संक्रिया में महत्तम समापर्वक और में तिरछा (तिर्यक) गुणा विधि का अनुप्रयोग– उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट करना यथेष्ट होगा–

उदाहरण■– $\frac{7}{8}$ और $\frac{5}{6}$ के हरों को तुल्य कर दोनों भिन्नों की तुलना , योग एवं बड़े भिन्न में छोटे भिन्न का व्यवकलन कीजिए।

हल

2	8	6
	4	3
	7	5

प्रक्रम 1 $\frac{7}{8}$ और $\frac{5}{6}$ के हरों 8 और 6 का महत्तम समापवर्तक निकालने की संक्रिया कीजिए।

प्रक्रम 2 8 और 6 अंतिम अपवर्तक क्रमशः 4 और 3 के नीचे हरों के संगत अंश का दर्शित कीजिए ।

यथा 4 3

7 5

प्रक्रम 3 तुल्य–हर = महत्तम समापवर्तक*(अंतिम अपवर्तकों का गुणनफल) = 2*(4*3)=2*12 =24

प्रक्रम 4 इस तुल्य हर के प्रति अंश तिर्यक गुणा सूत्र द्वारा निम्नानुसार होगा।

$\frac{7}{8}=\frac{m_1}{24}$ हो तो $m_1 =$ 7 3 =7*3 =21

$\frac{5}{6}=\frac{m_2}{24}$ हो तो $m_2 =$ 4 5 = 4*5 =20

अतः $\frac{7}{8}=\frac{21}{24}$ तथा $\frac{5}{6}=\frac{20}{24}$ तुलना करने पर – $\frac{7}{8}>\frac{5}{6}$

योग करने पर $\frac{7}{8}+\frac{5}{6}=\frac{21}{24}+\frac{20}{24}=\frac{41}{24}=1\frac{17}{24}$

व्यवकलन करने पर $\frac{7}{8}-\frac{5}{6}=\frac{21}{24}-\frac{20}{24}=\frac{1}{24}=\frac{1}{24}$ होगा।

तुल्य सदृश्य भिन्न एवं इसका मानक भिन्न जिस भिन्न के अंश और हर दोनों का दो या दो से अधिक उभयनिष्ठ अपवर्तक होते है, वह भिन्न तुल्य सदृश्य भिन्न कहलाता है। जिसका मानक भिन्न प्राप्त करने के लिए इसके हर और अंश का महत्तम समापवर्तक द्वारा ही इन हर और अंश को विभाजित कीजिए। संगत भागफल ही तुल्य सदृश्य भिन्न का मानक भिन्न निरूपित वाले क्रमशः हर और अंश होंगे।

यथा तुल्य सदृश्य भिन्न $\frac{15}{20}$ का मानक भिन्न प्राप्त कीजिए –

हल 15 और 20 का महत्तम समापवर्त्य = 5

∴ तुल्य सदृष्य भिन्न $\frac{15}{20}$ का मानक भिन्न $=\frac{15\div5}{20\div5}=\frac{3}{4}$ होगा।

अथवा अंश और हर का उभयनिष्ठ अभाज्य संख्या भाजक विधि द्वारा महत्तम समापवर्त्य ज्ञात प्रक्रिया पूरा कीजिए।

यथा

	अंश	हर
5	15	20
	3	4

अंतिम प्राप्त अपवर्तक 3 और 4 ही क्रमशः मानक भिन्न के अंश और हर होंगे।

∴ तुल्य सदृश्य भिन्न $\frac{15}{20}$ का मानक भिन्न $=\frac{3}{4}$ होगा।

19-9 दो या दो से अधिक से अधिक दिये भिन्नों की तुलना,योग एवं व्यकलन की संयुक्त संक्रिया में महत्तम समापकवर्तक एवं (पंक्तिक एवं तिर्यक) गुणा विधि



का अनुप्रयोग उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट करना यथेष्ठ होगा–

उदाहरण■ $\frac{7}{8},\frac{5}{6},\frac{11}{16},\frac{13}{24}$ के हरों को तुल्य कर भिन्नों को घटते क्रम में दर्शित कीजिए और योग फल ज्ञात कीजिए।

हल

2	8	6	16	24
	4	3	8	12
	7	5	11	13

प्रक्रम 1 $\frac{7}{8},\frac{5}{6},\frac{11}{16},\frac{13}{24}$ के हरों 8,6,16,24 का महत्तम समापवर्तक निकालने की संक्रिया कीजिए।

प्रक्रम 2 हरों 8,6,16,24 के अंतिम अपवर्तक क्रमशः 4,3,8,12 के नीचे हरों के संगत अंश को दर्शित कीजिए।

यथा
4 3 8 12
7 5 11 13

प्रक्रम 3 तुल्य–हर = महत्तम समापवर्तक*(अंतिम अपवर्तकों का गुणनफल)
= 2*(4*3*8*12)=2*1152 =2304

प्रक्रम 4 इस तुल्य–हर के प्रति अंश तिर्यक गुणा सूत्र द्वारा निम्नानुसार होगा।

$\frac{7}{8}=\frac{m_1}{2304}$ के लिए m_1 = 4 3 8 12 = 7*3*8*12 = 2016
7 5 11 13

$\frac{5}{6}=\frac{m_2}{2304}$ के लिए m_2= 4 3 8 12 = 5*4*8*12 = 1920
7 5 11 13

$\frac{11}{16}=\frac{m_3}{24}$ के लिए m_3= 4 3 8 12 = 11*4*3*12 = 1584
7 5 11 13

$\frac{5}{6}=\frac{m_4}{24}$ के लिए m_3 = 4 3 8 12 = 13*8*3*4 = 1248
7 5 11 13

अतः तुलना करने पर घटते क्रम में– 2016 > 1920>1548> 1248 से $\frac{7}{8}>\frac{5}{6}>\frac{11}{16}>\frac{13}{24}$

योगफल $= \frac{7}{8}+\frac{5}{6}+\frac{11}{16}+\frac{13}{24} = \frac{2016}{2304}+\frac{1920}{2304}+\frac{1584}{2304}+\frac{1248}{2304} = \frac{6848}{2304} = \frac{6848\div144}{2304\div144} = \frac{47}{16} = 2\frac{15}{16}$ होगा।

हल लघुत्तम समापवर्त्य विधि उपरोक्त विधि दो भिन्न के तुलना, योग एवं अन्तर के लिए निश्चित रूप से सरल एवं आत्साती है। लेकिन अप्रतिबंधित हरों वाले 3 या 3 से अधिक भिन्नों के तुलना, योग एवं योग अंतर (घटाना) की संयुक्त संक्रिया के संदर्भ में लम्बी एवं जटिल प्रतीत होता है। फिर भी प्रासांगिक उपयोगिता से नकारा जाना यथेष्ठ नहीं होगा। इस प्रकार की उत्पन्न जटिलता को लघुत्तम समापवर्त्य विधि सरलता की ओर अग्रेषित करता है। विधि प्रक्रम निम्नानुसार है।–

प्रक्रम1 दिये हरों का न्यूनतम तुल्य–हर प्राप्त करना दिये हरों का लघुत्तम समाापवर्त्य ज्ञात कीजिए । यह प्राप्त लघुत्तम समाापवर्त्य ही दिये हरों का न्यूनतम तुल्य हर होगा।

प्रक्रम2 प्रक्रम 1 से प्राप्त न्यूनतम तुल्य हर के सापेक्ष भिन्नों का सापेक्ष–अंश प्राप्त करना प्रक्रम 1 से प्राप्त न्यूनतम तुल्य हर को संगत भिन्न के हर द्वारा भाग देकर भागफल प्राप्त कीजिए। इस प्राप्त भागफल का अंष से गुणा कीजिए । यह प्राप्त गुणनफल ही न्यूनतम तुल्य–हर के सापेक्ष भिन्न का सापेक्ष–अंश होगा।

अर्थात तुल्य हर के सापेक्ष भिन्न का सापेक्ष–अंश = अंश * (तुल्य हर ÷ हर)

प्रक्रम3 प्रश्नानुसार दिये भिन्नों की तुलना , योग एवं योग व्यकलन की संयुक्त संक्रिया प्राप्त सापेक्ष–अंश पर ही कीजिए। इन समस्त प्रश्नों के हल में अभीष्ट हर तुल्य–हर ही होगा।

उपरोक्त उदाहरण का हल के लिए

2	8	6	16	24

2	4	3	8	12
2	2	3	4	6
3	1	3	2	3
	1	1	2	1

प्रक्रम 1 $\frac{7}{8}, \frac{5}{6}, \frac{11}{16}, \frac{13}{24}$ के हरों 8,6,16,24 का लघुत्तम समापवर्त्य निकालने की संक्रिया कीजिए।

हरों का न्यूनतम तुल्य–हर = लघुत्तम समापवर्त्य = 2*2*2*3*2=48 होगा।

प्रक्रम 2 तुल्य–हर 48 के सापेक्ष दिये भिन्न के सापेक्ष–अंश = अंश * (तुल्य हर ÷ हर) से– $\frac{7}{8} = \frac{7*(48 \div 8)}{48} = \frac{7*6}{48} = \frac{42}{48}$, $\frac{5}{6} = \frac{5*(48 \div 6)}{48} = \frac{5*8}{48} = \frac{40}{48}$,
$\frac{11}{16} = \frac{11*(48 \div 16)}{48} = \frac{11*3}{48} = \frac{33}{48}$, $\frac{13}{24} = \frac{13*(48 \div 16)}{48} = \frac{13*2}{48} = \frac{26}{48}$, से भिन्नों की तुलना
$\frac{42}{48} > \frac{40}{48} > \frac{33}{48} > \frac{26}{48}$ है। अतः $\frac{7}{8} > \frac{5}{6} > \frac{11}{16} > \frac{13}{24}$ होगा।

अथवा - $\frac{\cancel{3}}{\underset{1}{\cancel{4}}} * \frac{\cancel{8}}{\underset{5}{\cancel{15}}} = \frac{1*2}{1*5} = \frac{2}{5}$ $\frac{3}{4}$ का अंश 3 और $\frac{8}{15}$ का हर 15 को इनके उभयनिष्ठ अपवर्तक 3 8 से कटाने पर क्रमशः कटान मान 1 और 5 एवं $\frac{3}{4}$ का हर 4 और $\frac{8}{15}$ का अंश को इनके उभयनिष्ठ अपवर्तक 4 से कटाने पर क्रमशः कटान मान 1 और 2 दर्शित करने पर।

उदाहरण■ $\frac{34}{15} * \frac{10}{51} * \frac{6}{5} = \frac{34*10*6}{15*51*5} = \frac{2040}{3825} = \frac{2040 \div 255}{3825 \div 255} = \frac{8}{15}$ $\frac{2040}{3825}$ तुल्य सदृश्य भिन्न है जिसके अंश 2040 और हर 3875 को इनके महत्तम समापवर्तक 255 द्वारा विभाजित कर मानक भिन्न $\frac{8}{15}$ किया गया है।

अथवा $\frac{34}{15} * \frac{10}{51} * \frac{6}{5} = \frac{2*17}{3*5} * \frac{2*5}{3*17} * \frac{2*3}{5} = \frac{2*2*2}{3*5} = \frac{8}{15}$ अशों एवं हरों के उभयनिष्ठ गुणनखण्डों को हटाने पर।

अथवा $\frac{34}{15} * \frac{10}{51} * \frac{6}{5} = \frac{34 \div 17}{15 \div 5} * \frac{10 \div 5}{51 \div 17} * \frac{6}{5} = \frac{2}{3 \div 3} * \frac{2}{3} * \frac{6 \div 3}{5} = \frac{2}{1} * \frac{2}{3} * \frac{2}{5} = \frac{2*2*2}{1*3*5} = \frac{8}{15}$

अंशों एवं हरों को उनके उभयनिष्ठ अपवर्तक के द्वारा विभाजित करने पर ।

$\frac{\overset{2}{\cancel{34}}}{\underset{\underset{1}{\cancel{3}}}{\cancel{15}}} * \frac{\overset{2}{\cancel{10}}}{\underset{3}{\cancel{51}}} * \frac{\overset{2}{\cancel{6}}}{5} = \frac{2*2*2}{1*3*5} = \frac{8}{15}$

$\frac{34}{15}$ का अंश 34 और $\frac{10}{51}$ का हर 51 को इनके उभयनिष्ठ अपवर्तक 17 से कटाने पर क्रमशः कटान मान 2 और 3 एवं $\frac{34}{15}$ का हर 15 और $\frac{10}{51}$ का अंश 10 को इनके उभयनिष्ठ अपवर्तक 5 से कटाने पर क्रमशः कटान मान 2 और 3 दर्शित करने पर, पुनः $\frac{34}{15}$ के अंश 15 का कटान मान 3 और $\frac{6}{5}$ के अंश 6 को इनके उभयनिष्ठ अपवर्तक 3 से कटाने पर क्रमशः कटान मान 1 और 2 दर्शित करने पर।
इस प्रकार कटान को और भी विभिन्न स्वरूपों में दर्शित किया जा सकता है। जो निम्नानुसार है
।

$\frac{\overset{2}{34}}{\underset{3}{\cancel{15}}} * \frac{\overset{2}{10}}{\underset{\underset{1}{\cancel{3}}}{\cancel{51}}} * \frac{\overset{2}{6}}{5} = \frac{2*2*2}{3*1*5} = \frac{8}{15}$

$\frac{\overset{2}{34}}{15} * \frac{\overset{2}{10}}{\underset{\underset{1}{\cancel{3}}}{\cancel{51}}} * \frac{\overset{2}{6}}{\underset{1}{\cancel{5}}} = \frac{2*2*2}{3*1*5} = \frac{8}{15}$

विवेचना उपरोक्त गुणन संक्रिया के अवलोकन से स्पष्ट है कि– सभी विधियाँ अपने आप में उपयोगी है। उभयनिष्ठ गुणनखण्ड हटाने की विधि कुछ लम्बी अवश्य है लेकिन सरल और सुग्राह्य है। वर्तमान गणित में प्रचलित अंश और हर को उनके उभयनिष्ठ अपवर्तकों द्वारा सीधे कटान मान प्राप्त करने की विधि छोटी तो है लेकिन सीखने सिखाने में कठिनाई को इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः पूर्वाध्ययन को जागृत करते हुए सभी विधियों का अभ्यास क्रम से उभयनिष्ठ अपवर्तकों द्वारा सीधे कटान मान प्राप्त करने की विधि को अपने आप सरलता से आत्मसात करने अग्रसर होते पायेंगे।

गुणन प्रतिलोम भिन्न ऐसी दो भिन्न जिनका गुणनफल एक हो एक–दूसरे के गुणन प्रतिलोम भिन्न होते है।
किसी भिन्न का गुणन प्रतिलोम भिन्न उस भिन्न के हर को अंश और अंश को हर दर्शित करने से प्राप्त भिन्न होगा।

$\frac{a}{b} \xleftrightarrow{\text{गुणन प्रतिलोम}} \frac{b}{a}$ $\frac{5}{11} \xleftrightarrow{\text{गुणन प्रतिलोम}} \frac{11}{5}$

संख्या x का भिन्न निरूपण $\frac{x}{1}$ है। अतः संख्या $x \xleftrightarrow{\text{गुणन प्रतिलोम}} \frac{1}{x}$

$5 \xleftrightarrow{\text{गुणन प्रतिलोम}} \frac{1}{5}$ $\quad 11 \xleftrightarrow{\text{गुणन प्रतिलोम}} \frac{1}{11}$ होगा।

भिन्न भाग संक्रिया भिन्न भाग संक्रिया को भिन्न गुणन संक्रिया में बदले जिसके लिए भाग का गुणा एवं भाजक का गुणन प्रतिलोम दर्शित कीजिए। यथा– $\frac{a}{b} \div \frac{c}{d} = \frac{a}{b} * \frac{d}{c}$ गुणन संक्रिया विधि का अनु प्रयोग कर गुणनफल प्राप्त कीजिए। यह प्राप्त ग्रणनफल ही अभीष्ट भागफल होगा।

जैसे $\frac{5}{12} \div \frac{4}{3} = \frac{5}{\cancel{12}_{4}} * \frac{\cancel{3}^{1}}{4} = \frac{5*1}{4*4} = \frac{5}{16}$ अभीष्ट भागफल होगा।

$\frac{45}{56} \div \frac{12}{7} = \frac{\cancel{45}^{15}}{\cancel{56}_{8}} * \frac{\cancel{7}^{1}}{\cancel{12}_{4}} = \frac{15*1}{8*4} = \frac{15}{32}$ अभीष्ट भागफल होगा ।

गुणा भाग की सरल संयुक्त संक्रिया गुणा भाग की सरल संयुक्त संक्रिया में भाग को गुणा चिन्हांकित कर भाग चिन्ह के दाँयी ओर की भिन्न का गुणन प्रतिलोम दर्शित कर गुणा भाग की सरल संयुक्त संक्रिया को सरल गुणन संक्रिया मे प्राप्त कीजिए। यथा

1 $\frac{a}{b} \div \frac{c}{d} * \frac{e}{f} = \frac{a}{b} * \frac{d}{c} * \frac{e}{f}$ 2 $\frac{a}{b} * \frac{c}{d} \div \frac{e}{f} = \frac{a}{b} * \frac{c}{d} * \frac{f}{e}$ 3 $\frac{a}{b} \div \frac{c}{d} \div \frac{e}{f} = \frac{a}{b} \div \frac{c}{d} * \frac{f}{e} = \frac{a}{b} * \frac{d}{c} * \frac{f}{e}$

उदाहरण■ 1• $\frac{34}{15} \div \frac{17}{25} * \frac{6}{5} = \frac{34}{15} * \frac{25}{17} * \frac{6}{5} = \frac{2*17}{3*5} * \frac{5*5}{17} * \frac{2*3}{5} = \frac{2*2}{3} = \frac{4}{3} = 1\frac{1}{3}$

2• $\frac{34}{15} * \frac{17}{25} \div \frac{6}{5} = \frac{34}{15} * \frac{17}{25} * \frac{5}{6} = \frac{2*17}{3*5} * \frac{17}{25} * \frac{5}{2*3} = \frac{17*17}{3*25*3} = \frac{289}{225} = 1\frac{64}{225}$

3• $\frac{34}{15} \div \frac{17}{25} \div \frac{6}{5} = \frac{34}{15} * \frac{25}{17} * \frac{5}{6} = \frac{2*17}{3*5} * \frac{25}{17} * \frac{5}{2*3} = \frac{25}{3*3} = \frac{25}{9} = 2\frac{7}{9}$

19-10 दो भिन्नों के बीच मूलभूत संक्रियाओं का ग्राफ चित्र प्रदर्शन

योग एवं व्यवकलन संक्रिया $\frac{a}{b} \pm \frac{c}{d}$ के लिए 1• तुल्य–हर = हर b और d लधुत्तम समापवर्त्य L प्राप्त कीजिए।

2• तुल्य हर L के सापेक्ष $\frac{a}{b} = \frac{a*(L\div b)}{L} = \frac{p}{L}$ और $\frac{c}{d} = \frac{c*(L\div d)}{L} = \frac{q}{L}$ प्राप्त कीजिए।

3• एक इकाई मान को L खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $= \frac{1}{L}$ इकाई मान पर p खण्ड की रचना कर $\frac{a}{b} = \frac{p}{L}$ और q खण्ड की रचना कर $\frac{c}{d} = \frac{q}{L}$ के लिए: अलग– अलग ग्राफ चित्र रचना कीजिए।

4• इन रचना चित्र का योग मान चित्र $\frac{a}{b} + \frac{c}{d} = \frac{p}{L} + \frac{q}{L} = \frac{p+q}{L} = \frac{r}{L}$ के लिए एक खण्ड $= \frac{1}{L}$ इकाई मान पर ही r खण्ड की रचना कर अभीष्ट योग प्राप्त कीजिए। एवं $\frac{a}{b} - \frac{c}{d} = \frac{p}{L} - \frac{q}{L} = \frac{p-q}{L} = \frac{k}{L}$ के लिए एक खण्ड $= \frac{1}{L}$ इकाई मान पर ही k खण्ड की रचना कर अभीष्ट व्यवकलन चित्र रचना कीजिए।

उदाहरण■ $\frac{3}{4} + \frac{1}{6}$ के लिए 1• तुल्य हर = हर 4 और 6 लधुत्तम समापवर्त्य 12 प्राप्त कीजिए।

2• तुल्य हर 12 के सापेक्ष $\frac{3}{4} = \frac{3*(12\div 4)}{12} = \frac{9}{12}$ और $\frac{1}{6} = \frac{1*(12\div 6)}{12} = \frac{2}{12}$ प्राप्त कीजिए।3

3• एक इकाई मान को 12 खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $= \frac{1}{12}$ इकाई मान पर 9 खण्ड की रचना कर $\frac{3}{4} = \frac{9}{12}$ और 2 खण्ड की रचना कर $\frac{1}{6} = \frac{2}{12}$ के लिए: अलग– अलग ग्राफ चित्र रचना कीजिए। **यथा**

1• $\frac{3}{4} = \frac{9}{12}$ का ग्राफ चित्र

2• $\frac{1}{6} = \frac{2}{12}$ का ग्राफ चित्र



3• इन रचना चित्र का योग मान चित्र

$\frac{3}{4}+\frac{1}{6}=\frac{9}{12}+\frac{2}{12}=\frac{9+2}{12}=\frac{11}{12}$



=



अभीष्ट व्यकलन मान चि़त्रण होगा।

उदाहरण■ $\frac{5}{2}+\frac{1}{4}$ के लिए

1• तुल्यहर = हर 2 और 4 लधुत्तम समापवर्त्य 4 प्राप्त कीजिए।

2• तुल्य हर 4 के सापेक्ष $\frac{5}{2}=\frac{5*(4\div2)}{4}=\frac{10}{4}$ और $\frac{1}{4}=\frac{1*(4\div4)}{4}=\frac{1}{4}$ प्राप्त कीजिए।

3• एक इकाई मान का 4 खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $=\frac{1}{4}$ इकाई मान पर 10 खण्ड की रचना कर $\frac{5}{2}=\frac{10}{4}$ और 1 खण्ड की रचना कर $\frac{1}{4}=\frac{1}{4}$ के लिए: अलग– अलग ग्राफ चित्र रचना कीजिए। **यथा**

1• $\frac{5}{2}=2\frac{1}{2}=\frac{10}{4}=2\frac{2}{4}$ का ग्राफ चित्र



2• $\frac{1}{4}$ का ग्राफ चित्र



3 • इन रचना चित्र का योग मान चित्र

$\frac{5}{2}+\frac{1}{4}=\frac{10}{4}+\frac{1}{4}=\frac{11}{4}=2\frac{3}{4}$



=



अभीष्ट योगमान चि़त्रण होगा। एवं इन रचना चित्र का व्यवकलन मान चित्र

$\frac{5}{2}-\frac{1}{4}=\frac{10}{4}-\frac{1}{4}=\frac{9}{4}=2\frac{1}{4}$



=



अभीष्ट व्यकलन मान चि़त्रण होगा।

गुणा संक्रिया $\frac{a}{b}*\frac{c}{d}$ के लिए **1•** तुल्यहर = हर b और d लधुत्तम समापवर्त्य L प्राप्त कीजिए।

2• तुल्य हर L के सापेक्ष $\frac{a}{b}=\frac{a*(L\div b)}{L}=\frac{p}{L}$ और $\frac{c}{d}=\frac{c*(L\div d)}{L}=\frac{q}{L}$ प्राप्त कीजिए।

3• एक इकाई मान का L खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $=\frac{1}{L}$ इकाई मान पर p खण्ड की रचना कर $\frac{a}{b}=\frac{p}{L}$ और q खण्ड की रचना कर $\frac{c}{d}=\frac{q}{L}$ के लिए: अलग– अलग ग्राफ चित्र प्राप्त कीजिए।

4• प्रक्रम 3 से प्राप्त ग्राफ चित्रों को क्रमशः L*L के वर्गाकार ग्राफ में क्रमशः c_1r_1 से c_pr_1 तक क्षैतिज और c_1r_1 से c_1r_p तक स्तम्भिक दर्शित कीजिए।

5• L*L के वर्गाकार ग्राफ में बनी आकृति वर्ग/आयत $c_pr_1, c_1r_1,\ c_1r_p, c_pr_p$ का आच्छादित अन्तः भाग ही एक वर्ग इकाईमान L*L केसापेक्ष $\frac{a}{b}*\frac{c}{d}=\frac{p}{L}*\frac{q}{L}$ का दर्शित करता है।

जैसे 1■ $\frac{3}{4}*\frac{5}{6}$ के लिए **1•** तुल्यहर = हर 4 और 6 लधुत्तम समापवर्त्य 12 प्राप्त कीजिए।

2• तुल्य हर 12 के सापेक्ष $\frac{3}{4}=\frac{3*(12\div4)}{12}=\frac{9}{12}$ और $\frac{5}{6}=\frac{5*(12\div6)}{12}=\frac{10}{12}$ प्राप्त कीजिए। **यथा**



$\frac{3}{4}=\frac{9}{12}$ इकाई का ग्राफ चित्र–



$\frac{5}{6}=\frac{10}{12}$ इकाई का ग्राफ चित्र–



अभीष्ट गुणनफल चि़त्रण होगा।

अतः $\frac{3}{4}*\frac{5}{6}$ का ग्राफ चित्र प्रदर्शन– एक इकाई वर्ग में भागों की कुल संख्या $=12*12=144$ के सापेक्ष $c_pr_1, c_1r_1,\ c_1r_p, c_pr_p$ के अन्तः आच्छदित भागों की संख्यात्र $9*10=90$

$\frac{90}{144}=\frac{90\div18}{144\div18}=\frac{5}{8}$ वर्ग इकाई है। जो कि $\frac{3}{4}*\frac{5}{6}=\frac{3}{4}*\frac{5}{2*3}=\frac{5}{4*2}=\frac{5}{8}$ (गुणनफल) के बराबर है।

2■ $\frac{3}{2}*\frac{6}{5}$ के लिए **1•** तुल्यहर = हर 2 और 5 लधुत्तम समापवर्त्य 10 प्राप्त कीजिए।

2• तुल्य हर 10 के सापेक्ष $\frac{3}{2}=\frac{3*(10\div2)}{12}=\frac{15}{10}=1\frac{5}{10}$और $\frac{6}{5}=\frac{6*(10\div5)}{10}=\frac{12}{10}=1\frac{2}{10}$ प्राप्त कीजिए।

यथा $\frac{3}{2}=\frac{15}{10}=1\frac{5}{10}$ इकाई का ग्राफ चित्र––एक इकाई मान ग्राफ का 10 खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $=\frac{1}{10}$ इकाई मान ग्राफ पर 15 खण्ड को छायांकित कर $\frac{3}{2}=\frac{15}{10}$ के लिए: अलग ग्राफ चित्र प्राप्त कीजिए। जो 1इकाई =10 बाद दूसरे इकाई के 1= 20 में $15-1*10=5$ खण्ड तक में निहित होगा।



इसी प्रकार $\frac{6}{5} = \frac{12}{10} = 1\frac{2}{10}$ के लिए: अलग ग्राफ चित्र प्राप्त कीजिए। जो 1इकाई =10 बाद दूसरे इकाई के 1= 20 में $12 - 1 * 10 = 2$ खण्ड तक में निहित होगा।



अतः $\frac{3}{2} * \frac{6}{5}$ का ग्राफ चित्र प्रदर्शन– चूँकि गुण्य $\frac{3}{2} = 1\frac{1}{2} = \frac{15}{10}$ का अंश 15 1इकाई खण्ड =10 से अधिक और 2 इकाई खण्ड =20 से कम है । इसी प्रकार गुणक $\frac{6}{5} = 1\frac{2}{10} = \frac{12}{10}$ का अंश 12 1इकाई खण्ड =10 से अधिक और 2 इकाई खण्ड =20 से कम है । अतः प्रक्रम 3 से प्राप्त ग्राफ चित्र को 2इकाई * 2इकाई केलिए 20*20 के वर्गाकार ग्राफ में गुण्य एवं गुणक क्रमशः c_1r_1 से $c_{15}r_1$ तक क्षैतिज एवं c_1r_1 से c_1r_{12} तक स्तम्भिक दर्शित कीजिए।

एक इकाई वर्ग में भागों की कुल संख्या $= 10*10 = 100$ के सापेक्ष

$c_pr_1, c_1r_1, c_1r_p, c_pr_p$ के अन्तः आच्छदित भागों की संख्या $= 15*12 = 180$

$\frac{180}{100} = \frac{180 \div 20}{100 \div 20} = \frac{9}{5}$ वर्ग इकाई है। जो कि $\frac{3}{2} * \frac{6}{5} = \frac{3}{2} * \frac{3*2}{5} = \frac{3*3}{5} = \frac{9}{5}$ (गुणनफल) के बराबर है।



भाग संक्रिया $\frac{a}{b} \div \frac{c}{d}$ के लिए माना कि $\frac{a}{b} \div \frac{c}{d}$ द्वारा प्राप्त अभीष्ट भागफल $\frac{m}{n}$ है। तब–

1• तुल्यहर = भाज्य भिन्न का हर b सहित भाजक भिन्न के अंश c एवं हर d तीनों का लघुत्तम समापवर्त्य L प्राप्त कीजिए।

2• तुल्य हर L के सापेक्ष भाजक $\frac{c}{d} = \frac{c*(L \div d)}{L} = \frac{p}{L}$ प्राप्त कीजिए।

3• एक इकाई मान को L खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $= \frac{1}{L}$ इकाई मान पर p खण्ड की रचना कर $\frac{c}{d} = \frac{p}{L}$ के लिए: अलग ग्राफ चित्र प्राप्त कीजिए।

4 • प्रक्रम 3 से प्राप्त ग्राफ चित्र को L*L के वर्गाकार ग्राफ में क्रमशः c_1r_1 से c_pr_1 तक क्षैतिज दर्शित कीजिए।

5• L*L के लिए $\frac{1}{L^2}$ इकाई मान पर $(\frac{a*L^2}{b})$ ग्राफ खानों की संख्या मान आयत/वर्ग चित्र में दर्शित होगा। जिसका क्षैतिज मान प्रक्रम 4 के अनुसार c_1r_1 से c_pr_1 तक दर्शित होगा। और स्तम्भिक मान c_1r_1 से c_1r_q तक दर्शित होने पर $q = (\frac{a*L^2}{b}) \div p$ होगा।

6• L*L के वर्गाकार ग्राफ में $\frac{1}{L^2}$ इकाई मान के L^2 संख्या मान पर ग्राफ खाने प्राप्त होंगा । तब L*L के वर्गाकार ग्राफ में भाज्य $\frac{a}{b} \div \frac{c}{d}$ के प्रति

अभीष्ट भागफल $\frac{m}{n} = \frac{q}{L}$ का चित्रांकन $c_1 r_1$ से $c_1 r_q$ तक दर्शित होगा। जिसें अलग से दर्शित किया जा सकता है।

जैसे 1■ $\frac{1}{2} \div \frac{3}{4}$ के लिए

माना कि $\frac{1}{2} \div \frac{3}{4}$ द्वारा प्राप्त अभीष्ट भागफल $\frac{m}{n}$ है। तब–

1• तुल्यहर = भाज्य भिन्न का हर 2 सहित भाजक भिन्न के अंश 3 एवं हर 4 तीनों का लधुत्तम समापवर्त्य 12 प्राप्त कीजिए।

2.• तुल्य हर 12 के सापेक्ष भाजक $\frac{3}{4} = \frac{3*(12\div4)}{12} = \frac{9}{12}$ प्राप्त कीजिए।

3• -एक इकाई मान का 12 खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $= \frac{1}{12}$ इकाई मान पर 9 खण्ड को छायांकित कर $\frac{3}{4} = \frac{9}{12}$ के लिएः अलग ग्राफ चित्र प्राप्त कीजिए।यथा–



4• प्रक्रम 3 से प्राप्त ग्राफ चित्र को 12*12 के वर्गाकार ग्राफ में क्रमशः $c_1 r_1$ से $c_9 r_1$ तक क्षैतिज दर्शित कीजिए।

5• 12*12 के वर्गाकार ग्राफ में $\frac{1}{12^2} = \frac{1}{144}$ इकाई वर्ग मान के 144 संख्या मान पर ग्राफ खाने प्राप्त होंगा ।

तब 12*12 के वर्गाकार ग्राफ में भाज्य $\frac{1}{2}$ के लिए $\frac{1}{L^2} = \frac{1}{12^2}$ इकाईवर्ग मान पर $(\frac{1*12^2}{2} = 72)$ ग्राफ खानों की संख्या मान आयत/वर्ग चित्र में दर्शित होगा। जिसका क्षैतिज मान प्रक्रम 4 के अनुसार $c_1 r_1$ से $c_9 r_1$ तक दर्शित होगा। और स्तम्भिक मान $c_1 r_1$ से $c_1 r_q$ तक दर्शित होने पर $q = (\frac{a*L^2}{b}) \div p = \frac{1*12^2}{2} \div 9 = 72 \div 9 = 8$ होगा।



6• अभीष्ट भागफल $\frac{m}{n} = \frac{q}{L} = \frac{8}{12} = \frac{2}{3}$ का चित्रांकन $c_1 r_1$ से $c_1 r_8$ तक दर्शित होगा। जिसें अलग से दर्शित किया जा सकता है। यथा–



अभीष्ट भागफल चि्रत्रण होगा।

जैसे 2 ■ $\frac{3}{2} \div \frac{5}{4}$ के लिए

माना कि $\frac{3}{2} \div \frac{5}{4}$ द्वारा प्राप्त अभीष्ट भागफल $\frac{m}{n}$ है। तब–

1• तुल्यहर = भाज्य भिन्न का हर 2 सहित भाजक भिन्न के अंश 5 एवं हर 4 तीनों का लधुत्तम समापवर्त्य 20 प्राप्त कीजिए।

2•. तुल्य हर 20 के सापेक्ष भाजक $\frac{5}{4} = \frac{5*(20\div4)}{20} = \frac{25}{20}$ प्राप्त कीजिए।

3• एक इकाई मान का 20 खण्डों में विभाजन कीजिए। तब एक खण्ड $=\frac{1}{20}$ इकाई मान पर 25 खण्ड को छायांकित कर $\frac{5}{4}=\frac{25}{20}$ के लिए: अलग ग्राफ चित्र प्राप्त कीजिए।यथा–



4• चूँकि भाजक $\frac{3}{2}=1\frac{1}{2}=\frac{3(20\div2)}{20}=\frac{30}{20}$ का अंश 30 1इकाई खण्ड =20 से अधिक और 2 इकाई खण्ड =40 से कम है अतः प्रक्रम 3 से प्राप्त ग्राफ चित्र को 2इकाई* 2इकाई केलिए 40*40 के वर्गाकार ग्राफ में क्रमशः c_1r_1 से $c_{25}r_1$ तक क्षैतिज दर्शित कीजिए।

5• 20*20 के वर्गाकार ग्राफ में $\frac{1}{20^2}=\frac{1}{400}$ इकाई वर्ग मान के 400 संख्या मान पर ग्राफ खाने प्राप्त होंगा । तब 40*40 के वर्गाकार r_1 ग्राफ में भाज्य$\frac{3}{2}$ के लिए $\frac{1}{20^2}$ इकाईवर्ग मान पर (;$\frac{3*20^2}{2}=600$) ग्राफ खानों की संख्या मान आयत/वर्ग चित्र में दर्शित होगा। जिसका क्षैतिज मान प्रक्रम 4 के अनुसार c_1r_1 से $c_{25}r_1$ तक दर्शित होगा। और स्तम्भिक मान c_1r_1 से c_1r_q तक दर्शित होने पर q= 600÷ 25 = 24 होगा।



6• अभीष्ट भागफल $\frac{m}{n}=\frac{q}{L}=\frac{24}{20}=\frac{6}{5}=1\frac{1}{5}$ का चित्रांकन c_1r_1 से c_1r_{24} के लिए $\frac{24}{20}$ मान दर्शित होगा। जिसें अलग से दर्शित किया जा सकता है। यथा–



ध्यानाकर्षण – 1• $\frac{0}{x}=0$ 2• $\frac{x}{0}=\infty$ (अनन्त) 3 • $\frac{\frac{a}{b}}{\frac{c}{d}}=\frac{a*d}{b*c}$ **जैसे** $\frac{\frac{11}{15}}{\frac{55}{3}}=\frac{11*3}{15*55}$ **4•** $\frac{a}{\frac{b}{c}}=\frac{a*c}{b}$ **जैसे** $\frac{3}{\frac{5}{7}}=\frac{3*7}{5}$ 5• $\frac{\frac{a}{b}}{c}=\frac{a}{b*c}$ **जैसे** $\frac{\frac{3}{5}}{7}=\frac{3}{5*7}$ 6• दो पूर्णांकों के बीच स्थित पूर्णांको की संख्या सीमित होती है, जबकि दो भिन्नों के बीच स्थित भिन्नों की संख्या असीमित रूपा से विस्तारित किया जा सकता है।

19-11 दो भिन्नों के बीच स्थित भिन्नों की संख्या

(A) समान हर वाले दो भिन्नों के बीच स्थित भिन्नों की संख्या

1■ समान हर वाले दो भिन्न के बीच स्थापना की दृष्टि से

$\frac{a}{r}$ और $\frac{b}{r}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n={ | a – b| – 1} होगा।

जो (a<b) के लिए क्रमशः $\frac{a+1}{r},\frac{a+2}{r},\frac{a+3}{r},-----\frac{a+(n-2)}{r},\frac{a+(n-1)}{r},\frac{a+n}{r}$

अथवा $\frac{b-n}{r},\frac{b-(n-1)}{r},\frac{b-(n-2)}{r},-----\frac{b-3}{r},\frac{b-2}{r},\frac{b-1}{r}$ तथा

(a>b) के लिए क्रमशः $\frac{a-1}{r},\frac{a-2}{r},\frac{a-3}{r},-----\frac{a-(n-2)}{r},\frac{a-(n-1)}{r},\frac{a-n}{r}$

अथवा $\frac{b+n}{r},\frac{b+(n-1)}{r},\frac{b+(n-2)}{r},-----\frac{b+3}{r},\frac{b+2}{r},\frac{b+1}{r}$ होगा।

2■ व्यापक विस्तार में स्थापना की दृष्टि से $\frac{a}{r}=\frac{a*y}{r*y}$ और $\frac{b}{r}=\frac{b*y}{r*y}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= {$y*$ | a – b| – 1} होगा। y के बढते मानों के लिए $\frac{a}{r}$ और $\frac{b}{r}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n का मान भी बढ़ता जायेगा।

जो (a<b) के लिए क्रमशः $\frac{a*y+1}{r},\frac{a*y+2}{r},\frac{a*y+3}{r},-----\frac{a*y+(n-2)}{r},\frac{a*y+(n-1)}{r},\frac{a*y+n}{r}$

अथवा $\frac{b*y-n}{r},\frac{b*y-(n-1)}{r},\frac{b*y-(n-2)}{r},-----\frac{b*y-3}{r},\frac{b*y-2}{r},\frac{b*y-1}{r}$ तथा

(a>b) के लिए क्रमशः $\frac{a*y-1}{r},\frac{a*y-2}{r},\frac{a*y-3}{r},-----\frac{a*y-(n-2)}{r},\frac{a*y-(n-1)}{r},\frac{a*y-n}{r}$

अथवा $\frac{b*y+n}{r},\frac{b*y+(n-1)}{r},\frac{b*y+(n-2)}{r},-----\frac{b*y+3}{r},\frac{b*y+2}{r},\frac{b*y+1}{r}$ होगा।

3■ n समांतर भिन्नों की स्थापना की दृष्टि से (a<b) के लिए $\frac{a}{r}$ और $\frac{b}{r}$ के बीच n समांतर भिन्नों की स्थापना–

किसी समांतर श्रेढ़ी अध्ययन के अनुसार यदि श्रेढ़ी का प्रथम पद =a, सर्वान्तर या पदान्तर=d हो तो –

समांतर श्रेढ़ी n वाँ पद = a+(n-1)*d होता है। के शब्दों में भिन्नात्मक समांतर श्रेढ़ी के लिए–

यदि श्रेढ़ी का प्रथम पद $=\frac{a}{r}$, सर्वान्तर या पदान्तर=d हो तो –

समांतर श्रेढ़ी (n+2) वाँ पद $=\frac{b}{r}=\frac{a}{r}+(n+1)*d$ होगा। सें $d=\frac{b-a}{(n+1)*r}$ होगा।

अतः $\frac{a}{r}$ और $\frac{b}{r}$ के बीच n समांतर की भिन्नों की स्थापना (a<b) के प्रति क्रमषः–

$$\left\{\frac{a(n+1)+(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+2(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+3(b-a)}{r(n+1)}\right\}----------$$

$$\left\{\frac{a(n+1)+(n-2)(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+(n-1)(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+n(b-a)}{r(n+1)}\right\}$$ तथा

(a>b) के प्रति क्रमशः–

$$\left\{\frac{a(n+1)-(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-2(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-3(a-b)}{r(n+1)}\right\}----------$$

$$\left\{\frac{a(n+1)-(n-2)(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-(n-1)(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-n(a-b)}{r(n+1)}\right\}$$ होगा।

उदाहरण 1■ $\frac{2}{11}$ और $\frac{9}{11}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 2 − 9| − 1 = 7 − 1 = 6 होगा।

जो क्रमशः $\frac{3}{11},\frac{4}{11},\frac{5}{11},\frac{6}{11},\frac{7}{11},\frac{8}{11}$ होगा

1• व्यापक विस्तार की दृष्टि से $\frac{2}{11}=\frac{2*2}{11*2}=\frac{4}{22}$ और $\frac{9}{11}=\frac{9*2}{11*2}=\frac{18}{22}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 4 − 18| − 1 =14 −1 =13 होगा।

जो क्रमशः $\frac{5}{22},\frac{6}{22},\frac{7}{22},\frac{8}{22},\frac{9}{22},\frac{10}{22},\frac{11}{22},\frac{12}{22},\frac{13}{22},\frac{14}{22},\frac{15}{22},\frac{16}{22},\frac{17}{22}$ होगा।

2• समान हर वाले दो भिन्न $\frac{2}{11}=\frac{2*3}{11*3}=\frac{6}{33}$ और $\frac{9}{11}=\frac{9*3}{11*3}=\frac{27}{33}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 6 − 27| − 1 =21 −1 =20 होगा।

जो क्रमशः $\frac{7}{33},\frac{8}{33},\frac{9}{33},\frac{10}{33},\frac{11}{33},\frac{12}{33},\frac{13}{33},\frac{14}{33},\frac{15}{33},\frac{16}{33},\frac{17}{33},\frac{18}{33},\frac{19}{33},\frac{20}{33},\frac{21}{33},\frac{22}{33},\frac{23}{33},\frac{24}{33},\frac{25}{33},\frac{26}{33}$ होगा।

3• n समांतर भिन्नों की स्थापना की दृष्टि से $\frac{2}{11}$ और $\frac{9}{11}$ के बीच 7 समांतर भिन्न की स्थापना–

$\frac{2}{11}$ और $\frac{9}{11}$ के बीच 7 समांतर भिन्न की स्थापना के लिए $\frac{a}{r}$ और $\frac{b}{r}$ के बीच n समांतर की भिन्नों की स्थापना–क्रमशः

$$\left\{\frac{a(n+1)+(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+2(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+3(b-a)}{r(n+1)}\right\} - - - - - - - - - - --$$

$$\left\{\frac{a(n+1)+(n-2)(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+(n-1)(b-a)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)+n(b-a)}{r(n+1)}\right\}$$ में

a=2, b=9 n=7 और r=11 से a*(n+1) = 2*(7+1) =16, r*(n+1) =11*(7+1) =88 , (b-a) =(9–2) =7 रखने पर–

$\frac{2}{11}$ और $\frac{9}{11}$ के बीच 7 समांतर भिन्न की स्थापना क्रमशः

$$\frac{16+7}{88},\frac{16+2*7}{88},\frac{16+3*7}{88},\frac{16+4*7}{88},\frac{16+5*7}{88},\frac{16+6*7}{88},\frac{16+7+7}{88} = \frac{23}{88},\frac{30}{88},\frac{37}{88},\frac{44}{88},\frac{51}{88},\frac{58}{88},\frac{65}{88}$$ होगा।

उदाहरण 2■ $\frac{7}{10}$ और $\frac{3}{10}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 7 − 3| − 1 = 4-1 =3 होगा।

जो क्रमशः $\frac{6}{10},\frac{5}{10},\frac{4}{10}$ होगा।

1• व्यापक विस्तार की दृष्टि से $\frac{7}{10}=\frac{7*5}{10*5}=\frac{35}{50}$ और $\frac{3}{10}=\frac{3*5}{10*5}=\frac{15}{50}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 35 − 15| − 1 =20-1 =19 होगा।

जो क्रमश $\frac{34}{50},\frac{33}{50},\frac{32}{50},\frac{31}{50},\frac{30}{50},\frac{29}{50},\frac{28}{50},\frac{27}{50},\frac{26}{50},\frac{25}{50},\frac{24}{50},\frac{23}{50},\frac{22}{50},\frac{21}{50},\frac{20}{50},\frac{19}{50},\frac{18}{50},\frac{17}{50},\frac{16}{50},$ होगा।

2• n समांतर भिन्नों की स्थापना की दृष्टि से $\frac{7}{10}$ और $\frac{3}{10}$ के बीच 15 समांतर भिन्न की स्थापना–

$\frac{7}{10}$ और $\frac{3}{10}$ के बीच 10 समांतर भिन्न की स्थापना के लिए $\frac{a}{r}$ और $\frac{b}{r}$ के बीच n समांतर की भिन्नों की स्थापना–क्रमशः $\left\{\frac{a(n+1)-(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-2(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-3(a-b)}{r(n+1)}\right\} - - - - - - - - - ..$

$$\left\{\frac{a(n+1)-(n-2)(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-(n-1)(a-b)}{r(n+1)}\right\},\left\{\frac{a(n+1)-n(a-b)}{r(n+1)}\right\}$$ होगा। में

a=7, b=3 n=15 और r=10 से a(n+1) = 7*(15+1) =112, r*(n+1) =10*(15+1) =160 , (b−a) =(7−3) =4 रखने पर–

$\frac{7}{10}$ और $\frac{3}{10}$ के बीच 15 समांतर भिन्न की स्थापना क्रमशः

$$\frac{112-4}{160},\frac{112-2*4}{160},\frac{112-3*4}{160},\frac{112-4*4}{160},\frac{112-5*4}{160},\frac{112-6*4}{160},\frac{112-7*4}{160},\frac{112-8*4}{160},\frac{112-9*4}{160},\frac{112*10*4}{160},\frac{112-11*4}{160},$$

$\frac{112-12*4}{160}, \frac{112-13*4}{160}, \frac{112-14*4}{160}, \frac{112-15*4}{160} =$

$\frac{108}{160}, \frac{104}{160}, \frac{100}{160}, \frac{96}{160}, \frac{92}{160}, \frac{88}{160}, \frac{84}{160}, \frac{80}{160}, \frac{76}{160}, \frac{72}{160}, \frac{68}{160}, \frac{64}{160}, \frac{60}{160}, \frac{56}{160}, \frac{52}{160}$ होगा।

(B) असमान हर वाले दो भिन्नों $\frac{a}{b}$ और $\frac{c}{d}$ के बीच स्थित भिन्नों की संख्या

1■ व्यापक विस्तार की दृष्टि से स्थापन जैसा कि समान हर वाले दो भिन्नों $\frac{a}{r}$ और $\frac{b}{r}$ के बीच स्थित भिन्नों की संख्या n = |a-b|-1 प्रतिपादित किया जा चुका है। वैसा सीधा प्रतिपादन असमान हर वाले दो भिन्नों $\frac{a}{b}$ और $\frac{c}{d}$ के बीच स्थित भिन्नों की संख्या के संबंध में सम्भव नहीं है। लेकिन हर b और d के लघुत्तम समापवर्त्य L के सापेक्ष $\frac{a}{b} = \frac{a*(L \div b)}{L} = \frac{P}{L}$ और $\frac{c}{d} = \frac{a*(L \div d)}{L} = \frac{Q}{L}$ प्राप्तकर समान हर वाले दो भिन्नों $\frac{P}{L}$ और $\frac{Q}{L}$ के बीच स्थित भिन्नों की संख्या $n = \{|P-Q|-1\}$ को $\frac{a}{b}$ और $\frac{c}{d}$ के बीच स्थित भिन्नों की न्यूनतम् संख्या के रूप में प्रतिपादित किया जा सकता है।

व्यापक विस्तार में $\frac{a}{b} = \frac{P}{L} = \frac{P*y}{L*y}$ और $\frac{c}{d} = \frac{Q}{L} = \frac{Q*y}{L*y}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या $n = \{y*|P-Q|-1\}$ होगा। y के बढते मानों के लिए $\frac{a}{b}$ और $\frac{c}{d}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n का मान भी बढ़ता जायेगा।

2■ n समांतर भिन्नों की स्थापना की दृष्टि से स्थापन : $\frac{a}{b}$ और $\frac{c}{d}$ के बीच n समांतर की भिन्नों की स्थापना के लिए $\frac{P}{L}$ और $\frac{Q}{L}$ के बीच n समांतर की भिन्नों की स्थापना (P<Q) के प्रति क्रमशः–

$$\left\{\frac{P(n+1)+(Q-P)}{L*(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P(n+1)+2(Q-P)}{L*(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P(n+1)+3(Q-P)}{L*(n+1)}\right\} --------- ..$$

$$\left\{\frac{P(n+1)+(n-2)(Q-P)}{L(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P(n+1)+(n-1)(Q-P)}{L*(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P(n+1)+n(Q-P)}{L(n+1)}\right\} \text{ तथा}$$

(P>Q) के प्रति क्रमशः–

$$\left\{\frac{P(n+1)-(P-Q)}{L*(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P(n+1)-2(P-Q)}{L*(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P(n+1)-3(P-Q)}{r(n+1)}\right\} --------- ..$$

$$\left\{\frac{P(n+1)-(n-2)(P-Q)}{L(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P(n+1)-(n-1)(P-Q)}{L*(n+1)}\right\}, \left\{\frac{P*(n+1)-n(P-Q)}{L*(n+1)}\right\} \text{ होगा।}$$

उदाहरण 1■ $\frac{7}{3}$ और $\frac{5}{2}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या के गणना के लिए–

प्रथम तुल्य हर = हर 3 और 2 का लघुत्तम समापवर्त्य = 6 के सापेक्ष–

$\frac{7}{3} = \frac{7*(6 \div 3)}{6} = \frac{14}{6}$ और $\frac{5}{2} = \frac{5*(6 \div 2)}{6} = \frac{15}{6}$ होगा ।

जिसके बीच स्थापित भिन्नों की संख्या $n = |14-15|-1=0$ होगा।

1• व्यापक विस्तार की दृष्टि से स्थापन

प्रक्रम1 $\frac{7}{3} = \frac{14*2}{6*2} = \frac{28}{12}$ और $\frac{5}{2} = \frac{15*2}{6*2} = \frac{30}{12}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या $n = \{|28-30|-1\} = 2-1 = 1$ होगा। जो $\frac{29}{12}$ होगा।

प्रक्रम2 $\frac{7}{3} = \frac{14*3}{6*3} = \frac{42}{18}$ और $\frac{5}{2} = \frac{15*3}{6*3} = \frac{45}{18}$ जिनके बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या $n = |42-45| - 1 = 3-1 = 2$ होगा। जो क्रमशः $\frac{43}{18}, \frac{44}{18}$ होगा।

प्रक्रम 3 $\frac{7}{3} = \frac{14*4}{6*4} = \frac{56}{24}$ और $\frac{5}{2} = \frac{15*4}{6*4} = \frac{60}{24}$ जिनके बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या $n = |56-60| - 1 = 4-1 = 3$ होगा। जो क्रमशः $\frac{57}{24}, \frac{58}{24}, \frac{59}{60}$ होगा।

2• n समांतर भिन्नों की स्थापना की दृष्टि से स्थापन $\frac{7}{3}$ और $\frac{5}{2}$ के बीच 10 समांतर भिन्न की स्थापना–

प्रथम तुल्य हर = हर 3 और 2 का लघुत्तम समापवर्त्य= 6 के सापेक्ष–

$\frac{7}{3}=\frac{7*(6\div3)}{6}=\frac{14}{6}$ और $\frac{5}{2}=\frac{5*(6\div2)}{6}=\frac{15}{6}$ होगा । जिसके अंशों का अंतर का मापांक k =|14-15| =1

$\frac{14}{6}$ और $\frac{15}{6}$ के अंश एवं हर को चाही गई समांतर भिन्न की स्थापन संख्या 10 का आगर =11 द्वारा गुणा करने पर– $\frac{14}{6}=\frac{154}{66}$ और $\frac{15}{6}=\frac{165}{66}$ के बीच 10 समांतर भिन्न तुल्यहर 66 के प्रति अंश 154 और 165 के बीच की वे संख्या होंगे जिनका क्रमागत अंतर मान मापांक k =1 के बराबर हो।

जो क्रमशः– $\frac{155}{66},\frac{156}{66},\frac{157}{66},\frac{158}{66},\frac{159}{66},\frac{160}{66},\frac{161}{66},\frac{162}{66},\frac{163}{66},\frac{164}{66}$ होंगे।

उदाहरण 2■ $\frac{3}{4}$ और $\frac{1}{8}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या के गणना के लिए–

प्रथम तुल्य हर = हर 4 और 8 का लघुत्तम समापवर्त्य = 8 के सापेक्ष–

$\frac{3}{4}=\frac{3*(8\div4)}{8}=\frac{6}{8}$ और $\frac{1}{8}=\frac{1*(8\div8)}{8}=\frac{1}{8}$ होगा ।

जिसके बीच स्थापित भिन्नों की न्यूनतम संख्या n = |6-1|-1=4 होगा।

जो क्रमशः $\frac{5}{8},\frac{4}{8},\frac{3}{8},\frac{2}{8}$ होंगे।

1• ट व्यापक विस्तार की दृष्टि से स्थापन

प्रक्रम 1 $\frac{6}{8}=\frac{6*2}{8*2}=\frac{12}{16}$ और $\frac{1}{8}=\frac{1*2}{8*2}=\frac{2}{16}$ के बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 12 − 2| − 1 =10 − 1 =9 होगा।

जो क्रमशः $\frac{11}{16},\frac{10}{16},\frac{9}{16},\frac{8}{16},\frac{7}{16},\frac{6}{16},\frac{5}{16},\frac{4}{16},\frac{3}{16}$ होगा।

प्रक्रम 2 $\frac{6}{8}=\frac{6*3}{8*3}=\frac{18}{24}$ और $\frac{1}{8}=\frac{1*3}{8*3}=\frac{3}{24}$ जिनके बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 18 − 3| − 1 =15 − 1 =14 होगा।

जो क्रमशः $\frac{17}{24},\frac{16}{24},\frac{15}{24},\frac{14}{24},\frac{13}{24},\frac{12}{24},\frac{11}{24},\frac{10}{24},\frac{9}{24},\frac{8}{24},\frac{7}{24},\frac{6}{24},\frac{5}{24},\frac{4}{24}$ होगा।

प्रक्रम 3 $\frac{6}{8}=\frac{6*4}{8*4}=\frac{24}{32}$ और $\frac{1}{8}=\frac{1*4}{8*4}=\frac{4}{32}$ जिनके बीच स्थित भिन्नों की कुल संख्या n= | 24 − 4| − 1 =20 − 1 =19 होगा।

जो क्रमश $\frac{23}{32},\frac{22}{32},\frac{21}{32},\frac{20}{32},\frac{19}{32},\frac{18}{32},\frac{17}{32},\frac{16}{32},\frac{15}{32},\frac{14}{32},\frac{13}{32},\frac{12}{32},\frac{11}{32},\frac{10}{32},\frac{9}{32},\frac{8}{32},\frac{7}{32},\frac{6}{32},\frac{5}{32}$ होगा।

2• n समांतर भिन्नों की स्थापना की दृष्टि से $\frac{3}{4}$ और $\frac{1}{8}$ के बीच 10 समांतर भिन्न की स्थापना–

प्रथम तुल्य हर = हर 4 और 8 का लघुत्तम समापवर्त्य= 8 के सापेक्ष–

$\frac{3}{4}=\frac{3*(8\div4)}{8}=\frac{6}{8}$ और $\frac{1}{8}=\frac{1*(8\div8)}{8}=\frac{1}{8}$ होगा । जिसके अंशों का अंतर का मापांक k =|6-1| =5

$\frac{6}{8}$ और $\frac{1}{8}$ के अंश एवं हर को चाही गई समांतर भिन्न की स्थापन संख्या 10 का आगर =11 द्वारा गुणा करने पर– $\frac{6}{8}=\frac{66}{88}$ और $\frac{1}{8}=\frac{11}{88}$ के बीच 10 समांतर भिन्न तुल्यहर 88 के प्रति अंश 66 और 11 के बीच की वे संख्या होंगे जिनका क्रमागत अंतर मान मापांक k =5 के बराबर हो।

जो क्रमशः- $\frac{61}{66},\frac{56}{66},\frac{51}{66},\frac{46}{66},\frac{41}{66},\frac{36}{66},\frac{31}{66},\frac{26}{66},\frac{21}{66},\frac{16}{66}$ होंगे।

19-12 का एवं कोष्टक का अनुप्रयोग गणितीय अध्ययन में कई ऐसे व्यापक एवं प्रतिबंधित प्रश्नों का सामना करना होता है जिनके हल के लिए केवल मूलभूत संक्रिया (योग,व्यवकलन,गुणा एवं भाग) चिन्ह का अनुप्रयोग ही पर्याप्त नहीं होता है। पर्याप्तता के क्रम में प्रतिबंधानुसार प्रश्नों के लिए **का** एवं कोश्टक (जिसके अन्तः भाग में **का** और मूलभूत संक्रिया में से एक या अधिक संक्रिया सम्मिलित होता है) का अनुप्रयोग करना होता है।

पर्याप्तता के क्रम में अपनाये गये कोश्टक नाम और उनके संकेत निम्नानुसार है।

1• रेखा कोष्टक ——— **2•** छोटा कोष्टक ( )

3• धनु या मझला कोष्टक { } **4•** बड़ा कोष्टक [ ]

का का अनुप्रयोग– का का अनुप्रयोग गुणा संक्रिया के रूप में किया जाता है।

व्यापक एवं प्रतिबंधित प्रश्नों के हल के लिए का , मूलभूत संक्रिया (+ , −, ∗ ,÷) एव कोश्टकों का हल क्रम—

1• सर्वप्रथम कोष्टकों में निहित प्रतिबंधों का हल किया जाना चाहिए। जिसके लिए भी हल क्रम उपरोक्त क्रमानुसार ही है। अर्थात् सर्वप्रथम रेखा कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए। तत्पश्चात दूसरे क्रम में छोटा कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए। फिर तीसरे क्रम में धनु या मझला कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए। अंतिम चौथे क्रम में बड़ा कोष्टक में निहित प्रतिबंध हल कर कीजिए।

2• कोष्टक के बाहर हो या भीतर (अन्दर) प्रथम दो संख्याओं के बीच निहित का को हल कीजिए। तत्पश्चात दूसरे क्रम में दो संख्याओं के बीच निहित ÷ को हल कीजिए । फिर तीसरे क्रम ∗ से सम्बद्ध रखने वाले समस्त संख्या को एक साथ हल कीजिए। अंतिम चौथे क्रम में + एवं − का एक मुष्त सँयुक्त हल करे।

3• किसी कोष्टक के बाहर + चिन्हांकित होने पर कोष्टक का हल मान यथावत लिए जाते हैं। जबकि कोष्टक के बाहर − चिन्हांकित होने पर कोष्टक का हल मान + का − और − का + में बदल कर लिए जाते हैं।

4• दो या दो से अधिक कोश्टकों के बीच कोई संक्रिया संकेत दर्ज नहीं होने पर इन कोष्टकों में निहित प्रतिबंध के अनुसार प्राप्त हल मानों का गुणा किया जाना चाहिए। अर्थात दो या दो से अधिक कोष्टकों के बीच कोई संक्रिया संकेत दर्ज नहीं होने पर इनके बीच गुणा संक्रिया ही माना जावे।

उदाहरण 1■ $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}\div\frac{1}{2}-\frac{1}{2}\text{ का }\frac{1}{2}*\frac{1}{2} = \frac{1}{2}+\frac{1}{2}\div\frac{1}{2}-\frac{1}{4}*\frac{1}{2} = \frac{1}{2}+\frac{1}{2}*\frac{2}{1}-\frac{1}{4}*\frac{1}{2}$

$= \frac{1}{2}+\frac{1}{1}-\frac{1}{8} = \frac{4}{8}+\frac{8}{8}-\frac{1}{8} = \frac{11}{8} = 1\frac{1}{3}$ उत्तर होगा।

उदाहरण 2■ $\frac{3}{5}\div\frac{7}{15}\text{ का }\frac{5}{4}+\frac{9}{14}*\frac{2}{3}-\frac{1}{2} = \frac{3}{5}\div\frac{7}{12}+\frac{9}{14}*\frac{2}{3}-\frac{1}{2} = \frac{7}{20}+\frac{9}{14}*\frac{2}{3}-\frac{1}{2}$

$= \frac{7}{20}+\frac{3}{7}-\frac{1}{2} = \frac{7*7}{140}+\frac{3*20}{140}-\frac{1*70}{140} = \frac{49}{140}+\frac{60}{140}-\frac{70}{140} = \frac{39}{140}$ उत्तर होगा।

उदाहरण 3■ $\frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}\text{ का }\frac{7}{9}\div(\frac{4}{5}*\frac{2}{3}-\overline{\frac{7}{8}*\frac{4}{5}-}\frac{1}{2})\}]$

$= \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}\text{ का }\frac{7}{9}\div(\frac{4}{5}*\frac{2}{3}-\overline{\frac{7}{10}-\frac{1}{2}})\}]$

$= \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}\text{ का }\frac{7}{9}\div\frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}(\frac{4}{5}*\frac{2}{3}-\overline{\frac{7}{10}-\frac{5}{10}})\}]$

$= \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}\text{ का }\frac{7}{9}\div(\frac{4}{5}*\frac{2}{3}-\frac{2}{10})\}] = \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}\text{ का }\frac{7}{9}\div(\frac{8}{15}-\frac{1}{5})\}]$

$= \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}\text{ का }\frac{7}{9}\div(\frac{8}{15}-\frac{3}{15})\}] = \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{15}{28}\text{ का }\frac{7}{9}\div\frac{5}{15}\}]$

$= \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{5}{12}\div\frac{1}{3}\}] = \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\{\frac{5}{12}*\frac{3}{1}\}] = \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}\div\frac{5}{4}]$

$= \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{5}{6}*\frac{4}{5}] = \frac{3}{4}[\frac{9}{11}-\frac{2}{3}] = \frac{3}{4}[\frac{9*3}{33}-\frac{2*11}{33}] = \frac{3}{4}[\frac{27}{33}-\frac{22}{33}] = \frac{3}{4}*\frac{5}{33} = \frac{5}{44}$

उत्तर होगा।

----------19----------

अध्याय -20
दशमलव भिन्न

दशमलव भिन्न के अध्ययन के पूर्व कुछ गणितीय शब्दों का विश्लेषण आवश्यक है। जो निम्नानुसार है।

20-1 दशमलव भिन्न के अध्ययन के संदर्भ गणितीय संक्रिया/ शब्द विश्लेषण

1• संख्या विशेष का घात (पावर)बढ़ाना गणित अध्ययन में किसी संख्या विशेष को उसी संख्या विशेष द्वारा कई बार गुणा करना पड़ता है। जिसका सरल एवं संक्षिप्त संकेतन के लिए उस संख्या विशेष P के दाँयी ओर ऊपर गुणा के लिए दर्शित बारंबारता मान n को चढाकर दर्ज किया जाना संख्या विशेष का घात (पावर) बढ़ाना कहलाता है।

जैसे $2*2 = 2^2$ जिसे पढ़ेंगे दो की घात दा

$2*2*2 = 2^3$ जिसे पढ़ेंगे दो की घात तीन

$2*2*2*2 = 2^4$ जिसे पढ़ेंगे दो की घात चार

2*2*2*2 ----------n बार गुणा करने पर $= 2^n$ जिसे पढ़ेंगे दो की घात एन

$5*5*5*5*5*5*5*5*5*5 = 5^{10}$ जिसे पढ़ेंगे पाँच की घात दस

$10*10*10*10*10*10*10*10*10*10 = 10^{10}$ जिसे पढ़ेंगे दस की घात दस

2• संख्या विशेष में प्रयुक्त अंकों का स्थानीय मान विदित हो कि हमारे दैनिक जीवन में जो संख्या पद्धति अनुप्रयोग किया जा रहा है उसे हिन्दू–अरेबिक दाशमिक पद्धति कहते हैं। स्पश्ट है हमारी प्रचलित संख्या हिन्दी अरबी सभ्यता की देन है। जिसका आधार दस ;10) है। आधारमिति विश्लेषण गणित के अनुसार संख्या लेखन या प्रदर्शन में प्रयुक्त अंक 0,1,2,3,4,5,6,7,8,9 होंगे। संख्या लेखन में दाँये से बाँये x वें स्थान में स्थित अंक का मान 10^{x-1} गुणा होगा।

जैसे 406543 में अंकों का स्थानीय मान –

स्थान क्रम 1 में स्थित– इकाई अंक 3 का स्थानीय मान $3 * 10^{1-1} = 3*10^0 = 3 * 1 = 3$

स्थान क्रम 2 में स्थित– दहाई अंक 4 का स्थानीय मान $4 * 10^{2-1} = 4*10^1 = 4 * 10 = 40$

स्थान क्रम 3 में स्थित– सैकड़ा अंक 5 का स्थानीय मान $5 * 10^{3-1} = 5*10^2 = 5 * 100 = 500$

स्थान क्रम 4 में स्थित– हजारवाँ अंक 6 का स्थानीय मान $6 * 10^{4-1} = 6*10^3 = 6 * 1000 = 6000$

स्थान क्रम 5 में स्थित– दस हजारवाँ अंक 0 का स्थानीय मान $0 * 10^{5-1} = 0*10^4 = 0 * 10000 = 00000$

स्थान क्रम 6 में स्थित– लाखवाँ अंक 4 का स्थानीय मान $4 * 10^{6-1} = 4*10^5 = 4 * 100000 = 400000$

संख्या प्रसार या प्रसारित संख्या किसी संख्या का प्रसार या प्रसारित संख्या उस संख्या के अंकों के स्थानीय मान का योग पद में विस्तारित रूप से दर्शित करना होता है।

जैसे 4,06,543 का प्रसार या प्रसारित संख्या = 400000+00000+6000+500+40+3

55,55,55,555 का प्रसार या प्रसारित संख्या =

500000000+50000000+5000000+500000+50000+5000+500 +50+5

20-2 दशमलव संख्या की ओर

संख्या विशेष में प्रयुक्त अंकों का स्थानीय मान और संख्या प्रसार या प्रसारित संख्या के अध्ययन में स्पष्ट विदित होता कि इकाई , दहाई , सैकड़ा , हजार , दसहजार, लाख . . . . में स्थित अंक जिनका स्थानीय मान संख्या आधार मान दस का क्रमशः एक गुना (यथावत) , दस गुना , सौ गुना, हजार गुना, दसहजारगुना, लाख गुना .... के रूप प्रसारित होता है। भिन्न के अध्ययन उपरांत स्वाभाविक प्रश्न बनता है कि वह संख्या विशेष जिसमें प्रयुक्त अंकों का स्थानीय मान और संख्या प्रसार या प्रसारित संख्या में अंक का स्थानीय मान उसके दसवें ,सौवें , हजारवें , दसहजारवें ,लाखवें ....भाग या खण्ड या अंश में दर्शित किया जा सकता है ? हमारे भारतीय मनीषी गणितज्ञों ने इस प्रश्न के साकारात्मक उत्तर के खोज की ओर शून्य की खोज के साथ लव (ज्योति) बिन्दु का खोज किये । जिसे हमारी दशाधारी‡ संख्यांकन पद्धति के तारतम्य दशमलव बिन्दु कहते हैं। का खोज किये । जिसके

‡ एन–आधारी संख्यांकन पद्धति के तारतम्य में एनमलव बिन्दु कह सकते हैं। जैसे दो–आधारी संख्यांकन पद्धति के तारतम्य में द्विमलव बिन्दु , तीन–आधारी संख्यांकन पद्धति के तारतम्य में त्रिमलव बिन्दु , पाँच–आधारी संख्यांकन पद्धति के तारतम्य में पंचमलव बिन्दु कह सकते हैं।

बाँयी ओर उनागर पूर्णांक संख्या के अंक दाँये से बाँये क्रमशः इकाई , दहाई , सैकड़ा , हजार , दसहजार, लाख . . . . स्थान में दर्शित होते हैं तथा दाँयी ओर उनागर अपूर्ण संख्या (अपूर्णांशः) के अंक बाँये से दाँये क्रमशः दसांश , सतांश , हजारांश ,दस–हजारांश , लाखांश, ... स्थान में दर्शित होते हैं।

बिन्दु की ज्यामिति संकल्पना– किसी तल पर नुकीली पेन्सिल से बनाया गया चिन्ह बिन्दु की ज्यामिति संकल्पना है।

पूर्णांक (दशमलव भिन्न अध्ययन में पूर्णांश कहते है) एवं अपूर्णांश के बीच दशमलव बिन्दु स्थापित करना

दशमलव बिन्दु को पूर्णांक एवं अपूर्णांश के बीच नीचे स्थापित करना चाहिए। यथा– पूर्णांक w और अपूर्णांश v के बीच दशमलव बिन्दु स्थापना‡ – w.v होगा। जैसे– 0.5, 4.75 4568.045

ध्यानाकर्षण 1• जैसा किसी पूर्णांक या पूर्णांश के बाँयी ओर चाहे जितना शून्य स्थापित करें उस पूर्णांक का मान यथावत ही बना रहता है।

जैसे 245 = 0245 = 00245 = 000245 = 0000245 = 00000245 = 000000245---- -----------

2• इसी प्रकार किसी अपूर्णांश के दाँयी ओर चाहे जितना शून्य स्थापित करें उस अपूर्णांश का मान यथावत ही बना रहता है।

जैसे 0.245 =0.2450 =0.24500 =0.245000 =0.2450000=0.24500000=0.245000000 ....

20 -3 दशमलव भिन्न में पूर्णांश एवं अपूर्णांश खण्ड के अंकों का स्थानीय मान

1• पूर्णांश खण्ड के अंकों का स्थानीय मान–दाँयी से बाँयी ओर x वें क्रम पर स्थित अंक का स्थानीय मान उस अंक का $10^{(x-1)}$ गुणा होगा।

2• अपूर्णांश खण्ड के अंकों का स्थानीय मान– बाँयी से दाँयी ओर x वें क्रम पर स्थित अंक का स्थानीय मान उस अंक का $10^{-x} = \frac{1}{10^x}$ भाग या अंश होगा।

जैसे 123.235 के अंकों का स्थानीय मान गणना के लिए पूर्णांश 123 और अपूर्णांश 2,3,5 है।

पूर्णांश 123 के अंकों का स्थानीय मान– दाँये से बाँये क्रमशः

इकाई अंक 3 का स्थानीय मान $= 3*10^{(1-1)} = 3*10^0 = 3*1 = 3$ तीन

दहाई अंक 2 का स्थानीय मान $= 2*10^{(2-1)} = 3*10^1 = 2*10 = 20$ बीस

सैकड़ा अंक 1 का स्थानीय मान $= 1*10^{(3-1)} = 3*10^2 = 1*100 = 100$ एक सौ

अपूर्णांश 2,3,5 के अंकों का स्थानीय मान– बाँये से दाँये क्रमशः

2 का स्थानीय मान $= 2*10^{-1} = 2*\frac{1}{10} = \frac{2}{10}$ = दो दशांश ($\frac{1}{10}$= एक दशांश या दशांश पढ़ते है।)

3 का स्थानीय मान $= 3*10^{-2} = 3*\frac{1}{10^2} = 3*\frac{1}{100} = \frac{3}{100}$ = तीन शतांश ($\frac{1}{100}$ =एक शतांश या शतांश पढ़ते है।)

5 का स्थानीय मान $= 5*10^{-3} = 5*\frac{1}{10^3} = 5*\frac{1}{1000} = \frac{5}{1000}$ = पाँच हजारांश ($\frac{1}{1000}$ = एक हजारांश या हजारांश पढ़ते है।)

20-4 दशमलव भिन्न का वाचन वाचन का अर्थ बोलना या पढ़ना से है । तब दशमलव भिन्न का वाचन करने के लिये पहले पूर्णांश के अंकों बनी संख्या को पूर्ण संख्या भाव से एक साथ पढ़ते हैं।बाद दशमलव उच्चारित कर अपूर्णांश के अंकों को अलग–अलग एक–एक अंक का अंकीय मान वाचन करते हैं।

जैसे 123.235 का वाचन – एक सौ तेइस , दशमलव ,दो, तीन, पाच

5,60,719.00754328 का वाचन – पाँच लाख, साठ हजार , सात सौ उन्नीस, दशमलव, शून्य,शून्य, सात,पाँच, चार,तीन, दो,आठ ।

20-5 विशुद्ध दशमलव भिन्न जिस दशमलव भिन्न का पूर्णांश मान शून्य (0) हो उस दशमलव भिन्न को विशुद्ध दशमलव भिन्न कहते हैं। **जैसे** 0.35 , 0.456 , 0.305

‡ गणित अध्ययन में बिन्दु के स्थापन में स्थान प्रसंग का विशेष महत्व है – **1** कर्ता के अर्थ में x· का अर्थ x+1 , 5˙= 5+1=6 । **2** गुणाा के अर्थ में M · N, 15 · 12 =180 । **3** आवर्त दशमलव भिन्न में आवर्ती अंक या आवर्ती अंक समूह को चिन्हांकित करने में $0.\dot{5}$ का अर्थ शून्य दशमलव आवर्त पाँच है।जिसका व्यापक विस्तार 0.5555555------∞ तक है। $16.03\dot{5}4201\dot{7}$ का अर्थ सोलह दशमलव शून्य ,तीन आवर्त पाँच,चार,दो,शून्य,एक,सात है।जिसका व्यापक विस्तार 16.03,542017,542017,542017------∞ तक है। **4** ज्यामिति अध्ययन में किसी तल पर स्थित बिन्दु। $\dot{A}$ दर्शित होगा।

विशुद्ध दशमलव भिन्न के प्रकार

1• शांत दशमलव भिन्न   2• अशांत दशमलव भिन्न

1• **शाांत दशमलव भिन्न** जिस विशुद्ध दशमलव भिन्न में अपूर्णांश के अंकों की स्थान संख्या निश्चित होता हैं , उस दशमलव भिन्न को शांत दशमलव भिन्न कहते है।

जैसे 2.5 , 0.1258 , 15.78951, 63509.23456

2• **अशांत दशमलव भिन्न** जिस विशुद्ध दशमलव भिन्न में अपूर्णांश के अंकों की स्थान संख्या अनन्त पद तक विस्तारित होता हो या विस्तारित किया जा सकता हैं , उस दशमलव भिन्न को अशांत दशमलव भिन्न कहते है।

जैसे – 0.55555555------------ , 0.59 432432432432 432---------, 0.01010101----------

0.101001000100001------------------- , 0.31 311 3111311113 111113---------------

अशांत दशमलव भिन्न के प्रकार यह दो प्रकार के होते है।

1• आवर्ती अशांत दशमलव भिन्न   2• अनावर्ती अशांत दशमलव भिन्न

1• **आवर्ती अशांत दशमलव भिन्न** ऐसे दशमलव भिन्न जिसमें दशमलव बाद या दशमलव के कुछ स्थान बाद कोई अंक या अंक समूह अनन्त क्रम तक दोहराते हुए अनन्त पद तक विस्तारित होता हो या विस्तारित किया जा सकता हैं, उस दशमलव भिन्न को आवर्ती अशांत दशमलव भिन्न या आवर्ती दशमलव भिन्न कहते है।

जैसे 0.55555555------------ , 0.59 432432432432 432---------, 0.01010101----------

2• **अनावर्ती अशांत दशमलव भिन्न** ऐसे दशमलव भिन्न जिसमें दशमलव बाद अंकों का क्रम का कोई निश्चित आधार नहीं होता है।

जैसे 0.101001000100001------------------- , 0.31 311 3111311113 111113---------------

सामान्य तौर पर अभाज्य संख्या का n वाँ मूल $(n \geq 2)$ का दशमलव निरूपण अनावर्ती अशांत दशमलव भिन्न में होता है।

आवर्ती दशमलव भिन्न का सरल गणितीय निरूपण आवर्ती दशमलव के जो अंक यां अंक समुह होते हैं उसके प्रथम और अंतिम अंक के ऊपर षिरों बिन्दु‡ दर्शित करते है।

जैसे 0.3333-------- का सरल गणितीय निरूपण $0.\dot{3}$ दर्शित होगा। जिसे पढ़ेंगे शून्य दशमलव तीन आवर्त

0.25252525------------ का सरल गणितीय निरूपण $0.\dot{2}\dot{5}$ दर्शित होगा। जिसे पढ़ेंगे शून्य दशमलव दो ,पाँच आवर्त।

0.143021430214302------------ का सरल गणितीय निरूपण $0.\dot{1}430\dot{2}$ दर्शित होगा जिसे पढ़ेंगे शून्य दशमलव एक ,चार, तीन, शून्य, दो आवर्त।

0.231149714971497 -------------- का सरल गणितीय निरूपण $0.231\dot{1}49\dot{7}$ दर्शित होगा जिसे पढ़ेंगे शून्य दशमलव दो, तीन, एक, बाद एक, चार, नव, सात का आवर्त ,

आवर्ती दशमलव भिन्न के प्रकार यह दो प्रकार के होते है।

1• सरल या पूर्ण आवर्ती दशमलव भिन्न   2• मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्न

1• **सरल आवर्ती दशमलव भिन्न** ऐसे दशमलव भिन्न जिसमें दशमलव बाद ही कोई अंक या अंक समूह अनन्त क्रम तक दोहराते हुए अनन्त पद तक विस्तारित होता हो या विस्तारित किया जा सकता हैं ,उस दशमलव भिन्न को सरल आवर्ती दशमलव भिन्न कहते है।

जैसे $0.\dot{3}$ $0.\dot{4}\dot{7}$ $0.\dot{4}0234\dot{1}$ $0.\dot{0}43478260869565717391\dot{3}$

2• **मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्न** ऐसे दशमलव भिन्न जिसमें दशमलव बाद कुछ अंक शांत दशमलव भिन्न में दर्शित होते है फिर कोई अंक या अंकों का समूह दोहराते हुए अनन्त पद तक विस्तारित होता हो या विस्तारित किया जा सकता हैं , उस दशमलव भिन्न को मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्न कहते है।

जैसे $0.42\dot{3}5\dot{7}$ $0.00000567\dot{1}4285\dot{7}$

20-6 दशमलव भिन्नों का बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ में प्रतिनिरूपण

1• शांत या सरल दशमलव भिन्नों का बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ में प्रतिनिरूपण

$\frac{a}{b}$ के लिए a = दशमलव भिन्न का दशमलव बिन्दु हटाने पर प्राप्त संख्या होगा और b = दशमलव बिन्दु बाद प्रयुक्त अंकों की स्थान संख्या

‡ **शिरों बिन्दु** किसी अंक या अक्षर के शीर्ष पर लगाया गया बिन्दु शिरों बिन्दु कहलाता है। जैसे $\dot{4}$ $\dot{7}$ $\dot{a}$, $\dot{b}$

से आगर (एक अधिक) संख्या मान की सबसे छोटी संख्या। या दशमलव के स्थान पर एक (1) और इस एक के दाँयी ओर दशमलव बिन्दु बाद प्रयुक्त अंकों की स्थान संख्या के बराबर शून्य दर्शित करने से बनी संख्या होगा। प्रथम सरलतम प्रतिनिरूपण होगा। जिसका मानक रूप नियमानुसार प्राप्त किया जा सकता है।

जैसे $1.7 = \frac{1\ 7}{10} = 1\frac{7}{10}$ $\quad 0.456 = \frac{456}{1000} = \frac{456 \div 8}{1000 \div 8} = \frac{57}{125}$

2• सरल या पूर्ण आवर्ती दशमलव भिन्नों का बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ में प्रतिनिरूपण $\frac{a}{b}$ के लिए a = प्राप्त पूर्णांक होगा। और b = दशमलव बिन्दु बाद प्रयुक्त आवर्ती अंकों की स्थान संख्या मान की सबसे बड़ी संख्या। **या** दशमलव बिन्दु बाद प्रयुक्त आवर्ती अंकों की स्थान संख्या मान तक 9-9 दर्शित करने मात्र से बनी संख्या प्रथम सरलतम प्रतिनिरूपण होगा । जिसका मानक रूप नियमानुसार प्राप्त किया जा सकता है।

जैसे $0.\dot{3} = \frac{3}{9} = \frac{3 \div 3}{9 \div 3} = \frac{1}{3}$ $\quad 0.\dot{4}\dot{5} = \frac{45}{99} = \frac{45 \div 9}{99 \div 9} = \frac{5}{11}$

$0.142857 = \frac{142857}{999999} = \frac{142657 \div 142857}{999999 \div 142857} = \frac{1}{7}$

3• मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्नों का बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ में प्रतिनिरूपण

जिस मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्नों का बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ में प्रतिनिरूपण करना उसे विलोकित (देख) कर निम्नानुसार कथनों पर चाही गई संख्या मान प्राप्त कीजिए।

1• पूरे मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्न के अंकों से बनी संख्या =c

2• अनावर्ती अंकों से बनी संख्या =d

3• आवर्ती अंकों की स्थान संख्या =e

4• अनावर्ती अंकों की स्थान संख्या =f

तब $\frac{a}{b}$ के लिए – a = [c – d] सें प्राप्त संख्या होगा।

तथा b=[e अंको की सबसे बड़ी संख्या]*[(f+1) अंको की सबसे छोटी संख्या] सें प्राप्त गुणनफल संख्या होगा।

या $b=[10^e - 1]*[10^f]$ सें प्राप्त गुणनफल संख्या होगा।

या b=[e स्थान तक 9-9 दर्शित संख्या \ d स्थान तक 0 (शून्य) दर्शित संख्या, से प्राप्त संख्या होगा।

जैसे मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्न $0.365\dot{4}4\dot{5}$ का बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ में प्रतिनिरूपण के लिए–

1• पूरे मिश्र आवर्ती दषमलव भिन्न के अंकों से बनी संख्या c=365445

2• अनावर्ती अंकों से बनी संख्या d=365

3• आवर्ती अंको $\dot{4}4\dot{5}$ की स्थान संख्या e=3

4• अनावर्ती अंकों 365 की स्थान संख्या f =3

तब $\frac{a}{b}$ के लिए – a = [c – d] = 365445 – 365 = 365080

तथा b=[e अंको की सबसे बड़ी संख्या]*[d+1] अंको की सबसे छोटी संख्या, सें प्राप्त गुणनफल संख्या होगा। से

b=[999]*[1000] =999000

या $b=[10^e - 1]*[10^d]$ सें प्राप्त गुणनफल संख्या होगा। से

$=[10^3 - 1]*[10^3]$ =[1000-1]*[1000] = 999*1000 =999000

या b=[e स्थान तक 9-9 दर्शित संख्या \ d स्थान तक 0 (शून्य) दर्शित संख्या, से प्राप्त संख्या होगा।

= [3 स्थान तक 9-9 दर्शित संख्या \ 3 स्थान तक 0 (शून्य) दर्शित संख्या]

= 999\000 =999000

इस प्रकार के हलो से $0.365\dot{4}4\dot{5} = \frac{365080}{999000} = \frac{36508}{99900} = \frac{9127}{24975}$ होगा।

इसी प्रकार $0.419\dot{5}\dot{7} = \frac{41957 - 419}{99000} = \frac{41538}{99000} = \frac{6923}{16500}$ होगा ।

20-7 सरल भिन्न $\frac{a}{b}$ ⧗ का दशमलव निरूपण दशमलव भिन्नों का प्रथम सरलतम बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ में प्रतिनिरूपण में – शांत दशमलव भिन्न के परिपेक्ष्य में हर b को 10^r =[(r+1) अंको की सबसे छोटी संख्या,के रूप में ,आवर्ती दशमलव भिन्न के परिपेक्ष्य में हर b को $(10^r - 1)$ = (r अंकों की सबसे बड़ी संख्या) के रूप में, तथा मिश्र आवर्ती दशमलव भिन्न के परिपेक्ष्य में हर b को $(10^r - 1) * 10^y$ = (r अंकों की सबसे बड़ी संख्या)* (y अंकों की सबसे बड़ी संख्या) के रूप में, प्राप्त करना होता है। तब किसी बटे भिन्न $\frac{a}{b}$ का दशमलव निरूपण में $\frac{a}{b}$ का तुल्य भिन्न $\frac{a_r}{b_r}$ इस प्रकार प्राप्त करते हैं कि तुल्य भिन्न का हर b_r 10^r **अथवा** $(10^r - 1)$ **अथवा** $(10^x - 1) * 10^y$ के रूप में प्राप्त हो सके। इसके लिए हर b की प्रकृति परखने उपरांत ही बटे $\frac{a}{b}$ भिन्न का दशमलव निरूपण नियम प्रतिपादित किया जा सकता है। जो निम्नानुसार आत्मसाती होंगे।

(1) यदि सरल भिन्न $\frac{a}{b}$ का हर b $2^r, 5^r, 2^r10^n$ तथा 5^r10^n में परिवर्तनीय हो तो भिन्न $\frac{a}{b}$ का दशमलव निरूपण शांत दशमलव में होगा ।

1 A भिन्न $\frac{a}{2^r}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{a*5^r}{2^r*5^r} = \frac{a*5^r}{10^r}$ का दशमलव निरूपण $a*5^r$ का हल मान संख्या के दाँयी से बाँयी ओर r स्थान अंक बाद दशमलव बिन्दु दर्शित करने से होगा।

जैसे भिन्न $\frac{1}{2}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{1*5}{2*5} = \frac{5}{10} = 0.5$

भिन्न $\frac{7}{8} = \frac{7}{2^3}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{7*5^3}{2^3*5^3} = \frac{7*125}{10^3} = \frac{875}{10^3} = 0.875$

भिन्न $\frac{23}{16} = \frac{23}{2^4}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{23*5^4}{2^4*5^4} = \frac{23*625}{10^4} = \frac{14375}{10^4} = 1.4375$

1B भिन्न $\frac{a}{5^r}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{a*2^r}{5^r*2^r} = \frac{a*2^r}{10^r}$ का दशमलव निरूपण ´5^r का हल मान संख्या के दाँयी से बाँयी ओर r स्थान अंक बाद दशमलव बिन्दु दर्शित करने से होगा।

जैसे भिन्न $\frac{1}{5}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{1*2}{5*2} = \frac{2}{10} = 0.2$

भिन्न $\frac{7}{125} = \frac{7}{5^3}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{7*2^3}{5^3*2^3} = \frac{7*8}{10^3} = \frac{56}{10^3} = 0.056$

भिन्न $\frac{23}{625} = \frac{23}{5^4}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{23*2^4}{5^4*2^4} = \frac{23*16}{10^4} = \frac{368}{10^4} = 0.0368$

1C भिन्न $\frac{a}{2^r*10^n}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{a*5^r}{(2^r*5^r)*10^n} = \frac{a*5^r}{10^{r+n}}$ का दशमलव निरूपण $a*5^r$ का हल मान संख्या के दाँयी से बाँयी ओर (r+n) स्थान अंक बाद दशमलव बिन्दु दर्शित करने से होगा।

जैसे भिन्न $\frac{1}{20} = \frac{1}{2*10}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{1*5}{(2*5)*10} = \frac{5}{10^{1+1}} = \frac{5}{10^2} = \frac{5}{100} = 0.05$

भिन्न $\frac{7}{800} = \frac{7}{8*100} = \frac{7}{2^3*10^2}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{7*5^3}{(2^3*5^3)*10^2} = \frac{7*125}{10^{3+2}} = \frac{875}{10^5} = 0.00875$

1D भिन्न $\frac{a}{5^r*10^n}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{a*2^r}{(5^r*2^r)*10^n} = \frac{a*2^r}{10^{r+n}}$ का दशमलव निरूपण $a*2^r$ का हल मान संख्या के दाँयी से बाँयी ओर (r+n) स्थान अंक बाद दशमलव बिन्दु दर्शित करने से होगा।

जैसे भिन्न $\frac{1}{50} = \frac{1}{5*10}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{1*2}{(5*2)*10} = \frac{2}{10^{1+1}} = \frac{2}{10^2} = \frac{2}{100} = 0.02$

भिन्न $\frac{7}{12500} = \frac{7}{125*100} = \frac{7}{5^3*10^2}$ का तुल्य सदृश्य भिन्न $= \frac{7*2^3}{(5^3*2^3)*10^2} = \frac{7*8}{10^{3+2}} = \frac{56}{10^5} = 0.00056$**(1) यदि सरल भिन्न $\frac{a}{b}$ का हर b का इकाई अंक 1,3,7 ,9 हो तो** $\frac{a}{b} = \frac{a_r}{b_r}$ का हर b_r =(($10^r - 1$)= (r अंकों की सबसे बड़ी संख्या) में परिवर्तनीय होगा तथा भिन्न $\frac{a}{b}$ का दशमलव निरूपण आवर्ती दशमलव में होगा।जिसका हल मान

⧗ (अंशमान a < हरमान b) के प्रति पूर्णांश प्रखण्ड का अंतिम शेषफल = अंशमान a तथा दशमलव निरूपण का पूर्णांश 0 होगा।

$a_r = a*[(10^r-1)\div b]$ के दाँयी से बाँयी ओर r स्थान बाद दशमलव बिन्दु लगााने से प्राप्त होगा जो r अंकीय समूह में आवर्ती होगा।

जैसे $\frac{1}{3}=\frac{1*3}{3*3}=\frac{3}{9}=\frac{3}{10^1-1}=0.\dot{3}$ $\quad \frac{4}{33}=\frac{4*3}{33*3}=\frac{12}{99}=\frac{3}{10^2-1}0.\dot{1}\dot{2}$

$\frac{1}{101}=\frac{1*99}{101*99}=\frac{99}{9999}=\frac{0099}{10^4-1}=0.\dot{0}09\dot{9}$ $\quad \frac{5}{7}=\frac{5*142857}{7*142857}=\frac{714285}{999999}=\frac{714285}{10^6-1}=0.\dot{7}1428\dot{5}$

(3) यदि सरल भिन्न $\frac{a}{b}$ का हर b का इकाई अंक 2,4,5,6,0 तथा कम से कम एक गुणनखण्ड 1,3,7,9 इकाई अंक की संख्या हो तो भिन्न $\frac{a}{b}$ का दशमलव निरूपण मिश्र आवर्ती दशमलव मिन्न होगा। जिसके लिए हल प्रक्रम निम्नानुसार आत्मसात करें।

प्रक्रम 1 भिन्न $\frac{a}{b}=\frac{a_1}{b_1}$ का हर $b_1=(10^y-1)*10^x$ = [{yअंको की सबसे बडी संख्या जो y स्थानिक 9-9 की संख्या होगी} के दाँये x स्थानिक 0-0 दर्ज करने से प्राप्त संख्या होगी।] जिसके सापेक्ष अंश $a_1=a*(b_1\div b)$ प्राप्त होगा। जिसे(x+y) अंकीय में दर्शित कीजिए। जिसके लिए आवश्यक स्थान पूर्ति हेतू इसके बाँयी ओर 0 की स्थान संख्या बढ़ावें।

प्रक्रम 2 भिन्न $\frac{a}{b}=\frac{a_1}{b_1}=\frac{a_1}{10^x*q}$ में q= y स्थानिक 9-9 की संख्या होगी। दर्शित कीजिए।

प्रक्रम 3 सापेक्ष अंश a_1 को दो अनुभाग– x अंकीय बाँया अनुभाग\ y अंकीय दाँया अनुभाग में दर्शित कीजिए।

और $\frac{a_1}{10^x*q}=\frac{1}{10^x}[w\frac{p}{q}]$ प्राप्त कीजिए जहाँ पूर्णोक w = x अंकीय बाँया अनुभाग की संख्या तथा

अंश p ={(x अंकीय बाँया अनुभाग की संख्या)+(y अंकीय दाँया अनुभाग की संख्या)} होगा।

तब सरल भिन्न $\frac{a}{b}=\frac{a_1}{b_1}=\frac{a_1}{10^x*q}=\frac{1}{10^x}[w\frac{p}{q}]$ का मिश्र आवर्ती दशमलव निरूपण–

1• p<y होने पर अभीष्ट मिश्र आवर्ती दशमलव निरूपण में दशमलव बाद प्रथम अनावर्ती अंक समूह के अंक पूर्णोक w = x अंकीय बाँया अनुभाग की संख्या के अंक बाद आवर्ती अंक समूह के अंक p ={(x अंकीय बाँया अनुभाग की संख्या)+(y अंकीय दाँया अनुभाग की संख्या)} के अंक होंगे।

2• P>y होने पर अभीष्ट मिश्र आवर्ती दशमलव निरूपण में दशमलव बाद प्रथम अनावर्ती अंक समूह के अंक पूर्णोक w +1 = (x अंकीय बाँया अनुभाग की संख्या +1) के अंक बाद आवर्ती अंक समूह के अंक p+1 =[{(x अंकीय बाँया अनुभाग की संख्या)+(y अंकीय दाँया अनुभाग की संख्या)} – q] के अंक होंगे।

जैसे 1• $\frac{a}{b}=\frac{8}{15}$ का मिश्र आवर्ती दशमलव के लिए $\frac{8}{15}=\frac{8*6}{15*6}=\frac{48}{90}=\frac{1}{10^1}[\frac{4\backslash 8}{9}]=\frac{1}{10^1}[4\frac{4+8}{9}]=\frac{1}{10^1}[4\frac{12}{9}]$ में w=4 , p=12 , q = 9 से (p=12) >(q=9)

∴ अभीष्ट मिश्र आवर्ती दशमलव निरूपण में दशमलव बाद प्रथम अनावर्ती अंक समूह के अंक पूर्णोक w +1 =4+1 =5

बाद आवर्ती अंक समूह के अंक p – q = 12 – 9 =3 होगा।

अतः $\frac{8}{15}=\frac{8*6}{15*6}=\frac{48}{90}=0.5\dot{3}$ अभीष्ट मिश्र आवर्ती दशमलव निरूपण होगा।

2• $\frac{a}{b}=\frac{7}{15}$ का मिश्र आवर्ती दशमलव के लिए – $\frac{7}{15}=\frac{7*6}{15*6}=\frac{42}{90}=\frac{1}{10^1}[\frac{4\backslash 2}{9}]=\frac{1}{10^1}[4\frac{4+2}{9}]=\frac{1}{10^1}[4\frac{6}{9}]$ में w=4 , p=6 , q = 9 से (p=6) <(q=9)

∴ अभीष्ट मिश्र आवर्ती दशमलव निरूपण में दशमलव बाद प्रथम अनावर्ती अंक समूह के अंक पूर्णोक w =4

2■ व्यापकता यदि किन्हीं $w_1, w_2, w_3 - - - w_n$ प्रकार के कार्यों को करने की क्रमशः भिन्न –भिन्न विधियाँ $v_1, v_2, v_3 - - - v_n$ हों तो पूरे कार्यों को साथ–साथ करने की कुल $v_1 * v_2 * v_3 * - * - * - * v_n$ विधियाँ होंगी।

3■ रेखीय एवं वृत्तीय या चक्रीय क्रमचय यहाँ रेखा का तात्पर्य रेखाखण्ड से है। अतः किसी रेखा खण्ड में वस्तुओं के क्रमचयों को रेखीय क्रमचय कहते हैं, जबकि वृत्त के चारों ओर वस्तुओं के क्रमचयों को वृत्तीय क्रमचय कहते हैं। रेखीय एवं वृत्तीय क्रमचय में यह अन्तर है कि रेखीय क्रमचय में प्रत्येक विन्यास के दो सिरे होते हैं जबकि वृत्तीय या चक्रीय क्रमचय में कोई सिरा नही होता। चक्रीय क्रमचय में वस्तुओं के सापेक्ष स्थिति का ध्यान दिया जाता है। पाँच अक्षर a,b,c,d,e के क्रमों कें विचार की दृष्टि से –

1• क्रम विन्यास a,b,c,d,e \ b,a,c,d,e \ c,a,b,d,e \ d,a,c,d,e \ e,a,b,c,d रेखीय विन्यास जो एक–दूसरे से भिन्न है।

2•



वृत्तीय क्रमचय विन्यास है।

इनका विस्तारित अध्ययन करनें के पूर्व क्रमगुणित n जिसका अनुप्रयोग क्रमचयों की संख्या ज्ञात करनें में होगा, का अर्थ को जानना यथेष्ट होगा।

4■ क्रमचयों की संख्या ज्ञात करनें में क्रमगुणित n का अनुप्रयोग

A रेखीय क्रमचय के संदर्भ में

A_1 दी हुई n असमान वस्तुओं में से एक बार में कोई r असमान वस्तुओं को लेकर बने क्रमचययो की संख्या ज्ञात करना

n असमान वस्तुओं में से एक बार में कोई r असमान वस्तुओं को लेकर बने क्रमचययो की संख्या वही होगी जो r रिक्त स्थानों को n वस्तुओं से भरने की होगी। पहला स्थान n वस्तुओं में से किसी एक से भरा जा सकता है अर्थात् इस पहले स्थान को भरने की n विधियाँ है। पहले स्थान को एक वस्तु से भर देने के बाद $(n-1)$ अब दूसरा स्थान $(n-1)$ वस्तुओं में से किसी एक से भरा जा सकता है। अतएव पहले स्थान को भरने की प्रत्येक विधि के संगत दूसरे स्थान को भरने की $(n-1)$ विधियाँ है। अतः पहले दो स्थान को भरने की $n * (n-1)$ विधियाँ हुई।

जब पहले दो स्थान $n * (n-1)$ विधियाँ में से किसी एक विधि भरे जा चुके तो तीसरे स्थान के लिए केवल $(n-2)$ वस्तुएँ शेष रहती है।तब , तीसरा स्थान इन $(n-2)$ वस्तुओं में से किसी एक से भरा जा सकता है। अतएव पहले दो स्थान को भरने की n*(n-1) विधियाँ में से प्रत्येक विधि के संगत तीसरे स्थान को भरने की $(n-2)$ विधियाँ है। अतः पहले तीन स्थान को भरने की $n * (n-1) * (n-2)$ विधियाँ हुई।

अतः r स्थान को भरने की विधियाँ की संख्या - n*(n-1)*(n-2)*(n-3)----------r गुणनखण्ड तक है अर्थात् n*(n-1)*(n-2)*(n-3)----------(n−r+1) है। इसका अध्ययन संकेत ^nP_r अथवा $P(n,r)$ है। यहाँ P क्रमचय व्यक्त करता है। इस प्रकार –

^nP_r अथवा $P(n,r) = \frac{n!}{(n-r)!} = \frac{n*(n-1)*(n-2)*(n-3))----------(n-r+1)*(n-r)!}{(n-r)!}$

$$= n * (n-1) * (n-2) * (n-3)) - - - - - - - - - - -(n-r+1)$$

ध्यानाकर्षण – ^nP_r अथवा $P(n,r)$ में n और r धन पूर्णांक संख्याएँ है तथा $r \leq n$

उपप्रमेय 1 प्राकृत संख्या $n = {}^nP_1$ अथवा $P(n,1)$

प्रमाण $n! = n * (n-1) * (n-2) * (n-3) - - - - - 3 * 2 * 1 = n * (n-1)!$

$\Rightarrow n! = n*(n-1)! \Rightarrow n = n! \div (n-1)! = \frac{n!}{(n-1)!} = {}^nP_1$ अथवा $P(n,1)$

अर्थात किसी प्राकृत संख्या $n = {}^nP_1$ अथवा $P(n,1)$ को उसके क्रमगुणित $n!$ को उसके पूर्ववर्ती संख्या $(n-1)$ के क्रमगुणित $(n-1)!$ द्वारा विभाजित करने की संक्रिया से दर्शित किया जा सकता है।

उपप्रमेय 2 दी हुई n वस्तुओं में से सभी को एक साथ लेकर बनें क्रमचयों की संख्या ${}^nP_n$ अथवा $P(n,n)$ है।

प्रमाण– परिभाषा से ${}^nP_n = n*(n-1)*(n-2)*(n-3)----------(n-n+1)$

$= n*(n-1)*(n-2)*(n-3)----------3*2*1$

या ${}^nP_n = n!$

उपप्रमेय 3 ${}^nP_r$ अथवा $P(n,r) = \frac{n!}{(n-r)!}$

प्रमाण– ${}^nP_r = n*(n-1)*(n-2)*(n-3)----------(n-r+1)$

$= \frac{[n*(n-1)(n-2)----(n-r+1)(n-r)(n-r-1)*------3*2*1]}{[(n-r)*(n-r-1------3*2*1}} = \frac{n!}{(n-r)!}$

उपप्रमेय 4 $0! = 1$

प्रमाण– ${}^nP_r = \frac{n!}{(n-r)!}$ के दोनों पक्ष में r=n रखने पर–

${}^nP_n = \frac{n!}{(n-n)!} = {}^nP_n = \frac{n!}{0!}$ या $n! = \frac{n!}{0!}$ या $0! = \frac{n!}{n!} = 1$

उपप्रमेय 5 $\frac{1}{(-r)!} = 0$

प्रमाण– ${}^nP_r = \frac{n!}{(n-r)!}$ के दोनों पक्ष में n=0 रखने पर– ${}^0P_r = \frac{0!}{(0-r)!}\ \frac{1}{(-r)!} = \frac{1}{!\infty} = 0$

A_2 प्रतिबंधित क्रमचय कभी–कभी क्रमचयों की संख्या किसी विशेष प्रतिबंध को संतुष्ट करते हुए ज्ञात करनी होती है।उदाहरणतः कुछ विशेष वस्तुओं को किन्हीं विशेष स्थानों पर रखकर क्रमचय ज्ञात करने होते हैं।ऐसी स्थिति में दिये हुए प्रति को ध्यान में रखकर शेष रिक्त स्थानों को शेष वस्तुओं से भरने के क्रमचयों की संख्या ज्ञात करनी पड़ती है। इस प्रकार से प्राप्त क्रमचयों को प्रतिबंधित क्रमचय कहते है।

जैसे चार अंक 3,5,7 और 9 के समूह से बनी संख्या जिसका दहाई अंक 3 हो–

दो अंकों के विन्यास से बनी संख्या–35, 37,39

1• इन क्रमचयों की संख्या $= {}^{(4-1)}P_{(2-1)} = {}^3P_1 = \frac{3!}{(3-1)!} = \frac{3!}{2!} = \frac{3*2*1}{2*1} = 3$ है।

2• तीन अंकों के विन्यास से बनी संख्या– 537, 539, 735,739, 935, 937

इन क्रमचयों की संख्या $= {}^{(4-1)}P_{(3-1)} = {}^3P_2 = \frac{3!}{(3-2)!} = \frac{3!}{1!} = \frac{3*2*1}{1} = 6$ है।

3• चार अंकों के विन्यास से बनी संख्या– 5739, 5937, 7935, 7539, ,9537, 9735

इन क्रमचयों की संख्या $= {}^{(4-1)}P_{(4-1)} = {}^3P_3 = 3! = 3*2*1 = 6$ है।

A_3 n असमान वस्तुओं में से r वस्तुओं को एक साथ लेने पर बने क्रमचयों की संख्या ज्ञात करना

जबकि – 1• कोई विशेष वस्तु प्रत्येक बार ली जाये। 2• कोई विशेष वस्तु प्रत्येक कभी न ली जाये।

1• माना कि n असमान वस्तुएँ $a_1, a_2, a_3 ----, a_n$ है। हमें उन क्रमचयों की संख्या ज्ञात करनी है जिन्में वस्तु a_1 प्रत्येक बार लिया जाये। माना कि वस्तु a_1 प्रथम स्थान पर ली जाती है। अब शेष वस्तुएँ (n-1) है तथा इनमें से (r-1) वस्तुएँ चुनी जानी है जो ${}^{(n-1)}P_{(r-1)}$ प्रकार से चुनी जा सकती हैं। किन्तु वस्तु a_1 को r स्थानों पर लिया जा सकता है।

अतः **उन क्रमचयों की संख्या जिनमें वस्तु a_1 सदैव आती है $= r * {}^{(n-1)}P_{(r-1)}$** होगा।

2• माना कि वस्तु a_1 कभी किसी भी क्रमचय नहीं ली जाती अतः शेष वस्तुएँ (n-1) रही । इन (n-1) वस्तुओं में r वस्तुओं को लेकर बने क्रमचयों की संख्या$= {}^{(n-1)}P_r$

अतः **उन क्रमचयों की संख्या जिनमें वस्तु a_1 कभी किसी भी क्रमचय नहीं ली जाती है $= {}^{(n-1)}P_r$** होगा

3• **दोनों अवस्थाओं 1 और 2 से बनें क्रमचयों का योग प्रमेय** दोनों अवस्थाओं 1 और 2 से बनें क्रमचयों का योग

$= n$ वस्तुओं में से r वस्तुओं को लेकर बने क्रमचयों की संख्या ^nP_r होगा। अतः

$$r * {}^{(n-1)}P_{(r-1)} + {}^{(n-1)}P_r = {}^nP_r$$

प्रमाण बाँया पक्ष = $r * {}^{(n-1)}P_{(r-1)} + {}^{(n-1)}P_r = \frac{r*(n-1)!}{\{(n-1)-(r-1)\}!} + \frac{(n-1)!}{\{(n-1)-r\}}$

$$=(n-1)!\left[\frac{r}{(n-r)!} + \frac{1}{\{n-r-1\}!}\right]$$

$$=(n-1)!\left[\frac{r+(n-r)}{(n-r)!}\right]$$

$=(n-1)!\left[\frac{n}{(n-r)!}\right] = \frac{n!}{(n-r)!} = {}^nP_r =$ दाँया पक्ष प्रमाणित हुआ।

A_4 उन वस्तुओं का क्रमचय जो सभी भिन्न न हो माना कि n वस्तुएँ n अक्षरों से प्रदर्शित की जाती है। इनमें से p वस्तुएँ एक ही प्रकार की a,a,a,---a है। q वस्तुएँ b,b,b,---b दूसरे प्रकार की है। r वस्तुएँ c,c,c,---c तीसरे प्रकार की है तथा शेष वस्तुएँ d,e,f, ------ इत्यादि है जो भिन्न है।

माना कि क्रमचयों कही अभीष्ट संख्या x है। प्रत्येक क्रमचय में दिये हुए सभी n अक्षर है। इन x क्रमचयों में से कोई एक क्रमचय लीजिए। इसमें p समान अक्षरों a,a,a,a,----------; के स्थान पर असमान अक्षर $a_1, a_2, a_3 - --, a_p$ रखिए जो कि शेष सभी अक्षरों से भिन्न हो।अब इस क्रमचय में शेष अक्षरों में से किसी का स्थान न बदलकर इस नये p अक्षर $a_1, a_2, a_3 - --, a_p$ का परस्पर परिवर्तन कर दो। इस प्रकार $p!$ नये क्रमचय प्राप्त होंगे और यही क्रिया सभी x क्रमचयों पर की जाय तो हमें कुल $x * p!$ क्रमचय प्राप्त होंगे।

इसी प्रकार यदि $x * p!$ क्रमचयों में से हम कोई एक क्रमचय लें और और उसके q समान अक्षरों b,b,b,----------,b के स्थान पर असमान अक्षर $b_1, b_2, b_3 - --, b_q$ रखिए जो कि शेष सभी अक्षरों से भिन्न हो। अब इन q असमान अक्षरों $b_1, b_2, b_3 - --, b_q$ का परस्पर परिवर्तन कर दो।तो पूर्व की भाँति $q!$ नये क्रमचय प्राप्त होंगे और यही क्रिया सभी $x * p!$ क्रमचयों पर की जाय तो हमें कुल $x * p! * q!$ क्रमचय प्राप्त होंगे।

इसी प्रकार यदि $x * p! * q!$ क्रमचयों में से हम कोई एक क्रमचय लें और और उसके r समान अक्षरों c,c,c,----------,c के स्थान पर असमान अक्षर $c_1, c_2 c_3 - --, c_r$ रखिए जो कि शेष सभी अक्षरों से भिन्न हो। अब इन r असमान अक्षरों $c_1, c_2, c_3 - --, c_r$ का परस्पर परिवर्तन करने पर ` पूर्व की भाँति $r!$ नये क्रमचय प्राप्त होंगे और यही क्रिया सभी $x * p! * q!$ क्रमचयों पर की जाय तो हमें कुल $x * p! * q! * r!$ क्रमचय प्राप्त होंगे।

परंतु कुल अक्षरों की संख्या n है जो सभी असमाान है। अतः कुल क्रमचयों की संख्या $n!$ है।

अतः $x * p! * q! * r! = n! \quad \Rightarrow \quad x = \frac{n!}{p! * q! * r!}$

उपप्रमेय n वस्तुओं जिनमें से m वस्तुएँ एक प्रकार की है तथा $(n-m)$ वस्तुएँ दूसरे प्रकार की है, के क्रमचयों की संख्या $\frac{n!}{m! * (n-m)!}$ होगी।

A_5 वस्तुओं की पुनरावृत्ति n असमान वस्तुओं में एक बार में r वस्तुएँ लेंने पर बने क्रमचयों की संख्या ज्ञात करना जबकि प्रत्येक वस्तु किसी भी विन्यास में लिया जाता है चाहे कितनी बार ली जा सके।

स्पष्ट है कि अभीष्ट क्रमचयों की संख्या उतनी ही हीगी जितनी n असमाान वस्तुओं में से r रिक्त स्थानों को भरने की , जबकि प्रत्येक वस्तु चाहे कितनी बार प्रयुक्त न हो जाये। पहले स्थान को n प्रकार से भरा जा सकता है , क्योंकि दी हुई n वस्तुओं में से प्रत्येक वस्तु उस स्थान को भर सकती है। पहला स्थान भर जाने पर दूसरा स्थान भी n प्रकार से भरा जा सकता है , क्योंकि जो वस्तु पहले स्थान पर रख दी गई है,दसका प्रयोगपुनः किया जा सकता है। इस प्रकार पहले दो वस्तु दो स्थान $n * n = n^2$ प्रकार से भरे जाा सकते हैं।जब पहले दो स्थान n^2 प्रकारों से भरे जा चुके हो तो तीसरा स्थान भी n प्रकार से भरा जा सकता है। अतएव पहले तीन स्थान $n^2 * n = n^3$ प्रकार से भरे जा सकते है, ...इत्यादि।

उपर्युक्त व्याख्या से यह स्पष्ट है कि जितने स्थान भरे जाने है, n का घातांक भी उतना ही होगा। इस प्रकार r स्थान n^r प्रकार से भरे जायेंगे। अतः क्रमचययों की अभीष्ट संख्या n^r है।

विभिन्न स्थितियों में रेखीय क्रमचय एक दृष्टि में

क्रमांक	कुल वस्तु संख्या	कुल वस्तु में से एक बार में ली गई वस्तु की संख्या	क्रमचयों की कुल संख्या
1	N	R	${}^{n}P_r = \frac{n!}{(n-r)!}$
2	N	N	${}^{n}P_n = n!$
3	N	p वस्तुएँ एक ही प्रकार की ,a,a,---a है। q वस्तुएँ b,b,b,---b दूसरे प्रकार की है। r वस्तुएँ c,c,c,---c तीसरे प्रकार की है तथा शेष वस्तुएँ d,e,f, ------ इत्यादि है जो भिन्न ळें	$\frac{n!}{p! * q! * r!}$
4	N	एक बार में r वस्तुएँ लेंने पर बने क्रमचयों की संख्या ज्ञात करना जबकि प्रत्येक वस्तु किसी भी विन्यास में लिया जाता है चाहे कितनी बार ली जा सके।	n^r
5	N	**r** वस्तुओं को एक साथ लेने पर बने क्रमचयों की संख्या **1•** कोई विशेष वस्तु प्रत्येक बार ली जाये। **2•** कोई विशेष वस्तु प्रत्येक बार कभी न ली जाये।	$r * {}^{(n-1)}P_{(r-1)}$ ${}^{(n-1)}P_r$

सधित अभ्यास उदाहरण 1■ सिद्ध कीजिए ${}^{12}P_5 = 95040$

हल ${}^{n}P_r = \frac{n!}{(n-r)!}$ में n =12 और r = 5 रखने पर ${}^{12}P_5 = \frac{12!}{(12-5)!} = \frac{12!}{7!} = \frac{12*11*10*9*8*7!}{7!}$

$= 12 * 11 * 10 * 9 * 8 = 95040$ सिद्ध।

2■ यदि ${}^{n}P_3 = 9 * {}^{n}P_2$ हो तो n का मान ज्ञात कीजिए।

हल ${}^{n}P_3 = 9 * {}^{n}P_2 \Rightarrow \frac{n!}{(n-r!} = 9 * \frac{n!}{!(n-2)} \Rightarrow \frac{(n-2)!}{(n-3)!} = 9 \Rightarrow n-2 = 9 \Rightarrow n = 11$ उत्तर

3■ INSURANCE शब्द के अक्षरों को कितने तरीके से रखा जा सकता है? जब–

1- कोई प्रतिबंध न हो। **2-** सभी स्वर (I,U,A,E) कभी अलग न हो।

हल 1• कोई प्रतिबंध न हो–

दिये हुए शब्द में कुल 9 अक्षर है जिसमें अक्षर N की बारम्बारता 2 है तथा शेष 7अक्षरों I,S,U,R,A,C,E की बारम्बारता 1-1 है। ∴ अभीष्ट शब्दों की संख्या $= \frac{9!}{2!*1!*1!*1!*1!*1!*1!*1!}$

$= \frac{9!}{2!} = 9*8*7*6*5*4*3 = 181440$

हल 2• सभी स्वर (I,U,A,E) कभी अलग न हो–

दिये हुए शब्द में कुल 4 स्वर और 5 अन्य अक्षर है। यदि सभी स्वरों को एक अक्षर मान ले तो (5+1) =6 अक्षर रह जाते है। जिसे ${}^{6}P_6 = 6! = 6*5*4*3*2*1 = 720$ प्रकार से रखा जा सकता है। और 4 स्वरों को 4 स्थान पर ${}^{4}P_4 = 4! = 4*3*2*1 = 24$ प्रकार से रखा जा सकता है। अतः शब्दों की अभीष्ट संख्या 720*24=17280 उत्तर

■4 NUMBERS शब्द के अक्षरों से कितने भिन्न–भिन्न प्रकार के शब्द बन सकते है? और कितने शब्दों के प्रथम और अंन्त्य अक्षर क्रमशः N और S होगा।

हल दिये हुए शब्द में कुल 7 अक्षर है। अतः शब्दों की कुल संख्या $= {}^{7}P_7 = 7! = 7*6*5*4*3*2*1 = 5040$

प्रथम और अंन्त्य अक्षर क्रमशः N और S निश्चित किये जाने पर 5 अक्षर रह जाते हैं। जिनको क्रम बदल कर ${}^{5}P_5 = 5! = 5*4*3*2*1 = 120$ प्रकार से रखा जा सकता है।

■5 विभिन्न प्रकार की 6 अंगूठियों को दाये हाथ की 4 अंगुलियों में कितने प्रकार से पहना जा सकता है?

हल चूँकि पहली अँगूठी 4 अंगुलियों में से किसी में पहना जा सकता है।

∴ पहली अँगूठी 4 प्रकार से पहना जा सकता है।

इसी प्रकार दूसरे, तीसरे, चौथे ,पाँचवें और छटवी अँगूठी को भी पहली अँगूठी की भाँति 4-4 प्रकार से पहना जा सकता है।

∴ अँगूठी पहने जाने की अभीष्ट प्रकारों की संख्या $= 4^6 = 4*4*4*4*4*4 = 4096$ होगा।

B वृतीय क्रमचय के संदर्भ में–



वृत्तीय क्रमचय विन्यास है।

1 दक्षिणावर्त (क्रम) 2 वामावर्त (क्रम)

वृतीय क्रमचय के प्रकार

1• ऐसे वृत्ताकार क्रमचय जिनमें दक्षिणावर्त और वामावर्त दिशाओं में कोई भेद नहीं होता है, जैसे किसी माला में मोतियों का क्रमचय । यदि माला के क्रम उलट दिये जाय तों भी माला पहले जैसे ही रहती है।

2• ऐसे वृत्ताकार क्रमचय जिनमें दक्षिणावर्त और वामावर्त दिशाओं में कोई भेद होता है, एक गोलमेज के चारों ओर के पुरूषों के समुच्चय का क्रमचय।

दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में क्रमों में अन्तर यह होता है कि एक जो अक्षर दाँयी ओर होता है , वह दूसरें में बाँयी हो जाता है।और एक जो अक्षर बाँयी ओर होता है , वह दूसरें में दाँयी हो जाता है।

सत्यकथन

n विभिन्न में से एक समय में r वस्तु लेने पर बने प्रत्येक वृत्ताकार क्रमचयय के संगत r रेखीय क्रमचय होंगे। अतः जब दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद होने पर–

प्रमेय n विभिन्न में से एक समय में r वस्तु लेने पर बने वृत्ताकार क्रमचयों की संख्या–

1• यदि दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद होता है तो क्रमचयों की संख्या ${}^nP_r \backslash r$ होगा।

2• यदि दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद नहीं होता है तो क्रमचयों की संख्या ${}^nP_r \backslash 2r$ होगा।

प्रमाण 1 जब दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद हो माना वृत्ताकार क्रमचयों की संख्या x है।यदि दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद होता है। तो प्रत्येक वृत्ताकार क्रमचय के संगत r होंगे।अतः x वृत्ताकार क्रमचय के संगत x*r रेखीय क्रमचय होंगे।

$\therefore x*r = {}^nP_r$ [n वस्तुओं में से r वस्तुओं को को एक साथ लेने पर बने क्रमचयों का संख्या]

$\Rightarrow x = {}^nP_r \backslash r$ सिद्ध हुआ।

2 जबदक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद नहीं हो माना वृत्ताकार क्रमचयों की संख्या x है।यदि दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद नहीं होता है। तो प्रत्येक वृत्ताकार क्रमचय के संगत 2r होंगे। होंगे।अतः x वृत्ताकार क्रमचय के संगत 2x*r हो रेखीय क्रमचय होंगे।

$\therefore 2x*r = {}^nP_r$ [n वस्तुओं में से r वस्तुओं को को एक साथ लेने पर बने क्रमचयों का संख्या]

$\Rightarrow x = {}^nP_r \backslash 2r$ सिद्ध हुआ।

उप प्रमेय r=n हो, अर्थात् सब वस्तुएँ एक साथ ली जाए तब

1• पहली वृतीय अवस्था (दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद हो)तो वृतीय क्रमचयों की संख्या $= {}^nP_n \backslash n = \frac{n!}{n} = (n-1)!$ होगा।

2• दूसरी वृतीय अवस्था (दक्षिणावर्त एवं वामावर्त में भेद नहीं हो)तो वृतीय क्रमचयों की संख्या $= {}^nP_n \backslash 2n = \frac{n!}{2n} = \frac{(n-1)!}{2}$ होगा।

कार्य विधि यदि कुछ व्यक्ति किसी गोल (वृत्ताकार) घेरे के चारो ओर बैठे/खड़े हो तो बैठने/खड़े होने की क्रमचयों की संख्या ज्ञात करने के लिए किसी एक व्यक्ति से स्थान नियत मानकर शेष व्यक्ति का क्रमचय उस नियत व्यक्ति के सापेक्ष ज्ञात कर सकते है।

साधित अभ्यास उदाहरण 1■ 20 आदमी एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर कितने प्रकार से बैठ सकते है? जब **1** बैठने के 20 स्थान है। **2** बैठने के 8 स्थान है।

हल 1• 20 आदमी में से एक स्थान नियत कर देने पर 19 आदमी और 19 खाली स्थान शेष बचते है। इस 19 खाली स्थानों पर शेष 19 आदमी 19! प्रकार से बैठ सकते है।

अतः अभीट उत्तर !19= 1,21,64,51,00,40,88,32,000 होगा।

2• माना 8 खाली स्थानों पर शेष 20 आदमी x प्रकार से बैठ सकते है।तब एक वृत्तीय क्रमचय में 8 आदमी समा सकते है। और चूँकि 8 रेखीय क्रमचयों में एक रेखीय वृत्तीय क्रमचय प्राप्त होगा।

$\therefore\ 8x = {}^{20}P_8 \Rightarrow X = {}^{20}P_8\backslash 8 = \frac{20!}{8*(20-8)!} = \frac{20!}{8*12!}$ =634888800 अभीष्ट उत्तर होगा।

उदाहरण 2■ 5 बालक और 5 बालिका कितने प्रकार से एक वृत्त बनाकर खड़े हो सकते हैं जबकि बालक बालिका एक बाद एक खड़े हो।

हल किसी 1 बालक का स्थान नियत कर देने पर इसके सापेक्ष शेष 4 बालक के खड़े होने का क्रमचय 4! होगा। तब पूरे 5 बाालक के खड़े हो जाने पर 2 – 2 बालक के बीच कुल 5 स्थान मिलेंगे।जिन पर 5 बालिकाओं के खड़े होने का क्रमचय 5! होगा।

∴ प्रश्नानुसार बालक –बालिकाओं केखड़े होने का क्रमचय $= 4! * 5! = 24*120 = 2880$ होगा।

उदाहरण 3■ n आदमी एक गोलमेज मेज के चारों ओर बैठते है। दो विशेष आदमी के एक साथ बैठनें के प्रतिकूल संवेगानुपात ज्ञात कीजिए।

हल यहाँ हमें n आदमियों को गोलमेज के चारों ओर बैठने के ढंग ज्ञात करने हैं जब दाे विशेष आदमी कभी पास–पास न बैठे हो।

किसी एक आदमी के मेज पर बैठने पर शेष $(n-1)$ आदमी को उसके सापेक्ष $(n-1)!$ ढंग से बिठाया जा सकता हैं। इनमें दोनों विशेष आदमी के एक साथ बैठने का ढंग भी सम्मिलित है । ---------------(1)

पुनः उन दोनों विशेष आदमी को एक साथ बिठाकर शेष $(n-2)$ आदमी को उसके सापेक्ष $(n-2)!$ ढंग से बिठाया जा सकता हैं। जबकि वे दोनों विशेष आदमी को 2! ढंग से बिठाया जा सकता हैं।

∴ उन दोनों विशेष आदमी को एक साथ बिठाने पर बैठने का कुल ढंग $= 2! * (n-2)!$ होगा ---------------(2)

(1) और (2) से उन दोनों विशेष आदमी को एक साथ नहीं बिठाने का कुल ढंग = (1) – (2)

$$\mathbf{(n-1)}! - 2! * (n-2)! = (n-1)(n-2)! - 2 * (n-2)! = (n-3)*(n-2)! \text{ -----------}\mathbf{(3)}$$

∴ दो विशेष आदमी के एक साथ बैठनें के प्रतिकूल संवेगानुपात = [दोनों विशेष आदमी को एक साथ नहीं बिठाने का कुल ढंग]: [दोनों विषेश आदमी को एक साथ बिठाने का कुल ढंग]= (3): (2) = $[(n-3)*(n-2)!]: [2! * (n-2)!] = (n-3): 2$ होगा।

उदहरण 3 की व्यापकता $[n>(a+2)]$ और $a \geq 2$ के लिए – n आदमी एक गोलमेज मेज के चारों ओर बैठते है। जिनमें से विशेष a आदमी के एक साथ बैठनें के प्रतिकूल संवेगानुपात = [दोनों विशेष आदमी को एक साथ नहीं बिठाने का कुल ढंग]: [दोनों विशेष आदमी को एक साथ बिठाने का कुल ढंग,=

$$[(n-1)! - a! * (n-a)!]: [a! * (n-a)!]$$

$$= [\frac{(n-1)!}{a!*(n-a)!} - 1]: 1$$ सिद्ध किया जा सकता है।

उदहरण 4■ सात नचनिया को गोलाई में नाचना है। वे गोलाई में कितने विभिन्न प्रकार से अपना–अपना स्थान बना सकते है?

हल माना कि विभिन्न प्रकार से स्थान बनाने के क्रमचयों की अभीष्ट संख्या x है। चूँकि कोई भी नचनिया किसी भी स्थान पर अपने लिए स्थान बना सकते हैं। अतः यहाँ दक्षिणावर्त और वामावर्त में कोई भेद नहीं होगा।

∴ विभिन्न प्रकार से स्थान बनाने के अभीष्ट क्रमचयों की संख्या x

$$= \frac{(7-1)!}{2} = \frac{6!}{2} = \frac{6*5*4*3*2*1}{2} = 360$$ उत्तर ।

उदहरण 5■ भिन्न–भिन्न प्रकार के 20 मोतियों में से 10-10 मोतियों के कितने प्रकार से माला बनाये जा सकते है।

हल यदि दक्षिणावर्त और वामावर्त दिशाओं में कोई भेद नहीं होता है, तो n वस्तुओं में से r वस्तुएँ लेने के क्रमचयों की संख्या = ${}^{n}P_r \backslash 2r$ सिद्ध किया जा चुका है।

∴ 20 मोतियों में से 10-10 मोतियों लेने के क्रमचयों की संख्या $= {}^{20}P_{10}\backslash 2*10 = \frac{20!}{(20-10)!}\backslash 20$

$= \frac{19!}{10!} = 19*18*17*16*15*14*13*12*11 = 33,52,21,28,640$ उत्तर।

उदहरण 6■ किसी मंत्री परिषद के 11 मंत्री गोल मेज के चारों ओर कितने प्रकार से बैठ सकते हैं, यदि प्रधानमंत्री का गृहमंत्री और रक्षामंत्री के बीच बैठना सुनिश्चित है?

हल मंत्री परिषद के 11 सदस्यों में से प्रधानमंत्री का गृहमंत्री और रक्षामंत्री के बीच बैठना सुनिश्चित है। अतः इन तीनों का स्थान नियत करने पर 8 सदस्य शेष बचते हैं। जो उक्त तीनों मंत्रियों के सापेक्ष अपना स्थान 8! से ग्रहण कर सकते है। तथा प्रधानमंत्री को नियत मानकर गृहमंत्री और रक्षामंत्री 2! प्रकार से अपना स्थान ग्रहण कर सकते है।

∴ प्रधानमंत्री का गृहमंत्री और रक्षामंत्री के बीच बैठना सुनिश्चित होने पर मंत्री परिषद के सभी मंत्री $8! * 2! =$ $(8*7*6*5*4*3*2*1)*(2*1) = 40320*2 = 80640$ प्रकार से बैठ सकते हैं। उत्तर

25-3 संचय किसी दिये वस्तु समूह में से के क्रम का ध्याान न रखते हुए एक बार कुछ अथवा सभी वस्तु लेकर जितने भी भिन्न–भिन्न समूह बनते हैं। उनमें से प्रत्येक संचय कहलाता है।

विशेष संचय में वस्तुओं के क्रम पर ध्यान नहीं दिया जाता है। संचय में केवल समूह की आवश्यकता होती है, किसी भी समूह में वस्तुएँ किसी भी क्रम में लिखी जा सकती है। उदाहरणार्थ हमारे पास 3 वस्तुएँ A, B और C तो इनमें से दो वस्तु एक साथ लेने के केवल तीन संचय AB, BC और CA बनेंगे।

इसी प्रकार तीन वस्तुओं को एक साथ लेने पर कुवल एक ही संचय ABC प्राप्त होगा।

पुनः यदि 4 वस्तुएँ A, B, C और D है तो इनमें से – (1) दो वस्तु एक साथ लेने पर बनें संचयों AB, AC, AD, BC, BD, और CD की कुल संख्या 6 होगी। (2) तीन वस्तु एक साथ लेने पर बनें संचयों ABC, ABD,ACD,, और BCD की कुल संख्या 4 होगी। (3) चारों वस्तु एक साथ लेने पर बना संचय ABCD केवल एक ही होगा।

क्रमचय और संचय में भेद वस्तुओं के चुनने अथवा रखने के ढंगो में यदि वस्तु क्रम पर भी विचार किया जाता है तो उन्हें क्रमचय कहते है। इसके विपरीत वस्तुओं के चुनने अथवा रखने के ढंगो में यदि वस्तु क्रम पर विचार नहीं किया जाता है तो उन्हें संचय कहते है। संक्षेप में–

क्रमचय में – वस्तु क्रम पर विचार किया जाता है। जबकि संचय में – वस्तु क्रम पर विचार नहीं किया जाता है।

संचय का अध्ययन संकेत n वस्तुओं में से r वस्तुओं को एक साथ लेन से बने संचयों की कुल संख्या काअध्ययन संकेत ${}^nC_r$ है।

संचयों की संख्या ज्ञात करना माना कि दी हुई n वस्तुओं में से एक बार में कोई r वस्तुएँ चुने पर बने संचयों की संख्या x है।

प्रत्येक समूह में r वस्तुएँ हैं। इनमें से एक समूह लीजिए। इस समूह में r! क्रमचय प्राप्त होंगे क्योंकि r वस्तुओं को भिन्न–भिन्न प्रकार से r! से चुन या रख सकते हैं। इसी प्रकार x समूह में से प्रत्येक से r! क्रमचय बनेंगे।

अतः कुल क्रमचयों की संख्या $= x* r!$ होगा। परन्तु n वस्तुओं में से rवस्तुओं को एक साथ लेन से बने क्रमचयों की कुल संख्या $= {}^nP_r$ है। $\therefore {}^nP_r = x* r! \;\Rightarrow X = {}^nP_r \backslash r! \;\Rightarrow X = \frac{n!}{r!*(n-r)!}$ ----------(1)

$$\Rightarrow X = \frac{[1*2*3*-------*(n-r)][n-r+1)*-----*(n-1)*n]}{r!*(n-r)!} \Rightarrow X = \frac{(n-r)![n-r+1)*-----*(n-1)*n]}{r!*(n-r)!}$$

$$\Rightarrow X = \frac{[n-r+1)*-----*(n-1)*n]}{r!}$$

पुनः संचय का अध्ययन संकेत में – n वस्तुओं में से rवस्तुओं को एक साथ लेने से बने संचयों की कुल संख्या काअध्ययन संकेत ${}^nC_r$ है।

अतः $\mathbf{x = {}^nC_r}$ **--------(2)**

समिका (1)और (2) से – $${}^nC_r = \frac{n!}{r!*(n-r)!} - - - - - (3)$$

$$\Rightarrow {}^nC_r = \frac{n*(n-1)*(n-2)*(n-3)*------*\{(n-r)+1\}}{r!}$$

विशेष 1• समिका 3 में r= 0 रखने पर – $${}^nC_0 = \frac{n!}{0!*(n-0)!} = \frac{n!}{1*n!} = \frac{n!}{n!} = 1 - - - - - (4)$$

विशेष 2• समिका 3 में r= 1 रखने पर – $${}^nC_1 = \frac{n!}{1!*(n-1)!} = n - - - - - (5)$$

विशेष 3• समिका 3 में r= n रखने पर – $${}^nC_n = \frac{n!}{n!*(n-n)!} = \frac{n!}{n!*0!} = 1 - - - - - (6)$$

क्रमचय और संचय में सम्बंध उपरोक्त अध्ययन से विदित हो चुका है–

$${}^nP_r = \frac{n!}{(n-r)!} \quad \text{तथा} \quad {}^nC_r = \frac{n!}{r!*(n-r)!}$$

$\therefore {}^nP_r = r * {}^nC_r$ यहीं क्रमचय और संचय मे अभीष्ट सम्बंध है।

पूरक संचय प्रमेय n के प्रति r और (n-r) एक ↔दूसरे का n पूरक कहलाता है। तब दी हुई n वस्तुओं में से एक बार में r वस्तुओं को एक साथ लेने पर प्राप्त संचयों की संख्या और उन n वस्तुओं में से एक बार में (n- r) वस्तुओं को एक साथ लेने पर प्राप्त संचयों की संख्या बराबर होती है। अर्थात् ${}^nC_r = {}^nC_{n-r}$

सत्यापन 1• सूत्रविधि चूँकि ${}^nC_r = \frac{n!}{r!*(n-r)!}$ इसमें r के स्थान (n-r) रखने पर

$${}^nC_{n-r} = \frac{n!}{(n-r)!*\{n-(n-r)\}!} = \frac{n!}{(n-r)!*n!} = \frac{n!}{r!*(n-r)!} = {}^nC_r$$ सिद्ध।

2• बिना सूत्र विधि या व्याख्या विधि दी हुई n वस्तुओं में से एक बार में r वस्तुओं को चुन लेने के बाद (n-r) वस्तुओं का समूह शेष रह जाता है। यह प्रत्येक r वस्तुओं के चुने समूह के लिए सत्य है।

अतः r वस्तुओं के भिन्न संचयों की संख्या = (n-r) वस्तुओं के भिन्न संचयों की संख्या अर्थात्~ ${}^nC_r = {}^nC_{n-r}$

उपप्रमेय यदि ${}^nC_x = {}^nC_y$ हो तो x=y या $x = (n-y)$ होगा।

प्रमेय– सिद्ध कीजिए ${}^{n+1}C_r = {}^nC_r + {}^nC_{r-1}$

सत्यापन 1• बिना सूत्र विधि या व्याख्या विधि (n+1) वस्तुओं को लेकर संचय बनाने की विधि को दो भागों में विभाजित कर सकते हैं। (1) जिसमें विशेष वस्तु सदैव आती है। (2) जिसमें विशेष वस्तु कभी नहीं आती है।

(n+1) वस्तुओं में से एक विशेष वस्तु को छोडने पर , शेष n वस्तुओं में से (r – 1) वस्तुएँ लेने पर संचयों की संख्या $= {}^nC_{r-1}$ तथा (n+1) वस्तुओं में से उस एक विशेष वस्तु को छोडने पर , शेष n वस्तुओं में से r वस्तुएँ लेने पर संचयों की संख्या $= {}^nC_r$

स्पष्टतः इन संवयों का योग (n+1) वस्तुओं में से r वस्तुएँ लेने पर प्राप्त संचयों के बराबर होगा।

$\therefore {}^{n+1}C_r = {}^nC_r + {}^nC_{r-1}$

सत्यापन 2• सूत्र विधि दाँया पक्ष $= {}^nC_r + {}^nC_{r-1} = \frac{n!}{r!*(n-r)!} + \frac{n!}{(n-1)!*(n-r+1)!}$

$$= \frac{n!*(n-r+1)}{r!*(n-r)!*(n-r+1)} + \frac{n!*r}{(n-1)!*(n-r+1)!*r}$$
$$= \frac{n!*(n-r+1)}{r!*(n-r*1)!} + \frac{n!*r}{r!*(n-r+1)!}$$
$$= \frac{n!*(n-r+1+r)}{r!*(n-r*1)!}$$
$$= \frac{n!*(n+1)}{r!*(n-r*1)!}$$
$$= \frac{(n+1)!}{r!*(n-r*1)!}$$
$$= {}^{n+1}C_r = \text{बाँयापक्ष सिद्ध}$$

साधित अभ्यास उदाहरण■

उदाहरण 1■ अंग्रेजी वर्णमाला के 10 भिन्न–भिन्न अक्षर दिये है। इन अक्षरों में से 5 अक्षर वाले शब्द बनाये जाते हैं , तो उन शब्दो की संख्या बताइये जिनमें कम से कम 1 अक्षर की पुनरावृत्ति होती है।

हल– 10 भिन्न–भिन्न अक्षर से 5 अक्षर वाले ऐसे शब्दों की संख्या जिनमें किसी भी अक्षर की पुनरावृत्ति हो सकती है $=10^5 =$ 100000 होगा। -------------------------(1)

परन्तु 10 भिन्न–भिन्न अक्षर में से 5 भिन्न को लेने पर प्राप्त शब्दों की संख्या =

$${}^{10}C_5 = \frac{10!}{5!*(10-5)!} = \frac{10!}{5!*5!} = \frac{10*9*8*7*6}{1*2*3*4*5} = 252 \text{ ---------------------(2)}$$

∴ प्रश्नानुसार अभीश्ट संख्या = .(1) – (2) = 100000 – 252 = 99748 होगा।

उदाहरण 2■ 12 रिक्त स्थान को भरने के लिए 25 अभ्यार्थी है जिनमें 5 अनुसूचित जाति के हैं। यदि 3 रिक्त स्थान अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित है ओर शेष रिक्त स्थान सबके लिए खुले हैं। तो कितने प्रकार से चुनाव किया जा सकता है।

हल अन्य अभ्यर्थियों की संख्या = 25-5 =20 5 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों में से किन्हीं 3 को चुनने के कुल तरीके $= {}^5C_3$ तथा 20 अन्य अभ्यर्थियों में से किन्हीं 9 को चुनने के कुल तरीके $= {}^{20}C_9$

∴ 12 अभ्यर्थियों को चुनने कुल अभीष्ट तरीकों की संख्या $= {}^5C_3 * {}^{20}C_9$ उत्तर होगा।

उदाहरण 3■ एक डिब्बे में 2 सफेद 3 काली और 4 लाल गेंद है। कितने प्रकार से 3 गेंद निकाली जा सकती है कि कम से कम 1 काली गेंद सर्वदा सम्मिलित हों।

हल प्रतिबंधानुसार गेंदों के चयन करने के निम्न उपाय है–

(1) 1 काली , 1 सफेद और 1 लाल (2) 1 काली और 2 सफेद (3) 1 काली और 2 लाल

(4) 2 काली और 1 सफेद (5) 2 काली और 1 लाल (6) 3 काली

∴ संचय गुणन एवं संकलन सिद्धांत से– गेंदों के चयन करने का कुल अभीष्ट तरीकों की संख्या

$= ({}^3C_1 * {}^2C_1 * {}^4C_1) + ({}^3C_1 * {}^2C_2) + ({}^3C_1 * {}^4C_2) + ({}^3C_2 * {}^2C_1) + ({}^3C_2 * {}^4C_1) + {}^3C_3$

$= (3 * 2 * 4) + (3 * 1) + (3 * 6) + (3 * 2) + (3 * 4) + 1 = 24+3+18+6+12+1 = 64$ उत्तर होगा।

उदाहरण 4■ अंको 1,2,3,4,3,2,1 में से विषम अंकों को विषम स्थान (इकाई, सैकड़ा........) पर दर्शित करते हुए कितनी संख्या बनायी जा सकती है?

हल 4 0िषम अंक 1,3,3,1 को जिनमें दो–दो अंक एक समान है के लिए–

विषम स्थानों में रखने कुल प्रकारों की संख्या $= {}^4C_2 = \frac{4!}{2! * (4-2)!} = \frac{4!}{2! * 2!} = 6$

इसी प्रकार 3 सम अंक 2,4,2 को जिनमें दो अंक एक समान है के लिए–

विषम स्थानों में रखने कुल प्रकारों की संख्या $= {}^3C_2 = \frac{3!}{2! * (3-2)!} = \frac{3!}{2! * 1!} = 3$

∵ अभीष्ट संख्याएँ दिये हुए अंकों में से विषम अंक को विषम स्थान ओर सम अंक को सम स्थान में दर्शित करने से प्राप्त होता है।

∴ अभीष्ट संख्याओं के प्रकारों की संख्या $= {}^4C_2 * {}^3C_2 = 6*3 = 18$ उत्तर होगा!

निम्नानुसार अवलोकित कीजिए–

■12,34,321 ■12,32,341 ■14,32,321 ■12,34,321 ■12,12,343 ■14,12,323

■12,32,14 ■12,34,123 ■14,32,123 ■32,14,123 ■32,12,143 ■34,12,123

■32,14,123 ■32,12,143 ■34,32,121 ■32,12,341 ■32,14,321 ■34,12,321

उदाहरण 5■ ऑग्ल भाशा लिपि के 7 बड़े अक्षर 3 स्वर 5व्यजनों से भिन्न–भिन्न 4 अक्षरों वाले कितने शब्द बन सकते है। यदि प्रत्येक शब्द बड़े अक्षर से प्रारंभ होता है और इन शब्दों में कम से कम 1 स्वर अवश्य सम्मिलित है।

हल प्रत्येक शब्द का पहला अक्षर 7 बड़े अक्षरो में से ${}^7P_1 = 7$ प्रकार से चुना जा सकता है। अब शेष 3 अक्षर को निम्न 3 प्रकार से चुन सकते है।–

1• स्वर और 2 ब्यंजन वाले शब्द जिनके चुनने के प्रकारों की संख्या $= {}^3C_1 * {}^5C_2 = 3*10 = 30$

2• स्वर और 1 ब्यंजन वाले शब्द जिनके चुनने के प्रकारों की संख्या $= {}^3C_2 * {}^5C_1 = 3*5 = 15$

3• स्वर वाले शब्द जिनके चुनने के प्रकारों की संख्या $= {}^3C_3 = 1$

परन्तु उपरोक्त (1 स्वर और 2 ब्यंजन) या (2 स्वर और 1 ब्यंजन)या (3 स्वर) से बने शब्द के 3 अक्षरो को आपस में क्रम बदलकर ${}^3P_3 = 3! = 6$ प्रकारों से रखा जा सकता है।

क्रमचय एवं संचय गुणन एवं संकलन सिद्धांत से

अभीष्ट शब्दों की संख्या $= {}^7P_1 * {}^3P_3 * ({}^3C_1 * {}^5C_2 + {}^3C_2 * {}^5C_1 + {}^3C_3) = 7*6*(30+15+1)$

$= 42*46 = 1932$ उत्तर होगा।

उदाहरण 6■ एक आदमी के अपने घर परिवार पक्ष के 7 सम्बंधी है जिनमें 4 स्त्रियाँ तथा 3 पुरूष,है, इस आदमी के ससुराल पक्ष के भी 7 सम्बंधी है जिनमें 3 स्त्रियाँ तथा 4 पुरूष, है। वह आदमी कितने प्रकार से 3 स्त्रियाँ तथा 3 पुरूष, को रात्रिभोज में आमंत्रित कर सकता है कि 3 सम्बंधी अपने घर परिवार पक्ष और 3 सम्बंधी उसके ससुराल पक्ष से हो।

हल प्रश्नानुसार वह आदमी निम्नानुसार 4 उपायों से अपने घर परिवार एवं ससुराल पक्ष से सम्बंधियों को रात्रि भोज में आमंत्रित कर सकता है।

1• अपने घर परिवार के पक्ष से 3 पुरूष एवं ससुराल पक्ष से 3 स्त्री

2• अपने घर परिवार के पक्ष से 2 पुरूष 1 स्त्री एवं ससुराल पक्ष से 1 पुरूष 2 स्त्री

3• अपने घर परिवार के पक्ष से 1 पुरूष 2 स्त्री एवं ससुराल पक्ष से 2 पुरूष 1 स्त्री

4• अपने घर परिवार के पक्ष से 3 स्त्री एवं ससुराल पक्ष से 3 पुरूष

∴ संचय गुणन एवं संकलन सिद्धांत से – घर परिवार एवं ससुराल पक्ष से सम्बंधियों को रात्रि भोज में आमंत्रित करने के प्रकारों की अभीष्ट संख्या

$=({}^3C_3*{}^3C_3)+[({}^3C_2*{}^4C_1)*({}^4C_1*{}^3C_2)]+[({}^3C_1*{}^4C_2)*({}^4C_2*{}^3C_1)]+({}^4C_3*{}^4C_3)$

$= (1*1)+ [(3*4)*(4*3)] +[(3*6)*(6*3)]+(4*4)$

$= 1 + 144 +324 +16 = 485$ उत्तर होगा।

अध्ययन अनुप्रयोग विस्तार क्रमगुणित समुच्चय अन्तर्गत क्रमचय और संचय का अनुप्रयोग व्यापक स्तर पर किया जाता है। जिनमें अंकपाश, बीजगणित में द्विपद व्यंजक का n घांतांकी विस्तार बीजीय फलनों का अवकलन, संख्या श्रेढ़ी, प्रायिकता, बीजीय फलनों का अवकलन अध्ययन उपरांत n घातांकी समीकरणों का हल, पूर्ण n घातांकी राशि अथवा किसी संख्या राशि का n वाँ मूल ज्ञात करने में एव नवीन विधि के रूप में किया जा सकता है। इन सबके अध्ययन के पूर्व उक्त क्रमगुणित समुच्चय अन्तर्गत क्रमचय और संचय का अध्ययन , बीजीयफलन आधुनिक गणित अध्ययन से लेकर इस ग्रंथ के आवश्यक विषय वस्तु का तारतम्य बनाया गया है। इस प्रकार के तारतम्यता दर्शित करने में उनागर संख्यांकन पद्धत्ति का महत्व भी प्रतिपादित है। जिसे इन्कार नहीं किया जा सकता है। अध्ययन विस्तार क्रम में सर्व प्रथम अंकपाश का अध्ययन आगामी अध्याय में कीजिए।

----------25----------

अध्याय 26
अंकपाश

26-1 अंकपाश

अंक अथवा संख्या के बंधन युक्त खेल को अंकपाश कहते है। जैसे डब्बा या खाली स्थान भरना, इसका विकसित स्वरूप गणित समिका हल करना , क्रमचय , संचय ,क्रमचय–संचय आधारित अंकपाश, जादुई–वर्ग‡, जादुई n भुजिक चौघड़िया इत्यादि।

अध्ययन क्षेत्र इस अध्याय में अध्ययन का क्षेत्र क्रमचय–संचय आधारित अंकपाश है। इसे **संख्या के भेदों एवं समस्त भेद मान संख्याओं का योगमान का अंक पाश** नाम दिया जाना यथेष्ठ होगा।

26-2 संख्या क भेदों एवं समस्त भेद मान संख्याओं का योगमान का अंक पाश

[A] संख्या रचना के लिए चुने गये अंकों (1,2,3,4,5,6,7,8,9) के किसी समूह के अवयव A,B,C,-------- की बारंबारता क्रमशः a, b, c, ---------- हो । तब यदि –

(1) a+b+c+------------=X (2) a*A +b*B+c*C+-------=Y

(3) अंक 1 (एक) को X बार लेने से संख्या (111---------111) = Z हो तो –

1• X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या $K = \frac{X!}{a!*b!*c!*----}$

2• प्राप्त X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K का योगमान $S = \frac{K*Y}{X} * Z = \frac{K*Y*Z}{X}$ होगा।

टीप यदि a=b=c=------------=1 (एक) हो तो X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K = X! तथा प्राप्त X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या X! का योगमान $S = (X-1)! * Y * Z$ होगा।

साधित उदाहरण 1■ 2 और 8 को 1-1 बार लेने से बनी संख्या के भेदों संख्या 2 होगा जो 28 और 82 होंगे, जिनका योग 28+82 = 110 होगा।

समिका द्वारा जाँच A=2 और B =8 तथा a=b= 1 से X = a+b=1+1= 2, Y = a*A+b*B = 1*2+1*8 =10 अंक 1 (एक) को X =2 बार लेने से संख्या Z =11 से

X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K = X! =2! =2*1 =2

प्राप्त X=2 अंकीय संख्या के समस्त भेद संख्याओं का योगमान S = (X−1)!*Y*Z

= (2−1)! * 10 * 11= 1*10*11 =110 होगा।

उदाहरण 2■ 3, 9 और 8 को 1-1 बार लेने से बनी संख्या के भेदों संख्या 6 होगा जो 398, 389, 839. 893,983,938 होंगे जिनका योगमान 398+389+839+893+983+938 =4440 होगा।

समिका द्वारा जाँच A=3 , B=9 और C=8 तथा a=b=c = 1 से X = a+b+c=1+1+1=3,
Y = a*A+b*B+c*C = 1*3+1*9+1*8 =20 अंक 1 (एक) को X =3 बार लेने से संख्या Z =111 से

X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K = X! =3! =3*2*1 =6

प्राप्त X=3 अंकीय संख्या के समस्त भेद संख्याओं का योगमान S =(X-1)!*Y*Z

= (3-1)! * 20 * 11= 2!*20*111 = 4440 ।

उदाहरण 3■ अंक 2 से लेकर 9 पर्यंत 1-1 बार लेने से बनी संख्या के भेदों की संख्या तथा उक्त भेद संख्याओं को बिना विश्लेषित कर समस्त संख्याओं का योगमान प्राप्त कीजिए।

हल प्रश्नानुसार A=2 , B=3, C=4, D=5, E=6, F=7, G=8, H=9 तथा a=b=C=d=e=f=g=h = 1 से
X = a+b+c+d+e+f+g+h=1+1+1+1+1+1+1+1=8,
Y = a*A+b*B+c*C+d*D+e*E+f*F+g*G+h*H = 1*2+1*3+1*4+1*5+1*6+1*7+1*8+1*9 =44

‡ जादुई–वर्ग एवं n भुजिक चौघड़िया विषयक सम्पूर्ण अध्ययन के लिये **छत्तीसगढ़ गणित दर्शन एक गूढ़ार्थ प्रस्तुति** के क्रमशअध्याय (9,10,11,12,13) एवं 14 का एवं अध्ययन कीजिए।

अंक 1 (एक) को X =8 बार लेने से संख्या Z =11111111 से

X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K = X! =8!= 8*7*6*5*43*2*1 =40320

प्राप्त X=8 अंकीय संख्या के समस्त भेद संख्याओं का योगमान S =(X-1)!*Y*Z

= (8-1)! ∗ 44 ∗ 11111111 = 7! ∗44*11111111 =5040*44*11111111= 2463999975360 होगा।

उदाहरण 4■ अंक 2 और 1को 2-2 बार लेने से बनी संख्या के भेदों संख्या तथा उक्त भेद संख्याओं को बिना विश्लेषित किये समस्त संख्याओं का योगमान प्राप्त कीजिए।

हल प्रश्नानुसार A=2 , B=1 तथा a=2 , b=2 से

X = a+b =2+2= 4

Y = a*A+b*B = 2*2+2*1 =6 अंक 1 (एक) को X =4 बार लेने से संख्या Z =1111 से

4 अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या $K = \frac{X!}{a!*b!*c!*----} = \frac{4!}{2!*2!} = 6$

प्राप्त 4 अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K का योगमान $S = \frac{K*Y*Z}{X} = \frac{6*6*1111}{4}$ =9*1111= 9999 होगा।

उदाहरण 5■ अंक 4 और 8 को 1-1 बार अंक 5 को 3 बार लेने से बनी संख्या के भेदों संख्या तथा उक्त भेद संख्याओं को बिना विश्लेषित किये समस्त संख्याओं का योगमान प्राप्त कीजिए।

हल– प्रश्नानुसार A=4 , B=8 ,C=5 तथा a=1 , b=1 ,C=3 से

X = a+b+c =1+1+3= 5

Y = a*A+b*B +c*C = 1*4+1*8+3*5 =27 अंक 1 (एक) को X =5 बार लेने से संख्या Z =11111 से

5 अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या $K == \frac{X!}{a!*b!*c!*----} = \frac{5!}{1!*1!*3!} = 20$

प्राप्त 5 अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K का योगमान $S = \frac{K*Y*Z}{X} = \frac{20*27*11111}{5}$

=4*27*11111= 1199988 होगा।

[B] X≥ 2 के लिए X अंकीय संख्या रचना के लिए कोई अंक एक या एक से अधिक बार लिया जा सकता है। तब लिए गये जिन–जिन अंकों योग उनके बारंबारता के साथ Y होने तथा अंक 1 (एक) को X बार लेने से संख्या (111---------111) = Z होने पर–

X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K= $^{y-1}C_{Y-1} = \frac{(y-1)!}{(x-1)!*\{(X-1)-(Y-1)\}!}$

$= \frac{(y-1)!}{(x-1)!*(X-Y)!}$ होगा । तथा

प्राप्त X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K का योगमान $S=\frac{K*Y}{X} * Z = \frac{K*Y*Z}{X}$ होगा।

साधित उदाहरण■ 5 अंकीय संख्या रचना के लिये कोई अंक एक या एक से अधिक बार लिया जा सकता है। तब लिए गये जिन–जिन अंकों योग उनके बारंबारता के साथ जिनके अंको योग 13 हो तो उन सभी संख्याओं की भेदों की संख्या तथा उक्त भेद संख्याओं को बिना विश्लेषित किये समस्त संख्याओं का योगमान प्राप्त कीजिए।
उत्तर जाँच विश्लेषण भी प्रस्तुत कीजिए।

हल प्रश्नानुसार संख्याओं में अंकों की स्थान संख्या X= 5

संख्याओं में लिए गये अंकों का योगमान Y= 13

तथा अंक 1 (एक) को X=5 बार लेने से संख्या (111---------111) = Z=11111 से

X अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K= $^{Y-1}C_{X-1} = \frac{(Y-1)!}{(X-1)!*(Y-X)!}$ में प्रश्नानुसार प्राप्त मान रखने पर – 5 अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K= $^{13-1}C_{5-1} = \frac{(13-1)!}{(5-1)!*(13-5)!} = \frac{(12)!}{(4)!*(8)!}$

$= \frac{12*11*10*9}{4*3*2*1}$ =11*5*9 =495 होगा । तथा

प्राप्त x अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या K का योगमान $S= \frac{K*Y*Z}{X}$ में प्राप्त मान रखने पर होगा।

प्राप्त 5 अंकीय संख्या के समस्त भेदों की संख्या 495 का योगमान $S= \frac{495*13*11111}{5}$

= 99*13*11111 =14299857 होगा

उत्तर जाँच विश्लेषण –

5 अंकीय संख्या रचना जिनके अंको योग 13 के लिए –

क्रमांक	लिए गये अंक एवं क्रमशः उनकी प्रयुक्त बारंबारता	प्राप्त संख्या भेदों की संख्या	प्राप्त समस्त संख्या भेदों का योगमान
1	अंक 1 और 9 की क्रमशः बारंबरता 4 और 1	05	144443
2	अंक 2 और 5 की क्रमशः बारंबरता 4 और 1	05	144443
3	अंक 3 और 1 की क्रमशः बारंबरता 4 और 1	05	144443
4	अंक 1, 2 और 8 की क्रमशः बारंबरता 3,1 और 1	20	577772
5	अंक 1, 3 और 7 की क्रमशः बारंबरता 3,1 और 1	20	577772
6	अंक 1, 4 और 6 की क्रमशः बारंबरता 3,1 और 1	20	577772
7	अंक 1 और 5 की क्रमशः बारंबरता 3 और 2	10	288886
8	अंक 2, 3 और 4 की क्रमशः बारंबरता 3,1 और 1	20	577772
9	अंक 2, 1 और 6 की क्रमशः बारंबरता 3,1 और 1	20	577772
10	अंक 3 और 2 की क्रमशः बारंबरता 3 और 2	10	288886
11	अंक 1,2 3 और 6 की क्रमशः बारंबरता 2,1,1 और 1	60	1733316
12	अंक 1,2 4 और 5 की क्रमशः बारंबरता 2,1,1 और 1	60	1733316
13	अंक 1, 3 और 5 की क्रमशः बारंबरता 2,2 और 1	30	866658
14	अंक 1, 3 और 4 की क्रमशः बारंबरता 2,1 और 2	30	866658
15	अंक 1, 2 और 7 की क्रमशः बारंबरता 2,2 और 1	30	866658
16	अंक 2, 4 और 1 की क्रमशः बारंबरता 2,2 और 1	30	866658
17	अंक 2,5, 3 और 1 की क्रमशः बारंबरता 2,1,1 और 1	60	1733316
18	अंक 3,1 2 और 4की क्रमशः बारंबरता 2,1,1 और 1	60	1733316
	योग ⟶	495	14299857

निष्कर्ष समिका द्वारा हल सही है।

26-3 गुणनफल तुल्यता संख्यापाश

गुणन संक्रिया के ली गयी 2n अंकीय गुण्य और गुणक दोनों के n-n स्थान पर दो–दो अनुभाग (गुण्य अनुभाग$_1$/गुण्य अनुभाग$_2$) तथा (गुणक अनुभाग$_1$/गुणक अनुभाग$_2$) करने पर यदि –

गुण्य अनुभाग$_1$और गुण्य अनुभाग$_2$ का मानक अनुपात मान a:b के विपरीत गुणक अनुभाग$_1$ और गुणक अनुभाग$_2$ का मानक अनुपातमान b:a हो तो इनके अनुभाग मान का अनुभाग स्थानान्तरण से प्राप्त नवीन गुण्य और गुणक का गुणनफल गुणन संक्रिया के ली गयी गुण्य और गुणक का गुणनफल के तुल्य होगा। अध्ययन क्रम में गुणनफल तुल्यता का संख्यापाश कहलाता है।

साधित उदाहरण 1■ 36*42 = (3\6)* (4\2)

नियमानुसार गुण्य और गुणक के दो–दो अनुभाग अनुभाग करने पर ।

गुण्य अनुभाग$_1$और गुण्य अनुभाग$_2$ का मानक अनुपात मान a:b =3:6 =1:2 के विपरीत गुणक अनुभाग$_1$ और गुणक अनुभाग$_2$ का मानक अनुपातमान b:a = 4:2 = 2:1 है। अतः इनके अनुभाग मान का अनुभाग स्थानान्तरण से प्राप्त नवीन गुण्य और गुणक 6\3)* (2\4)= 63*24 होगा।

तब गुणनफल तुल्यता संख्यापाश के अनुसार 36*42 =63*24 होगा ।

जाँच 36*42 = 1512 तथा 63*24 = 1512

उदाहरण 2■ 5213 *1248 = (52\13)* (12\48)

नियमानुसार गुण्य और गुणक के दो–दो अनुभाग अनुभाग करने पर ।

गुण्य अनुभाग$_1$और गुण्य अनुभाग$_2$ का मानक अनुपात मान a:b =52:13 =4:1 के विपरीत गुणक अनुभाग$_1$ और गुणक अनुभाग$_2$ का मानक अनुपातमान b:a = 12:48 = 1:4 है। अतः इनके अनुभाग मान का अनुभाग स्थानान्तरण से प्राप्त नवीन गुण्य और गुणक 13\52)* (48\12)= 1352*4812 होगा।

तब गुणनफल तुल्यता संख्यापाश के अनुसार 5213*1248 =1352*4812 होगा ।

जाँच 5213*1248 = 6505824 तथा 1352*4812 = 6505828

उदाहरण 3■ 321 963 * 624208 = (321\963)* (624\208)

नियमानुसार गुण्य और गुणक के दो–दो अनुभाग अनुभाग करने पर ।

गुण्य अनुभाग$_1$और गुण्य अनुभाग$_2$ का मानक अनुपात मान a:b =321:963 =1:3 के विपरीत गुणक अनुभाग$_2$ और गुणक अनुभाग$_1$ का अनुपातमान b:a = 624:208 = 3:1 है। अतः इनके अनुभाग मान का अनुभाग स्थानान्तरण से प्राप्त नवीन गुण्य और गुणक 963\321)* (208\624)= 963321*208624 होगा।

तब गुणनफल तुल्यता संख्यापाश के अनुसार 321 963 * 624208 =963321*208624 होगा ।

जाँच 321 963 * 624208 = 200971880304 तथा 963321*208624 = 200971880304

उदाहरण 4■ 242363 *666444 = (242\363)* (666\444)

नियमानुसार गुण्य और गुणक के दो–दो अनुभाग अनुभाग करने पर ।

गुण्य अनुभाग$_1$और गुण्य अनुभाग$_2$ का मानक अनुपात मान a:b =242:363 =2:3 के विपरीत गुणक अनुभाग$_1$ और गुणक अनुभाग$_2$ का मानक अनुपातमान b:a = 666:444 = 3:2 है। अतः इनके अनुभाग मान का अनुभाग स्थानान्तरण से प्राप्त नवीन गुण्य और गुणक 363\242)* (444\666)= 363242*444666 होगा।

तब गुणनफल तुल्यता संख्यापाश के अनुसार 242363 *666444 = 363242*444666 होगा ।

जाँच 242363 *666444 = 161521367172 तथा 363242*444666=161521367172

----------26-------

आध्यत्मिक गणित समिका

वो = तुम = मैं

पृथ्वी में जीवन की असीम सम्भावना को दृष्टिगत करते हुए परमपिता परमेश्वर (सृष्टि के रचनाकार) ने अनन्त स्वरूपों में जीव–जन्तु की रचना कर पृथ्वी को भूलोक (उत्पत्ति लोक) की संज्ञा प्रदान कर अलंकृत किया है। जहाँ स्वयं देवाधिदेव सृष्टि के रचनाकार अवतरण के लिए गणित करते रहते है। जिनके अनेकानेक अवतरण कथाएँ प्रमाणन में पढ़ी एवं पढायी जाती है। इन अनन्त स्वरूपों एक स्वरूप मानव है। यह मानव सभी समस्त अनन्त जीवों में बुद्धि ज्ञान बल मे स्पष्ट वाक शक्तिमय सामाजिक प्राणी के रूप में अपना स्थान स्थापित कर चराचर जगत में थल, जल एवं नभ में पाए जाने वाले सभी प्रत्यक्ष –अप्रत्यक्ष, भाशी–अभाशी, दृश्य–अदृश्य, सुक्ष्म–असुक्ष्म स्वरूपों में पाये जाने वाले जीव,–जन्तु, तत्वों वनस्पति, आकार – प्रकार के प्रतीकात्मक रचनाओं संरचनों को संज्ञा (नाम) प्रदान करने अग्रसर होने के तारतम्य में अपने रचनाकार का भी नामकरण करने की ओर अग्रसर होने लगा। विकास क्रम में भौगालिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संदर्भ में विभिन्नताओं एवं जटिलताओं का जाल सा हो गया है। हर एक नाम देने वालों ने अपना– अपना रचनाकार अलग–अलग सिद्ध करने साथ एक–दुसरे के इस कदर विरोधी होने में लगा हुआ है कि स्वयं मानव मानव जाति को नष्ट करने आमदा हो रहा है। जबकि सभी नाम एक ही परमपिता के पर्यायवाची ही है। जिसका गणित प्रमाण समिका यथा अवलोकित करें।

हम जानते है– $-(A * B) = -(B * A)$ ------ गुणा का क्रमविनिमय का नियम से•

$\Rightarrow A^2 - A^2 - AB = B^2 - B^2 - BA$ ------ योज्य प्रतिलोम का नियम से•

$\Rightarrow A^2 - A(A+B) = B^2 - B(B+A)$

$\Rightarrow A^2 - A(A+B) = B^2 - B(A+B)$ ...... योग का क्रमविनिमय का नियम से•

$\Rightarrow A^2 - A(A+B) + (\frac{A+B}{2})^2 = B^2 - B(A+B) + (\frac{A+B}{2})^2$

------ दोनों पक्ष में तुल्य राशि $(\frac{A+B}{2})^2$ का योग करने का नियम•

$\Rightarrow (A - \frac{A+B}{2})^2 = (B - \frac{A+B}{2})^2$ ------ द्विपद का वर्ग प्रमेय से•

$\Rightarrow A - \frac{A+B}{2} = B - \frac{A+B}{2}$ ------ तुल्य घात का विलोपन से•

$\Rightarrow$ $A = B$ ------ तुल्य राशिमान $\left(-\frac{A+B}{2}\right)$ का दोनों पक्ष में विलोपन से• **सिद्ध**

A और B के अलग–अलग संखात्मक मानों के लिए उक्त समीकरण को प्रतिरूपित या सिद्ध किया जा सकता है।

यथा $13 = 17$ को प्रतिरूपित या सिद्ध करना–

$-(13 * 17) = -(17 * 13)$ ------ गुणा का क्रमविनिमय का नियम से•

$\Rightarrow 13^2 - 13^2 - 13 * 17 = 17^2 - 17^2 - 17 * 13$ ------ योज्य प्रतिलोम का नियम से•

$\Rightarrow 13^2 - 13(13+17) = 17^2 - 17(17+13)$

$\Rightarrow 13^2 - 13(13+17) = 17^2 - 17(13+17)$------ योग का क्रमविनिमय का नियम से•

$\Rightarrow 13^2 - 13(13+17) + (\frac{13+17}{2})^2 = 17^2 - 17(13+17) + (\frac{13+17}{2})^2$

------ दोनों पक्ष में तुल्य राशि $(\frac{13+17}{2})^2$ का योग करने का नियम•

$\Rightarrow (13 - \frac{13+17}{2})^2 = (17 - \frac{13+17}{2})^2$ ------ द्विपद का वर्ग प्रमेय से•

$\Rightarrow 13 - \frac{13+17}{2} = 17 - \frac{13+17}{2}$ ------ तुल्य घात का विलोपन से•

$\Rightarrow$ $13 = 17$ ------ तुल्य राशिमान $\left(-\frac{13+17}{2}\right)$ का दोनों पक्ष में विलोपन से• **सिद्ध**

ऐसा प्रतिरूपण या सिद्ध करने का भाव मात्र महाभारत रणभूमि कुरूक्षेत्र में अर्जुन के युद्ध के प्रति निराशा का भाव जागृत होने पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये महान आध्यात्मिक ज्ञान ग्रंथ गीता के –

"अध्याय 5 श्लोक 18 **विद्याविनय सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि। शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः।।**

भावार्थ – वे ज्ञानीजन विद्या और विनययुक्त ब्राह्मण में तथा गौ, हाथी कुत्ते और चाण्डाल में समदर्शी ही होते है।

श्लोक 19 **इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्येस्थितं मनः। निर्दोषं हि समं ब्रह्म तस्माद् ब्रह्मणि ते स्थिताः।।**

भावार्थ – जिसका मन सम भाव में स्थित है, उनके द्वारा इस जीवित अवस्था में ही सम्पूर्ण संसार जीत लिया गया है, क्योंकि सच्चिदानन्द धन परमात्मा निर्दोष ओ सम है, इससे वे सच्चिदानन्द धन परमात्मा में ही स्थित है।

अध्याय 6 श्लोक 32 **आत्मापम्येन सर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन। सुखं वा दुखं स योगी परमो मतः।।**

भावार्थ – हे अर्जुन ! जो योगी अपनी भाँति‡ सम्पूर्ण भूतों में सम देखता है और सुख अथवा दुःख को भी सब में सम देखता है, वह योगी परम श्रेष्ठ माना गया है।" उदृत है।

उक्त आध्यात्मिक गणित समीकरण के प्रतिभाव उदृत गीता ज्ञान का भावार्थ – हमें विभेद नीति से हटकर वैसद्धव कुटुम्बकम् के मूल भावना को आत्मसात करते हुए इस भूलोक में विकसित सभी धर्म, पंथ जाति में समदर्शी होकर सर्व–धर्म समभाव के प्रतीक हमारा एक ही धर्ग मानव–धर्म एवं एक ही जाति मानव–जाति को आत्मसात करें। और विश्व कल्याण हेतू

ऊँ श्री हरि अल्लाह विठठल–विठ्ठल साहेब कृष्ण साईराम।

श्री बूढ़ादेव प्रभु यीशु बुद्धम महावीराय झूलेलाल वाहेगुरू सतनाम्।। " को अभिमंत्र स्वरूप चिंतन मनन करें।

हो एक ही आगाज हमारा– पूरी वसुन्धरा, परिवार हमारा•

विश्वशांति• विश्वशांति• विश्वशांति•

एक ही धर्म– मानव धर्म• एव ही सेवा – मानव सेवा•

जय सेवा• जय सेवा• जय.सेवा•

‡ जैसे मनुष्य अपने मस्तक,हाथ पैर, और गुदादि के साथ ब्राह्मण, क्षत्रिय शूद्र और म्लेच्छादिकों का–सा बर्ताव करता हुआ भी उनमें आत्म भाव अर्थात् अपनापन समान होने से सुख और दुख को समान ही देखता है, वैसे ही सब भूतों में देखना "अपनी भाँति" सम देखना है।

..........आध्यात्मिक गणित....